(1)

राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

सोमवार

दिनांक 5 सितम्बर, 1983

विधान सभा की बैठक म.पू. 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

श्री अध्यक्ष : प्रश्न।

जिला भीलवाड़ा में हत्याओं के मामले

1. **श्री बंशीलाल पटवा** (भीलवाड़ा): क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सन् 1981-82 में व 1982-83 में भीलवाड़ा जिले के किन-किन कस्बों गांवों में किन-किन पुरुषों -स्त्रियों की हत्यायें की गयीं ? क्या जिनकी हत्यायें हुई, उनकी एफ.आई.आर. दर्ज हुई ? यदि हां, तो कब कब ?

(2) उक्त हत्याओं से सम्बन्धित दर्ज मुकदमों के नतीजे क्या रहे ? यदि हत्यारों का पता नहीं लगा या एफ.आर. दी गयी, तो उनके पीछे क्या कारण रहे ? कृपया सविवरण सूची सदन की मेज पर रखें।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री खेतसिंह राठौड़) : ठहरिये।

राज्य मंत्री, गृह (श्री गोविन्दसिंह गुर्जर):

(1) वर्ष 1981-82 में भीलवाड़ा जिले मे हुई हत्याओं के विवरण की सूची सदन के पटल पर रख दी गयी है। जी हां, सूची में अंकित है।

(2) भीलवाड़ा जिले में सन् 1981-82 में 26 हत्याओं के मामलों में से 23 के चालान हुए, 3 में एफ.आर. अदम पता ही गयी। सन् 1982-83 में 23 मामले दर्ज हुए जिनमें से 19 में चालान, 3 में एफ.आर अदमपता की गयी और एक में अदम वकुआ दी गयी। विवरण सहित सूची सदन की मेज पर रख दी गयी है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 1 देखें)

श्री रामसिंह विश्नोई (लूणी) : सूची तो मांगी नहीं थी।

श्री गोविन्दसिंह गुर्जर : सूची इतनी लम्बी थी कि मैं पढ़ता तो…

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। Silence. ऐसा कर सकते हैं…

श्री बंशीलाल पटवा : माननीय अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने जो उत्तर दिया, उसके सन्दर्भ में मेरा एक ही प्रश्न है, जो सूची दी गयी है, उसमें कुछ एफ.आर. की बात कही गयी, कुछ चालान की बात कही गयी, लेकिन यह सूची पूरी नहीं है। पिछली जुलाई में भीलवाड़ा नगर में अशोक नाम के विद्यार्थी का किडनेप किया गया, उसकी रिपोर्ट दर्ज करायी गयी लेकिन पुलिस में देरी से दर्ज की गयी। जो भी एफर्ट्स करने चाहिए, वह नहीं किये गये। परिणाम-स्वरूप फिरौती मांगी गयी। फिरौती के बाद प्रयत्न नहीं किये गये। फिर, उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी। हत्यारों का आज तक पता नहीं लगाया जा सका। भीलवाड़ा जिला मुख्य मंत्री का जिला है, उनका गृह जिला है ... –

श्री अध्यक्ष : भाषण नहीं, माननीय सदस्य।

श्री बंशीलाल पटवा : इस सम्बन्ध में आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं? अशोक के हत्यारों को कब तक गिरफ्तार कर लेंगे? कहां तक कार्यवाही कर चुके हैं? यह उत्तर दीजिए।

श्री गोविन्द सिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य का ध्यान जो प्रश्न पूछा, उस ओर दिलाना चाहूंगा। उन्होंने पूछा है कि 1981-82 व 1982-83, इन दो सालों में कितने मर्डर हुए? यह जिस घटना का विवरण दे रहे हैं वह 7 जुलाई, 1983 को हुई। अगर 1983-84 का विवरण मांगते तो उस घटना का विवरण देने में मैं सक्षम होता।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। ऑर्डर, श्री गुर्जर।

श्री भैरूंसिंह गुर्जर (खारची) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह राज्य मंत्रीजी से पूछना चाहूंगा कि भीलवाड़ा में मर्डर्स की जो सूची दी है, उसमें राजनीतिक आधार पर कितनी मृत्यु हुई हैं? कृपया इस पर टिप्पणी करें।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, प्लीज। अलग प्रश्न।

अगला प्रश्न श्री हरीश शर्मा !

अधिशाषी अभियन्ता बारां के अधीनस्थ कार्यरत श्रमिक

2. **श्री हरीश शर्मा** (रामगंज मण्डी) : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे –

(1) कोटा जिले के बारां कस्बे में स्थित अधिशाषी अभियन्ता के अधीनस्थ क्षेत्र में कहां कहां क्या-क्या कार्य चल रहे हैं?

(2) कुल कितने श्रमिक मस्टर रोल पर कार्यरत हैं?

(3) क्या यह सही है कि अधिशाषी अभियन्ता ने गत एक वर्ष में कुछ मस्टर रोल पर कार्यरत व्यक्तियों, जो जूनियर थे, को वर्कचार्ज पर प्रमोशन दे दिया है? यदि हां, तो ऐसा क्यों एवं किस नियम के तहत?

(4) सरकार इस अनियमितता करने वाले अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही कर रही है?

राज्य मंत्री सिंचाई (श्री दिनेश डांगी) :

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गयी है।

(2) सदन के पटल पर रखी गयी सूची के कालम संख्या 4 में दर्शायी गयी है।

(3) जी नहीं।

(4) प्रश्न ही नहीं उठता।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 2 देखें)

श्री हरीश शर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि सारे श्रमिक एक दिन में लगाये गये और यह काम नियमानुसार नहीं हुआ? मैं विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि उस अधिकारी ने…

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, मैंने जवाब दे दिया है। यह मामला मेरे सामने नहीं आया। मैं इसकी जांच कर लूंगा।

श्री हरीश शर्मा : क्या यह सही नहीं है है कि मस्टर रोल पर काम करने वालों से रुपये लेकर 10 हजार रुपये ले-लेकर उनको आगे बढ़ा ले गये ? इसके लिए मैमोरेण्डम दिया, वहां उनका घेराव किया, लाठियां खायीं, अखबारों में भी आया। यह अन्याय है, यह बेईमानी है।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, यह मेरे व्यक्तिगत ध्यान में नहीं लाया गया। इसको लिखित में दे दें, मैं इसकी जानकारी लूंगा।

श्री रघुवीरसिंह कौशल (बांरा) : जो उत्तर दिया है मंत्री महोदय ने, यह असत्य है। मस्टर रोल पर काम करने वालों को सीनियोरिटी के बिना रिश्वत लेकर वर्क चार्ज पर लगाया जा रहा है।

श्री दिनेश डांगी : उत्तर में कोई असत्यता नहीं है। अलग से…

श्री हरीश शर्मा : आप जांच करवाइये…

श्री रघुवीर सिंह कौशल : सीनियारिटी वाले पीछे रह गये और जूनियर लोग आगे आ गये…

श्री दिनेश डांगी : अलग से लिख कर दीजिए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (कोटा) : इसका अलग से भी लिखकर देंगे आपको।

श्री हरीश शर्मा : लिखकर क्या देना है? बता दीजिए।

श्री दिनेश डांगी : अलग से कोई पूछा नहीं, जनरल बात कह दी। अलग से लिख कर दे देंगे तो इसमें जो कार्यवाही करनी चाहिए, वह करेंगे।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : मस्टर रोल पर काम करने वाले लोगों को अनियमित रूप से वर्क चार्ज पर लगाया जा रहा है।

श्री दिनेश डांगी : यह सही नहीं है।

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : क्या यह सही है कि कर्मचारियों ने 12-4-83 को जिसकी एक प्रति मेरे पास भी है, मंत्री महोदय के पास इस प्रकार की शिकायत भेजी थी ?

श्री अध्यक्ष : अलग प्रश्न।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : यह असत्य बात कह रहे हैं, अध्यक्ष महोदय ।

श्री हरीश शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय, प्रश्रय दे रहे हैं, और वहां गरीबों की मौत हो रही है। यह सरकार गरीबों की हत्यारी है । उन गरीबों से 10-10 हजार रुपये लिए जा रहे हैं। आप सदन को गुमराह कर रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री भगवान दास शास्त्री ।

राज्य पर ओवर ड्राफ्ट

3. **श्री भगवान दास शास्त्री** (अजमेर पश्चिम) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) राज्य पर वर्ष 1980-81, 1981-82, 1982-83 व 1983-84 में कितना ओवर ड्राफ्ट रहा ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या यह सही है कि ओवर ड्राफ्ट चुकाने में यह सरकार असमर्थ है ?

(3) उक्त ओवर ड्राफ्ट किस रूप में व कितनी अवधि में चुकाया जायेगा ?

वित्त मंत्री (श्री बृजसुन्दर शर्मा) : (1) सूचना सदन के पटल पर रख दी गयी है । वर्ष 1983-84 में 30-6-83 को राज्य सरकार पर कोई ओवर ड्राफ्ट नहीं था।

(2) चूंकि इस समय राज्य पर कोई ओवर ड्राफ्ट नहीं है, अतः यह प्रश्न नहीं उठता ।

(3) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(सूचना के लिए कृपया परिशिष्ट 3 देखें)

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न । श्री सूरमा राम ।

ग्राम कागदीवाड़ा छीपीवाड़ा के आवासों का नियमितीकरण

4. **श्री सूरमा राम** (पिण्डवाड़ा): क्या नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि ग्राम कागदीवाड़ा-छीपीवाड़ा का कोई भी मकान पूरी तरह से मांउट रोड (लिंकरोड) में नहीं आ रहा है तथा सभी नागरिक यथा स्थान बकाया बची हुई जमीन पर रहना चाहते हैं ? यदि हां, तो उक्त ग्राम के कुछ नागरिकों को जबरन अन्यत्र बसाने का क्या औचित्य है ?

(2) क्या सरकार उक्त ग्राम के सभी नागरिकों को यथा स्थान रोड से बची हुई जमीन, जिस पर उनके पक्के मकान बने हुए हैं, में नियमित करने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राज्य मंत्री, नगरीय विकास एवं आवासन (श्री प्रद्युम्नसिंह) : (1) यह सही है कि ग्राम कागदीवाड़ा-छीपीवाड़ा का कोई भी पूरा मकान लिंक रोड में नहीं आ रहा है परन्तु इस सड़क में कुछ को-ऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों के प्लाट आते हैं । उन्हें अन्यत्र समीप ही आपसी समझौते द्वारा बसाया जा रहा है । जिन व्यक्तियों के मकान का केवल कुछ हिस्सा ही सड़क में आता है वे वहीं बाकी बची भूमि पर बसे रहना चाहते हैं, उनको जबरन अन्यत्र नहीं बसाया जा रहा है।

(2) नियमन विचाराधीन है ।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री अमीन खां।

रेगिस्तानी क्षेत्रों में हरे वृक्षों की कटाई

5. **श्री अमीन खां** (शिव) : क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि सीमावर्ती रेगिस्तानी जिलों में हरे पेड़ों की कटाई में कमी नहीं होकर बल्कि बढ़ोतरी हो रही है ?

(2) क्या यह सही है कि रेगिस्तानी-इलाकों से खेजड़ी-कुम्भर, रोहिड़ों की लकड़ियों के ट्रक भर-भर कर आम रास्तों से गुजरते हैं ? यदि हां, तो क्या यह सरकारी एजेन्सियों की लापरवाही या मिलीभगत नहीं है ?

(3) क्या यह भी सही है कि बाड़मेर जिले की पंचायत समिति बायतू-चौहटन से अनाप-शनाप पेड़ कटकर बालोतरा फैक्ट्रियों में खुले आम ट्रकों द्वारा आते हैं ? यदि हां, तो सरकार ने मुकामी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की ?

(4) क्या सरकार ने भविष्य में रेगिस्तानी इलाकों में हरे वृक्ष न काटने के लिये कोई क़दम उठाये हैं ? यदि हां, तो क्या ?

राज्य मंत्री वन, (श्री गोविन्दसिंह गुर्जर) :

(1) जी नहीं।

(2) यह सही नहीं है। लकड़ी के ट्रकों द्वारा अवैध परिवहन की चैकिंग समय समय पर की जाती है।

(3) बाड़मेर जिले के बायतू, चौहटन के वन क्षेत्रों से कटकर कोई लकड़ी बालोतरा फैक्ट्री में नहीं जाती है। राजस्व व अन्य क्षेत्रों से कटकर आने वाली लकड़ी के ट्रकों द्वारा अवैध परिवहन की चैकिंग वन विभाग के स्थानीय अमले द्वारा की जाती है और अपराधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

(4) जी हां।

1. राजस्थान खातेदारी अधिनियम, 1955 के अधीन राज्य नियमों में संशोधन किये गये हैं।

2. अनुज्ञा पत्र जारी करने के अधिकार में समुचित परिवर्तन किये गये हैं।

3. तहसीलदार एवं उनके उच्च राजस्व अधिकारियों को भी वन अधिकारियों के अधिकार दिये गये हैं।

4. लकड़ी के अवैध परिवहन के मामलों को कम्पाउण्ड करने में शास्ति की राशि बढ़ा दी गई है। यह भी आदेश जारी किये गये हैं कि तीसरी बार अपराध करने पर अपराधी का अदालत में ही चालान किया जावे।

5. जोधपुर, बाड़मेर तथा बालोतरा में राजस्थान वन श्रमिक सहकारी संघ को लकड़ी एवं कोयले के विक्रय केन्द्र खोलने की अनुमति दी गई है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न के भाग तो (4) ही हैं. (5) और (6) कहां से हो गये ?

(व्यवधान)

श्री गोविन्द सिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, प्रश्न के भाग (4) में पूछा गया है कि सरकार ने भविष्य में रेगिस्तानी इलाकों में हरे वृक्ष न काटने के लिये कोई कदम उठाये हैं। यदि हां, तो क्या। इसलिये सरकार द्वारा जो कदम उठाये गये हैं वही बता रहा हूं –

(6)

(श्री गोविन्द सिंह गुर्जर)

6. जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर को बाड़मेर तथा बालोतरा शहरों में अवैध रूप से आने वाली लकड़ी की रोकथाम के लिये सघन अभियान चलाकर चैकिंग करने के आदेश दिये जा रहे हैं। वन विभाग के जोधपुर स्थित उड़न दस्ते को भी इस कार्य हेतु विशेष तौर पर लगाया जा रहा है।

7. उद्योग विभाग को निवेदन किया जा रहा है कि भविष्य में ऐसे उद्योगों, जिनमें लकड़ी का अधिक मात्रा में उपभोग हो, को लाइसेन्स नहीं दिया जाय।

8. पर्यावरण विभाग द्वारा भी यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे उद्योगों, जिनमें जलाऊ लकड़ी का उपयोग होता है, को स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाय जब तक कि वे अपने निजी उपयोग के लिये काम में आने वाली लकड़ी के लिये केप्टिव प्लान्टेशन लगाने की सहमति न दें।

9. केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी वन अधिनियम बनाये जाने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें वन अपराधों के लिये कठोर दण्ड प्रस्तावित हैं।

10. राज्य सरकार द्वारा आरा मशीनों पर अवैध तौर से आने वाली लकड़ी की रोकथाम तथा आरा मशीनों पर नियंत्रण करने के लिये नियम प्रचलित कर दिये गये हैं।

11. लकड़ी, कोयले तथा बांस के क्रय-विक्रय को नियंत्रित करने के लिये नियम प्रचलित किये जाने हेतु प्रस्तावित हैं, ताकि इनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके।

श्री अमीन खां : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने बताया कि बाड़मेर जिले की बायतू, चौहटन के वन क्षेत्रों से कटकर कोई लकड़ी बालोतरा फैक्ट्री में नहीं आती है और ट्रकों की चैकिंग वन विभाग के स्थानीय अमले द्वारा की जाती है। इस सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि मैंने खुद देखा है बायतू की सड़कों पर खेजड़ी और रोहिड़े के खाली ट्रक भर-भर कर आते हैं। आज भी फैक्ट्री के अहाते में बहुत भारी संख्या में खेजड़ी और रोहिड़े की लकड़ी का ढेर लगा हुआ है।

दूसरा, मंत्री महोदय ने बताया कि लकड़ी की चैकिंग चौकियों द्वारा की जाती है। अध्यक्ष महोदय, चौकियां आम रास्ते पर हैं और उनके सामने से यह ट्रक गुजरते हैं, इनके रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है। बालोतरा, जहां कोयले की व्यवस्था नहीं है, फैक्ट्री के अन्दर ढेर लगा हुआ है, तो फिर लकड़ी कहां से आई? इस संबंध में मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपकी चैकिंग चौकियों द्वारा कितने केसेज पकड़े गये?

श्री गोविन्द सिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने तीन प्रश्न पूछे हैं, लकड़ी और कोयले की व्यवस्था के संबंध में पूर्व में भी जैसा निवेदन किया है कि वन श्रमिक सहकारी संघ को मैंने गये साल कोयले के डिपो खोलने की अनुमति दी थी लेकिन शायद वित्तीय स्थिति के कारण वे गये साल डिपो नहीं खोल पाये, इस वर्ष वे डिपो खोल देंगे।

दूसरी बात उन्होंने ट्रक गुजरते हैं, उसके संबंध में कही। यह बात सरकार के ध्यान में है। वन विभाग द्वारा फरवरी,

(श्री गोविन्दसिंह गुर्जर)

1983 से मई, 1983 तक 22 मुकदमें बनाये गये हैं, कोर्ट में पेश किये गये हैं और 20 मामलों में केस कम्पाउण्ड करके 14, 570/- रुपये का मुआवजा वसूल किया गया है। जैसा मैंने पूर्व में कहा है कि ऐसी फैक्ट्रियां, जिनमें लकड़ी की नियमित आवश्यकता होती है, स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाय जब तक कि वे अपने निजी उपयोग के लिये काम में आने वाली लकड़ी के लिये केप्टिव प्लान्टेशन लगाने की सहमति न दें ताकि उनके उपयोग के लिये लकड़ी बन सके।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न।

श्री अमराराम चौधरी (पचपदरा): माननीय अध्यक्ष महोदय, केवल एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने वन श्रमिक सहकारी संघ को कोयले का डिपो खोलने का ठेका दिया है और वह डेढ़ साल से नहीं खोल पा रहा है तो क्या मार्केटिंग सोसायटी, बालोतरा को ठेका कोयले का डिपो खोलने हेतु दे सकते हैं?

श्री गोविन्दसिंह गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, 1-2 माह में वन श्रमिक सहकारी संघ ने डिपो नहीं खोला तो मार्केटिंग सोसायटी, बालोतरा यदि कोयले का डिपो खोलने की अनुमति मांगेगी तो उसको अनुमति दे देंगे।

श्री भूपालसिंह (निम्बाहेड़ा) : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न पूछना चाहता हूं···

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। माननीय सदस्य। श्री भूपालसिंह।

श्री भूपालसिंह : अध्यक्ष महोदय, लकड़ी के ट्रकों द्वारा अवैध रूप से लकड़ी ले जाने की चैकिंग करने और दोषी लोगों को सजा देने की बात मंत्री महोदय ने कही लेकिन उन गवर्नमेन्ट ऑफिसर्स और सर्वेन्ट्स के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करने के लिये कोई नियम या कानून बनाये हैं या नहीं जिनकी मिली भगत से यह कार्यवाही होती है? यह बताने की कृपा करें।

(व्यवधान)

श्री बिहारीलाल पारीक (माण्डल) : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय बहुत भोले हैं। वन विभाग में भ्रष्टाचार काफी होता है। यह उनके वश का काम नहीं अतः उनकी जगह पर किसी अन्य व्यक्ति को वन मंत्री बनाया जाय।

श्री गोविन्दसिंह गुर्जर : इस संबंध में कानून में संशोधन करके लकड़ी लाने वाले और भेजने वाले···

श्री भूपाल सिंह : जो गवर्नमेन्ट ऑफिसर्स हैं, जिनके जंगल से लकड़ी कटकर आती हैं उनके खिलाफ आपने कोई कार्यवाही की है या नहीं ?

श्री अध्यक्ष : सारी लकड़ी जंगल से ही कटकर नहीं आती, माननीय सदस्य, जो काश्तकारों के खेतों में पेड़ वगैरह होते हैं वे भी काटकर बेच देते हैं।

श्री भूपाल सिंह : अध्यक्ष महोदय, उसके लिये अलग से व्यवस्था है। तहसीलदार और पटवारी रहते हैं। लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि जो गवर्नमेन्ट ऑफिसर्स और सर्वेन्ट्स हैं उनके खिलाफ भी आपने कोई कानून बनाये हैं या नहीं ?

(8)

श्री गोविन्द सिंह गुर्जर : माननीय सदस्य, मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि जो भी कैसेज हमारी निगाह में आते हैं और जिनमें यह पाया जाता है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी की वन अपराध में मिलीभगत है, तो उनके खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही की जाती है। इस प्रकार की सूचना मिलने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाती है।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री भैरूलाल भारद्वाज।

श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर) : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न मैं माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं कि यह मुआवजा है या पेनल्टी है ?

श्री गोविन्द सिंह गुर्जर : केसेज को कम्पाउण्ड करने के लिये है, कम्पाउण्ड करने की फीस है।

श्री अध्यक्ष : आयुर्वेद राज्य मंत्री जी।

जमवा रामगढ़ क्षेत्र में आयुर्वेद औषधालय की स्थापना

6. **श्री भैरूलाल भारद्वाज** (जमवा रामगढ़) : क्या आयुर्वेद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

जमवा रामगढ़ चुनाव क्षेत्र के किन-किन पंचायत मुख्यालयों पर अभी तक आयुर्वेदिक औषधालय नहीं खोले गये हैं ? क्या सरकार भविष्य में इसकी क्षतिपूर्ति हेतु इस क्षेत्र को कोई विशेष कोटा आवंटन करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक और नहीं तो क्यों ?

राज्य मंत्री, आयुर्वेद (श्री दिनेश डांगी) : जमुवा रामगढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की जिन पंचायत मुख्यालयों पर अभी आयुर्वेद औषधालय नहीं हैं, उनकी सूची सदन के पटल पर रख दी गई है। वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण ऐसा सम्भव नहीं है और ना ही किसी निर्वाचन क्षेत्र विशेष के लिये कोई विशेष कोटा निर्धारित किया जाता है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 4 देखें)

श्री भैरूलाल भारद्वाज : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में चार पंचायत समितियां हैं, जिसमें से एक के बारे में तो उन्होंने सूचना ही नहीं दी, तीन पंचायत समितियों की सूचना दी है जिसके आधार पर 29 पंचायतों के हैडक्वार्टर पर आयुर्वेदिक औषधालय हैं। इस तरह से रेगूलर वे में चलते रहे तो सौ साल में भी पूरे नहीं होंगे।

इसके अलावा इस क्षेत्र में केवल दो मेडिकल डिस्पेन्सरीज हैं दो लाख की आबादी में। आपको पता है कि जमुवा रामगढ़ चुनाव क्षेत्र में पी.एच.सी. भी नहीं है, दूसरे क्षेत्र में है। इस क्षेत्र में सड़कों और यातायात की व्यवस्था भी ठीक नहीं होने से रोगियों की व्यवस्था बहुत ही दयनीय है। पिछड़ा हुआ क्षेत्र होने से कोई प्राइवेट प्रेक्टिशनर भी वहां नहीं है। ऐसी स्थिति में क्या आप रोगियों को भगवान के भरोसे ही छोड़ना चाहते हैं ? माननीय मंत्री महोदय, यदि रेगूलर वे में चलते रहे तो कभी भी पूरे नहीं होंगे। क्या सरकार इसके लिये विशेष कोटा निर्धारित करेगी !

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। शान्त रहें, माननीय सदस्य।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, विभाग की नीति के अनुसार छठी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में दस आयुर्वेद औषधालय होने चाहिये। वर्तमान में जमुवा रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में 20 आयुर्वेदिक औषधालय खुले हुए हैं।

(व्यवधान)

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : अध्यक्ष महोदय, दस-दस मील पर एक भी आयुर्वेदिक औषधालय नहीं है। क्या मंत्री महोदय, इस वर्ष खोलने का विचार रखते हैं ? वहां पर कोई दूसरा साधन नहीं है।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, इस वर्ष के बजट के अनुसार मैं आश्वासन दे सकता हूं ··

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न।

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : सरकार इस साल 200 आयुर्वेदिक औषधालय खोलने जा रही है, इसके लिये कोई नीति निर्धारित की है या अपनी मन मर्जी के आधार पर खोलेंगे ?

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री बालचन्द्र आर्यवीर एवं श्री अनंगकुमार।

करावन एवं दुधालिया (झालावाड़) में पशु चिकित्सालय की स्थापना

7. **श्री बालचन्द्र आर्यवीर** (डग) व **श्री अनंगकुमार जैन** (झालरापाटन) : क्या पशुपालन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

क्या यह सही है कि जिला झालावाड़ में करावन तथा दुधालिया अच्छा कस्बा है जिसके आस-पास 20-30 ग्राम अवस्थित हैं किन्तु वहां पशु चिकित्सा सुविधा नहीं है? ऐसी स्थिति में सरकार उक्त स्थानों पर पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ?

राज्य मंत्री, पशुपालन (श्री श्रीराम गोटेवाला) : जी हां। वित्तीय साधन उपलब्ध होने पर राज्य सरकार विचार करेगी।

श्री बालचन्द्र आर्यवीर : वित्तीय साधन कब तक उपलब्ध हो जायेंगे ? वहां पर दस-पन्द्रह मील तक कोई पशु-चिकित्सालय नहीं है। जहां पर हैं वहां पशुओं को ले जाते हैं तो रास्ते में ही मर जाते हैं। स्थिति बहुत दयनीय है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मेरे क्षेत्र में भी बहुत दूर दूर हैं।

श्री श्रीराम गोटेवाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की जानकारी के लिए मैं निवेदन कर दूं कि दूधालिया ग्राम से दस किलोमीटर पर पशु-चिकित्सालय है। तीस हजार की आबादी पर एक पशु चिकित्सालय देते हैं।

अध्यक्ष महोदय के इलाके में भी पशु चिकित्सालय बहुत लम्बी दूरी पर है। माननीय सदस्य मेरे को जानकारी देंगे तो मैं पूरी व्यवस्था कराऊंगा।

(व्यवधान)

(१०)

प्रश्न संख्या 8

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न

श्री सूरजपालसिंह व श्री रामदेवसिंह। (अनुपस्थित : कृपया आगे देखें)

श्री यदुनाथ सिंह।

कृषि विपणन बोर्ड में सुपरवाइजरों के पदों पर नियुक्ति

9. **श्री यदुनाथ सिंह** (नदबई) : क्या कृषि राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या वर्ष 1983 में राज्य सरकार ने कृषि विपणन बोर्ड में सुपरवाइजरों के पदों के लिए प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किये ? यदि हां, तो कितने पदों के लिये और कब ?

(2) उक्त पदों के लिये कुल कितने प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए और उनमें से कितनों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया ?

(3) उक्त पदों पर साक्षात्कार कितने दिनों में पूरा किया गया और विभिन्न दिनों के साक्षात्कार में कौन-कौन अधिकारी बैठे? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि ऊपर के निर्देशानुसार सुपरवाइजरों का परिणाम. निरस्त कर दिया गया है।

राज्य मंत्री, कृषि (श्री देवेन्द्र सिंह):

(1) जी हां, 24 पदों के लिए 25-2-83 को विज्ञप्ति जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये।

(2) कुल 3553 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए उनमें से 3452 आवेदन कर्ताओं को साक्षात्कार हेतु बुलाया गया।

(3) साक्षात्कार 21 दिनों में पूरा किया गया। विभिन्न दिनों में साक्षात्कार में बैठे अधिकारियों की सूची सदन के पटल पर रख दी गयी है।

(4) जी नहीं।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 5 देखें)

श्री यदुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, पूरे राजस्थान को पता है कि सुपरवाइजर्स के मामले को लेकर किस प्रकार का राजस्थान में भ्रष्टाचार हुआ है। आपने जो सूची दी है वह इक्कीस दिन की दी है। एक तो यह बताने का कष्ट करें कि आपने 3452 एप्लीकेन्ट्स को कॉल-लैटर भेजे और उनको बुलाया और 21 दिन में साक्षात्कार किया तो प्रत्येक दिन कितने आदमियों का साक्षात्कार किया ? एक दिन में 500 आदमियों का साक्षात्कार करना सम्भव नहीं है, यह साक्षात्कार का मखौल उड़ाना है। इसमें राजस्थान को बुरी तरह से लूटा है, बुरी तरह से भ्रष्टाचार सुपरवाइजर्स के मामले में किया गया है। आप कह रहे हैं 'जी नहीं'। क्या आप इसके परिणाम को घोषित करने जा रहे हैं ? यदि हां, तो कब तक घोषित कर देंगे ?

श्री देवेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, जहां तक भ्रष्टाचार की बात कही गई है, इससे हमारा कोई संबंध नहीं है।

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : बहुत अच्छे, दूध के धुले हुए हैं, मंत्रीजी।

श्री देवेन्द्र सिंह : यह गलत है। जहां तक सूची का सवाल है वह सूची अब भी स्टेण्ड करती हैं। अभी वित्त विभाग का बान है उसके हटते ही हम परिणाम निकाल देंगे।

श्री यदुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, वित्त विभाग का बान तो बाद में लगा है । यह तो एक अप्रेल से हो रहे थे । यह बान कौनसी तारीख को लगा है ?

श्री देवेन्द्र सिंह : बान तो 26 जुलाई से लगा है ।

श्री यदुनाथ सिंह : इसलिये ही यह पूछा एक अप्रेल से पहले की बात होने की वजह से उस पर बान की बात लागू नहीं होती है ।

श्री देवेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, इन्टरव्यू ले लिये हैं ।

श्री यदुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह निवेदन है कि जो साक्षात्कार लिये हैं उसमें कितने व्यक्ति साक्षात्कार लेने के लिये बैठे थे और कितने घण्टे साक्षात्कार के लिये वह बैठे थे ? उन्होंने 20-20 और 25-25 व्यक्तियों को साक्षात्कार के लिये एक साथ बुलाया था, यह कैसे सम्भव हो सकता है ? इसमें सही आदमी का चयन कैसे हो सकता है ? यह तो सम्भव ही नहीं ।

(व्यवधान)

श्री महाराम चौधरी (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, हजारों लोगों का इन्टरव्यू लिया गया वह 21 दिन में ही कैसे पूरा हो सकता है ? उन्होंने कितने घण्टे इन्टरव्यू लिया ? इसमें बहुत भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसलिये वहां अधिकारियों का घेराव भी हुआ ।

(व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं कि साक्षात्कार के लिये एक रिक्त स्थान के लिये कितने लोगों को बुलाया जा सकता है, इसके क्या नियम हैं ? 24 सुपरवाइजरों की वेकेन्सी थी उसके लिये तीन हजार चार सौ बावन लोगों को इन्टरव्यू के लिये बुलाया गया था ।

श्री अध्यक्ष : अच्छा है बुला तो लिया ।

श्री गुलाब चन्द कटारिया : अध्यक्ष महोदय, नहीं बुलाया जा सकता है । इसमें राजस्थान की जनता का हजारों रुपये का खर्चा हो गया । इसमें लोगों से हजारों रुपये रिश्वत के लिये और जिन लोगों ने पैसा दिया है उनका नाम तो सलेक्शन में रख दिया है और जिन लोगों ने पैसा नहीं दिया है उनको सलेक्ट नहीं किया गया है ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आॅर्डर, आॅर्डर ।

श्री गुलाब चन्द कटारिया : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूंगा 24 पदों की वेकेन्सी के लिये साक्षात्कार के लिये कितने लोगों को बुला सकते हैं ? यह आप मुझे बता दें ।

श्री महाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, क्या यह सही है कि इसमें हजारों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आॅर्डर, आॅर्डर । माननीय सदस्य, कृपया शान्त रहें । आॅर्डर आॅर्डर ।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी ।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (कोटा): अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से कुछ प्रश्न पूछना चाहता हूं । आपने 24 पदों की

(श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी)

वेकेन्सी के लिये तीन हजार और चार सौ बावन लोगों को साक्षात्कार के लिये बुलाया, क्या यह ठीक है ? क्या 21 दिन में इतने लोगों का साक्षात्कार सम्भव हो सकता है ?

दूसरा प्रश्न मेरा यह है कि क्या साक्षात्कार जिन लोगों ने लिया उन्होंने कोई उसमें अंक दिये थे ? उसमें कितने अंक प्रत्येक केण्डीडेट को दिये गये ? क्या जो अंक दिये गये थे उसकी कॉपी बोर्ड के पास मौजूद है ?

इसके अलावा मैं तीसरा प्रश्न यह भी पूछना चाहूंगा, क्या यह सही है कि एक पद के लिये दस व्यक्तियों को बुलाया जाता है तो इस प्रकार 24 पदों के लिये 240 लोगों को ही साक्षात्कार के लिये बुला लेना उचित नहीं था ? आपने यह जो नियमित परिपाटी है वह क्यों बदल दी ?

इसके अलावा जिन लोगों ने अप्लाई किया था उनकी जिला हैडक्वार्टर्स पर परीक्षा रख कर जो मेरिट के आधार पर परीक्षा में पास होते उनको आप साक्षात्कार के लिये बुलाते वह आपने क्यों नहीं किया?

इसके अलावा मेरा एक सवाल और है, वह यह है कि आपने सुपरवाइजरों की पोस्ट के हेतु जो क्वालीफिकेशन रखी वह सिर्फ बी.ए. ही रखी, उसमें आपने कोई डिविजन वगैरह की बात नहीं रखी। इससे हजारों लोगों ने इन पोस्टों के लिये अप्लाई किया। इस प्रकार हजारों रुपये बोर्ड के पास आये तो यह कहां तक उचित था ?

श्री देवेन्द्र सिंह : पैसे तो बोर्ड के पास ही आये।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, कृपया शान्त रहें।

श्री देवेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, पहले जब सुपरवाइजरों की पोस्ट को एडवरटाइज किया सन् 82 में तो उसमें ट्रेन्ड लोगों को लेने की बात थी। उस समय सिर्फ 6 व्यक्ति ही ट्रेन्ड मिले। चूंकि 30 व्यक्तियों को लेना था इसलिये बाद में 24 और लेने थे तो हमने समाचार पत्रों में इन पोस्टों के लिये विज्ञापन दिया। इसमें ग्रेजूएट की क्वालीफिकेशन रखी गयी थी।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : with no division.

श्री देवेन्द्र सिंह : जी हां, इसमें मैं आपको यह भी निवेदन करना चाहूंगा, इन्टरव्यू के लिये जो लोग आये थे उनकी संख्या दो हजार थी। उन लोगों को इन्टरव्यू में मार्क्स भी दिये गये थे। उनका स्टेटमेन्ट भी बनाया गया है जो कि बोर्ड के कब्जे में है। इन सबको कम्पाइल करके इसका जल्दी से जल्दी रिजल्ट भी निकालेंगे।

श्री यदुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, 21 दिन में दो हजार लोगों का अगर सौ व्यक्ति रोजाना के हिसाब से भी इन्टरव्यू लें तो क्या किसी भी व्यक्ति का सही रूप से चयन हो सकता है ? अध्यक्ष महोदय, इसमें सही चयन कैसे सम्भव हो सकता है ?

श्री महाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, अधिकारियों ने इसमें बहुत घोटाला किया है। लोगों ने अपने घरों में बैठ कर इन्टरव्यू लिये हैं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया व्यवधान नहीं डालें। कृपया शान्त रहें।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : अध्यक्ष महोदय, किसी भी अधिकारी ने मार्किंग नहीं किया है ? इसमें बड़ा भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें एक-एक पोस्ट के अपाइन्टमेन्ट में 18 हजार रुपये तक की बोली लगी है।

(व्यवधान)

श्री महाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, गांवों से हजारों लोगों ने फार्म भरे हैं। इस प्रकार हजारों रुपये गरीब लोगों से लूट लिये गये हैं। इसमें जिन लोगों ने पैसे दे दिये उनका तो सलेक्शन हो गया है और जिन लोगों ने पैसे नहीं दिये उनका सलेक्शन नहीं हुआ है। इसमें जब भ्रष्टाचार की पोल खुली तो अब उनका रिजल्ट नहीं निकाल रहा है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया शान्त रहें। कृपया स्थान ग्रहण करें। मैंने अनुमति नहीं दी है, माननीय सदस्य, कृपया स्थान ग्रहण करें। माननीय सदस्य, श्री राजबहादुर।

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : अध्यक्ष महोदय, इस प्रश्न के उत्तर में काफी तथ्य सामने आये। चूंकि इसमें काफी आरोप और प्रत्यारोप हुए हैं अतः मेरा निवेदन है कि इस सारे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने को क्या राज्य सरकार तैयार है ?

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य। माननीय सदस्य, श्री कैलाशमेघवाल।

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से सिर्फ दो सवाल पूछना चाहता हूं। मेरा पहला प्रश्न तो यह है, अध्यक्ष महोदय, इसमें जो योग्यता निर्धारित की गयी थी उस योग्यता के तो कितने मार्क थे और साक्षात्कार के कितने मार्क्स थे ?

दूसरा मेरा प्रश्न यह है, क्या यह सही है कि साक्षात्कार में जो गड़बड़ियां हुई हैं क्या मंत्री महोदय और माननीय मुख्य मंत्री जी को इसमें हुए भ्रष्टाचार की शिकायतें की गई थीं इस कारण अभी तक भर्ती नहीं की गयी है और उस सलेक्शन को निरस्त कर दिया गया है ?

श्री अध्यक्ष : अलग से प्रश्न है।

श्री कैलाश मेघवाल: अध्यक्ष महोदय, अलग से प्रश्न नहीं है। सुपरवाइजरों की पोस्ट के लिये जिन लोगों की नियुक्तियां की जा रही थी वह शिकायतें होने से निरस्त कर दी गयी हैं। इसमें बहुत भ्रष्टाचार और गड़बड़िया हुई हैं, अध्यक्ष महोदय।

श्री अध्यक्ष : अलग से प्रश्न है, माननीय सदस्य।

(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र सिंह : इसमें कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर।

श्री देवेन्द्र सिंह : भ्रष्टाचार की कोई शिकायत नहीं आई है।

श्री यदुनाथ सिंह: इनको पता ही नहीं है।

(व्यवधान)

(१५)

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से सिर्फ एक सवाल पूछना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया स्थान ग्रहण करें। अगला प्रश्न।

श्री कैलाश मेघवाल : अध्यक्ष महोदय, मैं एक सवाल स्पष्ट पूछना चाहता हूं। मंत्री महोदय मुझे स्पष्ट यह बतावें कि इसमें कितने मार्क्स तो योग्यता के रखे गये और साक्षात्कार के कितने मार्क्स रखे गये थे? यह बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल है।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया स्थान ग्रहण करें।

श्री नन्दलाल मीणा।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : अध्यक्ष महोदय, आज से डेढ़ महीने पहले साक्षात्कार हो चुका है पर आज तक कोई रिजल्ट नहीं निकाला गया है, इसका क्या कारण है?

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया स्थान ग्रहण करें। मैंने अगला प्रश्न पुकार लिया है।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, स्थान ग्रहण करें।

श्री नन्दलाल मीणा।

जिला सतर्कता समितियों को भंग करने का औचित्य

10. **श्री नन्दलाल मीणा** (प्रतापगढ़): क्या मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने एक आदेश प्रसारित कर जिलाधीशों की अध्यक्षता में गठित सतर्कता समितियों को तुरन्त प्रभाव से भंग कर दिया है? यदि हां, तो भंग करने का औचित्य क्या है?

(2) राज्य सरकार ने जिला स्तर पर सुने जाने वाले अभाव-अभियोगों की अब सुनवाई की व्यवस्था क्या तहसील स्तर पर की है? यदि नहीं, तो अब अभियोगों की सुनवाई का क्या स्वरूप होगा?

राज्य मंत्री सामान्य प्रशासन (श्री प्रद्युम्न सिंह) : (1) जी हां, क्योंकि राज्य सरकार इन समितियों को पुनर्गठित कर अधिक प्रभावशाली बनाना चाहती है।

(2) जी नहीं, उपरोक्त पुनर्गठित समिति ही अभियोगों की सुनवाई करेंगी।

श्री नन्दलाल मीणा : दिसम्बर, 1970 में राजस्थान के सभी जिलों में अभाव अभियोगों की सुनवाई के लिए समितियां गठित की गई थीं जिनमें विधायक व संसद सदस्य भी थे और जिलाधीश उनके अध्यक्ष थे ताकि जिले से प्राप्त शिकायतों पर विचार हो, गरीब व्यक्तियों को न्याय दिलवाया जा सके और उनको जयपुर आने की जरूरत न पड़े, उनकी सुनवाई वहीं हो। आपने उनको भंग कर दिया। क्या आप कोई नए सदस्य उसमें सम्मिलित करना चाहते हैं या पहले वाले सदस्यों को निकालना चाहते हैं? प्रत्येक जिले में प्रति माह 75-80 एप्लीकेशन्स होती हैं। ऐसे व्यक्ति आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वे जयपुर नहीं आ सकते, आप उनके लिए क्या करना चाहते हैं? अगर पुनर्गठित करना चाहते हैं तो कब तक कर देंगे?

श्री प्रद्युम्न सिंह: अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि 13-7-83 को इन समितियों को भंग कर दिया गया है। इनको और अधिक प्रभावशाली कैसे बनाया जाय, सरकार इस पर विचार कर रही है। इन समितियों का पुनर्गठन शीघ्र किया जायेगा।

जहां तक माननीय सदस्य ने कहा, यह सही है कि सर्वप्रथम इस प्रकार की समितियों का गठन 12 मार्च, 1973 को हुआ था। जनता शासन के दौरान 17-12-77 को एक ही कलम से इन समितियों को भंग कर दिया गया। सरकार ने अब निर्णय लिया है कि जिला स्तर पर इनको और प्रभावशाली बनाया जाय जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। इस पर विचार करके इन समितियों का शीघ्र गठन कर दिया जायगा।

(व्यवधान)

श्री नन्दलाल मीणा : जनता शासन ने 17-12-77 को इनको प्रारंभ किया था, भंग नहीं किया था।

श्री प्रद्युम्न सिंह : पहले वाली समितियों को भंग किया था जो 1973 में हमने बनाई थी।

श्री नन्दलाल मीणा : आपके एम.एल.एज. हार गए थे इसलिए ...

श्री प्रद्युम्न सिंह : आपके भी बहुत हार गये थे।

श्री नन्दलाल मीणा : जिलाधीश इन समितियों के अध्यक्ष हैं। आप जिन-जिन व्यक्तियों को सम्मिलित करना चाहते हैं, करिये। लगातार तीन महीने तक लोगों के अभाव अभियोग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसका मतलब शिवचरण माथुर सरकार अक्षम है।

श्री प्रद्युम्न सिंह : यह जो माननीय सदस्य कह रहे हैं कि 1977 में इन्होंने बिल्कुल नई समितियां गठित की थीं, उससे पूर्व कोई नहीं थीं....

श्री नन्दलाल मीणा: आप तो यह बतायें कि कब तक कान्स्टीट्यूट कर देंगे ?

श्री अध्यक्ष : मंत्री महोदय का उत्तर तो सुनिये।

श्री प्रद्युम्न सिंह : : जिला परिषद के प्रतिनिधि के रूप में आए हैं, नए प्रतिनिधि आने हैं, किस प्रकार से इन समितियों का पुनर्गठन किया जाय, उनको ज्यादा प्रेक्टिकल बनाया जाय जिससे लोगों को जयपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, जिला स्तर पर लोगों की शिकायतों का निराकरण हो सके, इस पर विचार विमर्श चल रहा है। बहुत शीघ्र निर्णय लेकर इन समितियों का पुनर्गठन कर दिया जायगा।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय श्री चतुर्वेदी।

श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) :इन समितियों को भंग क्यों किया गया ?

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : जैसा मंत्री महोदय ने कहा कि हम प्रभावशाली

(व्यवधान)

रूप से कार्य करने के लिए इनको पुनर्गठित करना चाहते हैं। मैं मंत्री महोदय से पूछना

(श्री ललित किशोर चतुर्वेदी)

चाहता हूं कि इनको भंग करने की जरूरत क्या थी ? जो कार्य चल रहा था गरीबों को राहत मिल रही थी, वह मिलती । इसके पीछे ऐसा लगता है कि जो प्रक्रिया अपनाई गई है उसमें कहीं न कहीं राज्य सरकार की अड़चन पहुंचाने की मंशा थी ।

श्री प्रद्युम्न सिंह : आपकी शंका निर्मूल है . . .

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इनको रोकिये । ये अपनी बात तो कह देते हैं, दूसरों को नहीं कहने देते हैं ।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर । शान्त रहें, माननीय सदस्य ।

श्री प्रद्युम्न सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की जो शंका है वह निर्मूल है । गरीब को शीघ्र न्याय मिल सके उसकी शिकायत का निराकरण हो सके, सरकार इसके लिए कटिबद्ध है । इन समितियों को ब्राड-बेस्ड बनाकर इनका शीघ्र गठन किया जायेगा । जिससे लोगों को व्यावहारिक तरीके से जिला स्तर पर राहत मिल सके ।

अनेक माननीय सदस्य : भंग क्यों किया गया ?

श्री अध्यक्ष : श्री भैरूंलाल भारद्वाज ।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य ।

श्री देवीसिंह भाटी : एक ही बात का उत्तर दे दें कि भंग क्यों की गई ?

श्री प्रद्युम्न सिंह : सरकार ने महसूस किया कि जो समितियां कार्य कर रही थीं उनको अधिक प्रभावशाली बनाया जाय ।

श्री यदुनाथ सिंह : इस बीच में जो वैक्यूम हुआ उसकी जिम्मेदारी किसकी है?

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर । कृपया बैठ जायं । मंत्री महोदय का उत्तर सुनिये ।

श्री प्रद्युम्न सिंह : आपने पूछा, भंग क्यों की । मैंने निवेदन किया कि मूल में भंग करने की मन्शा यह थी कि इन समितियों को ब्राड-बेस्ड करके वीकर सैक्शन्स के सदस्यों की संख्या बढ़ायें, समितियों को कुछ अधिक पावर्स दें । विचार विमर्श चल रहा है, इस पर निर्णय लिया जायगा । इनका शीघ्र ही पुनर्गठन किया जायगा ।

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : अध्यक्ष महोदय, यह मन्शा नहीं है ।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज (जमवारामगढ़) : मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि जब न्याय व्यवस्था गरीबों तक पहुंचाने के लिये इतना प्रयत्न करने जा रहे हैं तो क्या मंत्रीजी ऐसा करते समय ध्यान रखेंगे कि आम गरीबों की शिकायत पर विचार करने के लिए वैसी व्यवस्था करेंगे जैसे विक्रमादित्य का दरबार होता था । सरकार की मन्शा भी यही थी जब 1973 में इन समितियों का निर्माण किया । केवल पहुंच वाले लोगों को न्याय मिलता है और आम लोगों को नहीं मिलता है । इससे आम लोग सतर्कता समितियों के सामने पहुंचें ।

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

दूसरी बात, क्या इन समितियों का सब-डिविजन स्तर पर, तहसील स्तर पर आयोजन करेंगे ?

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर-ग्रामीण) : एक प्रश्न मुझे पूछना है अध्यक्ष महोदय ...

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज ।

श्रीमती उजला अरोड़ा : आप अन्तिम तारीख बता दें कि कब तक करेंगे ?

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। एक माननीय सदस्य ने पूरक प्रश्न पूछा है उसका उत्तर आने दीजिए। उसके बाद अगर किसी माननीय सदस्य का नाम पुकारने की इच्छा होगी तो मैं उनका नाम पुकारूंगा।

श्री प्रद्युम्न सिंह : भविष्य में उनके बारे में क्या मंशा रहेगी, यह मामला विचाराधीन है। लेकिन तहसील स्तर पर इन समितियों का गठन करना इसलिए संभव नहीं होता है कि जिलाधीशों के लिये संभव नहीं है। इसके अन्दर काफी व्यावहारिक कठिनाइयां रहेंगी।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : जयपुर में क्या कभी इनकी जिला स्तर पर मीटिंग हुई है ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं, क्या आप यह बतायेंगे कि इन समितियों का आप पुनर्गठन करना चाहते हैं ? जो समितियां आपने भंग की हैं उनमें किसी प्रकार के अभाव आपके सामने आ रहे हैं जिससे सरकार ने इनको भंग करने का निर्णय लिया ?

श्री खेतसिंह राठौड़ (मंत्री, संसदीय कार्य): वही जो आपके समय में आये थे।

श्री प्रद्युम्न सिंह : अध्यक्ष महोदय, कई जिलों के अन्दर शिकायतें आती थीं तो काफी समय उनके निराकरण में लगता था। कई जगहों पर मीटिंग नहीं हो पा रही थीं, कई जगह कोरम का अभाव रहता था। उसके बावजूद जयपुर के अन्दर शिकायतें लेकर जिला स्तर पर शिकायतें लेकर लोग आ रहे थे। इस कारण सरकार ने महसूस किया कि जो जिला स्तर पर कमेटियां हैं वह प्रभावशाली रूप से कार्य नहीं कर कर रही हैं। उनके होते हुए भी लोग जयपुर आ रहे हैं, इसका मतलब है काम सही नहीं हो रहा है। इसलिए सरकार ने निश्चय किया कि इनको प्रभावशाली बनाया जाए और इनका पुनर्गठन किया जाए। 1977 में जो इनके निर्वाचित सदस्य थे वह अब नहीं हैं, इसलिए यह शोर-शराबा कर रहे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने जो उत्तर दिया मैं उनसे एक जानकारी करना चाहता हूं। क्या यह सही है कि यह समितियां, जिला सतर्कता समितियां इसलिए प्रभावशाली नहीं हुई कि कलेक्टर्स ने मीटिंग्स अटेंड नहीं कीं, समय पर मीटिंग नहीं कीं ? जिला जयपुर के कलेक्टर के बारे में कहना चाहता हूं कि उसने एक बार भी मीटिंग नहीं की। क्या इनके काम में किसी प्रकार की कमी थी जिसके कारण आपने इनको भंग किया ?

श्री प्रद्युम्न सिंह : इनके दो कारण थे, जयपुर के बारे में मैंने कहा कि सही है। तीन चार महीने के अन्दर एक भी मीटिंग नहीं हुई, यह कहना गलत है। मैंने इसी सदन के अन्दर उत्तर दिया था। जयपुर के मामले में जो विपक्ष के नेता ने कहा है, यह बात सही है। इसको और किसी रूप में न लिया जाए।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : नहीं ले रहे हैं।

श्री प्रद्युम्न सिंह : दोनों कारण हैं। मीटिंग नहीं हो रही है। इनको प्रभावशाली बनाने के लिए, लोगों को इससे राहत मिल सके इसलिए करने जा रहे हैं। इसी महीने इसको कर देंगे। इन्होंने 1973 वाली कमेटियों को 1977 में भंग कर दिया, हमने कुछ नहीं कहा और जब हमने भंग किया तो यह कह रहे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मेरी समझ में नहीं आता कि आप शोर-शराबा किस बात का कर रहे हैं। प्रश्न सीधा है कि कमेटियां भंग हुई हैं। चाहे राजनीतिक आधार पर ही सही, प्रभावशाली बनाने के लिए आपने उन्हें भंग किया। उसके बाद इनमें सुधार किया जाता तो कर देते।

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर) : आपने संशोधन तो कर दिया था और हमारे समय के आदमियों को हटा दिया था। यह बात आप की गलत है। आपको ज्ञान नहीं है और आप जवाब देने के लिए खड़े हुए हो।

श्री महाराम चौधरी : जो मामले निर्णीत होने की स्टेज पर थे उनके बारे में क्या किया ?

श्री घनश्याम तिवाड़ी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय को पता नहीं है उसके बाद भी इनकी नियुक्ति कर दी। इनको ज्ञान नहीं है और यह वक्तव्य दे रहे हैं।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। मंत्री महोदय कुछ कहना चाहेंगे।

श्री प्रद्युम्न सिंह : महाराम चौधरी जी ने जो प्रश्न पूछा था...

श्री अध्यक्ष : उनको मैंने इजाजत नहीं दी।

श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी : यह कब तक कर देंगे ? राज्य सरकार बचना चाहती है, यह पब्लिक को फेस नहीं करना चाहती है।

श्री यदुनाथ सिंह : आप कमेटियां बनाते हैं, फिर भंग करते हैं...

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। आसन पैरों पर है।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : हैण्ड पम्पों के मामले में जांच हो रही थी उस में भी एक-एक गांव से शिकायतें आई थी। कुछ भी नहीं किया गया।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। अगला प्रश्न। श्री राजबहादुर। प्रश्न संख्या 24

जमना नदी के पानी में से हिस्सा

24. **श्री राजबहादुर** (भरतपुर): क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(श्री राजबहादुर)

क्या राज्य सरकार द्वारा पिछले 3 वर्षों में जमुना नदी के पानी में से अपने हिस्से का पानी निर्धारित कराने तथा उसे प्राप्त करने हेतु कोई पहल की गई है या किसी प्रकार के कोई प्रभावी कदम इस दिशा में उठाये गये हैं ? यदि नहीं, तो किन कारणों से ? यदि हां, तो क्या-क्या और उनके द्वारा क्या उपलब्धि हुई या क्या परिणाम निकला ?

राज्य मंत्री सिंचाई : श्री दिनेश डांगी जी हां। राज्य सरकार के प्रयास करने के फलस्वरूप यमुना के जल के बंटवारे को तय करने हेतु मुख्य मंत्री के स्तर पर दिनांक 28.4.81 को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना अनुमोदन के कोई भी परियोजना शुरू न की जाए और जब तक पानी के आवंटन के संबंध में कोई निर्णय नहीं हो जाए तब तक उन गैर अनुमोदित परियोजनाओं, जिन्हें पहले से हाथ में लिया जा चुका है, के काम रोक दिये जावें तथा एक विशेषज्ञ तकनीकी समिति का गठन किया गया । इस विशेषज्ञ तकनीकी समिति का गठन किया गया। इस विशेषज्ञ तकनीकी समिति का कार्य कुल पानी की उपलब्धि को आंकना और इस समय कितना पानी प्रयोग में आ रहा है, इसकी जांच करना था। परन्तु इस विषय में विशेषज्ञ तकनीकी समिति एक राय नहीं बना सकी तो फिर अध्यक्ष, तकनीकी समिति (चेयरमैन, केन्द्रीय जल आयोग) ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है। इस रिपोर्ट पर विचार करने हेतु संबंधित राज्यों के सिंचाई सचिवों की एक बैठक भारत सरकार के सिंचाई सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 3 जून, 1983 को आयोजित की गई थी। अब संबंधित मुख्य मंत्रियों की बैठक केन्द्रीय सिंचाई मंत्री द्वारा शीघ्र ही बुलाई जाने की आशा है जिसमें यमुना के जल के बंटवारे के बारे में निर्णय लिया जा सकेगा।

श्री राजबहादुर : क्या सरकार के पास सूचना या कोई आंकड़े हैं ? उनके हिसाब से यमुना में वर्षा ऋतु को छोड़कर कितना पानी है। यू.पी. और हरियाणा कितना पानी उपयोग में ला रहे हैं ?

दूसरी बात, जो मीटिंग हुई थी उसके बारे में आपने क्या पत्र व्यवहार किया और क्या आपने वर्तमान जो ईरिगेशन मिनिस्टर हैं उनसे पत्र व्यवहार किया है ? क्या यू.पी. और हरियाणा के मुख्य मंत्रियों से किसी प्रकार का सम्पर्क स्थापित किया है ? हिस्सा करने का आपने क्या प्रयास किया है, क्या प्राप्ति की है ?

सिंचाई मंत्री (श्री परसराम मदेरणा): जैसा प्रश्न के उत्तर में आपको बताया है, भारत सरकार के ईरिगेशन मिनिस्टर और चार मुख्य मंत्रियों और एक उप राज्यपाल दिल्ली की बैठक बुलाई थी। चेयरमैन टेक्निकल एक्सपर्ट्स कमेटी ने रिपोर्ट दी उस रिपोर्ट के आधार पर ईरिगेशन सैक्रेटरी की, दुबारा बैठक हुई जिसमें यमुना के सरप्लस पानी का निर्णय लिया गया।

श्री राजबहादुर : मैं पानी के बारे में कह रहा हूं।

श्री परसराम मदेरणा : हां, आपके ही बारे में कह रहा हूं। सरप्लस का मैंने स्वयं प्रयोग किया है। यह और जगह यूज हुआ है शायद आपके यहां यूज नहीं हुआ हो। जो टेक्निकल एक्सपर्ट्स कमेटी बैठी उसने एक प्रस्ताव भेजा, उससे हम सहमत थे। हमारी

(श्री परसराम मदेरणा)

सहमति के बाद उसी टेक्निकल कमेटी की चार बैठकें हुई। चार बैठकों के बाद टेक्निकल एक्सपर्ट्स कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट जो हमारे पास आई थी, वह 1981 में आई थी हमारे कमेन्ट्स भेजने के बाद फिर टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी की मीटिंग हुई । 5 राज्यों के इरिगेशन के मुख्य अभियन्ता इसके सदस्य थे और केन्द्रीय जल आयोग सी०डब्लू०सी० के चेयरमैन उस टेक्निकल एक्सपर्ट्स कमेटी के चेयरमैन थे । दुबारा जब मीटिंग हुई तो उसके कमेन्ट्स आने के बाद में 3-8-82 को 18-2-82 को, 3-4-82 को और 28-5-82 को हुई चार मीटिंगों में किसी प्रकार का एक मत राज्यों के मुख्य अभियंताओं का उस कमेटी में नहीं हो सका। इसलिए एक डैडलाक आ गया । उस डैडलाक की वजह से सी०डब्लू०सी० के चेयरमैन ने अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी उस रिपोर्ट को उन्होंने फाइनल रिपोर्ट माना। हमने उस पर भी एतराज किया कि यह फाइनल रिपोर्ट नहीं हो सकती क्योंकि आपने पानी का असेसमेन्ट किया है वह असेसमेन्ट गलत है । ड्राफ्ट रिपोर्ट का असेसमेन्ट नहीं था। उस पर वाद-विवाद होता रहा । आप कह रहे हैं कि मुख्य मंत्रीजी ने जनवरी, 83 के अन्दर यूनियन इरिगेशन मिनिस्टर को लिखा था कि जो भी आपकी फाइनल रिपोर्ट आई है वह टेक्निक्ल एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट नहीं है, और फाइनल एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट नहीं है तो मुख्य मंत्रियों के सम्मुख टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट आनी चाहिये थी। इस संबंध में हमारा एतराज है। इसलिए आप एक्सपर्ट कमेटी की राय लीजिये, हम चैयरमैन की रिपोर्ट को सही नहीं मानते इस पर जून में एक मीटिंग बुलाई और जून में इसलिए मीटिंग बुलाई थी कि जो कुछ भी विवाद ड्राफ्ट रिपोर्ट और फाइनल रिपोर्ट में था इस संबंध में कोई कान्सेसस अराइव हो जाये, वह कान्सेसस अराइव नहीं हुआ। इसलिए आगे मुख्य मंत्रियों की मीटिंग होने की सम्भावना है जैसा कि उस मीटिंग में कान्सेसस था ।

श्री राजबहादुर : अध्यक्ष महोदय, जो जवाब दिया गया है, वक्तव्य दिया गया है वह सेल्फ-कान्ट्रेडिक्टरी है। बिना किसी कमेन्ट के किये हुए मैं दो बातें जानना चाहता हूं। जिस रिपोर्ट से आप सहमत थे और जिसका हवाला दिया है, उस रिपोर्ट, जिस पर आपने सहमति का नोट भेजा है, का आप हवाला दे रहे हैं क्या उसको सदन के पटल पर रखेंगे एक बात ?

दूसरी बात यह है, हम जानना चाहते हैं कि यू०पी० और हरियाणा जान बूझकर बंटवारे के मामले में देरी कर रहे हैं और उत्तरोत्तर मात्रा पानी के उपयोग की बढ़ाते जा रहे हैं। क्या आप यह नहीं मानते है कि टेक्निकल कमेटी की मीटिंग होती रहती है और राजस्थान लुटता रहता है, उसका हिस्सा खत्म होता रहता है ? कोई कार्य आपकी तरफ से नहीं हो रहा है, आप निष्क्रिय हैं, आगे कोई पत्र व्यवहार नहीं है, कोई दिलचस्पी नहीं है । मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि मैं इस पर आधा घन्टे की चर्चा करना चाहता हूं लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह रिपोर्ट है ? जो आपकी सहमति और असहमति है उन दोनों को आप यहां रखेंगे ? आपने एक दफा कहा सहमति है और दूसरी दफा कहा कि असहमति है । दोनों ही सेल्फ कान्ट्रेडिक्टरी स्टेटमेन्ट हैं ।

श्री अध्यक्ष : माननीय प्रतिपक्ष के नेता ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट या ड्राफ्ट रिपोर्ट में कौन कौन से ऐसे मुद्दे हैं जिनसे राजस्थान सरकार सहमत है और फाइनल रिपोर्ट में ऐसे कौन कौन से मुद्दे हैं जिससे राज्य सरकार की असहमति है ।

श्री परसराम मदेरणा : जो फाइनल कमेटी में मुख्य मुद्दा है, जिससे राज्य सरकार की असहमति है, वह कमिटेड युटीलाइजेशन के पानी का है और बैलेन्स अवेलेबल है और अनएप्रूव्ड उस प्रॉजेक्ट का युटीलाइजेशन है इसमें ड्राफ्ट रिपोर्ट, जो टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी की थी, और जो चेयरमैन की फाइनल रिपोर्ट है जिसको हम टेक्निकल एक्सपर्ट की रिपोर्ट नहीं मानते, उन दोनों के बीच में फर्क है बेलेन्स का। बेलेन्स में फर्क थोड़ा नहीं बल्कि मैं प्रतिपक्ष के नेता महोदय को बताना चाहता हूं कि 1.385 एम.ए.एफ. का फर्क है। जब यह फर्क है तो हम यह कह रहे हैं कि पानी का बेलेन्स ज्यादा है और दो प्रोजेक्ट्स सी.डब्लू.सी. या प्लानिंग कमीशन ने हरियाणा स्टेट के एप्रूव नहीं किये हैं। उनका कमिटेड यूज़ इसमें सम्मिलित नहीं किया जाये। उस पानी का बेसिक राज्य में बंटवारा होना चाहिये, एक बात।

दूसरे, टोटल रिक्वायरमेन्ट जो है टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी के सामने क्योंकि चीफ मिनिस्टर कान्फ्रेन्स कोई 83 में ही नहीं हुई बल्कि 75 में भी हुई थी और 78 में तत्कालीन मुख्य मंत्री, जो कि आज विपक्ष के नेता हैं, के समय भी चीफ मिनिस्टर्स कान्फ्रेन्स हुई थी, इसलिए टोटल रिक्वायरमेन्ट की जो सभी स्टेट्स ने दी हैं वह 26.127 एम.ए.एफ. है। हरियाणा ने दो रिक्वायरमेन्ट्स दी हैं....

श्री भैरोंसिंह शेखावत : रिक्वायरमेन्ट का सवाल नहीं है।

श्री परसराम मदेरणा : इसलिए 29.093 एम.ए.एफ. रिक्वायरमेन्ट दी है और राजस्थान ने अपनी जो रिक्वायरमेन्ट दी है वह 2.5 एम.ए.एफ. दी है....

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप...

श्री अध्यक्ष : उत्तर पूरा होने दीजिए ना।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : एक ही प्रश्न। क्या सिद्धान्ततः इस बात को स्वीकार कर लिया गया है ? यमुना के पानी में हमारा पानी कितना है इस बारे में डिस्प्यूट बता रहे हैं। मैं जानना चाहूंगा कि क्या भारत सरकार ने या टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट ने या सी.डब्लू.सी. ने कहीं भी इस संबंध में इस बात को मंजूर कर लिया है कि यमुना के पानी में राजस्थान का सिद्धान्ततः हिस्सा है ?

श्री परसराम मदेरणा : राजस्थान का हिस्सा है तभी तो मुख्य मंत्री को वहां बुलाया जा रहा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यह तो अपना क्लेम है।

श्री परसराम मदेरणा : नहीं, नहीं, क्लेम नहीं है। बार-बार हमको बुला रहे हैं। हमने रिक्वायरमेन्ट रखी है। आज इस बात को कोई डिनाई नहीं कर सकता कि चम्बल कहां जाकर मिलती है, पार्वती कहां जाकर

(22)

(श्री परसराम मदेरणा)

मिलती है, खारी कहां जाकर मिलती है। इसलिये इसमें दो राय नहीं है …

श्री भैरोंसिंह शेखावत : भारत सरकार ने सिद्धान्ततः मान लिया है ?

श्री परसराम मदेरणा : भारत सरकार ने राजस्थान को बेसिक स्टेट माना है इसलिए हम रिक्वायरमेन्ट दे रहे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपका जो विवाद है वह यह है कि कितना पानी सरप्लस है और कितना फ्लो आॅफ वाटर है। आपका विवाद केवल इतना सा है। मैं यह जानना चाहता हूं, जब आप कह रहे हैं कि सिद्धान्ततः भारत सरकार ने हमारा हिस्सा स्वीकार कर लिया तो आप क्या बता सकते हैं कि हिस्सा कितना स्वीकार किया है ? पर्सेन्टेज के बेसिस पर मैं जानना चाहता हूं। यह नहीं है कि 20 मिलियन एकड़ फीट पानी है उसमें से हमारा आठवां हिस्सा होता है कि छठा हिस्सा होता है। मैं तो यह जानना चाहता हूं कि मान लीजिए उसमें 20 मिलियन एकड़ फीट पानी है तो उसमें कितना पर्सेन्टेज हमारा हिस्सा है ?

श्री परसराम मदेरणा : पानी सरप्लस है या नहीं है, पानी बेलेन्स में कितना है, स्टेट गवर्नमेन्ट को कितना प्रतिशत पानी का बंटवारा मिलेगा, स्थिति यथावत वही है जो कि 1978, जब आपने मीटिंग की थी, में आपने स्टेट के केस को रखा था। वही स्थिति है आज भी।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: इसमें आपने किसी प्रकार का इम्प्रूवमेन्ट नहीं किया।

श्री परसराम मदेरणा : आप ही तीन साल में कुछ नहीं कर सके।

श्री राजबहादुर : 1972 में मीटिंग थी जिसमें हरियाणा के मुख्य मंत्री श्री बंसीलाल जी और उत्तर प्रदेश के श्री नारायण दत्त जी तिवाड़ी आये थे और यह फिक्स हुआ था कि जो एक्स्ट्रा फ्लो है उसमें राजस्थान को लगभग 22 पर्सेन्ट मिलेगा जहां कि हमको ज्यादा मिलना चाहिए। यह बात 1972 की है। मैं जानना चाहता हूं कि सारी रिपोर्ट आप सदन की मेज पर रखें। आपने हवाला दिया है इसलिये जैसी आपकी प्रक्रिया है ! It Should come on the Table of the House मैं चाहता हूं कि इस पर डिस्कशन हो क्योंकि यह कन्फ्यूजन वर्स कन्फाउन्डेड हैं।

श्री परसराम मदेरणा : बिल्कुल कन्फ्यूजन नहीं है। You have been marking the confusion worse confounded by shuffling the matter to and fro for the last one decade.

मैं यह निवेदन करना चाहता था कि यह जो ड्राफ्ट रिपोर्ट और फाइनल रिपोर्ट की प्रतियां सदन की मेज पर रखने के लिये प्रक्रिया का हवाला दिया है इस बारे में तो पहले कभी आपत्ति नहीं की गई, एक। दूसरा मैं 1972 की तो नहीं कह सकता लेकिन चैयरमैन सैन्ट्रल वाटर पॉवर कमीशन ने असेसमेंट किया था, इस स्टेज पर क्या पर्सेन्टेज रहना चाहिये। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राजस्थान का हिस्सा कितना हो, ठीक से नहीं कह सकता, 20 या 22 पर्सेन्ट है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न काल समाप्त हुआ।

(शेष तारांकित प्रश्नोत्तर के लिये कृपया परिशिष्ट 6 देखें)

अनुपस्थित सदस्य का तारांकित प्रश्नोत्तर

8. **श्री सूरजपाल सिंह** (भीनमाल) व **श्री रामदेव सिंह** (घोद) : –क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग उप-खण्ड सांचोर जिला जालौर के एक वरिष्ठ लिपिक के विरुद्ध जोड़ताराम मेगवाल निवासी काटोल तहसील सांचोर ने छूआछूत बरतने की शिकायतें पेश की थी ? अगर हां, तो कब ? उन शिकायतों के बारे में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

(2) क्या यह भी शिकायत है कि उपरोक्त लिपिक के सहयोग से पलादर, लूणीयासर, पांचला अकाल राहत सड़क कार्य पर लगे गरीब मजदूरों की मस्टररोल्स में बिना कारण हाजरियां कटवाकर मजदूरों की करीबन 3000/- की मजदूरी काटकर उनको जानबूझ कर नुकसान पहुंचाया था? यदि हां, तो उन शिकायतों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

(3) क्या यह सही है कि मजदूरों की बिना कारण काटी गई मजदूरी का बाद जांच, भुगतान कर दिया गया है। अगर हां, तो कब ?

(4) क्या यह भी सही है कि उक्त उप-खण्ड में कार्यरत लिपिक के विरुद्ध सांचोर उपखण्ड में कार्य करने वाले वर्क चार्ज कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार की शिकायतें की थीं ? अगर हां, तो कब एवं उस बारे में अब तक क्या क्या कार्यवाही की गई है ?

उत्तर

(1) श्री जोइताराम से प्राप्त शिकायतों में से एक में जो कि जौलाई के अन्तिम सप्ताह में प्राप्त हुई हैं कुछ ऊंच नीच जाति के होने संबंधी आरोप लगाये गये हैं। जिनकी विभागीय जांच की जा रही है।

(2) जी नहीं।

(3) मजदूरी का भुगतान मजदूरों द्वारा किये गये कार्यों के नाम के अनुसार किया गया है।

(4) शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनकी जांच की जाकर आवश्यक आदेश सक्षम अधिकारी द्वारा प्रसारित किये गये हैं।

अतारांकित प्रश्नोत्तर

उदयपुर नगर में हथियारों के लाइसेन्स

1. **श्री गुलाबचन्द कटारिया** (उदयपुर) : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) उदयपुर नगर में कितने व्यक्तियों के पास हथियार रखने के लाइसेन्स हैं ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सच है कि इसके अलावा हजारों हथियार बिना लाइसेन्स के भी हैं जो दंगों के दिनों में प्रयोग किये जाते हैं ? क्या दंगों में हथियार ऐसे बरामद हुए जिनका रिकार्ड में कोई लाइसेन्स दर्ज नहीं था ?

(3) क्या सरकार बढ़ती हुई साम्प्रदायिक वैमनस्यता का ध्यान रखती हुई सभी हथियारों के लाइसेन्स रद्द कर हथियार बरामद करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ?

(4) क्या सरकार प्रत्येक लाइसेन्स लेने वाले को प्राण रक्षा हेतु सरलता से हथियार रखने की स्वीकृति देगी ?

उत्तर

(1) उदयपुर नगर में 520 व्यक्तियों

(24)

(गृह मंत्री)

के पास हथियार रखने के लाइसेन्स हैं। सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(2) यह सही नहीं है कि उदयपुर नगर में सैंकड़ों व्यक्तियों के पास बिना लाइसेन्स के हथियार हैं। मगर यह सही है कि कुछ हथियार बिना लाइसेन्स के दंगों के दौरान जब्त किये गये। इन हथियारों की सूची संलग्न है।

(3) उदयपुर के समस्त अनुज्ञा पत्रों को रद्द करने का वर्तमान में राज्य सरकार का कोई इरादा नहीं है। क्योंकि स्थिति इतनी गम्भीर नहीं है। लेकिन भविष्य में ऐसा कदम उठाना पड़ा तो इसके लिये नियमों में प्रावधान है।

(4) सरकार इस बारे में पूर्ण जांच के पश्चात् और नियमों के अनुसार ही प्राण-रक्षा हेतु लाइसेन्स जारी करती है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 7 देखें)

राजस्थान में चलने वाली रेलों में गश्ती पुलिस की ड्यूटी

2. **श्री बालचन्द्र आर्य** (डग) **श्री अनंग कुमार जैन** (झालरापाटन): क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान में चलने वाली यात्री गाड़ियों में सुरक्षा हेतु राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा सशस्त्र गश्त चलाई जाती है? यदि हां, तो यात्री गाड़ी ठहरने पर इन गश्ती पुलिस कर्मचारियों की क्या ड्यूटी होती है?

(2) क्या उच्चाधिकारियों द्वारा इनकी ड्यूटी का आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है? यदि हां, तो माह जनवरी, 1983 से अगस्त, 1983 तक कब-कब निरीक्षण किया गया है?

उत्तर

(1) जी हां। सभी रात्रि को चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के साथ आर्म्ड गार्ड रहती है। यह गश्ती गार्ड चलने वाली यात्री गाड़ियों के ठहरने पर आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों व अवाछंनीय तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखती है। जिससे गाड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके और गाड़ी को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। यात्री गाड़ी की सुरक्षा व यात्रा करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे सशस्त्र गार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है।

(2) जी हां। माह जनवरी, 1983 से अगस्त 83 तक रेलवे पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा दिनांक 1, 4, 13, 16, 17, 18, व 29 जनवरी, 5, 6, 10, 13, 17, 18, 25 व 26 फरवरी, 4, 8, 10, 11, 14, 18 व 25 मार्च, 4, 5, 9, 11, 20, 21, 24 व 25 अप्रेल, 4, 5, 13, 18, 24, व 26 मई, 2 व 30 जून, 3 व 16 जुलाई तथा 2 अगस्त, 1983 को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सशस्त्र गश्ती गार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

अकाल राहत कार्य में लगे श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी

3. **श्री अमीन खां** (शिव):– क्या अकाल राहत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

25

(श्री अमीन खां)

(1) राज्य सरकार अकाल घोषित करते समय क्या प्रक्रिया अपनाती है ?

(2) क्या सरकार यह महसूस करती है कि राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में सात सात रुपया मजूरी पर भी श्रमिक नहीं मिलता है ? यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में अकाल घोषित करते समय इस बात को दृष्टि में रखकर ही न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करेगी ?

उत्तर

(1) जिलाधीशों से फसल के बाबत खराबे के प्रतिवेदन आने पर राज्य सरकार उन पर विचार करके उन गांवों को, जिनमें फसल में खराबा 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो, अभावग्रस्त घोषित करती हैं।

(2) सरकार ऐसा महसूस नहीं करती। राज्य के रेगिस्तानी जिलों के अलावा अन्य जिलों में भी अकाल राहत कार्यों के लिये निर्धारित मजदूरी की दर पर श्रमिक काम पर आये हैं। अकाल राहत कार्यों के लिए दैनिक मजदूरी की अधिकतम दर 7) रुपये प्रतिदिन है जो निर्धारित टास्क से सम्बद्ध है। राहत कार्यों के लिए न्यूनतम मजदूरी की कोई दर निर्धारित नहीं है।

रीको की अजमेर स्थित वाच असेम्बली यूनिट की कार्य प्रणाली में सुधार

4. **श्री कैलाश मेघवाल** (अजमेर पूर्व):- क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि रीको की अजमेर स्थित वाच असेम्बली यूनिट को घड़ियों के पुर्जे सप्लाई करने वाली एच.एम. टी. की टुंकर (बंगलौर) नं. 4 इकाई के विशेष सुपरवाइजर गत माह फरवरी-मार्च, 1983 में अजमेर में लम्बे समय तक ठहर कर कार्य क्षमता में सुधार कर उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रयत्नशील रहे, किन्तु अजमेर यूनिट के प्रबन्धक अपने प्रबन्ध व्यवस्था में कोई सुधार नहीं ला सके और विशेष सुपरवाइजरों ने प्रबन्धकों के विरुद्ध टिप्पणी करते हुए रिपोर्ट की थी ? कृपया वर्ष 1979 में स्थापित इस इकाई के प्रतिवर्ष निश्चय किये गये टारगेट और उसकी तुलना में उपलब्धि का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि एच.एम. टी. बंगलौर के सैन्ट्रल क्वालिटी कन्ट्रोल बोर्ड ने अजमेर यूनिट में असेम्बल की हुई घड़ियों में डस्ट होना बताते हुये यहां की क्वालिटी के बारे में प्रतिकूल राय दी ?

(3) राज्य सरकार यहां की कार्य-प्रणाली का सुधार करने हेतु क्या कदम उठा रही है ? कृपया यह भी बताएं कि इस तरह की प्रतिकूल टिप्पणियां होने के बावजूद अजमेर यूनिट के प्रोजेक्ट ऑफीसर को प्रोजेक्ट-मैनेजर के रूप में कब किस आधार पर पदोन्नत किया गया ?

उत्तर

(1) जी नहीं। एच.एम.टी. टुमकुर का एक सुपरवाइजर वाच असेम्बली यूनिटमेंही पदस्थापित (Posted) किया हुआ है जिसका काम घड़ियों का निरीक्षण एवं जांच Inspection and testing करना है। वाच असेम्बली यूनिट ने एच.एम.टी. टुमकुर से प्राप्ति में कुछ कमियां (Manufacturing defect) बताई

(उद्योग मंत्री)

थीं इस कारण एच.एम.टी. टुमकुर ने उन पुर्जों की जांच के लिये अपना एक अन्य सुपरवाइजर माह फरवरी-मार्च, 1983 में अजमेर भेजा था। कार्य क्षमता में सुधार के लिये कोई सुपरवाइजर एच.एम.टी. द्वारा नहीं भेजा गया था। इकाई ने 1979 में उत्पादन शुरू किया था। यूनिट में उत्पादन एवं टारगेट्स इस प्रकार हैं :–

वर्ष	टारगेट	उत्पादन	उत्पादन लक्ष्य (प्रतिशत में)
1979-80	25000	24906	99.61
1980-81	124384	114171	92.46
1981-82	235000	240101	102.17
1982-83	250000	216324	86.53
1983-84 (अगस्त, 83 तक)	103000	101867	98.9

(2) जी हां। धूल कणों की समस्या साधारणतया सभी घड़ी निर्माण इकाइयों को होती रही है। खासतौर पर राजस्थान की जलवायु के कारण। जहां तक घड़ियों की क्वालिटी का सवाल है, एच.एम.टी. ने इस यूनिट में बनी घड़ियों की क्वालिटी पर सन्तोष प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि एच.एम.टी. द्वारा स्थापित की गई देश भर की 12 इकाइयों में अजमेर स्थित वॉच असेम्बली इकाई में निर्मित घड़ियों की क्वालिटी में चौथा स्थान है।

अजमेर स्थित घड़ी निर्माण इकाई के चारों तरफ पेड़ पोधे लगाकर इस समस्या को हल की जाने की कोशिश की जा रही है। परन्तु पानी की कमी के कारण पेड़ पौधे लगाने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। फिर भी समस्या एच.एम.टी. के मापदण्डों के अन्तर्गत है।

(3) अजमेर स्थित रीको की वाच यूनिट का कार्य अभी तक सुचारुरूप से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट ग्राफीसर (वर्तमान में प्रोजेक्ट मैनेजर) ने पिछले पांच वर्ष से बिना किसी शिकायत या विपरीत टिप्पणी के इस इकाई का सम्पूर्ण कार्यभार कुशलता से स्वंय अकेले ही ने सम्भाल रखा है। प्रोजेक्ट मैनेजर के पास वांछित तकनीकी योग्यता एवं अनुभव है। निगम के मैनेजमेंट ने प्रोजेक्ट ग्राफीसर की कार्यकुशलता एवं अनुभव को देखते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर के पास इकाई में अभी 120 श्रमिक कार्यरत हैं जिनमें 90 महिलाएं हैं।

मकराना के विकास अधिकारी श्री धर्माराम के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा जांच

5. **सुश्री पुष्पा जैन** (आमेर):–क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि मकराना के विकास अधिकारी श्री धर्माराम भेदा को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था ? यदि हां, तो कब ?

(2) इस संबंध में अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

(3) क्या यह सही है कि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा इस संबंध में जानकारी पंचायत विभाग को अब तक नहीं भेजी गई ग्रौर न ही उच्च अधिकारी के निलंबन की मांग की गई ? यदि नहीं, तो कृपया बतायें कि पंचायत विभाग को इस संबंध में कब-कब लिखा गया ?

उत्तर

(1) जी हां। विकास अधिकारी, जिनका सही नाम धर्मसिह भेदा है, को

(गृह मंत्री)

दिनांक 26-3-83 को गिरफ्तार किया गया था ।

(2) प्रकरण अन्वेषणाधीन है ।

(3) जी नहीं । पंचायत विभाग को सूचित कर दिया गया है और निलम्बन का मामला वहां विचाराधीन है ।

रानी व देसूरी पंचायत समितियों में उद्योगों हेतु वित्त निगम व रीको द्वारा ऋण

6. **श्री भैरूंसिह गुर्जर** (खारची) : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

पाली जिले की मारवाड़ जंक्शन, रानी व देसूरी पंचायत समितियों में जून, 1980 से जुलाई, 1983 तक राजस्थान वित्त निगम व रीको द्वारा कितना-कितना ऋण व कितने भू-खण्ड उद्योगों को दिये गये ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें ।

उत्तर

पाली जिले की मारवाड़ जंक्शन, रानी व देसूरी पंचायत समितियों को एक अप्रेल 80 से 31 जुलाई, 83 तक राजस्थान वित्त निगम द्वारा दिये गये ऋण का विवरण इस प्रकार है :–

पंचायत समिति का नाम	इकाइयों की संख्या व स्वीकृत ऋण	इकाइयों की संख्या एवं ऋण वितरण
मारवाड़ जंक्शन	23 इकाइयां रु. 1404000/-	12 इकाइयां रु. 551200/-
रानी	12 इकाइयां रु. 1143000/-	7 इकाइयां रु. 667000/-
देसूरी	9 इकाइयां रु. 965000/-	7 इकाइयां रु. 228000/-

राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ द्वारा शक्कर व सीमेंट के ट्रांसपोर्टर्स में अनियमितता

7. **श्री महावीर प्रसाद** (टोंक) : क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ में शक्कर व सीमेंट का व्यापार कब से प्रारम्भ हुआ एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ, जयपुर के महाप्रबन्धक द्वारा शक्कर व सीमेंट लाने हेतु वर्ष 1978 से अब तक ट्रान्सपोर्टर्स को कितनी राशि का भुगतान कर दिया गया ? कृपया वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या यह भी सही है कि इस कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित नहीं की गई ? यदि हां, तो क्यों ?

(3) क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जांच करवाने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं तो क्यों ?

उत्तर

(1) संघ में शक्कर व सीमेंट का व्यवसाय क्रमशः दिसम्बर 1979 व नवम्बर, 1978 से प्रारम्भ हुआ तथा शक्कर व सीमेंट के पेटे वर्षवार ट्रांसपोर्टर्स को जो भुगतान किया गया है उसका विवरण निम्न प्रकार है :–

(सहकारिता मंत्री)

(राशि लाखों में)

वर्ष	भुगतान की राशि	
	शक्कर	सीमेन्ट
1978–79	–	11.62
1979–80	0.12	14.16
1980–81	5.39	15.88
1981–82	36.27	25.09
1982–83	0.23	25.49

(2) जी नहीं। विधिवत निविदायें आमन्त्रित की गई हैं।

(3) प्रश्न ही नहीं उठता।

पश्चिमी जिलों के लिये अकाल राहत कार्यों हेतु केन्द्र द्वारा सहायता

8. **श्री भगवान दास शास्त्री** (अजमेर पश्चिम) : क्या अकाल राहत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राज्य में 1983 के प्रारम्भ से ही जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर आदि पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अकाल -भुखमरी के कारण असंख्य लोगों बच्चों व महिलाओं की मौतें हुई हैं ? कृपया जनवरी, 1983 से जुलाई, 1983 तक तीनों जिलों में भुखमरी व भयानक रोगों से हुई मृतकों की सूची सदन की मेज पर रखने की कृपा करें।

(2) क्या यह सही है कि 1980-81, 1981-82, 1982-83 में केन्द्र से राज्य को राहत कार्यों हेतु मांग के अनुरूप कम राशि प्राप्त हुई ? यदि हां, तो उपरोक्त तीनों वर्षों में कितनी मांग की गई व कितनी सहायता राशि प्राप्त हुई ? कृपया विवरण सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) यह सही नहीं है। इन जिलों में भुखमरी के कारण किसी की मृत्यु नहीं हुई। जहां तक भयानक रोगों से मरने वाले व्यक्तियों का संबंध है, यह सूचना सहायता विभाग से संबंधित नहीं है।

(2) यह सही है। केन्द्र से राहत कार्यों हेतु की गई मांग एवं उनके द्वारा व्यय के लिए तय की गई अधिकतम सीमा का विवरण संलग्न तालिका में अंकित है। (परिशिष्ट "क")

(विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 8 देखें)

नोखा नगर में महाविद्यालय खोलना

9. **श्री सूरजा राम टांक** (नोखा) : क्या महाविद्यालय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) इस वर्ष नये महाविद्यालय कितने खोले गये ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार नये महाविद्यालय खोलते समय ग्रामीण एवं पिछड़े घनी आबादी के क्षेत्रों को प्राथमिकता दिये जाने पर विचार करेगी ?

(3) क्या सरकार घनी आबादी क्षेत्र/किसान बाहुल्य एरिया, विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये नोखा नगर में महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) इस वर्ष कोई नया महाविद्यालय नहीं खोला गया है।

(महाविद्यालय शिक्षा मंत्री)

(2) नये महाविद्यालय खोलने के मानदण्ड विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित हैं । राज्य सरकार महाविद्यालय खोलते समय क्षेत्रीय स्थिति का अवश्य ध्यान रखती है ।

(3) नोखा नगर में महाविद्यालय खोलने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है । इस वर्ष बजट में नये महाविद्यालय खोलने हेतु कोई प्रावधान भी नहीं है ।

राज्य के बन्धुआ मजदूरों के पुनर्वास हेतु योजनाएं

10. **श्री नन्दलाल मीणा** (प्रतापगढ़) : क्या विशिष्ट योजना संगठन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में बन्धुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये वर्ष 1983-84 में तीन योजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है ? यदि हां, तो चित्तौड़गढ़ जिले के कितने बन्धुआ मजदूरों को इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेगा ? कृपया चित्तौड़गढ़ जिले में पाये गये बन्धुआ मजदूरों की सूची सदन की मेज पर रखें ।

(2) वर्ष 1983-84 में चित्तौड़गढ़ जिले में कितने बन्धुआ मजदूरों को किस-किस से मुक्त करवाया गया और इन बन्धुआ मजदूर रखने वालों पर क्या कार्यवाही की गई ?

(3) मुक्त कराये गये बन्धुआ मजदूरों को अब तक क्या-क्या लाभ दिये गये ?

उत्तर

(1) जी हां, तीन योजनाओं को वर्ष 83-84 में अनुमोदन मिल चुका है । जिसमें चित्तौड़गढ़ जिले के 16 बन्धुआ मजदूरों को इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जावेगा । वर्ष 1983-84 में पाये गये बन्धुआ मजदूरों की सूची परिशिष्ट "अ" के अनुसार संलग्न है ।

(2) वर्ष 83-84 में चित्तौड़गढ़ जिले में 16 बन्धुआ मजदूरों को परिशिष्ट "अ" के कॉलम नं. 3 पर दिये गये बन्धक कर्ताओं से मुक्त कराया गया है । इन बन्धक कर्ताओं के विरुद्ध जिलाधीश एवं जिला दण्डनायक, चित्तौड़गढ़ द्वारा संबंधित न्यायालय में बन्धक श्रमिक उत्पादन अधिनियम 1976 के प्रावधानों के अन्तर्गत सजा दिलाने हेतु कार्यवाही चल रही है ।

(3) मुक्त कराये गये बन्धक श्रमिकों में से प्रत्येक को अब तक 500/-की सहायता अनाज, कपड़ा, एवं नकद आदि के रूप में जिलाधीश, चित्तौड़गढ़ द्वारा उपलब्ध कराई गई है इसके अतिरिक्त केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत इनमें से प्रत्येक को 3500/- तक की और सहायता संबंधित आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत बैल, बैलगाड़ी, बकरी यूनिट, भैंस यूनिट, नलकूप निर्माण आदि के लिए उपलब्ध कराने हेतु योजना अनुमोदित की जा चुकी है । तदनुसार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण , चित्तौड़गढ़ द्वारा इन बन्धक श्रमिकों को इनके द्वारा चाहे गए विकल्प के अनुसार लाभान्वित करने की कार्यवाही जारी है ।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 9 देखें)

समाचार पत्रों को विज्ञापन

11. **श्री नाथूसिंह** (बांदीकुई) : क्या जन सम्पर्क राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

मुख्य मंत्री के 2 वर्ष पूरे होने पर किन-किन विभागों द्वारा किन-किन समाचार पत्रों को कितना-कितना विज्ञापन दिया गया? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) इस अवसर पर बम्बई के "ब्लिटज्" साप्ताहिक तथा दिल्ली के "हिन्दुस्तान दैनिक द्वारा राजस्थान विशेषांक प्रकाशित किये गये थे। "ब्लिटज्" "साप्ताहिक" दिनांक 16-7-83 के हिन्दी, उर्दू तथा अंग्रेजी संस्करणों के लिए पर्यटन विभाग द्वारा एक पृष्ठ का विज्ञापन दिया गया, जब कि दैनिक "हिन्दुस्तान" दिनांक 14-7-83 में अल्प बचत एवं लाटरीज विभाग द्वारा एक चौथाई पृष्ठ का विज्ञापन जारी किया गया था। इन दोनों विज्ञापनों पर 14,732/-रु. की राशि व्यय की गई है।

पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में खोदे गये हैण्डपम्प

12. **श्री गुलाबचन्द कटारिया** (उदयपुर): क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) पिण्डवाड़ा विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने-कितने हैण्डपम्प कब-कब खोदे गये, कितने ड्राई निकले, कितने में पीने योग्य पानी निकला और उन पर हैन्डिल कब-कब लगाये गये? कृपया प्रत्येक गांवानुसार सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) 9 मई, 1983 से 6 जून, 1983 तक सिरोही जिले में कहां-कहां हैन्ड-पम्प खोदे गये? कृपया खोदे गये हैन्ड पम्पों के स्थान एवं दिनांक सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) पिण्डवाड़ा उप चुनाव के समय 17 हैण्ड पम्प मशीन किस आदेश से कार्य पर आई? कृपया उस आदेश की प्रति सदन के पटल पर रखें।

(4) क्या यह भी सच है कि मुख्य मंत्री के चुनावी दौरे में उनके काफिले के पीछे रिग मशीन भी चलती थी? यदि हां, तो इसकी स्वीकृति किसने दी? ।

उत्तर

(1) गांवानुसार सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(2) गांवानुसार सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(3) सिरोही जिले में अकाल की स्थिति से निपटने हेतु एवं गांवों में पेयजल की कमी को दूर करने के लिए आवश्यकता अनुसार ड्रिलिंग मशीनें जिले में कार्यरत की गयीं। ड्रिलिंग मशीने संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थिति से निपटने हेतु विचार-विमर्श कर लगाई गई थीं।

(4) जी नहीं।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 10 देखें)

सिरोही जिले के गांवों में हैण्ड पम्प

13. **सुश्री पुष्पा जैन** (आमेर): क्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(सुश्री पुष्पा जैन)

(1) दिनांक 1-1-1983 से लेकर अब तक सिरोही जिले के किस-किस गांव में कब-कब हैण्डपम्प खुदवाए गए ? कृपया इसकी तालिका सदन की मेज पर रखें।

(2) जनवरी 1983 के पूर्व में इस जिले में कितने हैण्ड पम्प खुदे हुए थे ?

(3) सन् 1983 में सिरोही जिले में किस-किस माह में कितनी-कितनी ड्रिलिंग मशीनें कितने -कितने दिन रहीं ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) दिनांक 1-1-1983 से 31-8-83 तक सिरोही जिले के गांवों में समय-समय पर खोदे गये हैंण्डपम्प्स की तालिका सदन की मेज पर रख दी गई है।

(2) जनवरी, 1983 के पूर्व सिरोही जिले में 683 हैंण्डपम्प्स खुदे हुए थे ।

(3) सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 11 देखें)

तहसील बोंली व बामनवास के गांवों में नई जल प्रदाय योजनायें

14. **श्री कुन्जीलाल** (बामनवास): क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जिला सवाई माधोपुर की तहसील बोंली व बामनवास गांवों में नई जलप्रदाय योजनायें स्वीकृत की गई हैं ? यदि हां, तो कौन-कौन से गांवों में और क्या इन योजनाओं का कार्य हाथ में ले लिया गया ? यदि नहीं, तो क्यों और अब यह कार्य कब तक शुरू कर दिया जावेगा ?

(2) क्या अमारवा कोचर पहाड़ी, आबादी वाले क्षेत्र की पेयजल योजना के कार्य को इस वित्तीय वर्ष में शुरू करने का सरकार का इरादा है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां। वर्ष 1981-82 व 1982-83 में स्वीकृत किये गये गांवों की सूची संलग्न है । स्वीकृत योजनाओं में से 33 गांवों में हैण्ड पम्प योजनाएं मार्च 83 तक चालू कर दी गई हैं व शेष हैण्ड पम्प योजनाओं में से तीन ग्राम उनियाला, टन्डीला पट्टी खालसा एवं रशुलपुरा की योजनाओं को छोड़कर शेष सभी योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। ग्राम कोडियाई व सुकार में पम्प एवं टैंक व ग्राम वानौर में क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना जिससे आठ गांव लाभान्वित होंगे, का जिला परिषद् द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। वर्ष 1983-84 में धन उपलब्धि के अनुसार इन योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जाना सम्भव हो सकेगा ।

(2) जी नहीं । वर्ष 1983-84 में जिला परिषद् द्वारा इस क्षेत्र की योजना पर कार्य प्रारम्भ करना अनुमोदित नहीं किया गया है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 12 देखें)

मेजा पर बनने वाले बांध से चित्तौड़गढ़ जिले में सिंचाई

15. **सुश्री पुष्पा जैन** (आमेर): क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(सुश्री पुष्पा जैन)

(1) क्या यह सही है कि चित्तौड़गढ़ जिले के मातृकुंडिया स्थान पर एक बांध बनाया गया है, जिसका पानी मेजा फीडर द्वारा भीलवाड़ा के मेजा बांध में ले जाया जाता है ?

(2) जिस समय मेजा बांध का निर्माण किया गया उस समय इस फीडर से मिलने वाले पानी के अलावा कितने पानी की आवक मानी गई थी और इस अनुमान के विपरीत अब तक किस-किस वर्ष में कितना-कितना पानी इस बांध में जमा हुआ ?

(3) यदि अनुमान से पानी कम जमा हुआ है, तो इसके कारण क्या है ?

(4) क्या यह सही है कि इस क्षेत्र के किसानों की मांग है कि मेजा पर बनने वाले इस बांध से चित्तौडगढ़ जिले के कुछ क्षेत्र में पानी छोड़ा जाये ? यदि हां, तो सरकार इस पर क्या विचार कर रही है ?

उत्तर

(1) जी हां ।

(2) मेजा बांध के निर्माण के समय इसके जल गृहण क्षेत्र से अनुमानित पानी की आवक 34,000 लाख घनफीट आंकी गई थी । बांध में वर्षवार जल संग्रह का विवरण संलग्न है ।

(3) जल संग्रह के विवरण से स्पष्ट है कि गत 26 वर्षों में 9 बार मेजा बांध पूरा भरा था एवं केवल उन वर्षों में अनुमान से कम पानी जमा हुआ है जिनमें वर्षा का अभाव रहा है ।

(4) मेजा पर कोई नया बांध नहीं बन रहा है अतः क्षेत्र के किसानों की मांग अथवा चित्तौड़ जिले के लिए कोई पानी छोड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

बाड़मेर जिले के गडरारोड कस्बे में नई जल प्रदाय योजना

16. **श्री अमीन खां** (शिव) : क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने कृपा करेंगेः–

(1) क्या यह सही है कि बाड़मेर जिले के सीमावर्ती कस्बा गड़रारोड़ में सन् 1964-65 में पीने के पानी की योजना बनाई थी ?

(2) क्या सरकार यह महसूस करती है कि गड़रारोड़ कस्बा में सन् 1971 के बाद बहुत ज्यादा आबादी बढ़ी है जिसके लिए पुरानी योजना पर्याप्त नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार गड़रारोड़ कस्बे के लिए आवश्यकतानुसार नवीन योजना बनाने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक ?

उत्तर

(1) बाड़मेर जिले के सीमावर्ती कस्बा गड़रारोड़ में सन् 1964-65 में जल प्रदाय योजना से पेयजल वितरण करना प्रारम्भ कर दिया गया था ।

(2) जी हां, । वर्ष 1982-83 में योजना पर एक नया नलकूप बनाकर जल उत्पादन में वृद्धि कर दी गई है तथा नये आवासीय क्षेत्रों में पाईप लाईन हेतु प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं, जिन्हें धन उपलब्धि के अनुसार क्रियान्वित किया जा सकेगा ।

राज्य की नगरपालिकाओं को अनुदान

17. **श्री गोकुल चन्द शर्मा** (सुमेरपुर): क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की नगरपालिकाओं को अनुदान की राशि दी जाती है ? यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों में विभिन्न नगरपालिकाओं को कितनी कितनी राशि दी गई ? वर्ष वार सूची सदन के पटल पर रखने की कृपा करें।

(2) क्या यह सही है कि अनुदान की राशि देने का राज्य सरकार द्वारा मापदण्ड बना हुआ है ? यदि हां, तो कृपया निर्धारित मापदण्डों की सूचना सदन के पटल पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि अनुदान की राशि निर्धारित मापदण्डों के आधार पर समान रूप से नहीं देने से नगरपालिकाओं का विकास समानता के आधार पर नहीं हो रहा है ?

उत्तर

(1) जी हां। पिछले पांच वर्षों में नगरपालिकाओं को दी गई अनुदान की राशि के विवरण की सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) जी हां। नियमों की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है।

(3) जी नहीं। सामान्य अनुदान की राशि निर्धारित मापदण्ड (जनसंख्या के आधार) के अनुसार दी जाती है जिसमें कैपीटल वर्क्स संबंधी अन्य अनुदान सम्मिलित नहीं है।

(प्रति के लिए कृपया परिशिष्ट 13 देखें)

जावर माइन्स की खानों को गांव से जोड़ने हेतु सड़कों का निर्माण

18. **श्री भैरूंलाल मीणा** (उदयपुर-ग्रामीण)- क्या सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जावर माइन्स की खानों में कार्यरत श्रमिकों को दूर-दराज गांवों से पैदल आना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस महत्व पूर्ण उद्योग को गांवों से जोड़ने हेतु सड़कों का निर्माण करायेगी?

(2) क्या यह सही है कि पलोदड़ा से जावर माइन्स नेशनल हाई वे, प्रसाद से जावर माइन्स एवं ओड़ा से जावर माइन्स तक अकाल राहत के तहत सड़कों का कुछ काम हुआ है ? यदि हां, तो क्या इस अधूरे कार्य को पूरा किया जायेगा ?

उत्तर

(1) जावर माइन्स में कार्यरत श्रमिकों को किन किन गांवों से पैदल आना पड़ता है इसकी सूचना सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित नहीं है। जावर माइन्स राष्ट्रीय उच्च मार्ग से एक सड़क द्वारा जुड़ा हुआ है।

(2) पलोदड़ा से जावर माइन्स व ओड़ा से जावर माइन्स सड़कों पर अकाल राहत के तहत कुछ कार्य हुआ है लेकिन प्रसाद से जावर माइन्स सड़क पर अकाल राहत कार्यों के अन्तर्गत कार्य नहीं हुआ है इन अकाल राहत के अधूरे कार्यों को पूर्ण कराये जाने की कोई योजना अभी विचाराधीन नहीं है।

(34)

पाली जिले के अकाल राहत के अन्तर्गत निर्माण कार्य

19. **श्री गोकुल चन्द शर्मा** (सुमेरपुर) :

श्री **भैरूंसिंह गुर्जर** (खारची) : क्या सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के आदेशानुसार अकाल राहत के अन्तर्गत प्रत्येक स्वीकृत कामको 30-6-1983 तक पूर्ण करने के निर्देश दिय गये थे ? यदि हां, तो पाली जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कौन कौन से काम, स्वीकृत किये गये थे और इनमें से कितने काम पूर्ण कर दिये गये ? कृपया विवरण सदन के पटल पर रखें ।

(2) क्या यह सही है कि पाली जिले में अकाल राहत के अन्तर्गत क्वेरी अथवा साइट पर लाखों रुपये का मेटेरियल पत्थर, ब्लास्ट, ग्रेवल, चूना, बजरी इकट्ठा किया गया और इसे संबंधित निर्माण कार्य पर खर्च नहीं किया जा सका ? यदि हां, तो किन-किन कामों पर कहां कहां कितनी कितनी कीमत का कितना मेटेरियल पड़ा है तथा इस मेटेरियल का लेखा जोखा किस महीने के एम.एस. एकाउन्ट में दर्ज किया जा चुका है ? इस मेटेरियल को काम में लेने के लिए राज्य सरकार की क्या योजना है ?

उत्तर

(1) जी हां । पाली जिले में सम्वत् 2039 अकाल राहत कार्यों के अन्तर्गत जो काम स्वीकृत किये गये थे उनका विवरण प्रपत्र "क" सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

(2) पाली जिले में अकाल राहत के अन्तर्गत क्वेरी तथा साइट पर काफी मेटेरियल इकट्ठा किया गया और उसमें से अधिकतर मेटेरियल निर्माण कार्यों पर काम में लिया गया । कार्य वार बचे हुये मेटेरियल का विवरण प्रपत्र "ख" सदन के पटल पर रख दिया गया है । बचे हुये मेटेरियल को विभिन्न मदों से स्वीकृत कार्यों पर आवश्यकतानुसार काम किये जाने का प्रस्ताव है ।

(विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 14 देखें)

अरनोद व प्रतापगढ़ तहसील के औषधालयों में दवाइयों का आवंटन

20. **श्री नन्दलाल मीणा** (प्रतापगढ़) : क्या आयुर्वेद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) वर्ष 1980-81 से 1982-83 तक चित्तौड़गढ़ जिले की अरनोद व प्रतापगढ़ तहसील के औषधालयों में दवाइयां क्रय करने के लिए कितनी राशि का प्रावधान रखा गया था और कितनी राशि व्यय की गयी थी ? कृपया वर्षवार और औषधालय वार आवंटन और क्रय का ब्यौरा सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या दवाइयां प्रावधान से कम क्रय कर औषधालयों को दी गई ? यदि हां, तो इसके लिए कौन उत्तरदायी है ?

उत्तर

(1) विभागीय औषधालयों को पृथक् से दवाईयां सीधी क्रय करने हेतु राशि आवंटित नहीं की जाती है, वरन् विभागीय रसायनशालाओं द्वारा राज्य स्तर पर कच्ची औषधियां खरीद की जाकर रसायनशालाओं में निर्मित औषधियां औषधालयों को उनके

(आयुर्वेद राज्य मंत्री)

औषध बजट (पिछले वर्ष के रोगी संख्या पर आधारित) के अनुसार औषध वितरण केन्द्रों द्वारा औषधियां वितरित की जाती हैं। अतः क्रय करने के लिए प्रावधित राशि एवं व्यय की गयी राशि का विवरण देना सम्भव नहीं है।

(2) निर्मित दवाइयां क्रय करके देने का कोई प्रावधान ही नहीं है, अतः किसी के उत्तरदायी होने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

आयुर्वेद विभाग में कर्मचारियों का स्थानान्तरण

21. **श्री फतेसिंह** (कुशलगढ़): क्या आयुर्वेद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) आयुर्वेद विभाग से श्री गोपाल दास अतिरिक्त निदेशक के हस्ताक्षर से अब तक कितने स्थानान्तरण किये गये हैं?

(2) क्या यह सही है कि अतिरिक्त निदेशक ने अपने पद का दुरुपयोग कर बिना राज्य सरकार की स्वीकृति के अनेक कर्मचारियों के कई बार स्थानान्तरण आदेश प्रसारित कर दिए हैं? यदि हां, तो ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिनके स्थानान्तरण दो वर्ष में कम से कम तीन बार हुए हैं और क्यों? कृपया पूर्ण जानकारी सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) आयुर्वेद विभाग में श्री गोपाल दास, अतिरिक्त निदेशक के हस्ताक्षर से अब तक 1126 वैद्यो, 548 कम्पाउण्डर नर्सों, मंत्रालयिक वर्ग के 67, वाहन चालकों के 4, प्रयोगशाला सहायक एक, आशुलिपिक ग्रेड II एक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 33 स्थानान्तरण हुए हैं। लेकिन प्रभावित वैद्यों की संख्या 764, कम्पाउण्डर/नर्सों की संख्या 412, मंत्रालयिक वर्ग की संख्या 12, एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या 20 हैं। इस प्रकार प्रभावित कर्मचारियों को सम्मिलित करने पर 1890 वैद्यों, 960 कम्पाउण्डर/नर्सों, 79 मंत्रालयिक कर्मचारी, चार वाहन चालक, एक आशुलिपिक ग्रेड II, एक प्रयोगशाला सहायक एवं 53 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानान्तरण हुए हैं।

(2) जी नहीं। जिन कर्मचारियों के स्थानान्तरण दो वर्ष में कम से कम तीन बार हुए हैं उनकी कुल संख्या मात्र 83 हैं तथा प्रशासनिक दृष्टि से ये स्थानान्तरण किये गये हैं सूची संलग्न हैं।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 15 देखें)

रसायनशालाओं द्वारा राशि का उपयोग

22. **श्री भगवान दास शास्त्री** (अजमेर पश्चिम): क्या आयुर्वेद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) राज्य सरकार द्वारा रसायन शालाओं को वर्ष 1982-83 में कितनी धनराशि दी गई? रसायनशालाओं द्वारा कितनी राशि का उपयोग हुआ और कितनी धन राशि लैप्स हुई? कृपया विवरण सदन के पटल पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि योग्य अधिकारियों के अभाव में उक्त राशि लैप्स हुई? यदि हां, तो गुजरात राज्य के समान राजस्थान में भी राजकीय रसायन शालाओं

(श्री भगवानदास शास्त्री)

के स्थान पर एक ट्रस्ट बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो इस हेतु राजस्थान ट्रस्ट की घोषणा कब तक की जायेगी ?

उत्तर

(1) वर्ष 1982-83 में विभागीय रसायनशालाओं को अन्तिम रूप से रुपये 5016000/- की धन राशि स्वीकृत की गई थी। इसमे से रुपये 4968843/- की धनराशि का उपयोग हुआ तथा रु० 47157/- की धनराशि लैप्स हुई।

जी नहीं।

रानी व देसूरी पंचायत समितियों में स्वीकृत विकास कार्य

23. **श्री भैरूंसिंह गुर्जर** (खारची) : क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) पाली जिले की मारवाड़ जंक्शन, रानी व देसूरी पंचायत समितियों में जून 1980 से जुलाई 1983 तक कितने विकास कार्य स्वीकृत व प्रारंभ किये गये ? कृपया कार्य के नाम सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) इन कार्यों पर कितनी राशि स्वीकृत है ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 16 देखें)

उदयपुर सीमेंट फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाली धूल

24. **श्री गुलाबचन्द कटारिया** (उदयपुर) : क्या पर्यावरण राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि उदयपुर सीमेन्ट फैक्ट्री की चिमनी से जो धूल निकलती है उससे आस-पास के गांवों का वातावरण दूषित हो रहा है ?

(2) क्या यह भी सही है कि धूल आस-पास के खेतों पर जम रही है जिससे फसल पर भी प्रभाव पड़ रहा है एवं खेतों की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है ?

(3) क्या इस वायु प्रदूषण से इस क्षेत्र विशेष में बीमारियां फैल रही है ? यदि हां, तो किस प्रकार के रोगी इस क्षेत्र में अधिक आते हैं ? आस-पास की डिस्पेन्सरी से रोगी चार्ट एवं डाक्टरों की राय मांगी जाय।

(4) क्या राज्य सरकार फैक्ट्री मालिक को इस बात के लिये पाबन्द करेगी कि फैक्ट्री से उठने वाली धूल को किसी प्रकार पर्यावरण में जाने से रोके ?

उत्तर

(1) उदयपुर सीमेन्ट फैक्ट्री, उदयपुर–चितौड़गढ़ मार्ग पर उदयपुर से 22 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। उद्योग से प्राप्त सूचना के अनुसार चिमनी से निकलने वाली सीमेन्ट की धूल को रोकने हेतु एक चिमनी पर इलैक्ट्रो स्टेटिक प्रेसीपिटेटर (Electro Static Precipitator) लगा हुआ है तथा दूसरी चिमनी पर इस उपचार संयंत्र को लगाने का कार्य प्रगति पर है। यह सही

(37)

(पर्यावरण राज्य मंत्री)

है कि एक चिमनी जिस पर कि उपचार संयत्र नहीं लगा हुआ है, वायु मण्डल के वातावरण को दूषित कर रहा है।

(2) आस-पास के खेतों के की फसल पर विशिष्ट प्रभाव पड़ने एवं खेतों की उपजाऊ शक्ति कम होने के संबंध में यद्यपि कोई विश्वस्त सूचना विभाग को प्राप्त नहीं हुई है, परन्तु फिर भी केन्द्रीय पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण मण्डल से अनुरोध किया गया है कि वे इस संबंध में जांच हेतु यंत्र मुहैया करायें, ताकि परिणाम प्राप्त हो सके। जांच के उपरान्त उचित कार्यवाही की जायेगी।

(3) वायु प्रदूषण से इस क्षेत्र में बीमारी फैलने हेतु अभी तक कोई सूचना पर्यावरण विभाग को नहीं है। चिमनी से निकली सीमेन्ट की धूल का मनुष्य के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है इसकी जांच की जा रही है।

(4) जी हां।

पाली जिले में खोले गये पशु चिकित्सालय

25. श्री भैरूंसिंह गुर्जर (खारची) : क्या पशुपालन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) विभाग द्वारा पाली जिले की मारवाड़ जंक्शन, रानी व देसूरी पंचायत समितियों में जून 1980 से जुलाई 1983 के मध्य कितने पशु चिकित्सालय, औषधालय खोले गये ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) पाली जिले की मारवाड़ जंक्शन रानी वं देसूरी पंचायत समितियों में जून, 1980 से जुलाई, 83 के मध्य तक एक पशु स्वास्थ्य केन्द्र दूसी पंचायत समिति रानी के अधीन स्वीकृत हुआ है। जो कार्यरत है।

बाड़मेर जैसलमेर में निर्मित खडीन

26. श्री अमीन खां (शिव) : क्या कृषि राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) ज़िला बाड़मेर-जैसलमेर में सन 1980 से 31 जुलाई, 1983 तक कुल कितने खडीन बनाए गए ?

(2) बाड़मेर, जैसलमेर जिलों में 1980 से आज तक डी. पी. ए. पी. में कितनें खडीन तैयार कराये व अकाल राहत कार्यो में कितने खडीन तैयार कराये गये और इन पर क्या-क्या लागत आई ? कृपया तहसीलवार सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या बाड़मेर व जैसलमेर जिलों में और खडीन बनाने की योजना है ? यदि हां, तो कितने की ? कृपया सूची तहसीलवार सदन की मेज पर रखें।

वर्तमान मन्त्रिमण्डल के सदस्यों पर यात्रा व टेलीफोन व्यय

27. श्री बालचन्द आर्य (डग)
श्री अनंगकुमार जैन (झालरापाटन) : क्या मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

राज्य सरकार द्वारा मंत्रीमण्डल के वर्तमान सदस्यों पर 31 जनवरी, 1983 से 4 सितम्बर, 1983 तक कुल कितनी धनराशि यात्रा भत्ता व टेलीफोन पर पृथक पृथक रूप में व्यय की गई ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) सूची सदन की मेज पर रख दी गई है। (सूची के लिये कृपया परिशिष्ठ 17 देखें)

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित "टेम्परेन्स पालिसी"

28. **श्री कैलाश मेघवाल** (अजमेर-पूर्व) : क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान में शराबबन्दी नीति समाप्त होने के बाद शराबबन्दी के बारे में केन्द्र सरकार द्वारा "टेम्परेन्स पोलिसी" का पालन किया जा रहा है और इस हेतु आबकारी विभाग के कार्यालय में उपायुक्त पद का सृजन कर निगरानी रखी जाती है ?

(2) यदि हां, तो क्या इस "टेम्परेन्स पोलिसी" का अजमेर नगर में भी पालन किया जा रहा है ? कृपया "टेम्परेन्स पोलिसी" की प्रति एवं उसके पालन हेतु किये जा रहे प्रयासों का विवरण सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां।

(2) अजमेर नगर में टेम्परेन्स प्रोग्राम का पालन किया जाता है। टेम्परेन्स प्रोग्राम की प्रति तथा टेम्परेन्स पालिसी की पालना किये जा रहे कार्य का विवरण संलग्न है।

(विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 18 देखें)

टीडी पंचायत में पशु चिकित्सालय केन्द्र

29. **श्री भेरुलाल मीणा** (उदयपुर ग्रामीण) : क्या पशुपालन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि टीड़ी पंचायत में पशु चिकित्सा केन्द्र खोला गया है ? यदि हां, तो क्या यहां पर डाक्टर की नियुक्ति कर दी गई है ? इस चिकित्सालय में कितना स्टाफ लगाया गया है ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी शिकायत है कि इस केन्द्र पर दवाइयों के अभाव में क्षेत्र में कई मवेशियां मर गई। क्या इस केन्द्र में दवाइयों की कमी की पूर्ति की जायेगी ?

उत्तर

(1) टीड़ी पंचायत में ग्राम आधार योजना का उपकेन्द्र खोला गया है। डाक्टर की नियुक्ति का प्रश्न ही नहीं उठता। एक पशुधन सहायक, सांड परिचारक के पद स्वीकृत हैं।

(2) निदेशालय स्तर पर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई हैं। यहां दवाइयां प्रजनन संबंधी बिमारियों के इलाज के लिये दी जाती है वह पर्याप्त हैं।

नोखा मंडी क्षेत्र में दुकानों व सड़कों का निर्माण

30. **श्री सुरजाराम** (नोखा) : क्या कृषि राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या कृषि उपज मण्डी नोखा के मण्डी क्षेत्र में वर्ष 1981-82, 1982-83, 1983-84, में दुकानों एवं सड़कों का निर्माण किया गया है ? यदि हां, तो कितनी दुकानों का निर्माण किया गया एवं कुल कितना खर्चा मण्डी यार्ड बनाने में हुआ ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या ये दुकाने किराये पर दे दी गई है ? यदि हां, तो कब और क्या किराया निश्चित किया गया ? यदि नहीं, तो अब भी किराये पर न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

(3) क्या इसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/विकलांगों/ भू.पू. सैनिकों

(श्री सुरजाराम)

का आरक्षित कोटा निर्धारित कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों और हां, तो कितना-कितना ?

(4) कृषि उपज मण्डी नोखा से वर्ष 1981-82, 1982-83 तथा 1983-84 में कितनी-कितनी आय किन-किन साधनों से प्राप्त हुई ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

(5) मण्डी योजना के अन्तर्गत कौन कौन सी सड़कें प्रस्तावित हैं ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें। क्या इन सड़कों का कार्य शुरु कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां, वर्ष 1981-82, 1982-83, एवं जून 83 तक मण्डी समिति नोखा के अन्तर्गत 20 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मण्डी यार्ड पर जून-83 तक 24,58,960 रुपये खर्च हो चुके हैं।

(2) जी नहीं। क्योंकि मण्डी यार्ड का निर्माण कार्य अभी सम्पूर्ण नहीं हुआ है।

(3) राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों को छोटी दुकाने आवंटन करने का निम्न प्रकार से कोटा निर्धारित किया गया है:-

अनुसूचित जाति-7 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति-5 प्रतिशत, विकलांग-2 प्रतिशत, कृषि स्नातक-2 प्रतिशत एवं राज्य सेवा अवधि में मृत कर्मचारी के आश्रित- 2 प्रतिशत, भूतपूर्व सैनिक -2 प्रतिशत, कुल 20 प्रतिशत आरक्षण कोटा निर्धारित है।

(4) कृषि उपज मण्डी समिति, नोखा को वर्ष 1981-82, 1982-83 तथा 1983-84 में (जुलाई-83 तक) विभिन्न साधनों से जो आय प्राप्त हुई है उसकी सूचना संलग्न है (प्रपत्र-"अ")

(5) कृषि उपज मण्डी नोखा के लिये योजना के अन्तर्गत निम्न सड़कें प्रस्तावित हैं:- (1) धावरिया से मैनसर एवं (2) सादासर से मसूरी। जी हां। इन सड़कों पर कार्य शुरु हो गया है।

(सूचना के लिए कृपया परिशिष्ट 19 देखें)

ग्राम कागदीवाड़ा (जयपुर) में बने मकानों का नियमन

32. **डा. उजला अरोड़ा** (जयपुर-ग्रामीण)-**श्री समर्थलाल** (राजगढ़) : क्या नगर आयोजना राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि ग्राम कागदी-वाड़ा-छीपीवाड़ा का कोई भी मकान पूरी तरह से माउंट रोड (लिंक रोड) में नहीं आ रहा है तथा सभी नागरिक यथा स्थान बकाया (बची हुई) जमीन पर रहना चाहते हैं ? यदि हां, तो उक्त ग्राम के कुछ नागरिकों को जबरन अन्यत्र बसाने का क्या औचित्य है ?

(2) क्या राज्य सरकार उक्त ग्राम के सभी नागरिकों को यथा स्थान रोड से बची हुई जमीन (जिस पर उनके पक्के मकान बने हुए हैं) नियमित करने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(3) कृपया माउंट रोड का पूरा मान-चित्र सदन के पटल पर रखें तथा प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई मार्ग में कहां-कहां कितनी है अंकित करें।

उत्तर

(1) यह सही है कि ग्राम कागदीवाड़ा छीपीवाड़ा का कोई भी पूरा मकान रोड (लिंक रोड) में नहीं आ रहा है परन्तु इस सड़क में कुछ कापरेटिव सोसायटी के सदस्यों के प्लाट आते हैं उन्हें अन्यत्र समीप ही आपसी समझौते द्वारा बसाया जा रहा है। जिन व्यक्तियों के मकान का केवल कुछ हिस्सा ही सड़क में आता है वे वहां बाकी बची भूमि पर बसे रहना चाहते हैं, उनको जबरन अन्यत्र नहीं बसाया जा रहा हैं।

(2) नियमन विचाराधीन है।

(3) माउन्ट रोड (लिंक रोड़) का पूरा **मानचित्र** जिसमें प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई मार्ग में कहां कहां कितनी है, अंकित की हुई है सदन के पटल पर रख दी गई है।

(मानचित्र सूचना विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गई)

दी सैन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक, भीलवाडा

34. **श्री बन्शीलाल पटवा** (भीलवाड़ा): क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि दी सैन्ट्रल कोपरेटिव बैंक लि. भीलवाड़ा के श्री चांदमल सोमानी, सुपरवाइजर को इसी पद से सेवा से पृथक किया गया था ? क्या यह भी सही है कि इस संबंध में श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायालय, उदयपुर ने दिनांक 4-9-1983 को श्री चांदमल के हित में निर्णय दिया ?

(2) क्या उक्त निर्णयानुसार श्री चांदमल को पुनः सुपरवाइजर के पद पर ही सेवा में लिया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) चांदमल सोमानी, सुपरवाईजर को इसी पद से बैंक द्वारा सेवा से पृथक किया गया था। इस संबंध में श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय उदयपुर द्वारा श्री चांदमल के हित में कोई निर्णय नहीं दिया गया बल्कि एक समझौता दिनांक 4-8-83 को पेश किया था कि सात दिन में श्री चांदमल सोमानी ड्यूटी ज्वाइन करेंगे। एक माह में उनका फिक्सेशन बैंक कर देगा। पिछला वेतन बैंक तय करेंगा। यदि बैंक तय नहीं करेगा तो श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय उदयपुर तय करेगा।

(2) जी नहीं। बैंक द्वारा सुपरवाईजर का पद समाप्त कर दिये जाने के कारण उस पद पर लेने का प्रश्न नहीं उठता। श्री सोमानी द्वारा दिनांक 6-8-83 को बैंक में ड्यूटी ज्वाइन करने के बाद उनको पहले शाहपुरा तथा बाद में जहाजपुर ब्रान्च मैनेजर के पद पर लगाया था। लेकिन उन्होंने अभी तक उक्त पद पर ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है। श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय उदयपुर में श्री चांदमल का मुकदमा फाईनल निर्णय हेतु अभी विचाराधीन है।

पंचायत समिति नागौर एवं मून्डवा की ग्राम सेवा सहकारी समितियों का विलीनीकरण

35. **श्री महाराम चौधरी** (नागौर): क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) पंचायत समिति नागौर एवं मूण्डवा की किन-किन ग्राम सहकारी सेवा समितियों का विलीनीकरण किया गया है? समितियों का नाम सहकारी समिति का वर्ग

(श्री महाराम चोधरी)

किलोमीटर में फैलाव व कार्य क्षेत्र कितने वर्ग किलोमीटर में विलीनीकरण होने से हो गया है ? कृपया समितिवार सूची सदन की मेज पर रखें

(2) क्या विलीनीकरण की गई समितियों का काम सुचारू रुप से चलता है ? यदि हां, तो ग्राम सेवा सहकारी समिति, कांट्या, सिगड़ के काश्तकारों को कितना-कितना ऋण किस-किस साल में विलीनीकरण के बाद दिया गया ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें ।

(3) क्या सरकार विलीनीकरण की गई सहकारी समितियों को अलग करने के लिए कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो यह कार्यवाही कब तक कर दी जायेगी ?

उत्तर

(1) पंचायत समिति नागौर एवं मूण्डवा में जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों का विलीनीकरण अन्य समितियों में किया गया था उनका विवरण निम्न प्रकार हैं :-

क्र.सं.	समिति जिसका विलीनीकरण किया गया	समिति जिसमें विलीनीकरण किया गया	समिति कार्यक्षेत्र हैक्टर में	वि.वि.
1	2	3	4	5
पंचायत समिति नागौर.				
1.	सिगड ग्राम सेवा स.स.	सुखवासी ग्राम सेवा सहकारी समिति	8568	समिति मुख्या. से दूरी 10 कि.मी. सेअधिक नहीं है।
2.	कुमारी ग्राम सेवा स.स.	बासनी ,,	3769	,,
पंचायत समिति मूण्डवा				
1.	डारू ग्राम सेवा स स.	भवण्डा ,,	6570	,,
2.	गवालू ,,	सखवास ,,	10943	,,
3.	सेनणी ,,	असावरी ,,	6807	,,
4.	काटीया ,,	बैराथल ,,	7457	,,

(२) जी हां। इन समितियों में दिये गये ऋण का विवरण निम्न प्रकार है।–

क्र.सं.	नाम समिति मौजूदा	विलीनीकृत समिति का नाम	विलीनीकृत समिति के सदस्यों को ऋण मिला	वि.वि.
1	2	3	4	5
1.	मुखवासी ग्राम सेवा स.स.	सिगड ग्राम सेवा स.स.	208710 एसटी अगस्त 82 81322 एमटीसी जुलाई सितम्बर 82 44523 एमटी सित/दि.82 156800 एसटी जून, 83	
2.	बरायल ग्राम सेवा स.स.	काटीया ग्राम सेवा स.स.	काटीया ग्राम के सदस्यों से बैरायल समिति के मार्फत बैंक को आवेदन पत्र ऋण बाबत प्राप्त नहीं हुये।	

3. यह नीति संबंधी विषय है। अतएव सरकार के विचाराधीन है।

ग्राम कायड तहसील अजमेर का मृत्यु प्रकरण

36. **श्री कैलाश मेघवाल** (अजमेर-पूर्व): क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि जिला अजमेर व तहसील के ग्राम कायड़ में गत दिनांक 19-7-1983 को कब्र में दफनाई गई जाहिदा की लाश को निकाला जाकर पोस्ट मार्टम करने पर जाहिदा की हत्या गला घोट कर करने के प्रमाण सामने आने पर मामला ह.द. 302 ता. हि. में कायम किया जाकर तफतीश प्रारम्भ की गई ?

(2) क्या यह भी सही है कि गत दिनांक 10-7-1983 को जाहिदा की हत्या कारित होने का तथ्य जानते हुए भी किसी विषैले जानवर के काटने से मृत्यु होने की अफवाह फैलाकर उसके नजदीकी रिश्तेदारों ससुर श्री नसीरूद्दीन उप सरपंच ग्राम पंचायत, दादा श्री गफूर खां, पंच ग्राम पंचायत दादा ससुर श्री कमरूद्दीन खां सब इन्सपेक्टर पुलिस एवं, रीडर पुलिस अधीक्षक, अजमेर आदि ने उसकी लाश को दफना कर इस जघन्य अपराध पर पर्दा डालते हुए सबूत नष्ट करने की कार्यवाही पूरी कर ली थी ? यदि हां, तो उनके विरुद्ध अभी तक क्या कार्यवाही की गई है तथा अभी तक तफतीश में क्या प्रगति हुई है ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी नहीं । जाहिदा का पोस्ट मार्टम होने से पहले ही दिनांक 16-7-83 को थाना गेगल पर एक गुमनाम पत्र डाक से प्राप्त होने पर दिनांक 17-7-83 को थानाधिकारी गेगल कायड़ गांव में जांच के लिये गये । दौराने जांच थानाधिकारी ने श्री गफूर खां के बयान लिये जिनसे जाहिदा की हत्या होना पाया गया । इस पर थानाधिकारी ने श्री गफूर खां के बयान वास्ते कायमी मुकदमा थाने पर भेजे व स्वयं ने तफतीश जारी रखी । श्री गफूर खां के बयान पर पुलिस थाना गेगल में जाहिदा की हत्या से संबंधित मुकदमा एफ.आई.आर. 32 दिनांक 17-7-83 धारा 302 आई.पी.सी. दर्ज कर नकल एफ.आई.आर. थानाधिकारी के पास भेजी गई । दिनांक 19-7-83 को जाहिदा की लाश को कब्र से निकलवाया जाकर पोस्टमार्टम कराने से पूर्व ही मुकदमा कायम कर तफतीश प्रारम्भ कर दी गई थी ।

(2) मुकदमा जेर तफतीश पुलिस है। अब तक की तफतीश में किसी भी गवाह से जाहिदा की मृत्यु जहरीले जानवर के काटने से हुई है ऐसी अफवाह फैलाने के सबूत प्राप्त नहीं हुये है । अगर इन व्यक्तियों के खिलाफ किसी जुर्म करने का सबूत पाया गया तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी ।

ग्राम पंचायत गानोड़ा के सरपंच के विरुद्ध दर्ज मामला

37. **श्री नाथूराम ( ):** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि श्री कृष्ण शंकर, सरपंच, ग्राम पंचायत गानोड़ा द्वारा दिनांक 10-10-1982 को श्री विमल आदिवासी के भवन की दीवारें गिरा दी गई हैं ?

(2) क्या यह भी सही है कि विमल आदिवासी ने सरपंच श्री कृष्णशंकर के विरुद्ध उनके भवन की दीवारें गिराने का केस पुलिस में दर्ज कराया है ? यदि हां, तो पुलिस द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई और नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) दीवार गिराने की रिपोर्ट 11-10-82 को श्री कृष्णशंकर सरपंच व अन्य लोगों के विरुद्ध प्राप्त हुई थी ।

(2) जी हां । श्री विमल की रिपोर्ट पर मु०नं० 75/82 धारा 452, 448, 427 भा०द०सं० में दर्ज कर अनुसंधान किया गया, अनुसंधान व राय ए०पी०पी० से मामला धारा 427 भा०द०सं० नाकाबिल दस्तंन्दाजी पुलिस का पाये जाने से फाइनल रिपोर्ट अदमबकुआ में दी जाकर न्यायालय में पेश की गई है जिस पर न्यायालय धारा 447/427 आई.पी.सी. में मुकदमा दर्ज कर सुनवाई कर रहा है ।

ग्राम डाबी जिला बूंदी से हस्तान्तरित थाना

38. **श्री बाऊदयाल जोशी (दीगोद)**

श्री बालचन्द आर्यवीर (डग): क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) बूंदी जिले के ग्राम डाबी में थाना न बनाने का क्या कारण है ?

(2) क्या सरकार वर्तमान में इस क्षेत्र के कोटा डेम पर स्थित थाने को इस क्षेत्र के लिये उपयुक्त समझती है ? यदि नहीं, तो उक्त थाने को डाबी में स्थानान्तरित न करने

(श्री बालचन्द आर्यवीर)

का क्या कारण है ? कृपया विस्तृत जानकारी सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) ग्राम डाबी में थाना स्थापित करने का औचित्य नहीं समझा गया है।

(2) जी नहीं। पुलिस पुनर्गठन से पूर्व डाबी में थाना स्थापित था बूंदी जिले के ग्राम डाबी से जवाहर नगर डेम्प पर रिओर्गेनाईजेशन कमेटी की सिफारिशों पर थाने को स्थानान्तरित किया गया और ग्राम डाबी में तफतीशी चौकी स्थापित की गई थी। इसके अलावा भी अपराधों की संख्या को मद्देनजर रखते हुये सन् 1982-83 में थाना जवाहर नगर डेम्प के क्षेत्र के मुकाबले डाबी क्षेत्र में कम अपराध पंजीबद्ध हुए है। इसके अतिरिक्त पुलिस चौकी का वर्तमान भवन भी थाने के स्टाफ को रखने के लिये अपर्याप्त है। इसलिये फिलहाल डाबी में थाना स्थानान्तरित करना राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

माण्डलगढ़ क्षेत्र में सम्पन्न राहत कार्य

39. **श्री बंशीलाल पटवा** (भीलवाड़ा): क्या अकाल राहत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) माण्डलगढ़ क्षेत्र में सन् 1981-82 व 1982-83 में अकाल राहत कार्य के अन्तर्गत कच्चे व पक्के कितनी लागत के कार्य कराये गये ?

(2) उक्त कार्यों में कच्ची सड़कें, डामर की सड़कें, कोजवे, एनीकट, मकान व तालाब कितने, किस-किस पंचायत क्षेत्र के किस गांव में कराये गये हैं ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) माण्डलगढ़ क्षेत्र में वर्ष 1981-82 तथा 1982-83 में राहत कार्यों के अन्तर्गत कच्चे व पक्के कार्य रुपये 183.08 लाख के कराये गये।

(2) राहत कार्यों के अन्तर्गत निम्न प्रकार के कार्य कराये गये :–

कच्ची सड़कें (फेयर वेदर एवं ग्रेवल)	19
डामर की सड़कें	8
काजवे	2
एनिकट	7
मकान	शून्य
तालाब	33

इनका पंचायत एवं ग्रामवार विवरण संलग्न तालिका में अंकित है। परिशिष्ट "क" एवं "ख"

(तालिका के लिए कृपया परिशिष्ट 20 देखें)

जयपुर नगर परिषद् सीमा में अवस्थित राजकीय भवन

40. **श्री छोतरलाल आर्य** (अटरू): क्या मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राज्य कर्मचारियों के निवास हेतु जयपुर नगर परिषद सीमा में आवासीय कालोनियों व अन्य स्थानों पर ए.बी.सी.डी, ई,एफ,जी,एच, वर्ग के क्वार्टर्स में परिवर्तन परिवर्द्धन मरम्मत एवं अन्य जोड़ तोड़, उस हेतु बने नियम, उप

(श्री छीतरलाल आर्य)

नियम, दिशा निर्देश आदेश अथवा व्यवस्था के अन्तर्गत ही किये जाते हैं ? कृपया नियमों आदि की प्रतियां सदन के पटल पर रखें।

(2) वित्तीय वर्ष 1981-82, 1982-83 एवं 1983-84 में किस-किस क्वार्टर्स के परिवर्तन/परिवर्द्धन/मरम्मत एवं जोड़-तोड़ पर पांच हजार से अधिक का खर्चा किया गया, उसका आधार क्या था, उस क्वार्टर में इस लागत लगाने के वक्त कौन रह रहा था अथवा लागत लगाने के बाद किसने रहना प्रारम्भ किया ? कृपया विवरण सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) राज्य कर्मचारियों के निवास हेतु किराए के आवासीय भवनों में परिवर्तन/परिवर्द्धन हेतु स्वीकृति उनमें रह रहे निवासियों की आवश्यकतानुसार दी जाती है। इस संबंध में कोई नियम नहीं है।

(2) विवरण संलग्न है।

(विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 21 देखें)

भीलवाड़ा जिले में वितरित सिलाई मशीनें

41. **श्री बंशीलाल पटवा** (भीलवाड़ा): क्या एकीकृत ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

भीलवाड़ा जिले में सिलाई, सीखने वाली किन-किन महिलाओं को वर्ष 1981-82 व 1982-83 में डी.आर.डी. की ओर से जो मशीनें दी गई है, वे कितनी-कितनी कीमत पर किस फर्म से किस कम्पनी की खरीद कर दी गई है ? कृपया विवरण सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

चाही गयी सूची संलग्न है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 22 देखें)

नगर विकास न्यास, उदयपुर द्वारा नीलाम किये गये प्लाट्स

42. **श्री समर्थलाल** (राजगढ़): **श्री गुलाबचन्द कटारिया** (उदयपुर): क्या नगर आयोजना राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या नगर विकास न्यास, उदयपुर ने दिनांक 20-4-1982 को हिरनमगरी सेक्टर नं. 9 में निवास हेतु प्लाटों की नीलामी की थी ? यदि हां, तो उस दिन नीलामी किन-किन प्लाटों की होने वाली थी ?

(2) क्या यह भी सच है कि मौके पर उपस्थित अधिकारी ने कुछ ऐसे प्लाटों को भी नीलाम कर दिया जो उस दिन की सूची में नहीं थे ?

(3) क्या यह भी सच है कि नीलाम किये गये प्लाट उस समय की रिजर्व प्राइस से भी कम मूल्य में बेच दिये गये ? यदि हां, तो उससे उस दिन न्यास को कितने रुपयों की हानि हुई ?

(4) क्या न्यास के नियमों के अनुसार उचित मूल्य न आने पर एवं बोली प्रतियोगात्मक एवं स्वतंत्र न होने पर अधिकारी भूखण्डों की बोली रद्द कर सकता है ?

(श्री गुलाबचन्द कटारिया)

(5) क्या उक्त नीलामी से सम्बन्धित टिप्पणी पर कोई जांच की गई ? यदि हां, तो जांच रिपोर्ट या पत्रावली सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) यह सही है कि दिनांक 20-4-82 को हिरनमगरी योजना सेक्टर नं. 9 में निवास के प्लाटों की नीलामी रखी गई थी। नीलामी की सूचना जो प्रसारित की गई उसमें नाम योजना किस्म भूखण्ड व दिनांक ही अंकित की गई व जिन भूखण्डों को निलाम किया जाना था, उनके नम्बर अंकित नहीं थे।

(2) नीलाम की सूचना में नीलाम किये जाने वाले भूखण्ड का विवरण अंकित नहीं होने से यह सही नहीं है कि ऐसे प्लाट भी नीलाम कर दिये गये जो सूची में अंकित नहीं थे।

(3) यह सही नहीं है कि नीलाम किये गये भूखण्ड उस समय की रिजर्व प्राइस से कम मूल्य पर बेचे गये। अतः न्यास को किसी प्रकार की हानि होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(4) जी हां।

(5) नीलामी के संबंध में संबंधित कर्मचारी की टिप्पणी अनियमितताओं के संबंध में प्रस्तुत हुई थी, जो तत्कालीन अधिशाषी अभियंता एवं कार्यवाहक सचिव की टिप्पणी के साथ अध्यक्ष महोदय के समक्ष आदेशार्थ प्रस्तुत की गई थी जिन्हें भूमि निस्तारण नियम 1974 के परिशिष्ठ "ए" के क्लाज "जी" के अनुसार बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने के अधिकारी हैं। कर्मचारी की टिप्पणी पर कोई जांच नहीं कराई गई।

झामर जेहर तालाब (बांसवाड़ा) का निर्माण

43. **श्री पूंजीलाल मीणा** (घाटोल) : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि झामर जेहर तालाब सिंचाई विभाग, बांसवाड़ा के घाटोल निर्वाचन क्षेत्र में है ?

(2) क्या यह भी सही है कि झामर जेहर तालाब 10 वर्ष पूर्व ग्राम भूगड़ा के काश्तकारों की मांग पर बनाये जाने की कार्यवाही चालू की गई थी ?

(3) क्या यह सही है कि इसके साथ सोडलपुर, काली घाटी तालाबों की भी कार्यवाही शुरु की गई थी, जिनमें से सोडलपुर पूरा किया गया और काली घाटी चालू है ?

(4) यदि हां, तो भूगड़ा ग्राम झामर जहर तालाब कब तक बन जायेगा ।?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) भूगड़ा ग्राम के काश्तकारों की मांग पर वर्ष 1978 में इस योजना की सर्वे शुरू की गयी थी।

(3) जी हां। सोडलपुर तालाब का निर्माण वर्ष 1981 में शुरु किया गया है व निर्माण कार्य प्रगति पर है। कालीघाटी तालाब का सर्वे कर तखमीना बनाया जा रहा है।

(4) भूगड़ा ग्राम के झामर झेर तालाब का तखमीना तैयार कर लिया गया है एवं

(सिंचाई मंत्री)

इसकी जांच की जा रही है। योजना की उपादेयता की जांच के पश्चात् ही तथा वित्तीय साधनों की उपलब्धी के अनुसार योजना पर कार्य प्रारम्भ किया जाना सम्भव होगा। वर्ष 1983-84 में चालू लघु सिंचाई योजनाओं के लिए शेष आवश्यक धनराशि एवं बजट प्रावधान को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष इस योजना की स्वीकृति संभव नहीं है।

ग्राम मित्रपुरा तहसील बोंली की पेयजल योजना

44. **श्री कुंजीलाल** (बामनवास): क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि तहसील बोंली के ग्राम मित्रपुरा की जनता ने पेयजल योजना हेतु 15 वर्ष पूर्व विभाग के पास रु. 2500 की राशि जमा कराई थी ?

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु क्षेत्र के जल-स्त्रोतों का सर्वेक्षण कराया गया था और सर्वेक्षण रिपोर्ट में जल का अभाव बताया गया जिसकी वजह से योजना का कार्य शुरू नहीं हुआ ?

(3) क्या सरकार बोरदा की नदी में जहां काफी मात्रा में जल उपलब्ध है, ट्यूबवैल लगा कर इस ग्राम की पेयजल योजना की क्रियान्विति का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक ? नहीं तो क्यों ?

उत्तर

(1) ग्राम मित्रपुरा की पेयजल योजना हेतु ग्राम पंचायत द्वारा मार्च, 73 में रुपये 2500/- की धन राशि जमा करायी गयी थी।

(2) जी हां।

(3) जी नहीं। गांव मित्रपुरा तहसील बोंली में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1979-80 में टी.एस.एस. योजना चालू कर पंचायत को हस्तानान्तरित की जा चुकी है। अतः उक्त गांव में बोरदा की नदी में ट्यूब वैल बनाकर पेयजल योजना फिलहाल प्रारम्भ करने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बैंक डकैतियों की घटित घटनायें

45. **श्री कुन्जीलाल** (19): क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) 1 अप्रेल, 1981 से अब तक किस-किस माह में कहां-कहां किस-किस समय बैंक डकैती हुई है और इनमें कितना-कितना धन गया है ?

(2) अब तक किन-किन डकैतियों में कौन-कौन मुलजिम गिरफ्तार हुये हैं और उनसे कितना-कितना माल बरामद हुआ है?

उत्तर

(1) राज्य में 1 अप्रेल सन् 1981 से माह जुलाई, 83 तक हुई बैंक डकैतियों का ब्यौरा संलग्न सूची में अंकित है।

(2) संलग्न सूची में अंकित है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 23 देखें)

चूरू एवं नागौर जिले में सड़क निर्माण

46. **श्री सुरजाराम** (नोखा): क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि चूरू नागौर जिले की सीमा से लगते हुये जिला बीकानेर

(48)

(श्री सुरजाराम)

के निम्नलिखित गांवों में आने जाने के लिये कोई सुगम मार्ग एवं साधन उपलब्ध नहीं है :-

(1) थावरिया से लालगढ़ (वाया-मैनसर)

(2) नोखा (वाया-धुपालियां) से मैनसर

(3) पांचू से नापासर (वाया-नोखा-मण्डी)

(4) साधासर (वाया-मंसूरी) डूंगरगढ़

(2) यदि हां, तो क्या सरकार जनता की सुविधार्थ इन मार्गो पर शीघ्र सड़क निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं तो क्यों ?

(3) क्या यह सही है कि पंचायत मुख्यालयों को सड़कों से जोड़ने तथा लिंक रोड का निर्माण योजना के अन्तर्गत उपरोक्त कस्बों में सड़कों का कार्य प्रस्तावित है ? यदि हां तो उक्त योजना कब तक पूरी हो जावेगी ? नहीं, तो क्यों ?

(4) सन 1982-83, 1983-84 के दौरान नोखा तहसील में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन सी व कितनी -कितनी कि.मी. सड़कें बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है ? कृपया विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां।

(2 व 3) बीकानेर सहित सभी जिलों में सड़क निर्माण हेतु मास्टर प्लान बनाये जा रहे हैं जिनके तैयार होने के पश्चात् ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

(4) नोखा तहसील में वर्ष 82-83 की उपलब्धि व 83-84 के लक्ष्य निम्नलिखित है :-

क्र. नाम सड़क	वर्ष 82-83 में उपलब्धि	वर्ष 83-84 में लक्ष्य
1. नोखा-कक्कू	9 कि.मी. डब्लू बी.एम.	18 कि.मी. कुल सड़क पूर्ण
2. मुकाम-पीपासर	11 कि.मी. ग्रेवल सड़क	11.2 कि.मी.

टोंक जिले के बांधों की भराई क्षमता बढ़ाना

47. **श्री महावीर प्रसाद जैन** (टोंक) : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या टोंक जिले के मासी बांध-चन्दलाई बांध एवं लाम्बा बांध की भराव क्षमता बढ़ाने का राज्य सरकार का विचार है ? यदि हां, तो इसमें कितनी राशि व्यय होने का अनुमान है एवं यह कार्य कब से प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(2) क्या यह सही है कि पिछले कई सालों से उपरोक्त बांधों की भराव क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यकता महसूस की जा रही है ? यदि हां, तो अब तक इसकी क्रियान्विति में क्या बाधा है ?

उत्तर

(1) चन्दलाई बांध की भराव क्षमता 400 लाख घनफीट बढ़ाने हेतु बाढ़ से क्षति-

(सिंचाई मंत्री)

ग्रस्त कार्यों के पुनः निर्माण हेतु सहायता विभाग से आवंटित धनराशि के मद से 15.67 लाख रु. का आंकलन स्वीकार्य किया गया था। इस आंकलन में क्षतिग्रस्त बांध के पुनः निर्माण का कार्य भी सम्मिलित है। धन की वास्तविक उपलब्धि में कमी के कारण इस कार्य पर सिर्फ 10.20 लाख रुपया व्यय किया गया है। तथा चान्दलाई बांध का पुनः निर्माण पूर्व क्षमता तक ही कराया गया? बांध की क्षमता को बढ़ाने हेतु विस्तृत जांच कर, सिंचाई योजनाओं के मद से स्वीकृति हेतु आंकलन बनाना आवश्यक है। माशी बांध एवं लाम्वा बांध की भराव क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव अभी राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(2) जी नहीं। केवल चन्दलाई बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के कार्य को बाढ़ से क्षतिग्रस्त कार्यों के पुनः निर्माण के लिए विशेषधन की उपलब्धि की संभावना के परिपेक्ष में सोचा गया था परन्तु वांछित धनराशि के अभाव में उपरोक्त बांध की क्षमता में बढ़ोतरी नहीं की जा सकी।

आयुर्वेद विभाग की कोर्ट शाखा

48. **श्री फतेहसिंह** (कुशलगढ़) : क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि आयुर्वेद विभाग में निदेशालय स्तर पर एक कोर्ट कायम की गई है'? यदि हां, तो कब से और क्यों?

(2) आयुर्वेद विभाग में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न न्यायालयों में कितने वाद/रिट दावे सम्बन्धित मामले विचाराधीन हैं?

(3) क्या यह सही है कि स्थानान्तरणों के मामलों में विभाग के कर्मचारियों द्वारा न्यायालय की शरण प्राप्त कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिए गये हैं? यदि हां, तो कृपया ऐसे कर्मचारियों की सूची मय नाम, स्थगन आदेश प्राप्त करने की तिथि सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। माह जून, 1982 से पूर्व न्यायालयीय सम्बन्धी कार्य, शिकायत शाखा के अन्तर्गत ही सम्पादित किया जाता था, कार्यधिक्य के कारण कोर्ट सम्बन्धी मामलों पर समय पर सुव्यवस्थित रूप से कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो पा रही थी। अतः माह मई, 1983 से न्यायालयीय मामलों में व्यस्थित नियमित, द्रुतगति से निस्तारण एवं रूपता लाने हेतु न्यायालय अनुसांगिक प्रकोष्ठ प्रशासनिक दृष्टि से कायम किया गया।

कार्यालय आदेश क्रमांक प्रति 4/कार्य. वि./82/9481–89, दिनांक 31-5-83 से न्यायालय विभाग कायम करने के आदेश प्रसारित हुए हैं।

(2) आयुर्वेद विभाग में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न न्यायालयों में दायर वाद/रिट दावे से सम्बन्धित 120 मामले विचाराधीन हैं।

(3) स्थानान्तरण पर निदेशालय में प्राप्त स्थगन संबंधित सूची सदन की मेज पर रख दी गयी है।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 24 देखें)

गंगानगर माल खाने से हथियारों की चोरी

49. **सुश्री पुष्पा जैन** (आमेर)

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(श्री कैलाश मेघवाल)

(1) क्या यह सही है कि गंगानगर में मालखाने से कई हथियारों की चोरी हुई है ? यदि हां तो कब ? कृपया हथियारों की सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त चोरी गये हथियार कब और कैसे बरामद हुए हैं, और कितने शेष हैं ?

(3) इस मामले के अनुसंधान का क्या परिणाम निकला।

उत्तर

(1) जी हां। दिनांक 11,12 अप्रेल 1983 की मध्य रात्रि को चोरी हुई। चोरी गये हथियारों की सूची संलग्न है।

(2) चोरी गये 23 हथियारों में से 13 हथियार हनुमानगढ़ जंक्शन पर यार्ड में खड़े हुए रेलवे डिब्बे के अन्दर से बरामद हुए अभी 10 हथियार बरामद किये जाने हैं।

(3) अभियोग अभी अन्वेषणाधीन है

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 25 देखें)

उदयपुर जिले में सिंचाई साधन उपलब्ध करना

50. **श्री भेरूलाल मीणा** (उदयपुर ग्रामीण) : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

क्या यह सही है कि जिला उदयपुर में सभी तहसीलों के पहाड़ी क्षेत्र में आम तौर पर अकाल बना रहता है ? यदि हां, तो इस क्षेत्र में सिंचाई के साधन उपलब्ध कराने के लिये सरकार की कोई योजना है ?

उत्तर

(1) जी, हां। उदयपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में 20 से 50 प्रतिशत वर्षों में सूखा रहता है। इस जिले में योजनावार एवं धनराशि की उपलब्धि के अनुसार सिंचाई के साधन बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 1983-84 में इस जिले में विभिन्न सिंचाई के कार्यों पर 846.54 लाख का प्रावधान है। इस वर्ष 1083 हेक्टर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। वर्ष 1984-85 में लगभग 14000 हैक्टर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी।

आयुर्वेद निदेशक द्वारा कोटा स्थित उपनिदेशक कार्यालय का निरीक्षण

51. **श्री थान सिंह** (सलूम्बर)

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि आयुर्वेद निदेशक द्वारा 22-6-1982 को कोटा स्थित उप निदेशक कार्यालय का निरीक्षण किया गया था ?

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त निरीक्षण के दौरान उन्होंने मात्र 13-14 वर्ष की आयु के बालक को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति का एक मामला पाया जिसका उन्होंने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में भी स्पष्ट उल्लेख किया है।

(3) विभाग में उक्त नियुक्ति क्यों कब और किसके द्वारा की गई ? इस मामले में विभाग क्या कार्यवाही करने का विचार रखता है ?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) प्रश्न नहीं उठता

(3) प्रश्न नहीं उठता।

ग्राम कागदीवाडा (जयपुर) के निवासियों के मुआवजे की राशि

52. **डा. उजला अरोड़ा** (जयपुर ग्रामीण)

श्री समर्थलाल (राजगढ़)—क्या नगर आयोजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि ग्राम कागदीवाड़ा, जयपुर से होकर निकाले जा रहे माउण्ट रोड (सीकर, दिल्ली बाई पास में आ रहे ग्राम कागदीवाड़ा-छीपीवाड़ा (ब्रह्मपुरी) जयपुर) सवेज फार्म से शहर चार दीवारी तक के ज्यादातर मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा चुका है ? यदि हां, तो किस-किस- को कितना-कितना ?

(2) उक्त वाई पास में इस ग्राम के कितने-कितने मकान तोड़े जा चुके हैं, कितने मकान मालिकों की जमीन ली गई है तया ग्रौर कितने तोड़े जाने हैं ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त रोड में मद्रासी वावा आश्रम एवं मन्दिर तथा कुछ अन्य मकानों की भी काफी जमीन आई है तया अभी तक उसका मुआवजा नहीं दिया गया है ? यदि हां, तो क्यों तथा यह मुआवजा अब कब तक दे दिया जायेगा ?

उत्तर

(1) यह सही है कि ग्राम कागदीवाड़ा जयपुर से होकर निकाली जा रही माउन्ट (लिंक रोड) में आ रहे कागदीवाड़ा-छीपीवाड़ा, ब्रह्मपुरी स्वेज फार्म से चारदीवारी तक के अधिकतर मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा चुका है। साथ ही भूमि व खाली सोसायटियों के प्लाट मालिकों को भी कुछ को मुआवजा दिया जा चुका है। पूरी सूची सदन की पटल पर रख दी गई है। (सूची संख्या-1)

उक्त सड़क में इस ग्राम के जो मकानों के कुछ हिस्से में सड़क के कारण आपसी सहमति से सड़क में लिए गये हैं व तोड़े गये है उनकी सूची उपरोक्त प्रश्न के क्रम संख्या 1 के संदर्भ में सदन के पटल पर रख दी गई है। इनके अलावा ग्रौर मकान तोड़ने प्रस्तावित नहीं है। जिन व्यक्तियों की जमीन ली गई है उनके नाम प्रश्न संख्या 1 की सूची में शामिल है।

(3) यह सही है कि उक्त रोड में एक आश्रम एवं मन्दिर जो मद्रासी वावा के आश्रम एवं मन्दिर के नाम से जाना जाता है, कि कुछ भूमि आई है। इसके मुआवजे के कागजात बनाये जा रहे है व इसका ब्यौरा सूची नम्बर 1 में क्र.सं. 14 पर दे दिया गया है अन्य जिन भूमिदारों की भूमि आई है उसकी सूचना भी सूची नं. 1 म क्र.सं. 13 पर दी गई है। यह मुग्रावजे 7.9.83 तक दे दिये जायेंगे।

(सूची के लिए कृपया परिशिष्ट 26 देखें)

शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि

राजस्थान के पूर्व राज्यपाल सरदार हुकमसिंह व पूर्व सदस्य, विधान सभा सर्व श्री ग्रमीनुद्दीन अहमद, लच्छूराम, वृजेन्द्रभान सिंह, मानसिंह महार, अवनिकुमार मुकर्जी, रिखबचन्द धारीवाल, राजेश्वरसिंह, जयचन्द मोहिल, बालचन्द डागा को श्रद्धांजलि।

श्री अध्यक्ष: निम्नांकित महानुभावों के निधन पर शोक प्रकट किया जायेगा :

1) सरदार हुकम सिंह जी
2) श्री ग्रमीनुद्दीन अहमद
3) श्री लच्छूराम
4) श्री बृजेन्द्रपालसिंह
5) श्री मानसिंह महार
6(श्री अवनि कुमार मुकर्जी
7) श्री रिखबचन्द धारीवाल
8) श्री राजेश्वरसिंह
9) श्री जयचन्द मोहिल
10) श्री बालचन्द डागा

52

श्री शिवचरण माथुर (मुख्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, अत्यन्त खेद का विषय है कि सत्र के शुरू होने से पहले दिन हमको हमेशा यह दुखद प्रकरण करना पड़ता है। पिछले सत्र और इस सत्र के बीच में हमारे देश के कुछ महान व्यक्तियों और कुछ माननीय सदस्य, भूतपूर्व या वर्तमान सदस्य स्वर्गवासी हो गये, उनके संबंध में हम लोग यहां अपनी शोकाभिव्यक्ति व्यक्त कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मुझे दुख है यह कहते हुए कि राजस्थान के भूतपूर्व राज्यपाल और भारत की लोक सभा के भूतपूर्व स्पीकर सरदार हुक्मसिंह जी का देहावसान इस बीच में हुआ।

सरदार हुक्मसिंह का हिन्दुस्तान के बनने के पहले मान्टगुमरी, जो आज पाकिस्तान का हिस्सा है, में जन्म हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करके हर जगह जहां पर भी वे रहे अपनी अमिट छाप छोड़ी। वे लोक सभा के डिप्टी स्पीकर रहे, उसके बाद स्पीकर बने। जब वे स्पीकर थे 1962 से 1967 के बीच में, उस समय मुझे भी लोकसभा में रहने का अवसर मिला। मैंने पाया कि सरदार हुक्मसिंह जी एक बहुत ही उच्च कोटि के संसदविज्ञ थे। संसद में अच्छी परम्पराओं का निर्माण किस तरह से किया जा सकता है उसकी सदैव वे प्रेरणा करते रहते थे। मुझे स्पष्ट याद है कि वे संसद में आने वाले नये सदस्यों को बहुत प्रोत्साहित करते थे।

उसके पश्चत 16 अप्रेल 1967 में वे राजस्थान के राज्यपाल बने और 1 जुलाई, 1972 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे। इस पांच साल की अवधि में सरदार हुक्मसिंह जी ने राजस्थान के राज्यपाल की तरह से, एक आदर्श कान्स्टीट्यूशनल हैड की तरह से कुछ अच्छी परम्पराओं का निर्माण किया। वे बहुत ही हंसमुख स्वभाव के थे और हर विषय के ज्ञाता थे। उनसे किसी भी विषय पर बातचीत करने का अवसर मिलता तो ऐसा मालूम पड़ता था कि नालेजेबल पर्सन से बात कर रहे हैं। हर विषय पर उनका अच्छा ज्ञान था। वे अपनी अभिव्यक्ति जब भी प्रकट करते थे उस समय उनका ढंग इतना अच्छा होता था कि सामने वाला व्यक्ति प्रभावित होता था। बड़ी से बड़ी गम्भीर बात को सहज ढंग से प्रकट करने की अभिव्यक्त करने की जो अनूठी कला सरदार हुकमसिंह जी में थी वह मैंने बहुत कम लोगों में पाई। राजस्थान के विकास में उन्होंने सदैव दिलचस्पी ली। जब तक राजस्थान के राज्यपाल रहे राजस्थान के विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं का सदैव जायजा लेते थे और अपने सुझाव भी देते थे। हमें उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता था। यहां से उनकी टर्म खत्म होने के बाद वे दिल्ली रहे तो निरन्तर राजस्थान के संबंध में जानकारी किया करते थे। उनके यहां से चले जाने के बाद भी कई बार मुझे उनसे मिलने का मौका मिला। सदैव राजस्थान के विकास की योजनाओं के बारे में, राजस्थान के महत्वपूर्ण अन्य मसलों के संबंध में पूछते थे, जैसे बहुत नजदीक का व्यक्ति चर्चा करता है, इस प्रकार की चर्चा किया करते थे।

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने बताया सरदार हुकमसिंह का कैरियर एक बहुत ही उच्चकोटी का कैरियर रहा। कई पार्लियामेंट्री डैलीगेशन जो भारत के बाहर गये उनके सदस्य या नेता रहे। उन्होंने दुनिया के अनेक देशों में महत्वपूर्ण यात्रायें की और भारत के पक्ष को उन्होंने बहुत कारगर ढंग से वहां पर रखा। एक अंग्रेजी का बहुत ही अच्छा अखबार

(श्री शिवचरण माथुर)

जिसे स्पोक्समेन कहते हैं, की शुरूआत उन्होंने की। कई महत्वपूर्ण पुस्तकों के वे लेखक भी रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रति उनका बहुत अगाध प्रेम था, विश्वास था। मुझे याद आता है कि जब कभी भी मैं अपने विभाग से सम्बन्धित किसी भी मसले में उनसे सलाह लेने गया, उन्होंने बहुत खुशी से, प्रसन्नता से और बहुत अच्छे ढंग से मुझे कई बातें बताई। जब वे यहां रहे, इसके पहले स्पीकर रहे, निरन्तर आदर का भाव मैं उनके प्रति रखता था और उसी प्रकार से इस सदन के सभी माननीय सदस्य भी उनके प्रति श्रद्धा रखते थे। राजस्थान में बहुत लोकप्रिय थे।

उनके निधन से आज भारत के जनमानस को अपूरणीय क्षति हुई है जो सहज तरह से पूरी नहीं हो सकती।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

अध्यक्ष महोदय, एक और हमारे महत्वपूर्ण साथी अमीनुद्दीन खां साहब, जो भूतपूर्व नवाब थे लोहारु के, का देहावसान भी इस बीच हुआ वह हमारे एक अच्छे अनन्य साथी थे। 1967 में इस विधान सभा के सदस्य चुने गये और सदस्य चुने जाने के बाद में माननीय सुखाड़िया जी के मंत्रिमण्डल में वे मंत्री बने। ट्रांसपोर्ट, पी.डब्ल्यू.डी. और कई महत्वपूर्ण विभागों का चार्ज उनके पास रहा। वे बहुत ही मिलनसार, सहज व्यक्ति थे और एक सच्चे दोस्त की तरह से वे सब लोगों से व्यवहार किया करते थे। उनको भी हम बहुत स्मरण करते हैं। वे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी रहे, पंजाब के राज्यपाल भी रहे। उसके बाद में जिस दुखद स्थिति में उनका देहावसान हुआ, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। वे अचानक बीमार हुए और हृदयगति रुकजाने के कारण उनकी मृत्यु हुई। उनके प्रति भी गहरा शोक मुझे और इस सारे सदन को है और राजस्थान के लोगों को है।

मैं मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

अध्यक्ष महोदय, इस वर्तमान सदन के एक माननीय सदस्य श्री लच्छूराम जी, जो पिछले सदन में हमारे साथ बैठते थे और इस सदन के एक महत्वपूर्ण सदस्य थे, झुंझुनूं जिले के मूंडवा क्षेत्र से चुनकर आये और लोक दल का यहां पर प्रतिनिधित्व करते थे। श्री लच्छूराम जी 1954 और 1962 के बीच में भी सदस्य रहे और दुबारा 1980 में वे मूंडवा क्षेत्र से चुनकर के आये।

श्री लच्छूराम जी बहुत ही मिलनसार और सहृदय व्यक्ति थे। किसानों की समस्याओं को बहुत सफाई से और आम लोगों की समस्याओं को बहुत सफाई से वह यहां सदन में प्रस्तुत किया करते थे। मुझे उनका व्यवहार आज भी याद आता है।

उनके अचानक निधन से हम सब लोगों को शोक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके दुखी परिवार को यह शक्ति दे कि वह इस दुख को सहने की क्षमता प्राप्त कर सकें।

(श्री शिवचरण माथुर)

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के एक और अन्य माननीय सदस्य, जो 1952 से 1972 तक पहले चार बार इस सदन के सदस्य रहे, श्री बृजेन्द्रपाल सिंह जी करोली के राजकुमार थे। मेरी बचपन से उनसे जानपहचान थी क्योंकि मैं भी बचपन में करोली में ही पढ़ा। मुझे याद है कि हम लोग साथ खेला करते थे। एक राजघराने में पैदा होने के बावजूद भी इतने मिलनसार थे कि वे सार्वजनिक रूप से लोगों से मिलने में कभी ऐतराज नहीं करते थे। चार बार लगातार एक क्षेत्र से चुनकर के आना उनकी लोकप्रियता का एक उदाहरण था। एक ऐसी स्थिति में उनका देहावसान हुआ जिस समय उनकी उम्र कुछ भी नहीं थी। अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण वह हमारे बीच में से चले गये। हम सब लोगों को उनके देहावसान पर गहरा शोक है।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को शक्ति दे कि वह उस दुख को सहन कर सकें।

इसी प्रकार, अध्यक्ष महोदय, श्री मानसिंह जी महार हमारे इस सदन के सदस्य रहे हैं। मुझे मालुम है कि जब वह सदन की सभा में बहस करते थे, इतने व्यवहारिक और अच्छे ढंग से किसी चीज को कहते थे कि सब लोग उनकी बात को गंभीरता से लेते थे। वह इस विधान सभा के निर्माण के पहले भी जयपुर राजपूत सभा के सदस्य रहे और राजपूत सभा के अध्यक्ष और सरदारशहर राजपूत सभा के मंत्री रहे। श्री महार ने नेशनलवार में मंत्री पद पर भी कार्य किया। वह आम चुनाव में राम राज्य परिषद् के उम्मीदवार के तौर पर विजयी हुये थे, बाद में वह कांग्रेस में सम्मिलित हो गये थे। श्री महार के निधन से हम सब लोगों को शोक है।

उनकी आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना करता हूं और उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार सदन के एक और सदस्य श्री अवनि कुमार मुकर्जी, जो कि राम राज्य परिषद् की तरफ से इस सदन के सदस्य बने थे, के देहावसान पर भी हम सब को शोक है। मैं उनके प्रति भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के एक महत्वपूर्ण सदस्य भूतपूर्व श्री रिखबचन्द जी धारीवाल, जो कोटा के सार्वजनिक जीवन में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखते थे, का निधन हो गया। 1947 के पहले आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने अपना एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। उस समय कांग्रेस और प्रजामण्डल के आन्दोलनों में उन्होंने एक बहुत सृजनात्मक ढंग से हिस्सा लिया। वे अच्छे शिक्षाविद् थे, काफी पढ़े लिखे थे। उन्होंने इस विधान सभा में प्रवेश के साथ ही अनेक विभागों का कार्यभार भी संभाला सबसे पहले वे फाईनेन्स डिपार्टमेंन्ट में डिप्टी मिनिस्टर रहे, इण्डस्ट्रीज, माइन्स, सिविल सप्लाई ऐसे बहुत महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री के रूप में उन्होंने काम किया। कोटा के सार्वजनिक जीवन में उनका स्थान था। वह म्यूनिसिपल बोर्ड, कोटा में लगातार 7 वर्ष तक सदस्य रहे। 1940 से 47 तक वह जिला विकास

(श्री शिवचरण माथुर)

समिति, कोटा के भी सदस्य रहे। देहान्त होने तक वे कोटा के सार्वजनिक जीवन में लगातार सक्रिय रहे और उन्होंने एक बहुत गहरी छाप कोटा के सार्वजनिक जीवन पर छोड़ी। आज हम सब लोग उनके निधन से दुखी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके शोक ग्रस्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

अध्यक्ष महोदय, एक और अन्य सदन के सदस्य माननीय श्री राजेश्वर सिंह जो स्वतंत्र पार्टी से चुनकर के आये थे, का भी देहावसान इस बीच में हुआ। मैं उनके प्रति भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले इसकी ईश्वर से प्रार्थना करता हुआ उनके शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने के लिए प्रभु से प्रार्थना करता हूं।

एक अन्य सदस्य श्री जयचन्द जी मोहिल का भी इस बीच देहावसान हो गया। श्री मोहिल चितौड़ ज़िले के बड़ी सादड़ी इलाके के रहने वाले थे। उन्होंने इस सदन में बड़ी सादड़ी का दो बार प्रतिनिधित्व किया। वह सार्वजनिक कार्य में बहुत दिलचस्पी लेते थे। प्रजा मण्डल के आन्दोलन में उन्होंने निरन्तर हिस्सा लिया। हमें अभी भी स्मरण आता है कि वह चितौड़ जिले के सार्वजनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते थे।

मैं उनके देहावसान के अवसर पर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनके शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

इसी प्रकार, अध्यक्ष महोदय, श्री बालचन्द जी डागा के निधन पर भी मैं यहां अपनी दुख की भावना प्रकट करना चाहता हूं। 55 वर्ष की अल्प आयु में ही एक दुर्घटना में उनका स्वर्गवास हुआ। वह सदैव कांग्रेस के एक सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर आम आदमी की आवाज को बुलन्द करते रहे। किशनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से वह सबसे पहले जीते। अपने देहावसान के समय तक लगातार वह जनसेवा में व्यस्त रहे। He died in harness.

मैं उनके देहावसान पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोक ग्रस्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, विधान सभा के इतिहास में यह पहला दुर्भाग्य पूर्ण अवसर होगा जब कि हमें इस सदन के 9 माननीय सदस्यों के प्रति और एक भूतपूर्व राज्यपाल के प्रति शोकाभिव्यक्ति करनी पड़ी। अध्यक्ष महोदय, 9 माननीय सदस्यों के साथ विधान सभा में सदस्य रहने का मुझे भी अवसर मिला है और व्यक्तिशः मैं इन सबसे परिचित हूं।

सरदार हुकमसिंह जी राज्यपाल रहे, उसके पहले लोक सभा के अध्यक्ष रहे, उसके पहले विरोधी पक्ष के सम्माननीय सदस्य रहे। मैं इतना ही कह सकता हूं कि जहां भी वे रहे, उन्होंने अपने कार्य को एक आदर्श के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत किया है।

लोक सभा में जब वे अध्यक्ष थे उनके बारे में विशेष रूप से चर्चा होती थी कि लोक सभा में चाहे कितना ही टेंशन क्रियेट हो जावे, यदि अध्यक्ष के आसन पर हुकुमसिंह जी हैं तो उस टेंशन को किस प्रकार से ह्यूमर में और अपने तर्क के आधार पर किस प्रकार

56

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

से मिनिमाइज किया जाव, वह मिनिमाइज करते थे। मेरा विश्वास है कि अध्यक्ष के पद पर कार्य करने वाले सभी महानुभावों ने उनसे निश्चित रूप से इस बात की प्रेरणा ली होगी कि अध्यक्ष के रूप में बैठकर निश्चित रूप में सदन का किस प्रकार से संचालन किया जावे और यदि सदन में तनाव पूर्ण वातावरण बनता हो तो किस प्रकार से उसको शांत किया जावे।

अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल के रूप में भी उन्होंने एक आदर्श उपस्थित किया। मैं आदर्श की ओर संकेत इसलिए करना चाहता हूं कि राज्यपाल और राजभवन कई बार चर्चा के विषय बने। चर्चा इस बात की हुई है कि हैं कि राजभवन में खर्चा ज्यादा होता है। लेकिन मैं ऐसा निवेदन करना चाहूंगा कि जब सरदार हुकमसिंह जी राजस्थान के राज्यपाल हुये तो उन्होंने राजभवन को सादा रखा और स्वयं अपने जीवन को सादा बना कर एक इस प्रकार का आदर्श उपस्थित किया कि भारत के अन्य राज्यपाल प्रेरणा लेकर यदि इसी प्रकार का आदर्श उपस्थित करना चाहे तो कभी भी उनकी आलोचना नहीं होगी। मैं समझता हूं कि इस आधार पर उन्होंने जो आदर्श उपस्थित किया वह अनुकरणीय है।

अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि जिस समय पंजाब में अकाली दल और सरकार के बीच में कई बार तनाव की स्थिति बनी उस समय भी सरदार जी ने एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपना कर अकालियों और सरकार के बीच में तनाव पूर्ण स्थिति न रहे, और जो विवादास्पद मुद्दे हैं उनका सही हल निकल जावे, उसमें जिस प्रकार की मध्यस्थता की है। ऐसे व्यक्ति का आज के दिन अभाव पूरे देश को निश्चित रूप से अखरेगा। इस आधार पर मैं निवेदन करना चाहता हूं, अध्यक्ष महोदय, उनकी एक प्रकार से प्रेरणादायक जिन्दगी थी। अगर ऐसा व्यक्ति हमारे बीच में से उठता है तो निश्चित रूप से हमें दुख होगा और हमें जबरदस्त दुख है।

नवाब अमीनुद्दीन अहमद खां, जैसा मुख्य मंत्री जी ने कहा, इस सदन के सदस्य रहे हैं। राज्यपाल भी रहे, हिमाचल के के लेफ्टिनेट गवर्नर भी रहे, हिमाचल के गवर्नर रहे और पंजाब के भी गवर्नर रहे। मुझे इस बात की खुशी है कि जब उनके पास कोई व्यक्ति राजस्थान का जाता था, उन्हें इस बात की खुशी होती थी कि मेरा राजस्थान से कितना और किस प्रकार का निकट का सम्पर्क है। मैं एक बार चला गया था तो विधान सभा के पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल में क्या-क्या घटनायें हुई थी उसका उन्होंने सारा ब्यौरा रख रखा था। काफी देर तक हमारी विधान सभा की उन्होंने प्रशंसा की और कहने लगे कि मैंने देश की और भी कई विधान सभायें देखी है लेकिन राजस्थान की विधान सभा ने जिस प्रकार की परम्परायें कायम की हैं और विधान सभाओं में उनका अभाव है। विधान सभा की कार्यवाही के प्रति जिम्मेदारी, विधान सभा के प्रति उनका आदर, माननीय सदस्यों के प्रति उनका आदर विधान सभा में कई बार वे व्यक्त कर चुके हैं और अन्त तक उनके दिमाग में इस प्रकार की स्थिति रही। अध्यक्ष महोदय, याद है, यह आवश्यक नहीं है कि जिस समय प्रश्न का उत्तर दिया जावे मंत्री सारे सप्लीमेंट्री से पूरा परिचित हो नवाब साहब कई बार सप्लीमेंट्रीज में जब पकड़ लिये जाते तो उनका एक ही उत्तर होता था कि जितनी मेरी तैयारी थी वह मैंने हाउस में रख दी। अब माननीय सदस्य और कोई जानकारी

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

करना चाहते हैं तो बाहर आयें। अब उसमें किसी प्रकार की कटुता नहीं थी, कोई उसमें किसी प्रकार का अभाव नहीं था लेकिन अपनी एक सही बात कह करके वे माननीय सदस्यों को और सदन को अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता रखते थे उन्होंने इस प्रकार का आकर्षण देकर और इस प्रकार का व्यवहार देकर एक प्रेरणादायक स्थिति हमारे सामने उपस्थित की है।

माननीय लच्छूराम जी के बारे में, अध्यक्ष महोदय, क्या कहा जावे डैथ के दो तीन दिन पहले वे यहां जयपुर में थे। यहां से गये। यहां से वे गये तो शायद उन्होंने कभी कल्पना नहीं की होगी कि मैं आज जयपुर से जा रहा हूं, मैं वापस नहीं आऊंगा। कभी उन्होंने यह नहीं सोचा होगा कि अपने गांव जाने के बाद, गांव जाने के लिए मेरी अन्तिम यात्रा होगी और घर में बैठकर मैं अन्तिम रूप से यह चाय का आखिरी प्याला पी रहा हूं। कोई आदमी कल्पना नहीं कर सकता था, उनकी कल्पना का तो सवाल ही नहीं था, कोई दूसरा व्यक्ति भी कल्पना नहीं कर सकता था कि लच्छूराम जी गए, वे वापस नहीं आयेंगे। अध्यक्ष महोदय, जितना दर्दनाक दृश्य उनकी शव यात्रा का था, मैं उसका वर्णन नहीं कर सकता, एक आदमी को नेकी का पता हम शब्दों से श्रद्धांजलि अर्पित करें इसमें नहीं होगा लेकिन उस आदमी की नेकी पर उस क्षेत्र में, वह जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता था, वास्तव में किस प्रकार से लोगों ने आंसू बहाए, किस सीमा तक आंसू किस सीमा तक अपना दुख प्रकट किया उससे एक अनुमान लगाया जा सकता है कि राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति की नेकी को भी लोग भूलते नहीं हैं, नेकी रहती है। मैं उस व्यक्ति के बारे में कह सकता हूं अध्यक्ष महोदय, किस प्रकार उस व्यक्ति का जीवन सादा था, कभी बीड़ी नहीं पी, कभी सिगरेट नहीं पी, कभी शराब नहीं पी। किसी प्रकार का उस व्यक्ति में व्यसन नहीं था। लेकिन भगवान बड़ा है। आज से दो वर्ष पहले उनका एक्सीडेंट हुआ, उस एक्सीडेंट के कारण काफी परेशान हुए, किसी तरह से अपना समय निकाला। उससे ठीक हुए तो हाथ टूट गया। अब यह तो मैं कह नहीं सकता कि भगवान की किस प्रकार की उनके ऊपर नजर थी। एक व्यक्ति जो अभी तक अपने पूरे घर का काम सम्भाल नहीं सका था, पूरे घर की व्यवस्था नहीं बना सका था, सारा अधूरी हालत में छोड़कर चला गया। मैं, अध्यक्ष महोदय, इससे ज्यादा कुछ कह नहीं सकता कि दो बार सदन में मेरे साथी रहे। उस आदमी के व्यवहार से हमेशा उसके जीवन से कोई भी आदमी प्रेरणा ले सकता है कि कटुता के अन्दर भी उस व्यक्ति के अन्दर किस प्रकार का प्रेम और सद्भाव था, कई लोगों में उसका अभाव रहता है।

अध्यक्ष महोदय, इस सदन में कई बार चर्चा होती थी कि कोई कोई ऐसे सदस्य हैं जो आनन्द से विधायक चुने जाते हैं, उन सदस्यों में श्री बृजेन्द्रपालसिंह जी का भी नाम था। उसके कारण उनके क्षेत्र में एक अन्दाजा लगाया जा सकता है, कोई आदमी चार या पांच बार चुन कर उसी क्षेत्र से आ जावे, उससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि उस क्षेत्र में उस व्यक्ति का उसके मतदाताओं से किस प्रकार का निकट का सम्पर्क है। मतदाताओं का किस प्रकार के स्नेह है। उस हालत में मैं समझता हूं कि अपनी कांस्टीट्यूएंसी में जितना लोगों से सम्पर्क बनाये

(58)

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

रखते थे वह अपने आप में एक नई स्थिति थी। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि उनका इस समय अभाव है। उनका एक्सीडेंट हुआ···

(व्यवधान)

हार्ट अटेक हुआ, मुझे जानकारी नहीं है। हार्ट अटेक हुआ और हार्ट अटेक के कारण से उनका स्वर्गवास हो गया यह बहुत ही दुख की बात है।

अध्यक्ष महोदय, मानसिंह जी महार के साथ इस सदन का जो माननीय सदस्य रहा वह उनसे परिचित है। जब भी बोलते तो यह यह पता नहीं रहता था कि किस के पक्ष में बोलेंगे और किसके खिलाफ में बोलेंगे। शायद उनको खुद को भी पता नहीं रहता था लेकिन जिस समय भी बोलेंगे कितना सख्त बोलेंगे इसका भी अन्दाजा लगाया जा सकता था। जितनी ह्यूमर उस व्यक्ति की वाणी में थी वह तो मैं समझता हूं कि राजस्थान में एक प्रकार की मिसाल है। किसी भी प्रसंग में किसी भी विषय पर जिस समय वह बोलना चाहते कड़वा बोलते थे और कड़वा बोलने के साथ-साथ उनके भाषण में इतनी ह्यूमरस बातें होती थीं कि सदन काफी देर तक उनका भाषण सुनने में ही आनन्द लेता था। मैं समझता हूं कि जो माननीय सदस्य उनके साथ रहे हैं वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित हैं। वे बीमार थे, डायलेसिस पर जब उनको ले जाने लगे; डायलेसिस से बड़ी परेशानी होती है और डायलेसिस में सात आठ घण्टे लगते हैं, मैंने उनको खूब जोर दिया था कि आपको डायलेसिस पर दुबारा जाना चाहिए, डाक्टर साहब भी कह रहे हैं। तो वे मुझे कहने लगे कि डाक्टर साहब कह रहे हैं इसकी मुझे चिन्ता नहीं। तुम मेरे घर वालों के बीच में मत पड़ो, डाक्टर साहब को तो मैं टहला दूंगा। मैंने कहा आप कैसे टहला दोगे? उन्होंने कहा, यह सब चीज तो मेरे जन्म से आई हुई है, मैं डाक्टर साहब को विवश कर दूंगा। मेरा डायलेसिस मत कराओ। डायलेसिस हुआ तो 6 घंटे किस तरह मैं पड़ा रहता हूं, मेरे प्राण निकले हुये रहते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं, अन्त तक वह आदमी अपने जीवन के साथ भी मजाक करता रहा। अन्त तक जो व्यक्ति उनसे मिले, उनसे हंसी से बात करता रहा। मरते वक्त भी यह अन्दाज नहीं था कि इस व्यक्ति के प्राण आज निकल जायेंगे। यह ह्यूमरस व्यक्ति हमारे सामने से इस प्रकार निकल जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, इससे आगे श्री अवनिकुमार मुकर्जी 1952 से 57 तक विधान सभा के सदस्य रहे। बड़े मिलनसार व्यक्ति थे। उनके बारे में एक मशहूर बात थी, जितनी नई किताबें प्रकाशित होती थीं उस समय अवनिकुमार मुकर्जी के पास वह किताब निश्चित रूप से होती। उस किताब को पढ़ा करते थे। किताबों को पढ़ने का शौक यदि किसी राजनीतिज्ञ को हो सकता है तो अवनि कुमार मुकर्जी उसकी एक एग्जाम्पल हैं। कोई किताब हिन्दुस्तान में शायद छोड़ी होगी, जो नयी प्रकाशित हो, उसको अवनि कुमार मुकर्जी ने नहीं पढ़ा हो। मैंने आजकल तो नहीं बल्कि 6-7 वर्ष पहले उनसे पूछा था आजकल कौन-कौन सी किताब पढ़ रहे हैं? कहने लगे, वैसे आजकल मेरी तबीयत ठीक नहीं रहती, किताबों के पीछे तो मैं पड़ा हुआ हूं, लेकिन उतना समय मैं किताबों को नहीं दे पाता। एक वैल रेड सदस्य हमारे सामने से चला गया, इसका भी हमें दुख है।

अध्यक्ष महोदय, रिखब चन्द जी धारीवाल इस सदन के सदस्य रहे। इस सदन के

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

सदस्य रहने के साथ साथ राज्य के उद्योग मंत्री भी रहे, जिस रूप में उन्होंने राजस्थान की सेवा की। मैं समझता हूं, मिलनसार व्यक्ति थे, मृदुभाषी थे, ज्यादा अपने विषय से बाहर जाने वाले व्यक्ति नहीं थे।

विधान सभा में उद्योग के सम्बन्ध में यदि उनसे कोई जानकारी प्राप्त की जाय तो मैं जानता हूं, मैं समझता हूं. जैसे बेसिकली कोई आदमी उस सब्जेक्ट को बनाने वाला हो, या उस सब्जेक्ट को निर्माण करने वाला हो, इस कान्फिडेन्स से उन बातों का उत्तर दिया करते थे। उनका ज्ञान भी इस विषय में बहुत अच्छा था। वे भी हमारे बीच से उठ कर चले गये।

श्री राजेश्वर सिंह भी विधान सभा के सदस्य रहे। व्यक्तिगत रूप से मैं जानता हूं. बहुत सीधे और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।

जयचन्द्र मोहिल का भी अपने क्षेत्र में काफी परिचय था। अपने क्षेत्र में काफी लोग उनसे स्नेह करते थे। विधान सभा के सदस्य के रूप में उनका योगदान बहुत अच्छा था।

अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार श्री बालचन्द्र डागा भी विधायक के रूप में मेरे से काफी परिचित थे। विधायक के बाद भी कई बार सम्पर्क में आया। राजनीति में काफी सक्रिय थे। विधान सभा में उनका बड़ा सक्रिय योगदान रहा।

ये सभी बन्धु हमारे बीच से चले गये, इसका तो हमें खेद है ही। मैं उन सब के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके शोक संतप्त परिवार को इतनी शक्ति प्रदान करे कि वह इस दुख को सहन कर सकें।

इन्हीं शब्दों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना स्थान वापस ग्रहण करता हूं।

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता और विपक्ष के नेता ने जो भावभीनी श्रद्धांजलि उन समस्त महानुभावों के प्रति अर्पित की है, मैं अपने को उसमें सम्मिलित करता हूं।

सरदार हुकुमसिंह जी से मेरा समीप का सम्पर्क रहा। मेरा सौभाग्य था कि जब वह विपक्ष के नेता थे तब भी, जब डिप्टी स्पीकर, उपाध्यक्ष बने उसके बाद अध्यक्ष बने और फिर गवर्नर बने इन चारों समय मैं उनके समीप रहा। थोड़ा बहुत मैंने उनको निकट से देखा। उस समय सचमुच ऐसा था, जो कुछ विद्वता थी किसी न किसी रूप में व्यक्त कर देते थे कुछ मर्यादाओं की, कुछ गरिमाओं की। गरिमा की मूरत थे, मर्यादा की मूरत थे। मर्यादाओं का पालन करते। एक सौजन्यता की मूरत सरदार हुकमसिंह जी में देखने को मिलती थी। उनके गुणों के बारे में, कार्यकलाप के बारे में, उनकी कार्य विधि के बारे में विशेष कहने की अब मुझे कोई आवश्यकता नहीं है, काफी कहा जा चुका है। मैं जानता हूं, ऐसे देशभक्त थे कि देशभक्ति में कहा जा सकता है वह किसी से कम नहीं थे। जहां तक सदन की परम्पराओं को निभाने का, सदन की मर्यादाओं को निभाने का, सदस्यों को प्रोत्साहित करने का सवाल था वह हमेशा तत्पर रहते थे। राजस्थान के अन्दर उन्होंने गरिमा के साथ, सादगी के साथ अपना कार्यकाल निभाया। यह सब प्रशंसा करने योग्य है।

मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हुआ कामना करता हूं कि उनके परिवार को परमात्मा शक्ति दे।

60

(श्री राजबहादुर)

अमीनुद्दीन नवाब साहब से मेरा व्यक्तिगत सम्पर्क था। व्यक्तिगत मित्र था। वे मंत्री थे उस समय मैं भी मिनिस्टर बना था इसलिये मुझे भी सम्पर्क में आने का अवसर मिला। मुझे एक गुण विशेष रूप से उनका लगता था, जो जानकारी है वह सब बात थी लेकिन जब वह समय आया जो पीरियड चेंज का था, आजादी का प्रवाह हो रहा था, गुलामी जा रही थीं तब देशी रजवाड़े, देशी रियासतें बहुत सारी थी, जहां तक मुझे जानकारी है कोई उनके इलाके में जरूर होती थी ज्यादती लेकिन उन्होंने एक्सेशन के बारे में कोई आपत्ति उठायी हो, ऐसी मुझे जानकारी नहीं है। यह एक व्यक्ति का तकाजा है।

लच्छूराम जी, जो कल यहां बैठते थे पास में, आज यहां पर नहीं हैं। बहुत अधूरापन लगता है। ऐसा लगता है कि वह स्थान रिक्त हो गया है। वे सादगी और सौजन्यता की मूर्ति थे।

श्री बृजेन्द्रपाल सिंहजी से मेरा परिचय था। मैं अधिक तो नहीं कह सकता लेकिन इतना ही कह सकता हूं वे एक बहुत ही जेन्टलमैन, बहुत ही भले मानस थे, बहुत ही अच्छे कार्यकर्त्ता थे, लोकप्रिय थे अपनी जनता में, अपने क्षेत्र में।

श्री मानसिंह महार, श्री अवनि कुमार मुकर्जी, श्री राजेश्वर सिंह, जय चन्द्र मोहिल श्री बालचन्द्र डागा से मेरा निकट सम्पर्क में आने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ किन्तु श्री रिखबचन्द धारीवाल से सम्पर्क में आने का सौभाग्य मिला। अब तो मैं इतना ही कह सकता हूं उन्होंने बड़ा योगदान दिया हमारी नयी आजादी की बुनियाद रखने में, इस राजस्थान को बनाने में।

मैं उन सब महानुभावों, जो हमारे बीच में नहीं है, स्वर्गवासी हो गये हैं, की आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उन सबै को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को साहस दे।

श्री कमलेन्द्र सिंह (वल्लभनगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, सरदार हुकुमसिंह जी, जिनके बारे में सबको जानकारी है, इस सदन में विपक्ष के नेता काफी समय तक रहे। इसके बाद लोक सभा के स्पीकर भी बने और राजस्थान के गवर्नर भी बने। उनका कैरियर माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत की राजनीति में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जब वैल्यूज बन रही थीं, जब नई लोक सभा में नयी परम्पराओं का निर्माण हो रहा था उन परम्पराओं के निर्माण में उनकी तरफ से उन्होंने जो योगदान दिया है वह सब को विदित है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, अमीनुद्दीन साहब से मेरा व्यक्तिगत परिचय तो नहीं था किन्तु उनका कैरियर भी काफी अच्छा था। वे राजस्थान के पी.डब्ल्यू.डी. के मंत्री रहे हैं, पांच साल तक मंत्री रहे हैं। जहां कहीं सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट और राज्य के बीच में कोई सम्पर्क करने की आवश्यकता पड़ती थी, मैं समझता हूं, अमीनुद्दीन अहमद साहब को एम्बेसेडर के रूप में सैन्ट्रल गवर्नमेंट के पास भेजा जाता था, जो उनकी ऐबिलिटी का एक परिचायक है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, वे हिमाचल प्रदेश और पंजाब के गवर्नर रहे। 1977 के बाद कई गवर्नर के नाम ऐसे आये हैं जो विवादास्पद हुए हैं। किन्तु जितने रेजिम्स चेंज हुए 76-77 में, 80 में, वे भी हिमाचल प्रदेश पंजाब में गवर्नर रहे लेकिन गवर्नर के हिसाब से, गवर्नर के नाम से उनके नाम पर कोई तरह का विवाद कभी खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने जो अपनी ड्यूटी थी वह पूरी की।

(श्री कमलेन्द्र सिंह)

माननीय अध्यक्ष महोदय, लच्छूराम जी के बारे में दो शब्द मैं कहना चाहूंगा। एक तो हमारा निकट का परिचय था। पिछले दो तीन साल से इस हाउस के मैम्बर रहे हैं, हमारे पास बैठते थे। सर्व प्रथम शेखावाटी में किसान आन्दोलन हुआ था उस समय से लगाकर आखिर तक किसानों के बारे उनका जो परिचय था, उनकी जो जानकारी थी, उनकी समस्याओं के बारे में जो जानकारी थी उसकी वह अभिव्यक्ति करते थे, किन्तु जो भी कुछ अभिव्यक्ति करते थे उसमें कोई राजनैतिक रंग नहीं लाते थे। बहुत सरलता से, निर्मलता से वे अपनी अभिव्यक्ति करते थे। कभी भी उन्होंने ऐसे शब्द नहीं कहे जो केवल प्रेस को प्रभावित करने के लिये कहे गये हों। जो कुछ भी उन्होंने कहा अपने दिल से कहते थे। ऐसे निष्कपट व्यक्तित्व, मैं समझता हूं, राजनीति में में बहुत कम मिलेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय, बृजेन्द्रपालसिंह, मानसिंह महार, अवनि कुमार मुकर्जी, रिखबचन्द धारीवाल, राजेश्वरसिंह, जयचन्द्र मोहिल और बालचन्द डागा से मेरा कोई व्यक्तिगत परिचय नहीं था परन्तु सदन के माननीय नेता महोदय ने जो प्रस्ताव पेश किया है उस में मैं अपनी पार्टी की श्रद्धांजलि सम्मिलित करना चाहूंगा। साथ ही साथ मैं उनके परिवार के लिये प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनको शक्ति दें और जो क्षति हुई उसको सहन करने की हिम्मत दें।

श्री यदुनाथ सिंह (नदबई) : अध्यक्ष महोदय, आज हम इस सदन के भूतपूर्व सदस्यों राजस्थान के भूतपूर्व राज्यपाल, एक इसी विधान सभा के बारे में और मेरे दल के एक सदस्य को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, सरदार हुकुमसिंह के और नवाब साहब के जीवन-चरित्र बारे में और इन व्यक्तियों के जीवन चरित्र के बारे में सदन के नेता, माननीय विपक्ष के नेता, बाबू जी और राव साहब ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष महोदय, मेरा व्यक्तिगत परिचय लच्छूराम जी और महाराज करौली से था।

लच्छूराम जी के बारे में बोलते समय मैं तो यही महसूस करता हूं कि मेरा तो कोई बुजुर्ग उठ गया। मैंने इस विधान सभा में रहते हुए महसूस किया कि ऐसे भले आदमी बहुत ही कम जन्म लेते हैं। बहुत ही भले और सज्जन आदमी थे। कहीं कोई कटुता की बात करते नहीं थे। क्रोध उनको आता नहीं था। आज उन की मृत्यु से व्यक्तिशः मेरी, मेरे दल की, इस सदन की, राज्य की और विशेषतया इस राज्य के किसानों और गांव के वर्ग की क्षति हुई है उसकी पूर्ति होना संभव नहीं है।

इसी प्रकार, अध्यक्ष महोदय, महाराज करौली से पिछले कई सालों से मेरा घनिष्ठ संबंध रहा। पिछले साल उनके छोटे भाई और कई व्यक्ति एक एक्सीडेंट में मारे गये जिस कारण दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। अध्यक्ष महोदय, यह भी मेरे लिए व्यक्तिगत हानि का विषय है।

इसी प्रकार, अध्यक्ष महोदय, श्री मानसिंह महार, श्री अवनि कुमार मुकर्जी, श्री रिखबचन्द धारीवाल, श्री राजेश्वर सिंह, श्री जयचन्द मोहिल, और श्री बालचन्द डागा इन सभी व्यक्तियों को मेरी ओर से व मेरे दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और साथ ही इन लोगों को और अन्य लोगों को उनके जाने से, हमारे बीच से

(श्री यदुनाथ सिंह)

उठ जाने से जो हानि हुई है, उस हानि को, दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : अध्यक्ष महोदय, आज सत्र के प्रारम्भ में हम यहां के भूतपूर्व राज्यपाल, आठ भूतपूर्व सदस्य, जिनमें से एक डिप्टी मिनिस्टर रहे और एक ऐसे माननीय सदस्य, जो इस विधान सभा के सदस्य थे, को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इतनी लम्बी लिस्ट कभी पहले श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये नहीं आई।

माननीय अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता, विपक्ष के माननीय नेता और अन्य नेताओं ने जिन माननीय महानुभावों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की उसमें भी अपने आपको शरीक करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सरदार हुकुम सिंह के बारे में यहां चर्चा की गई। उनके जीवन के बारे में भारत की जनता जानती है। भारत की लोक सभा के अध्यक्ष रहे। मैं जिस समय पढ़ता था तो एक बार आपका उदयपुर में पधारना हुआ। मैं किसी कारणवश उनसे मिलने चला गया तो जिस प्रकार से उन्होंने हमारा मैमोरण्डम लिया, विश्वास दिलाया उससे ऐसा लगा कि यह व्यक्ति कोई देवता मालूम पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, एक बात और कहना चाहूंगा कि हम ऐसी महान हस्तियों को श्रद्धांजलि देते हैं लेकिन मैं तो यही मानता हूं कि ऐसे महान और आदर्श उपस्थित करने वाले महानुभावों को श्रद्धांजलि देना तभी उचित होगा जब कि हम उनके महान आदर्शों पर चलें और अपने देश और समाज को आगे लायें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अध्यक्ष महोदय, दूसरे अमीनुद्दीन अहमद, जो इस विधान सभा के सदस्य रहे हैं, से मेरी जानकारी नहीं रही लेकिन चूंकि वे इस सदन के माननीय सदस्य थे और जैसा कि उनके जीवन के बारे में माननीय विपक्ष के नेता, सदन के नेतागण और अन्य नेतागण ने बयान दिया, मैं उनको भी अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के वर्तमान सदस्य माननीय लच्छूराम जी का अचानक निधन हो गया। मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि क्या कभी ऐसा हो सकता है? अध्यक्ष महोदय, यही नहीं, जब वे दूसरी विधान सभा में आये थे तब कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य थे। उनका सादा जीवन था, किसानों और गरीबों के प्रति उनकी प्रगाढ़ भावना थी और उनमें काम करने की अद्भुत क्षमता थी। वह बड़े मेहनती थे। जब कभी किसानों की बात आती तो किसानों का पक्ष इस तरह से रखते थे कि उसमें कोई कटुता, पक्षपात और कपट नहीं होता था। वह सीधी तरह से किसानों की सहज भावनायें और सही तकलीफ सदन के सामने पेश करते थे। ऐसा किसानों का नेता हमारे बीच से उठ गया। इससे केवल हमें ही नहीं बल्कि सारे किसान जगत को भारी हानि हुई है।

अध्यक्ष महोदय, इस तरह से माननीय बृजेन्द्रपाल सिंह, मानसिंह महार, अवनि कुमार मुकर्जी, रिखबचन्द धारीवाल, राजेश्वर सिंह, जयचन्द्र मोहिल, और बालचन्द डागा, इन सभी माननीय महानुभावों के निधन पर मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्री त्रिलोक सिंह (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, इतने थोड़े समय में हमारे सदन के

(श्री त्रिलोक सिंह)

9-10 सदस्य चले गये । इसका मुझे बहुत खेद है। उनकी मृत्यु पर मैं मेरी ओर से और मेरी पार्टी की ओर से सम्वेदना जाहिर करता हूं।

श्री अध्यक्ष : सदन के नेता, विपक्ष के नेता और अन्य दलों के सभी नेताओं ने सरदार हुकुम सिंह, अमीनुद्दीन अहमद, लच्छूराम, बृजेन्द्रपाल सिंह, मानसिंह महार, अवनि कुमार मुकर्जी, रिखबचन्द धारीवाल, राजेश्वर सिंह जयचन्द्र मोहिल और बालचन्द डागा को जो भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है उसमें मैं अपने आप को भी सम्मिलित करता हूं।

यह अत्यंत दुख की बात है कि पिछले पांच महीनों में इस सभा के, राज्य के भूतपूर्व सदस्य और एक वर्तमान सदस्य हमारे बीच में नहीं रहे। साथ ही साथ स्वर्गीय सरदार हुकुम सिंह, जो हमारे राज्यपाल थे, भी हमारे बीच में नहीं रहे।

सरदार हुकुम सिंह की जीवनी को मैंने पढ़ा है। जो हिस्सा अभी पाकिस्तान में है वहां पर साधारण परिवार में वह जन्मे थे। उसके बाद सहकारिता विभाग में असिस्टेंट इंस्पेक्टर हुए। ग्रामीणों से उनका किस तरह का निकट का संबंध था वह उन्होंने अपने जीवनी में बताया है। मेहनत से और लगने से कोई व्यक्ति क्या बन सकता है, यह उनका जीवन बताता है

साधारण पद पर नौकरी की। उसके पश्चात् इस देश के उच्चतम पदों पर वे आसीन रहे। लोक सभा के उपाध्यक्ष रहे। इसके बाद बाद लोक सभा के अध्यक्ष रहे। फिर राज्यपाल बने। अपने जीवनमें कई तरह के पदों पर वे रहे। लेकिन उन्होंने जो अपनी बुनियाद थी उसको कभी नहीं तोड़ा। जो इस देश का जन साधारण है उसके निकट वह हमेशा रहे। उनके जीवन के जो कुछ भी अनुभव थे, उन अनुभवों का लाभ उन्होंने जिस पद पर भी वे रहे, उस पद के द्वारा जनता को दिया। उनके स्वर्गवास के आठ-दस दिन पहले ही मेरा उन से दिल्ली में मिलना हुआ था। उन्होंने बड़े प्रेम से राजस्थान के बारे में पूछा था और काफी समय तक साथ बैठे। इस तरह के व्यक्ति का इस समय में चला जाना हमारे देश के लिए और हम सब के लिये बड़े दुर्भाग्य की बात है।

नवाब साहब लुहारु मेरे पड़ोसी मित्र थे। वे इस सभा के सदस्य रहे और राजस्थान के मंत्री रहे। तत्पश्चात् हिमाचल प्रदेश के और पंजाब के राज्यपाल रहे। यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि नवाब साहब मिली-जुली जो हमारे देश की संस्कृति है, उसके प्रतीक थे। क्योंकि वे मेरे पड़ोसी थे। इसलिये यदा-कदा मैं उनसे मिल लिया करता था। पिछली दफा जब उनसे मेरी मुलाकात हुई उस वक्त वे अपने दोस्तों, जो जो उनके करीब के लोग थे, से जानकारी ले रहे थे, हिमाचल प्रदेश में जो देवी का मन्दिर निर्मित हो रहा है उसमें क्या-क्या प्रगति हुई है, वे वहां जाने का भी प्रोग्राम बना रहे थे। वे अत्यन्त ही सरल स्वभाव के थे। जो कोई भी उनके पास जाता था वह उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। जिस किसी पद पर उन्होंने काम किया उसको खूबी से करने की उन्होंने कोशिश की। जिन संस्थाओं में जिस पद पर वे रहे वहां पर उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी।

वर्तमान विधान सभा के सदस्य लच्छूराम जी से आप और हम सभी अच्छी तरह से परिचित हैं। बहुत ही युवा अवस्था, जब वे 25 वर्ष के थे, में 1957 में इस विधान सभा में चुनकर आये थे। आप और हम उनके स्वभाव से अच्छी तरह से परिचित हैं। बड़े ही सरल स्वभाव के थे।

(64)

अध्यक्ष

एक ग्रामीण के जो गुण होते हैं, वह उनमें थे । इस सभा के माध्यम से जो गरीब ग्रौर पिछड़ा तबका हमारे देश का है उसकी पैरवी करने की कोशिश उन्होंने की । सब से बड़ी विशेषता यह थी कि वे बहुत ही उच्च-कोटि के इन्सान थे ग्रौर बड़ी मिठास से बात किया करते थे । पिछले दो साल से वे एक रोग से पीड़ित थे परन्तु उस रोग से उन्होंने मुक्ति पा ली थी । दुर्भाग्य की बात तो यह है कि जो रोग उनको कभी नहीं था उस रोग ने उसकी जिन्दगी ले ली, वह भी अकस्मात -जब वह बात कर रहे थे, बात करते करते ही वे लुढ़क गये । ऐसे सज्जन व्यक्ति का, गरीबों के हितैषी का हमारे बीच से उठ जाना हम सब के लिये बड़े दुर्भाग्य की बात है ।

इसी तरह से इस सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मानसिंह जी महार का भी निधन इन पिछले पांच महीनों में हुआ ।जितने भी बुजुर्ग राजनीतिज्ञ हैं, अपने नौजवानों से एक पीढ़ी पहले के जो राजनीतिज्ञ हैं, वे श्री मानसिंह जी महार से अच्छी तरह से परिचित हैं । उनकी खूबी थी, गहन से गहन ग्रौर कटु से कटु विषय जो इस सभा के सामने आते हैं उस पर सहृदयता ग्रौर मजाक के साथ अपनी बात कह देना ग्रौर कहने में नहीं चूकना ग्रौर फिर भी आपस में कटुता पैदा न होना । यह उनकी खूबी थी । मेरे लिये दुर्भाग्य की बात यह रही कि जब मैं चुन कर आया महार साहब चुन कर नहीं आये । जब जब वे चुनकर आये मैं चुन कर नहीं आया । इसलिये उनके भाषण मैंने गैलेरी में बैठ कर सुने । लेकिन जब कभी भी वे बोलते थे तब इस सदन में छाये रहते थे । उनके भाषण से सभी प्रभावित होते थे । जैसा कि मैंने निवेदन किया , गहन से गहन विषय हो, कैसा भी मुश्किल विषय हो, उसको आसान करके सदन के समक्ष रख देते थे ग्रौर सदन के वातावरण को भी अच्छा बनाये रखते थे । यह उनमें खूबी थी । उनकी कोई उम्र भी ज्यादा नहीं थी, ऐसे व्यक्ति का हमारे बीच में से उठ जाना , बहुत ही दुर्भाग्य का विषय है ।

इसी तरह से श्री बृजेन्द्रपाल सिंह जी करौली से चुन कर आते थे । चार दफा चुन कर इस सभा में आये । वे बहुत ही सज्जन, बहुत ही सरल स्वभाव ग्रौर मितभाषी व्यक्ति थे । अपने क्षेत्र की जो समस्याएं होती थीं उनमें वे रात-दिन लगे रहते थे । जनता की कठिनाई दूर हो, उनके क्षेत्र की तरक्की हो, इसी में वे सदा व्यस्त रहते थे । यह समस्या है , इसको कैसे दूर किया जाये, इसमें व लगे रहते थे ज्यादा उनकी उम्र भी नहीं थी । ऐसे सज्जन व्यक्ति का हमारे बीच से उठ जाना हम सब के लिये बड़े दुख की बात है ।

इसी तरह से श्री अवनि कुमार मुकर्जी 1952 की प्रथम विधान सभा में चुनकर आये थे । 1952 से 1957 तक जो प्रथम विधान सभा थी उसमें बहुत से महत्वपूर्ण कार्य हुए थे । प्रगतिशील कानून बने थे । उन्होंने जब कभी अवसर मिला उसमें यथाशक्ति योग-दान दिया अपने ग्रनुभवों का, अपने गहन अध्ययन का लाभ भी इस सभा को दिया ।

श्री धारीवाल साहब पीपल्दा क्षेत्र से 1957 में चुन करके आये थे । वर्तमान विधान सभा के कई माननीय सदस्यों को उनके साथ इस सभा में कार्य करने का मौका मिला था । वे उप मंत्री हुए पहले ग्रौर उसके बाद में राजस्थान के उद्योग मंत्री बने । राजस्थान के ग्रौद्योगीकरण की शुरूआत 1957 में हुई थी । उस वक्त में उद्योग मंत्री रह करके जिस

(श्री अध्यक्ष)

तरह के उद्योग की आधारशिला रखी उस पर वर्तमान हमारे उद्योगों की इमारत बनी है। इस तरह के अनुभवी व्यक्ति का हमारे बीच में से चले जाना हमारे लिये दुख की बात है। हाड़ौती क्षेत्र में कांग्रेस के जो शुरू के कार्यकर्ता थे उनमें से श्री धारीवाल जी भी एक थे। वे आखिर तक अत्यन्त सक्रिय रहे। वे अच्छे वकील थे। अच्छे राजनीतिज्ञ थे और अच्छे प्रशासक थे। यह उनकी खूबी थी।

इसी तरह श्री जयचन्द मोहिल चित्तौड़गढ़ क्षेत्र से चुनकर आये थे। उन्होंने भी अपने क्षेत्र की तरक्की के लिए जीवन-पर्यन्त कार्य किया। प्रथम विधान सभा में जो कुछ भी बड़े-बड़े कार्य हुए हैं, उनमें उनका सक्रिय योगदान रहा है।

इसी प्रकार श्री राजेश्वर सिंह जी चौमू क्षेत्र से चुनकर आये थे। वे बहुत ही अल्पकाल इस विधान सभा के सदस्य रहे थे। लेकिन वे एक बहुत ही भले इन्सान थे। वे हमारे बीच से थोड़ी उम्र में ही उठ गये, यह हम सबके लिए दुःख की बात है।

श्री बालचन्द जी डागा किशनगढ़ क्षेत्र से चुन कर आये थे। वह एक राजनैतिक कार्यकर्ता थे और अन्त तक बड़े सक्रिय रहे थे। उनके निधन से कुछ दिन पूर्व मैं उनसे अजमेर में मिला था। उस समय वह एक नयी पार्टी गठित करने की योजना बना रहे थे, लेकिन ईश्वर को ऐसा मन्जूर नहीं था। उनका भी आकस्मिक निधन हम सब के लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है।

मैं उनके प्रति सभी महानुभावों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें और उनके परिवारजन को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

(सदन ने दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।)

कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिये।

स्थगन प्रस्तावों पर अध्यक्षीय व्यवस्था

स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था।

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों की सूचना प्राप्त हुई है :–

(1) श्री देवीसिंह भाटी, सदस्य विधान सभा की ओर से राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, बारह गुवाड़, बीकानेर के जीर्ण-शीर्ण भवन के गिरने से दिनांक 1-9-1983 को एक छात्रा की मृत्यु व 24 अन्य के घायल होने के विषय में,

(2) श्री राजबहादुर, सदस्य, विधान सभा की ओर से भरतपुर जिले के चारों ओर की नहर में जल कुम्भी भर जाने के कारण पानी का निकास बन्द होने से शहर के कई हिस्सों में पानी भर जाने के विषय में,

(3) श्री घनश्याम तिवाड़ी, सदस्य, विधान सभा की ओर से बगड़िया बाल निकेतन लक्ष्मणगढ़, सीकर, जो राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त संस्था है, से कर्मचारियों व अध्यापकों को सेवा से हटा देने से उत्पन्न आन्दोलन के विषय में,

(4) डा. उजला अरोड़ा, सदस्य, विधान सभा की ओर से जयपुर नगर में कई सड़कों पर वर्षा के बाद मिट्टी के ढेर लगने से उत्पन्न स्थिति के विषय में,

(श्री अध्यक्ष)

(5) सर्व श्री भंवरलाल शर्मा, रामकिशोर मीणा व नाथूसिंह, सदस्य, विधान सभा की ओर से अलवर जिले के 3 पुलिस अधिकारियों द्वारा तफतीश के लिए जाने पर नेपाल सरकार द्वारा उन अधिकारियों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार करने के विषय में,

(6) श्री चन्द्रवीर सिंह, सदस्य, विधान सभा की ओर से गत 1 अक्टूबर 1982 से सभी जिलों में निजी बसों के लिए विशेष सड़क कर लगाने से उत्पन्न स्थिति के विषय में,

(7) श्रीमती विद्या पाठक, सदस्य, विधान सभा की ओर से जयपुर में घाट की गुणी के पास से कुछ गांवों के पुलिस के आतंक और भय के कारण खाली हो जाने के विषय में,

(8) सर्व श्री हंसराज शर्मा, छीतरमल आर्य, सदस्य, विधान सभा की ओर से गत 3 सितम्बर, 1983 को महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर में भर्ती एक महिला रोगी के साथ दो डाक्टरों व एक तकनीशियन द्वारा कथित बलात्कार करने की घटना के विषय में,

(9) सर्वश्री दाऊदयाल जोशी, रघुवीर सिंह कौशल व हीरालाल आर्य, सदस्य, विधान सभा की ओर से दिनांक 3-9-1983 को बूंदी नगर में बैंक में राशि जमा कराने जा रहे एक कैशियर व चपरासी पर हमला कर चपरासी की हत्या होने के विषय में,

(10) सर्वश्री मेघराज तावड़ व त्रिलोक सिंह सदस्य, विधान सभा की ओर से जे.के. सिंथेटिक्स, कोटा व अन्य मिलों के बन्द होने व कृष्णा मिल, ब्यावर के गत 2 सितम्बर, 1983 से बन्द होने के विषय में,

(11) श्री गुलाब चन्द कटारिया, सदस्य, विधान सभा की ओर से गत 9 अगस्त से श्री मोहनलाल सुखाड़िया, विश्व-विद्यालय, उदयपुर का नाम सुखाड़िया कृषि विश्व विद्यालय कर देने से उत्पन्न स्थिति के विषय में,

(12) श्री कैलाश मेघवाल, सदस्य, विधान सभा की ओर से राजस्थान के मुख्य मंत्री तथा कुछ अधिकारियों की साजिश से दिल्ली के राजस्थान हाउस के सम्पर्क अधिकारी, श्री बालूजा व जोधपुर हाउस के मैनेजर, श्री माथुर की पिटाई की घटना के विषय में,

(13) श्री जीतमल जैन, सदस्य, विधान सभा की ओर से गत 9 अगस्त की रात्रि को भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पिटाई करने से एक श्रमिक की मृत्यु व वहां उत्पन्न तनाव के विषय में,

(14) सुश्री पुष्पा जैन, सदस्य, विधान सभा की ओर से सूरतगढ़ के कुछ छात्रों के विरुद्ध मुख्य मंत्री पर आघात करने के झूठे आरोप लगाकर उन्हें बन्द कर देने के विषय में,

(15) श्री कमलेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान सभा की ओर से सोमकामला अम्बा परियोजना पर एक ठेकेदार पटेल का भुगतान रोक देने के कारण उसके द्वारा भूख हड़ताल करने के विषय में,

(16) श्री महावीर प्रसाद, सदस्य, विधान सभा की ओर से नगरपालिका, हिण्डौन

(श्री अध्यक्ष)

के कार्य में राज्य सरकार तथा स्वायत्त शासन विभाग द्वारा अनुचित हस्तक्षेप करने के विषय में,

इन स्थगन प्रस्तावों पर राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त की जा रही है और जानकारी प्राप्त होने पर निर्णय लिया जायेगा।

स्थगन प्रस्ताव आदि पर चर्चा

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने जो स्थगन प्रस्ताव दिया है। भयंकर स्थिति है और राज्य सरकार ...

श्री अध्यक्ष : आपका तो जल कुम्भी का है तो एक दिन में तो होगा नहीं महीना भर में...

(व्यवधान)

श्री राजबहादुर : जल कुम्भी का नहीं है।

श्री अध्यक्ष: आर्डर, आर्डर। माननीय सदस्य, मैं जानकारी ले लूंगा। अगर किसी माननीय सदस्य को ...तो अलग से ... आर्डर प्लीज।

श्री राजबहादुर : कुछ नहीं करेंगे।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। आर्डर प्लीज।

श्री महावीर प्रसाद जैन (टोंक) : अध्यक्ष महोदय, मेरा भी स्थगन प्रस्ताव है...

श्री अध्यक्ष : सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्र।

व्यवस्था का प्रश्न

स्थगन प्रस्ताव आदि पर शीघ्र निर्णय

श्री नाथूसिंह (बांदीकुई) : अध्यक्ष महोदय, पाइन्ट ऑफ आर्डर। अभी पिछले दिनों मंत्री मण्डल के भूतपूर्व कई माननीय सदस्यों ने अपने इस्तीफे प्रस्तुत किये थे और एक माननीय सदस्य ने...

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता, प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, उनका क्या हुआ? सदन कितने दिन चलेगा यह तो आपको मालूम है। आपने सरकार से जानकारी की है। जानकारी आनी चाहिये। क्योंकि अभी तक सब की धारणा यह है कि विधान सभा ज्यादा चलने वाली नहीं है इसलिए एडजोर्नमेन्ट मोशन दें या नहीं दें। सरकार के पास जानकारी के लिए भेजे जायेंगे, जो आनी नहीं है। उन पर किसी पर चर्चा नहीं होगी। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि रूल्स के अनुसार एडजोर्नमेंट मोशन की माननीय सदस्य आठ घंटे पहले सूचना देते हैं तो यह अपेक्षा की जाती है कि उस स्थगन प्रस्ताव पर सरकार जानकारी कर ले और इसके साथ साथ, अध्यक्ष महोदय, आपको प्रस्तुत कर देगी। इसके बाद, अध्यक्ष महोदय, आप यह निर्णय करें कि यह प्रस्ताव लिये जाने योग्य है या नहीं। आप रिजेक्ट करें, इससे इन्कार नहीं है। लेकिन मैं आपसे अपील करना चाहूंगा कि एडजोर्नमेंट मोशन की व्यवस्था अब तक जो रही है, काफी लम्बा समय होता था, विधान सभा काफी समय तक चलने के कारण वह उपयुक्त हो सकती थी लेकिन थोड़े समय के लिये चलने वाले सत्र के अन्दर भी अगर जानकारी के लिये भेजे जाने की बात चालू रही तो एडजोर्नमेंट मोशन नहीं आयेंगे। एडजोर्नमेंट मोशन के संबंध में तत्काल निर्णय लिये जायें उनको रिजेक्ट चाहे कर दें अगर उपयुक्त नहीं लगें, उस पर चर्चा भी नहीं हो लेकिन एक दो प्रश्न, जो कि जन महत्व के विषय हैं, पर एडजोर्नमेंट मोशन के रूप में चर्चा की जाय।

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

इसे आपको निश्चित तौर पर लेना होगा उसी के आधार पर माननीय सदस्य को अवसर मिलना चाहिए कि वह सदन के सामने अपने विचार रखें।

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्य सलाहकार समिति की बैठक आज होगी। अगर सत्र छोटा होगा तो जैसी परिस्थिति होगी उसको देखते हुए पहले जिस स्थगन प्रस्ताव के बारे में जानकारी आने में 5-6 दिन तक लग जाते थे, उन विषयों, जो कि महत्वपूर्ण होंगे, को तत्काल लेने की कोशिश करेंगे। आज आया है तो कल तक लेने की कोशिश करेंगे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आज ही।

श्री अध्यक्ष : आपने आज ही सुझाव दिया है कल से व्यवस्था होगी। जो प्रस्ताव सरकार को भेजा जायेगा ऐसे कोई कारण नहीं है कि उसका उत्तर नहीं आ सकता है। डिले होगी तो तत्काल मंगवायेंगे। अभी नहीं कहा जा सकता कि सत्र छोटा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यह तो आप भी जानते हैं कि सत्र छोटा है।

श्री राजबहादुर : अखबारों में आ गया है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : 11 से पहले-पहले एडजोर्न करना चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष : अगर सत्र छोटा होता है तो उसके मायने यह नहीं है कि जो विषय आया है उसका सरकार यह सोच कर उत्तर नहीं देगी कि दो दिन बाद तो उत्तर देने की जरूरत नहीं रहेगी। ऐसा नहीं होगा, इसको लिया जायेगा आज नहीं तो कल।

श्री भंवरलाल शर्मा (हवामहल) : आज वालों के लिये भी व्यवस्था फर्मा दें।

श्री अध्यक्ष : अभी आज तो शुरूआत हुयी है, आशंका व्यक्त की है। लेकिन कल से इस संबंध में बैठकर विचार कर लेंगे कि कौनसा महत्वपूर्ण है? उसको आज ही ले लेंगे।

श्री परसराम मदेरणा (सिंचाई मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, जो एडजोर्नमेंट मोशन मांगे जाते हैं वह सुबह 9.00 बजे तक मांगे जाते हैं, माननीय सदस्य उस समय तक दे सकते हैं इसलिये उसकी प्रतिलिपि अगर हमको जल्दी से जल्दी भी मिलेगी तो 10-11 बजे से पहले नहीं मिल पायेगी। तो उसी दिन तथ्यों का इन्वेस्टीगेशन कर, उनको एकत्र कर स्टेटमेंट देना सम्भव नहीं होगा।

श्री राजबहादुर : सारी विधान सभाओं में और संसद में यही होता है।

श्री अध्यक्ष : आसन पैरों पर है।

श्री परसराम मदेरणा : पार्लियामेंट में नहीं हुआ। पिछले 35 साल में ऐसा कभी नहीं हुआ।

श्री अध्यक्ष : विपक्ष के नेता महोदय ने आज ही इसकी व्यवस्था करने की बात की तो यह बात मैंने अस्वीकार नहीं की। आज अगर आ गया है तो कल तक उत्तर दे सकते हैं। यही व्यवस्था करनी है।

सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्रादि निलम्बित मंत्री का वक्तव्य

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, पाइन्ट ऑफ आर्डर।

(श्री नाथूसिंह)

अध्यक्ष महोदय, अभी कुछ दिनों पहले माननीय मंत्री मण्डल के तीन सदस्यों ने त्याग पत्र दिया था। एक माननीय सदस्य को माननीय मुख्य मंत्री जी ने बर्खास्त करने की राज्यपाल महोदय को सिफारीश की थी जो उन्होंने स्वीकार की और उस मंत्री महोदय को बर्खास्त किया गया। तो, अध्यक्ष महोदय, जहां तक नियमों की बात है माननीय मंत्री मण्डल के उन सदस्यों को त्याग पत्र देने के कारण सदन की जानकारी में लाने चाहिये।

श्री अध्यक्ष : ऐसे नियम कौनसे हैं कि कारण बताने चाहिये।

श्री नाथूसिंह : नियम 133 है।

श्री अध्यक्ष : 'अगर वह चाहे तो' यह है।

श्री नाथूसिंह : मैं बता रहा हूं। आप सुन लें।

एक माननीय सदस्य को बर्खास्त किया गया। अध्यक्ष महोदय, जब मंत्री मण्डल के किसी माननीय सदस्य को बर्खास्त किया जाता है तो परिस्थिति सामान्य नहीं होती। विशेष परिस्थिति में ही बर्खास्त करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहूंगा मुख्य मंत्री जी से कि ऐसे कौनसे विशेष कारण या परिस्थितियां रहीं जिनके कारण से मंत्री मण्डल के एक सदस्य जो कि प्रारम्भ से ही मंत्री रहे हैं इस सरकार में और जो कि मुख्य मंत्री पद के दावेदार थे, वे इतने महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, उनको मुख्य मंत्री जी ने बर्खास्त किया...

श्री अध्यक्ष : उन्होंने आपकी बात सुन ली है। ऑर्डर, ऑर्डर : जब कोई सदन के समक्ष कार्यवाही चल रही हो और उसमें प्रक्रिया के नियमों का अथवा संविधान का उल्लघंन हो रहा हो तो उस अवस्था में व्यवस्था का प्रश्न उठाया जाता है, मंत्री महोदय ने क्या कारण दिये और मुख्य मंत्री ने क्या कारण दिये, उनको सदन में इस तरह से नहीं उठाया जा सकता है। नियमों के अन्तर्गत यह नहीं आता है।

श्री नाथूसिंह : आप मेरी पूरी बात तो सुन लें।

श्री अध्यक्ष : भाषण देना चाहते हैं, यह सम्भव नहीं है। यह व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, आप आर्टिकल 102 संविधान का देखें। मैं उस पर निवेदन करना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : वर्तमान में तो कोई विचारणीय विषय ही नहीं है, मैं अगला विषय लेना चाहता था।

श्री परसराम मदेरणा : माननीय अध्यक्ष महोदय, बांदीकुई से आने वाले माननीय सदस्य ने जो पाइन्ट ऑफ ऑर्डर उठाया है वह तो त्याग पत्र देने वाले के ऊपर है, अगर वह स्वयं चाहेगा तो देने का प्रावधान है।

श्री अध्यक्ष : वह मैंने व्यवस्था दे दी है।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, आप सुन तो लें, पूरी बात।

श्री परसराम मदेरणा : Why do you want to insist ?

श्री अध्यक्ष : श्री कमलेन्द्र सिंह।

श्री कमलेन्द्र सिंह (वल्लभ नगर) : जो पाइन्ट ऑफ आर्डर माननीय नाथूसिंह जी

(श्री कमलेन्द्र सिंह)

ने उठाया है 133 के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि जो स्वयं निकल जाते हैं या जिन्होंने त्याग पत्र दिया है वे ही बयान दे सकते हैं।

श्री अध्यक्ष : बाध्य नहीं कर सकते हैं।

श्री कमलेन्द्र सिंह : हां। मैं तो एक ही निवेदन करना चाहता हूं अध्यक्ष महोदय, जब से चार मंत्रियों को निकाल दिया गया है अखबारों में तरह तरह की खबरें फैली हुयी है, तरह तरह की शंकायें उत्पन्न हुई हैं। उन शंकाओं का निराकरण करने के लिये आवश्यक है कि कोई भी चाहे एक ही मंत्री आगे आकर बयान दे तो जन मानस में जो शंकायें हैं उनका निराकरण होगा। यह प्रकरण साधारण नहीं है। साधारण इसलिये नहीं है अध्यक्ष महोदय, मंत्रियों को निकाले जाने के बाद जो इस प्रकार का व्यवहार सरकार ने उनके साथ किया है....

श्री अध्यक्ष : अलग अलग प्रस्ताव आ चुके हैं। इसको अन्य तरीके से उठायें। यह पाइन्ट ऑफ आर्डर नहीं है

श्री कमलेन्द्र सिंह : मंत्री महोदय के कमरे का ताला तोड़कर ...

श्री अध्यक्ष : मंत्री बनने में कई जोखिम हैं जिसको आप नहीं समझ सकते हैं।

श्री कमलेन्द्र सिंह : इसलिये मैं यह चाहूंगा कि इस विषय पर कोई वक्तव्य आ जाये।

श्री अध्यक्ष : उन्होंने सुन लिया है। अब यह उनकी इच्छा पर निर्भर करता है।

श्री महावीर प्रसाद जैन : यह उनकी डिसक्वालिफिकेशन है।

श्री भंवरलाल शर्मा : भाटी जी स्टेटमेंट देना चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष : कृपया स्थान ग्रहण करें। आसन पैरों पर है।

श्री विष्णुप्रकाश बाजारी (ब्यावर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने नियम 195 के तहत...

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : अध्यक्ष महोदय, हम प्रजातंत्र में चुनकर आते हैं। अगर किसी माननीय सदस्य से कोई मंत्री नाराज हो जाये तो वह क्या हमारा सामान उठाकर फेंक सकता है ?

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जायें। समय नहीं लें, माननीय सदस्य।

आर्डर, आर्डर। विपक्ष के नेता कुछ चाहते हैं।

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण): वक्तव्य दें कि उन्होंने ऐसा एक्शन क्यों किया।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : माननीय सदस्य, जो पहले मंत्री थे, यह सही है कि हम उनको मजबूर नहीं कर सकते कि वह यहां वक्तव्य दें...

श्री अध्यक्ष : आपके समय में ऐसा हुआ कि नहीं ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मेरे समय में देख लें, ऐसी बात नहीं है। आप भी निकले हैं एक बार। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि उनको रिवर्स किया जाकर करें और वह वक्तव्य दें, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि एक माननीय सदस्य, जो पहले मंत्री थे, को

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

डिसमिस किया गया और डिसमिसल या त्याग पत्र देने के बाद में मुख्य मंत्री जी की ओर से जिन माननीय सदस्यों ने त्याग पत्र दिये उन पर आरोप हैं और मुख्य मंत्री जी पर प्रत्यारोप लगाये गये। यहां वक्तव्य दें, यह उनकी मर्जी की बात है। मुख्य मंत्री जी से और जिन माननीय सदस्यों ने त्याग पत्र दिये उनसे एक जानकारी करना चाहूंगा कि क्या जो आरोप प्रत्यारोप लगे हैं, वह सही हैं? अगर सही हैं तो सदन के अन्दर कॉग्नीजेंस लें, कॉग्नीजेंस इस रूप में लें, आरोप ऐसे नहीं हैं जो साइड ट्रैक किया जाय, आरोप ऐसे भी नहीं हैं, जिनके उपर चर्चा नहीं की जाय। आरोप यह भी लगे हैं, इस प्रकार के आरोप लगे हैं कि जिन आरोपों पर इस सदन में कई बार पहले चर्चा हुई है, सदन के कई माननीय सदस्यों ने सत्तापक्ष पर इस प्रकार के आरोप लगाये हैं। मुख्य मंत्री जी ने उन आरोप की ताईद की है। मैं तो केवल एक जानकारी करना चाहूंगा कि क्या माननीय सदस्य, जिनको मुख्य मंत्री जी ने आरोपित किया ने उन आरोपों के कारण से त्यागपत्र दिये और उन्होंने जो मुख्य मंत्री जी पर आरोप लगाये, क्या वे आरोप सही हैं? सही होने की स्थिति में क्या सरकार की ओर से उन आरोपों का खण्डन-मण्डन किसी प्रकार से किये जाने की स्थिति में सरकार नहीं है?

श्री प्रद्युम्नसिंह (राज्य मंत्री, गृह) : अन्दरूनी मामलात हैं।

श्री अध्यक्ष : जहां तक व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया था, उसको तो मैंने निरस्त कर दिया। आपने कुछ सुझाव दिये हैं कि ऐसा होना चाहिए था। विचारणीय विषय है और विषय किसी माध्यम से हमारे यहां आते हैं, उस हिसाब से सदन चल रहा है। आप कोशिश करें कि किसी हिसाब से प्रश्न आये।

श्री राजबहादुर : मेरा पॉइन्ट ऑफ ऑर्डर है।

श्री अध्यक्ष : कोई विचारणीय विषय नहीं है, माननीय सदस्य, सदन के सामने। जिस विषय को मैं हाथ में लूं, उसमें अगर कोई एतराज हो या उसमें प्रक्रिया के नियम का या संविधान का हनन हो रहा हो, तब पॉइन्ट ऑफ ऑर्डर उठाया जाय।

श्री राजबहादुर : आर्टिकल 164 संविधान का है, उसमें क्लीयर प्रोविजन है। आप देखें तो सही।

श्री अध्यक्ष : वह कानून की व्याख्या है, हमारे समक्ष कोई विचारणीय विषय नहीं है।

श्री राजबहादुर : यह कानून की व्याख्या नहीं है।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्र। कृपया स्थान ग्रहण कीजिए। सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्र।

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष महोदय, मेरा तो प्रश्न है, आज राजस्थान…

श्री अध्यक्ष : उपचार करेंगे। कृपया समय न लें।

सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्र। विधेयकों का विवरण।

सदन पटल पर रखे गये पत्र

राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयक

(72)

श्री सचिव (राजस्थान विधान सभा): महोदय, मैं गत सत्र में पारित निम्नांकित विधेयकों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं, जिन पर राष्ट्रपति महोदय अथवा राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो चुकी है :

(क) राष्ट्रपति महोदय की अनुमति प्राप्त विधेयक:–

1. राजस्थान दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 1982

2. सिविल प्रक्रिया संहिता (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 1982

3. मोटर यान (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 1982

(ख) राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त विधेयक:–

1. राजस्थान विधान सभा (अधिकारियों तथा सदस्यों की परिलब्धियां और पेंशन, (संशोधन) विधेयक, 1983

2. राजस्थान सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, 1983

3. राजस्थान सिनेमा विनियमन (संशोधन) विधेयक, 1983

4. राजस्थान विनियोग (संख्या–2) विधेयक 1983

5. राजस्थान विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 1983

श्री अध्यक्ष : विधि मंत्री जी अधिनियम का परिशोधित पाठ सदन की मेज पर रखेंगे।

अधिनियम का परिशोधित पाठ

श्री अहमदबक्श सिंधी (विधि मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान राजभाषा अनुपूरक उपबन्ध अधिनियम, 1970 की धारा 3(2) के अन्तर्गत राजस्थान आवश्यक सेवा बनाये रखने अधिनियम, 1970 का परिशोधित पाठ सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : परिशोधित पाठ क्या होता है ?

श्री अहमदबक्श सिंधी : अमेण्डेड। यह इम्तिहान लेने की जगह नहीं है।

इस अधिनियम का परिशोधित पाठ गत सत्र में सदन की मेज पर रखा गया था परन्तु राजस्थान राज भाषा अनुपूरक उपबन्ध अधिनियम, 1970 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत व्यक्त कालावधि पूरी न हो सकने के कारण इस प्रक्रिया के नियम 169 (2) के अन्तर्गत पाठ सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : अध्यादेश। मुख्य मंत्री जी।

अध्यादेश

श्री बुलाकीदास कल्ला (राज्य मंत्री, शिक्षा): अध्यक्ष महोदय, आपकी आज्ञा से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश-संख्या 6 सन् 1983) सदन की मेज पर रखता हूं।

व्यवस्था का प्रश्न

मंत्री के स्थान पर राज्य मंत्री तथा उप मंत्री द्वारा सदन पटल पर पत्रादि की प्रस्तुति

श्री भैरोंसिंह शेखावत : ऑन ए पॉइन्ट ऑफ ऑर्डर.

अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं, मुख्य मंत्री जी यहां उपस्थित हैं। वे इतनी बड़ी हस्ती नहीं हैं कि जिनके नाम के ऊपर सदन में बिजनेस अंकित है और वह सदन में मूव नहीं करें और डिप्टी मिनिस्टर सारी स्टेट मिनिस्टर को कहें। मेरा कहने का अभिप्राय यह नहीं है कि उनको रखने का अधिकार नहीं है, किन्तु सदन की व्यवस्थायें भी कुछ हैं। मुख्य मंत्री जी के नाम पर बिजनेस है और और मुख्य मंत्री जी उपस्थित हैं...

श्री अध्यक्ष : ऐसा पूर्व में भी हुआ है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, कहीं नहीं हुआ। मुख्य मंत्री जी उपस्थित हों और...

श्री अध्यक्ष : उन्होंने अनुमति ले ली।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : किस बात की ले ली? किस से ले ली? मुख्य मंत्री जी ने अभी कहा कि पार्लियामेंट के मेम्बर रहे हैं. पार्लियामेंट में अभी भी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिस व्यवस्था में मंत्री की उपस्थिति में दूसरे मंत्री कोई सदन की कार्यवाही में इस प्रकार बिल, विधेयक, आर्डिनेन्स प्रस्तुत करें एबसेंस में भी परमिशन लेने की आवश्यकता है। पार्लियामेंट में भी प्रोसीजर है, इव सदन में भी व्यवस्था रही है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसमें ऐसी कौनसी स्थिति रही है. मुख्य मंत्री जी खड़े होकर इसको पेश कर देते सदन की गरिमा बढ़ जाती।

श्री शिवचरण माथुर (मुख्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मेरा आशय कोई सदन का अपमान करना नहीं है। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट कर दूं कि माननीय कल्ला जी विश्वविद्यालय शिक्षा राज्य मंत्री हैं। आप जैसा कहते हैं कि ऐसी कोई परम्परा नहीं रही तो कई बार यहां पर मेरी मौजूदगी में भी.....

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप यहां बहुत कम बैठे हैं।

श्री शिवचरण माथुर : बिल पारित किये हैं, सवालों का जवाब दिया है, यह तो परम्परा रही है.

श्री भैरोंसिंह शेखावत : परम्परा गलत है तो उसको सही करिये।

श्री अध्यक्ष : ऐसी परम्परा रही है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप कह रहे हैं, ऐसी परम्परा रही है। मेरी जानकारी में तो ऐसा नहीं है। मंत्री के नाम पर बिजनेस अंकित है और उसकी उपस्थिति में दूसरा रखे, मुझे तो एक उदारहरण बता दीजिये। मान लीजिये परम्परा रही है, तो परम्परा गलत है.

श्री शिवचरण माथुर : मैं तो इसको कोई गलत परम्परा नहीं मानता।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप तो गलत परम्पराओं के आदि हैं। अध्यक्ष महोदय, यदि कल्ला जी के नाम पर रख देते तो उनको भी अधिकार है। जब आपने मुख्य मंत्री जी के नाम पर रखा, उसके बाद में कल्ला जी क्यों आ गये? मुख्य मंत्री जी अनुपस्थित हो तो बात समझ में आती है। जिस मंत्री के नाम से अंकित है, वह हाउस में प्रस्तुत करें। किसी कारण से अनुपस्थित हो तो वह अनुमति लें। यदि मुख्य मंत्री जी यहां हों और ऐसा करते हैं तो यह गलत है।

(74)

श्री प्रद्युम्न सिंह: कर सकते हैं। पार्लियामेंट के अन्दर स्टेट इवन डिप्टी मिनिस्टर भी रखते हैं। आप सुनिये तो सही बात को।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, आसन पैरों पर है।

(व्यवधान)

आडर, आर्डर। माननीय सदस्य, कृपया बैठ जायं।

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर) : आप गलत परम्परा डाल रहे हैं...

श्री प्रद्युम्न सिंह : आप बैठ जाय...

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज, माननीय सदस्य, बैठ जायं।

ऐसा है कि पूर्व में भी जब वरिष्ठ मंत्री उपस्थित हैं अथवा मुख्य मंत्री उपस्थित हों और कोई बिजनेस उनके नाम के है, तो प्रश्नों के उत्तर देने हों या परिचय पत्र आदि प्रस्तुत करने हो, तो वह भी कार्य करते जैसी विपक्ष के नेता महोदय ने बात कही है, जब नाम मुख्य मंत्री जी का पुकारा जाय और सारा सदन मुख्य मंत्री जी को सुनने के लिये उत्सुक हो उस वक्त उनसे कनिष्ठ मंत्री खड़े हो जायं तो थोड़ा अटपटा सा लगता है। इसलिये यथा संभव कोशिश यह होनी चाहिये कि मुख्य मंत्री जी या वरिष्ठ मंत्री जी के नाम बिजनेस हो उस समय वे उपस्थित नहीं है तब तो उनके कनिष्ठ मंत्री उस बिजनेस को प्रस्तुत कर सकते हैं लेकिन आमतौर से यह ध्यान रखा जाना चाहिये कि जब वरिष्ठ मंत्री या मुख्य मंत्री जी के नाम कोई बिजनेस है उस समय वे सदन में उपस्थित हैं तो उनको बिजनेस प्रस्तुत करने की ज्यादा कठिनाई होने का प्रश्न नहीं है।

श्री प्रद्युम्न सिंह : अध्यक्ष महोदय, प्रश्नों के बारे में भी फिर यही प्रश्न उपस्थित होगा।

श्री अध्यक्ष : प्रश्नों के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है।

(व्यवधान)

श्री यदुनाथ सिंह (नदबई): अध्यक्ष महोदय, दर्शक दीर्घा में बैठे लोग कल्ला जी को मुख्य मंत्री जी समझ लेंगे।

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अध्यादेश

श्री अध्यक्ष : श्री राजस्व मंत्री जी।

श्री हीरालाल देवपुरा (राजस्व मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नांकित अध्यादेश एवं प्रक्रिया के नियम 63 (2) के अन्तर्गत उनको जारी करने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं:–

(1). राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 1 सन् 1983) एवं

(2) राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 3 सन् 1983).

श्री अध्यक्ष : श्री राजस्व मंत्री जी।

श्री हीरालाल देवपुरा (राजस्व मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान अभिधृति (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 4 सन् 1983) सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री उपनिवेशन मंत्री जी।

श्री चन्दनमल बैद (उपनिवेशन मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नांकित अध्यादेश एवं उसके जारी करने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं :–

राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 5 सन् 1983)

श्री अध्यक्ष : आयुर्वेद राज्य मंत्री जी।

श्री दिनेश डांगी (राज्य मंत्री, आयुर्वेद) : अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नांकित अध्यादेश एवं प्रक्रिया के नियम 63 (2) के अन्तर्गत उसको जारी करने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं:–

राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 2 सन 1983)

श्री अध्यक्ष : अधिसूचनाओं का सदन की मेज पर रखा जाना।

व्यवस्था का प्रश्न

अध्यादेश को जारी करने के कारण का विवरण

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता, प्रतिपक्ष): नहीं, नहीं पाइन्ट ऑफ आर्डर। श्री देवपुरा जी ने एक अध्यादेश के सम्बन्ध में अध्यादेश प्रस्तुत करने के कारण प्रस्तुत नहीं किये। अध्यक्ष महोदय, अध्यादेश संख्या 4 को जारी करने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर नहीं रखा गया है।

श्री अध्यक्ष : कौन से अध्यादेश का ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : श्री हीरालाल देवपुरा, राजस्व मंत्री राजस्थान अभिधृति (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 4 सन् 1983) सदन की मेज पर रखें।

श्री हीरालाल देवपुरा : वह भी कारण दिये हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यादेश को जारी करने के कारण आपने सदन में प्रस्तुत नहीं किये हैं।

श्री हीरालाल देवपुरा : इसकी आवश्यकता नहीं है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आवश्यकता है।

श्री अध्यक्ष : उस स्थिति में जब बिल सदन के समक्ष विचाराधीन हो और आर्डिनेन्स निकला हो उस स्थिति में जब पारित होने आयेगा विधेयक उस वक्त कारण प्रस्तुत किये जायेंगे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : किसी भी स्थिति में अध्यादेश प्रस्तुत किया जाय उसके कारणों का विवरण सदन में देना पड़ेगा।

श्री हीरालाल देवपुरा : नियम 63 (1) भी देख लीजिये, "जब कभी कोई विधेयक जो किसी अध्यादेश के स्थान में उसमें रूपभेद सहित या उसके बिना सदन में पुरःस्थापित किया जाये तो सदन के सामने विधेयक के साथ उन परिस्थितियों को स्पष्ट करने वाला एक विवरण भी रखा जायेगा, जिसके कारण अध्यादेश द्वारा तुरन्त विधान बनाना आवश्यक हो गया था"

श्री भैरोंसिंह शेखावत : वही कारण तो प्रस्तुत होने चाहिये थे। आप ही तो नियम बताते हो और आप ही फंस जाते हो। यह तो आपने ही पढ़कर सुना दिया और समस्या का समाधान कर दिया, अध्यक्ष महोदय।

श्री यदुनाथ सिंह (नदबई) : बिना कारण भी अध्यादेश लेकर आते हैं ?

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : 1 और 2- "(1) Whenever a Bill seeking to replace an Ordinance with or without modification is introduced in the House, there shall be placed before the House along with the Bill a statement explaining the circumstances which had necessitated immediate legislation by Ordinance."

"(2) Whenever an Ordinance which embodies wholly or partly or with modification the provisions of a Bill pending before the House is promulgated, a statement explaining the circumstances which had necessitated inmdeiate legislation by Ordinance shall be laid on the Table at the commencement of the session following the promulgation of the Ordinance."

इसमें नम्बर वन में तो यह करना होता है कि बिल के साथ रखे जाते हैं और नम्बर 2 यह है कि statement shall be laid on the Table on the commencement of the session.

श्री परसराम मदेरणा (सिंचाई मंत्री): अध्यक्ष महोदय, जो बिल हाउस में पेन्डिंग है उसके सम्बन्ध में तो कमेन्समेन्ट ऑफ दी हाउस के वक्त हाउस में रखा जायेगा। 4 नम्बर का जो आर्डिनेन्स है वह टिनेन्सी एक्ट से सम्बन्धित है और टिनेन्सी एक्ट से सम्बन्धित कोई भी बिल सदन में पेन्डिंग नहीं है। कोई आर्डिनेन्स सदन की मेज पर रखा जाता है तो उसके कारण सदन की पटल पर रखे जायं यह भी आवश्यक नहीं है। रूल 64 के अन्तर्गत रख भी सकते हैं और नहीं भी रख सकते हैं...

श्री भैरोंसिह शेखावत : पेश नहीं करेंगे यह कह दो।

श्री परसराम मदेरणा : पेश तो करेंगे।

श्री अध्यक्ष: आर्डर प्लीज। इस संबंध में मेरी व्यवस्था कुछ समय बाद बता दूंगा।

श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी (कोटा): अध्यक्ष महोदय, कोई भी अध्यादेश जारी होता है तो उसका मतलब यह होता है कि इस बात की आवश्यकता अविलम्ब हो गई है। उस समय कारण भी बताये जाते हैं लेकिन इस समय कारण प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि अध्यादेश की उतनी आवश्यकता उस समय नहीं थी...

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, इस सम्बन्ध में अपनी व्यवस्था मैं बाद में दूंगा। मैंने यह निवेदन कर दिया। अधिसूचना को सदन की मेज पर रखी जायेगी।

अधिसूचना सदन पटल पर रखने में विलम्ब

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : पाइन्ट ऑफ आर्डर। सर। अध्यक्ष महोदय, आप देखेंगे कि जो अधिसूचनायें सदन की मेज पर रखी जा रही हैं उसमें अधिसूचना संख्या पहली 13 अप्रेल, 1982 की है और दूसरी अधिसूचना 1983 की है। 13 अप्रेल, 1982 के बाद

(श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी)

विधान सभा का एक वार सत्र हो चुका है। आपके माध्यम से राज्य सरकार को कई वार निवेदन कर चुके हैं इस बात के लिये...

श्री अध्यक्ष : उसके बाद तो आदत में सुधार हुआ है। जो 5-5, 6-6 साल का समय लगता था उसमें अब यदि 5-6 महीने का कभी विलम्ब हो जाता है तो ज्यादा परेशानी वाली बात नहीं है। लेकिन यथासंभव इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि कोई सूचना निकले तो तत्समय ही सत्र में प्रस्तुत की जाय।

सदन के पटल पर रखे गये पत्र
अधिसूचनाएं

श्री शिवचरण माथुर (मुख्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं गृह ग्रुप (5) विभाग की निम्नांकित अधिसूचनायें सदन की मेज पर रखता हूं :-

(क) राजस्थान अत्यावश्यक सेवायें अनुरक्षण अधिसूचना, 1970 की धारा (2) की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपखण्ड (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन ;

(1) अधिसूचना संख्या पं. 1/6 (3) गृह 5/1/82; दिनांक 13 अप्रेल, 1982 जिसके द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय, जोधपुर विश्वविद्यालय और मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के अन्तर्गत परीक्षाओं से सम्बन्धित समस्त सेवाओं को अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया है,

(2) अधिसूचना संख्या प. 1 6 (3) गृह-5/82, दिनांक 13 अप्रेल, 1983 जिसके द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय, जोधपुर विश्वविद्यालय, और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर तथा निदेशक, कालेज शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं से सम्बन्धित समस्त सेवाओं में हड़ताल किये जाने पर प्रतिषेध किया गया है।

(ख) राजस्थान सिनेमा (विनियमन) अधिनियम, 1952 की धारा (4) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन;

(1) अधिसूचना संख्या एफ. 1/7 (2) गृह-5/82, दिनांक 26 मार्च, 1983 जिसके द्वारा राजस्थान सिनेमा (विनियमन) नियम, 1959 में संशोधन किये गये हैं,

(2) अधिसूचना संख्या एफ. 1 (7) (2) गृह-5/82 दिनांक 26 मार्च, 1983 जिसके द्वारा एक लाख एवं उससे अधिक जन संख्या वाले नगरों कस्बों में उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ अनुज्ञापन प्राधिकारी होने के नाते एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है।

श्री अध्यक्ष: श्री चन्दनमल वैद, उपनिवेशन मंत्रीजी,

श्री चन्दनमल वैद (उपनिवेशन मंत्री) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्व उपनिवेशन विभाग की निम्नांकित अधिसूचनायें सदन की मेज पर रखता हूं।

(1) अधिसूचना संख्या एफ. 4 (25) रेव/कोल/82, दिनांक 21 मार्च, 1983 जिसके द्वारा राजस्थान उपनिवेशन (भाखरा तथा राजस्थान नहर परियोजना उपनिवेशन क्षेत्र की मण्डियों में भूमि का विक्रय तथा आवंटन (शर्तें, 1973 में संशोधन किया गया है,

(2) अधिसूचना संख्या प. 3 (2) राज/उप/83, दिनांक 9 मई, 1983 जिसके

(78)

(श्री चन्दनमल बैद)

द्वारा श्री बी.एल. मेघवाल, सहायक जिलाधीश (द्वितीय) टौंक को अपने प्रादेशिक अधिकारिता के भीतर मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना वाले क्षेत्रों के सम्बन्ध में जिलाधीश के सभी कृत्यों की पालना एवं सभी शक्तियों के प्रयोग हेतु नियुक्त किया गया है,

(3) अधिसूचना संख्या प. 4(2)राज/उप/82, दिनांक 9 मई, 1983 जिसके द्वारा राजस्थान उपनिवेशन (मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना में राजकीय भूमि का आवंटन) नियम, 1968 के अधीन भूमि आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने की अवधि को एक महीने से कम कर 15 दिन किया गया है/

(4) अधिसूचना संख्या प. 4(7) राज/उप/83, दिनांक 24 मई, 1983 जिसके द्वारा श्री आनन्द कुमार शर्मा, उप जिला विकास अधिकारी, टौंक को अपने प्रादेशिक अधिकारिता के भीतर मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना वाले क्षेत्रों के संबंध में जिलाधीश के सभी कृत्यों की पालना एवं सभी शक्तियों के प्रयोग हेतु नियुक्त किया गया है,

(5) अधिसूचना संख्या प. 4(1) राज/उप/83, पार्ट दिनांक 9 जून, 1983 जिसके द्वारा अतिरिक्त जिलाधीश (सी.ए.डी.) चम्बल, कोटा को अपने प्रादेशिक अधिकारिता के भीतर चम्बल परियोजना वाले क्षेत्रों के सम्बन्ध में जिलाधीश के सभी कृत्यों की पालना एवं सभी शक्तियों के प्रयोग हेतु नियुक्त किया गया है,

(6) अधिसूचना संख्या प. 3 (183) राज/उप/81, दिनांक 25 मई, 1983 जिसके द्वारा राजस्थान नहर उपनिवेशन के द्वितीय चरण में सामान्य आवंटन योग्य उपलब्ध राजकीय भूमि में से 12500 बीघा भूमि (500 मुरब्बे) सीमा सुरक्षा बल के भूतपूर्व सेवा निवृत्त उन सदस्यों के लिये जो राजस्थान के निवासी हैं, आवंटन हेतु आरक्षित किया गया है।

श्री अध्यक्ष : श्री जयकृष्ण शर्मा, परिवहन राज्य मंत्रीजी।

श्री जयकृष्ण शर्मा (राज्य मंत्री परिवहन): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान मोटर गाडी कराधान अधिनियम, 1951 की धारा 3 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनायें सदन की मेज पर रखता हूं :–

(1) अधिसूचना संख्या प. 5 (19) गृह-7/83, दिनांक 1 अप्रेल, 1983 जिसके द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए अनुबंधित बस कर मुक्त की गयी है,

(2) अधिसूचना संख्या प.5 (11) गृह-7/83, दिनांक 7 अप्रेल, 1983 जिसके द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए अनुबंधित बस कर मुक्त की गयी है,

(3) अधिसूचना संख्या प.5 (12) गृह-7/83, दिनांक 11 अप्रेल, 1983 जिसके द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शैक्षणिक भ्रमण के लिये अनुबंधित बस कर मुक्त की गयी है,

(श्री जयकृष्ण शर्मा)

(4) अधिसूचना संख्या प.5 (14). गृह-7/83, दिनांक 12 अप्रेल, 1983 जिसके द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शैक्षणिक भ्रमण के लिये अनुबंधित बस कर मुक्त की गयी है,

(5) अधिसूचना संख्या प.5 (21) गृह-7/77, दिनांक निल जिसके द्वारा इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के हवाई अड्डों की सीमा में हवाई जहाजों में पैट्रोल दिये जाने के काम में लिये जाने वाले दो वाहन कर मुक्त किये गये हैं,

(6) अधिसूचना संख्या प. 5 (16) गृह-7/78, दिनांक 12 अगस्त, 1983 जिसके द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को लाने ले जाने वाली बस कर मुक्त की गयी है।

प्रतिवेदन एवं लेखे

श्री अध्यक्ष : प्रतिवेदन एवं लेखे आदि सदन की मेज पर रखे जायेंगे। मुख्य मंत्रीजी।

श्री शिवचरण माथुर (मुख्यमंत्री) अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित प्रतिवेदन एवं लेखे आदि सदन की मेज पर रखता हूं:—

(1) कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 619 (ए) के अन्तर्गत राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड का 13 वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण; 1981-82,

(2) कम्पनीज, अधिनियम, 1956 की धारा 619 (ए) के अन्तर्गत सांभर साल्ट्स लिमिटेड का 18 वां वार्षिक-प्रतिवेदन 1981-82 एवं 1-10-1981 से 30-9-82 तक की अवधि के लेखों के परीक्षित विवरण,

(3) राजस्थान वित्त निगम अधिनियम, 1951 की धारा 39 (7) के अन्तर्गत राजस्थान वित्त निगम के वर्ष 1981-82 के अंकेक्षण प्रतिवेदन,

(4) राजस्थान वित्त निगम अधिनियम, 1951 की धारा 38 (3) के अन्तर्गत राजस्थान वित्त निगम के वर्ष 1982-83 का 28वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे मय सम्पति एवं दायित्व के विवरण।

श्री अध्यक्ष : विधि मन्त्रीजी।

श्री अहमद बक्श सिंधी (विधि मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 619-ए के अन्तर्गत दी गंगानगर शूगर मिल्स लिमिटेड के वर्ष 1979-80 एवं 1981-82 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन की मेज मर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री जयकृष्ण शर्मा।

श्री जयकृष्ण शर्मा (राज्य मंत्री परिवहन): अध्यक्ष महादय, मैं पथ परिवहन अधिनियम, 1950 की धारा 33 के अन्तर्गत राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के वर्ष 1978-79 के लेखाओं की संपरीक्षा प्रतिवेदन सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : पर्यटन राज्य मंत्री जी।

श्री बुलाकी दास कल्ला (राज्य मंत्री पर्यटन) : अध्यक्ष महोदय, मैं कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 619(ए) की उपधारा 3 (बी) के अन्तर्गत राजस्थान पर्यटन विकास

(80)

(श्री बुलाकीदास कल्ला)

निगम लिमिटेड के वर्ष 1979-80 एवं 1980-81 के वार्षिक लेखे एवं प्रगति प्रतिवेदन सदन की मेज पर रखता हूं।

वापस लिया गया विधेयक राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री अध्यक्ष : विधायी कार्य। वापस लिये जाने वाले विधेयक। श्री चन्दनमल बैद।

श्री चन्दनमल बैद (उपनिवेशन मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की गई।

श्री चन्दनमल बैद : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेता हूं।

श्री नाथूसिंह : पाइन्ट ऑफ आर्डर।

श्री अध्यक्ष : हां, फर्मायें।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, जब कोई भी विधेयक वापस लिया जाता है तब सदन को उसके कारण भी बताये जाते हैं। बिना कारण जाने हम कह रहे हैं कि वापस लिया जाय या नहीं लिया जाय।

श्री चन्दनमल बैद : अध्यक्ष महोदय, अभी मैंने आर्डिनेन्स की प्रति सदन की मेज पर रखी है। यह विधेयक पहले सदन में पेश किया गया उसके बाद में आर्डिनेन्स जारी किया गया। उसको रिप्लेस करने के लिए बिल मैं आपकी आज्ञा से प्रस्तुत करूंगा।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, यह तो प्रक्रिया के अनुसार रखे जाते हैं।

श्री हीरालाल देवपुरा।

राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री हीरालाल देवपुरा (राजस्व मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की आज्ञा के लिये प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लिये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री दिनेश डांगी ।

राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री दिनेश डांगी (राज्य मंत्री, आयुर्वेद): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की जावे?

(स्वीकृत)

राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की गई।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को वापस लेता हूं।

राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) विधेयक, 1983

श्री अध्यक्ष : श्री हीरालाल देवपुरा ।

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) विधेयक, 1983 को वापस लेने की आज्ञा के लिये प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) विधेयक, 1983 को वापस लेने की अनुमति प्रदान की गई।

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान पास बुक (कृषि जोत) विधेयक 1983 को वापस लेता हूं।

श्री अध्यक्ष : पुरःस्थापित किय जाने वाले विधेयक । श्री चन्दनमल बैद ।

पुरः स्थापित विधेयक

राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री चन्दनमल बैद (उपनिवेशन मंत्री): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरः स्थापित करने के लिए की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरः स्थापित करने के लिए आज्ञा प्रदान की गई।

श्री चन्दनमल बैद : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरः स्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री हीरालाल देवपुरा.

82

राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री हीरालाल देवपुरा (राजस्व मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने के लिए आज्ञा प्रदान की जाय ?

(स्वीकृत)

राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई !

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, मैं प्रक्रिया के नियम 63 (1) के अन्तर्गत राजस्थान अभिधृति (संशोधन) अध्यादेश, 1983 (अध्यादेश संख्या 4 सन् 1983) को जारी करने के कारणों के विवरण को भी सदन की मेज पर रखता हूं!

श्री परसराम मदेरणा : अध्यक्ष महोदय, यह वही अध्यादेश है जिसके कारणों को सदन की मेज पर रखने के लिए कह रहे थे।

राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की अनुमति, प्रदान की जाय ?

(स्वीकृत)

राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक 1983 को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की गई।

श्री हीरालाल देवपुरा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री जयकृष्ण शर्मा। प्रभारी मंत्री।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन सेवा (बिना टिकट यात्रा निवारण (संशोधन) विधेयक, 1983

श्री जयकृष्ण शर्मा (राज्य मंत्री, यातायात): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान राज्य पथ परिवहन सेवा (विना टिकिट यात्रा निवारण) (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने के लिए आज्ञा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन सेवा (बिना टिकिट यात्रा निवारण) (संशोधन) विधेयक, 1983 पुर : स्थापित करने के लिए आज्ञा प्रदान की जाय।

(स्वीकृत)

आज्ञा प्रदान की गयी।

श्री जयकृष्ण शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान राज्य पथ परिवहन सेवा (बिना टिकिट यात्रा निवारण) (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करता हूं।

राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा संशोधन विधेयक, 1983

श्री अध्यक्ष : दिनेश डांगी।

श्री दिनेश डांगी (राज्य मंत्री, आयुर्वेद): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान करने के लिये प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि क्या राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने के लिये आज्ञा प्रदान की जाय।

(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ)

आज्ञा प्रदान की गयी।

श्री दिनेश डांगी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान होमियोपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करता हूं ।

राजस्थान पंचायत समिति तथा जिला परिषद् (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1983

श्री अध्यक्ष : श्री शीशराम ओला।

श्री शीशराम ओला : (राज्य मंत्री पंचायत): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान पंचायत समिति तथा जिला परिषद् (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने के लिये आज्ञा प्रदान की जाय।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि क्या राजस्थान पंचायत समिति तथा जिला परिषद् (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1983 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाये।

(स्वीकृत)

आज्ञा प्रदान की गयी।

श्री शीशराम ओला : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान पंचायत समिति तथा जिला परिषद (द्वितीय संशोधन) विधेयक, को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : विचारार्थ लिये जाने वाले विधेयक।

व्यवस्था का प्रश्न

विधेयक की प्रतियां वितरित होने में विलम्ब

श्री भंवरलाल शर्मा : ऑन ए पॉइन्ट ऑफ आर्डर। अध्यक्ष महोदय, आज की कार्य सूची में दो विधेयक पारित होने के लिये, जा रहे हैं। इन बिलों की प्रतियां माननीय सदस्यों को आज सुबह नौ बजे ही मिली है। हम उन बिलों पर कुछ भी विचार नहीं कर सके हैं।

श्री अध्यक्ष : वह तो आपको रात को ही मिली होगी।

84

श्री यदुनाथ सिंह : रात को नहीं मिली, आज सुबह मिली है नौ बजे।

श्री भंवरलाल शर्मा : अध्यक्ष महोदय, आज सुबह मिली है इस कारण हम इन बिलों का अच्छी तरह अध्ययन नहीं कर सके हैं। माननीय सदस्य अगर कुछ अपने संशोधन देना चाहें तो उन्हें पूरा समय नहीं मिला है। चूंकि यह बहुत ही गहन विषय है, हम बहुत बड़ा कानून पास करने जा रहे हैं जिस पर माननीय सदस्यों को अपने पूरे विचार रखने का समय नहीं मिला है। मैं समझता हूं कि ऐसे हालात में इस बिल को पारित करना उचित नहीं रहेगा। इसलिये मेरा निवेदन है कि इन बिल को आज नहीं लिया जाकर किसी अन्य दिन ले लिया जाये तो उचित रहेगा।

श्री अहमद बक्श सिंधी (विधि मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि ...

एक माननीय सदस्य : बैठ जायं।

श्री अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, माननीय सदस्य ने पॉइन्ट ऑफ आर्डर उठाया है कि इन बिलों को आज विचारार्थ नहीं लिया जायं क्योंकि इसकी सूचना माननीय सदस्यों को कल रात को या आज सुबह मिली है।

श्री भंवरलाल शर्मा : कल रात को नहीं, साहब, आज सुबह मिली है।

श्री अहमद बक्श सिंधी : अध्यक्ष महोदय, ऐसा है कि यह मामला कोई बहुत बड़ा नहीं है। यह तो मियाद बढ़ाने के लिये है छोटा सा है, इसमें कोई दिक्कत जैसी बात नहीं है। ऐसा तो हमेशा से ही होता आया है।

(व्यवधान)

इसमें सिर्फ 31 दिसम्बर तक मियाद बढ़ाने का है।

श्रीमती उजला अरोड़ा : माननीय विधि मंत्री जी को ज्ञात होना चाहिये कि इसके लिये क्या नियम है। आप बताइये कि नियमों के अनुसार आपको कितने घंटे पहले इसको माननीय सदस्यों को सर्क्यूलेट करना चाहिये। आप पहले विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों में जो प्रावधान है उसका अध्ययन करिये, उसके बाद में बताइये कि कितने घंटे पहले माननीय सदस्यों के पास बिल की कापी आ जानी चाहिये और कितने घंटे पहले संशोधन दिये जा सकते हैं। आप पहले इसका जवाब दें।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, कृपया शान्त रहें।

श्री अहमद बक्श सिंधी : माननीय सदस्या ने जो बात कही उसके लिये तो मेरा यही निवेदन है कि इसमें तो वक्फ के लिये मियाद बढ़ाने की बात है। उन कैसेज में जिसमें कि मियाद खत्म होने जाने रही थी उसको बढ़ाने की बात है। यह तो एक सुविधा के लिये थी। मैं समझता हूं, माननीय सदस्य, आप काफी अक्लमन्द और समझदार हैं इसलिये इसमें कोई दिक्कत आने वाली बात नहीं है।

श्री यदुनाथसिंह : हमने तो इसको पढ़ा ही नहीं है। जब तक हम इस बिल को पढ़े नहीं तब तक क्या अमेन्डमेंन्ट दे सकते हैं।

श्री ग्रहमद बक्श सिंधी : यह तो ऑलरेडी पैन्डिंग बिल था। अध्यक्ष महोदय, यहां पर पिछले सत्र में इन्ट्रोड्यूस हो चुका था। पिछले सत्र से ही चला आ रहा है पैन्डिग।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, अभी विधि मंत्री जी ने जो एक माननीय सदस्य ने पॉइन्ट ग्रॉफ आर्डर उठाया था उसके लिये राय दी है उससे यह तो अच्छी तरह पता चल सकता है कि विधि मंत्री जी नियमों से कितने परिचित हैं। मेरा निवेदन यह है कि आप यह कहना चाहेंगे कि यह बिल रात को ही सर्क्यूलेट कर दिये गये थे।

श्री खेतसिंह राठौड़ : विधि मंत्री जी सब नियम जानते हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : विधि मंत्री इतने ही विद्वान होते तो फिर विधि मंत्री ही थोड़े ही बनते फिर तो यह शायद मुख्य मंत्री जी होते ।

(व्यवधान)

तो मैं यह निवेदन कर रहा था कि माननीय सदस्यों को इस बिल की कापी रात को 9 बजे, 10 बजे या 11 बजे मिली होगी या किन्हीं माननीय सदस्यों को आज सुबह सर्क्यूलेट हुई होगी। तो अगर कोई माननीय सदस्य अपना कोई संशोधन देना चाहे या सलेक्ट कमेटी में इस बिल को भेजा जाये या इस बिल को पब्लिक ग्रोपिनियन के लिये सर्क्यूलेट किया जाय, इसके लिये अगर अपना संशोधन देना चाहें तो हम यह तो मान कर नहीं चल सकते हैं कि चूंकि इस बिल की कापी माननीय सदस्यों को कल रात ही सर्क्यूलेट की गयी है इसलिये आप उन माननीय सदस्यों के संशोधनों को लेट भी स्वीकार कर लेंगे। ऐसा मैं समझता हूं कि नियमों में प्रावधान नहीं है। वह बात अलग है। अध्यक्ष महोदय, आप अगर कृपा करें तो उन संशोधनों को विचारार्थ लिया जा सकता है।

श्री अध्यक्ष : यह तो हमने प्रारम्भिक सूचना में ही आपको सूचित कर दिया था कि निम्नांकित विधेयक इस सत्र में विचारार्थ लिये जा सकते हैं। क्योंकि यह तो पहले ही उल्लिखत कर दिया गया था।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, आपने जो लिस्ट दी है वह तो बहुत ही लम्बी लिस्ट है विधेयकों की।

श्री अध्यक्ष : यह तो पहले सत्र में इन्ट्रोड्यूस कर दिये गये थे

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, वह तो बहुत ही लम्बी लिस्ट है। उसके अनुसार तो 15 दिन से भी ज्यादा समय लग सकता है। तो इस लिस्ट से माननीय सदस्यों को धोखा हो सकता है जितने पैन्डिग बिल्स की लिस्ट आपने दी है उसमें से आप किन-किन बिल को पास करेंगे। सभी पारित करेंगे यह तो हम मान कर नहीं चल सकते हैं। तो जितने बिलों की लिस्ट सर्क्यूलेट की गयी

(श्री भरोंसिंह शेखावत)

है उन सभी विधेयकों को पारित करने की न तो मैं समझता हूं कि आपकी राय होगी न ही मैं समझता हूं कि सरकार की मर्जी भी उन्हें पास करने की होगी। जिन बिलों की जानकारी माननीय सदस्यों को कल रात या आज सुबह मिली हैं उस पर वह विचार भी नहीं कर सके होंगे, इसलिये मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आज इन बिलों को विचारार्थ नहीं लिया जाय। हो सकता है कि आपने शायद यह सोचा हो कि अगर मौके पर कोई माननीय सदस्य संशोधन देना चाहेगें तो उस वक्त स्वीकार कर लिये जायेंगे तो यह आपकी कृपा पर ही निर्भर है। इसलिय मेरा निवेदन है कि आज इन बिलों को विचारार्थ न लिया जाकर इनके स्थान पर जो शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की रिपोर्ट है उस पर विचार कर लिया जाय और आज हम जब बी.ए.सी. की मीटिंग में जायेंगे तब तय कर लेंगें कि इन बिलों को किस तारीख को लिया जाय।

श्री परसराम मदेरणा (सिंचाई मंत्री): अध्यक्ष महोदय, रूल्स ऑफ प्रोसीजर एण्ड कण्डक्ट ऑफ बिजनेस के अनुसार...

श्री अध्यक्ष : इसमें खाली तो है।

श्री परसराम मदेरणा : अध्यक्ष महोदय, रूल्स ऑफ प्रोसीजर के रूल 64 में यह है कि जिन बिल्स को पहले सत्र में इन्ट्रोड्यूज कर दिया है उन्हें ले सकते हैं क्योंकि जब बिल इंट्रोड्यूस हो जाता है तो वह गजट में पब्लिश हो जाता है और उसकी एक कापी माननीय सदस्य को भी इंट्रोड्यूस करने के वक्त दी जाती है। चूंकि यह पिछले सत्र में इंट्रोड्यूस हो चुके हैं तो माननीय सदस्यों ने इसकी स्टडी कर ली होगी। चूंकि इनके लिये यह कहा जा चुका है कि इनको अगले सत्र में लिया जा सकता है, तो माननीय सदस्यों को इसके लिये एतराज नहीं होना चाहिये। यह बिल आलरेडी इंट्रोड्यूस हो चुके हैं। पिछले चार-पांच महीनों में माननीय सदस्य, जो कि काफी समझदार हैं ने अपने दिमाग में यह तय कर लिया होगा कि कौन से बिल को सलेक्ट कमेटी में भेजने के लिये संशोधन देना है और कौन से विधेयक को पब्लिक ओपिनियन के लिये सर्क्यूलेट करने के लिये संशोधन देना है। इस संबंध में तो हमारे माननीय सदस्यों को जानकारी है।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : अध्यक्ष महोदय, निर्णय देने से पूर्व मेरा निवेदन है कि विधानसभा सचिवालय से हमको एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि इन विधेयकों पर विचार होगा और इस क्रम में होगा। मेरे पास अगर वह होता तो क्रम एक दो में जो दिये गये हैं वह यह नहीं है. वह दूसरे ही क्रम मे है तो अगर विचारार्थ लिये जायेंगे तो उस क्रम में लिये जाएंगे। इसलिए मेरा निवेदन है कि वह भी मंगा लें तो आपको ध्यान में आ जायेगा। इसलिए जैसा विपक्ष के नेता महोदय ने कहा, वह रिपोर्ट ले ली जाय. इसको कल तक स्थगित कर दिया जाय।

श्री परसराम मदेरणा : अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान का संविधान यह प्रिज्यूम करके चलता है कि हम विधिवेत्ता हैं, लेजिस्लेट करने के लिए हम लेजिस्लेटर्स हैं। जो कानून है उसका हम अध्ययन करते हैं या लेजिस्लेशन का अमेंडमेंट पास करते हैं। ये पुराने बिल्स थे इसलिए माननीय सदस्यों ने इनकी स्टडी कर ली होगी।

श्री अध्यक्ष : ऐसा है, सिंचाई मंत्री जी ने जो आपत्ति की है कि क्योंकि यह बिल पूर्व में सर्क्यूलेटेड था और लिस्ट में यह हवाला दे दिया था कि इस पर विचार किया जायेगा तो फिर आप कानून बतायें, कल लेना है या आज लेना है जिस दिन लिया जाय उससे पूर्व में इतने घन्टे पहले संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत किये जायेंगे।... नहीं तो आप पढ़ कर बताइये।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप बता दीजिये कि हम जिस समय भी अमेंडमेंट देना चाहें आप मन्जूर करेंगे।

श्री अध्यक्ष : मैं छूट दे सकता हूं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इस सदन में कोई भी मोशन मूव किया जाएगा उस मोशन के लिए टाइम निर्धारित है, 24 घंटे पहले, दो दिन पहले आपको नोटिस देना पड़ेगा।

श्री यदुनाथ सिंह : 48 आवर्स।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : 48 घंटे पहले आपको नोटिस देना पड़ेगा। मेरा निवेदन है कि अमेंडमेंट यदि सर्क्यूलेट नहीं होता है तो कोई भी माननीय सदस्य आपत्ति उठा सकता है कि यह अमेंडमेंट सर्क्यूलेट नहीं हुआ। इसलिए व्यवस्था की है कि 48 घंटे पहले नोटिस दिया जाए। अमेंडमेंट दिया जाए वह अमेंडमेंट सर्क्यूलेट होगा और उसके बाद में कन्सीडरेशन स्टेज आ जायेगी। नहीं तो अमेंडमेंट का हमको मौका नहीं मिला इसलिये रूल्स में रिलेक्सेशन कर देंगे। इस प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। मैं समझता हूं कि यदि इस बिल को इस समय विचारार्थ लिया गया तो बिल पर डिस्कशन करने के नियमों के अन्तर्गत जो हमारे अधिकार हैं उन अधिकारों पर कुठाराघात होगा और डिबेट में सही प्रकार से भाग लेने से वंचित हो जायेंगे।

श्री परसराम मदेरणा : दो दिन के नोटिस का नियमों में कहीं भी उल्लेख नहीं है। मैं सदन का ध्यान रूल 66 की ओर आकर्षित करना चाहता हूं:–

"66. **Motions after introduction of Bills:–** When a Bill is introduced, or on some subsequent occasion, the member in charge may make one of the following motions in regard to his Bill, namely:–

मोशन मूव कर सकता है "(ए)" that it be taken into consideration; or

(b) that it be referred to a Select Committee of the House; or

(c). that it be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon.

Provided that no such motion shall be made until after copies of the Bill have been made available for the use of members, and that any member may object to any such motion

(श्री परसराम मदेरणा)

being made unless copies of the Bill have been so made available for two days before the day on which the motion is made, and such objection shall prevail unless the Speaker allows the motion to be made."

अभी दो दिन का प्रश्न नहीं आया है। अध्यक्ष महोदय, 6 महीने पहले..

श्री अध्यक्ष : इस बारे में रूल 71 पढ़िए। इस बारे में आपको क्या कहना है ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : रूल 71 की माननीय सदस्य को जानकारी नहीं है तो मैं बताना चाहता हूं कि आप रूल 266 पढ़िए उसमें लिखा है:

"Notice of an amendment to a motion shall be given one day before the day on which the motion is to be considered, unless the Speaker allows the amendment to be moved, without such notice."

श्री अध्यक्ष : 71 डाइरेक्टली क्लाजेज पर अमेंडमेंट का है, यह स्पष्ट है 71।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : पहले रूल्स ऑफ प्रोसीजर में लेजिस्लेशन किस प्रकार होगा इसके साथ व्यवस्था की गई थी कि इतना पहले नोटिस देना पड़ेगा। ये नए रूल्स बने हैं तो नए रूल्स में सब प्रकार के मोशन्स का संकलन करके उसके लिये व्यवस्था की गई है कि अमेंडमेंट का नोटिस इतना समय पहले देना पड़ेगा। इसके लिए रूल 266 है, उसमें है :

"266. **Notice of amendments**.–Notice of an amendment to a motion shall be given one day before the day on which the motion is to be considered, unless the Speaker allows the amendment to be moved without such notice."

अब आप देखेंगे कि 71 डायरेक्ट मोशन्स के लिए नहीं है। "If notice of an amendment to a clause or schedule of the Bill......"

यह तो क्वेश्चन है यदि क्लाज में अमेंडमेंट का है, इस पर्टीक्यूलर बिल में किसी पर्टीक्यूलर क्लाज के संबध में यदि आपको अमेंडमेंट देना हो तो रूल 71 लागू होगा। यह क्लाज का नहीं है। इस बिल को विचारार्थ करने की स्टेज पर यदि कोई अमेंडमेंट देना होगा तो उसका 24 घंटे पहले नोटिस देना पड़ेगा, उसको आप वेव कर सकते हैं।

श्री राजबहादुर : And such objection shall prevail.

श्री अध्यक्ष : मुख्य सचेतक।

श्री खेतसिंह राठौड़ (मुख्य सचेतक): मैं निवेदन करना चाहता था कि वर्षाकालीन सत्र में आम तौर पर सिर्फ बिल्स दे देते हैं। पहले भी इस तरह से बिल्स आए हैं, उसी दिन रिलेक्सेशन देकर, अमेंडमेंट दिये गये हैं और पहले भी पास हुए हैं।

श्री अध्यक्ष : इसमें कठिनाई यह है कि हमारी तरफ से जो सूचना दी गई है माननीय सदस्यों को वह जल्दी से जल्दी रात को 9 बजे दी गई कई माननीय सदस्य, कह रहे हैं कि आज प्रातः काल ही उनको पहुंची। हमारे नियमों के अनुसार किसी खण्ड के बारे में अथवा विधेयक के बारे में किसी तरह का कोई संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करना हो तो 24 घंट पहले आना चाहिए ताकि वह सदन के सभी माननीय सदस्यों को सर्क्यूलेट कर दिया जाए। तो इस कठिनाई से बाहर निकलने के लिए क्या करें ? अगर सब की सहमति हो · · ·

श्री भैरोंसिंह शेखावत : सहमति नहीं है।

श्री अध्यक्ष : उस स्थिति में तो कोई भी संशोधन किसी समय भी दिया जा सकता है लेकिन अब इसमें कठिनाई यह आ रही है कि क्योंकि माननीय सदस्य, जिसने संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत किया, को मंत्री महोदय मानने को तैयार हो तो भी अन्य माननीय सदस्य कह सकते हैं कि यह कानून तो पूरी जनता के लिए बना रहे हैं, इसलिये हम भी इसके हकदार हैं, हम भी इसमें अपना पक्ष रखेंगे कि स्वीकार करने योग्य है या नहीं। इस दृष्टि से आज की कार्यसूची देखें तो 24 घंटे के प्रावधान को पूरा नहीं कर सकते ।

ऐसा कोई विषय हो जिसमें दोनों पक्षों की सहमति होती तो उस संशोधन के बारे में कोई कठिनाई नहीं है क्योंकि उसको अपन किसी समय भी स्वीकार कर सकते हैं।

श्री परसराम मदेरणा : माननीय अध्यक्ष महोदय, रूल 71 के अन्तर्गत है :

"unless the speaker allows the amendment to be moved."

शिड्यूल में या क्लाज में अमेंडमेंट मूव करना चाहे तो वह अमेंडमेंट उन्होंने 24 घंटे पहले आपके सचिवालय को नहीं दिया यह आब्जेक्शन कर सकते हैं और आप उस आब्जेक्शन को ओवर रूल भी कर सकते हैं और क्योंकि रूल 71(2) है

"The Secretary shall if time permits, make available to members from time to time lists of amendments of which notices have been received."

मैम्बर्स एक्सपैक्ट करते हैं किसी माननीय सदस्य ने कोई भी अमेंडमेंट बिल पर प्रस्तुत किया है तो उसकी प्रतिलिपि उन्हें मिलनी चाहिए ताकि वह डिबेट में हिस्सा ले सकें। लेकिन आपको यह अख्तयारात हैं, आपको डिस्क्रिशन है.. · ·

श्री अध्यक्ष : हम अपने अधिकारों का प्रयोग माननीय सदस्यों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर करते हैं, जैसा थोड़ी देर पहले आपने फर्माया, कोई प्रस्ताव आया उसका तत्काल जवाब दें तो आपने कहा तत्काल नहीं। तो मैंने कहा, संशोधन में कम से कम 24 घंटे का समय तो लगेगा। मेरी व्यावहारिक कठिनाइयों को आप समझें। अधिकार है किसी संशोधन को किसी भी समय स्वीकार किया जा सकता है लेकिन यदि प्रस्ताव पर सभी माननीय सदस्यों की सहमति हो..

श्री खेतसिंह राठौड़ : सहमति किस पाइंट पर चाहते ?

श्री शिवचरण माथुर (मुख्य मंत्री) : मैं इस सम्बन्ध में दो रूल्स बताना चाहता हूं। एक तो 66 है जिसमें आप मोशन मूव करने के लिए अनुमति ले सकते हैं। इन्होंने कहा है कि कापी सर्क्यूलेट नहीं हुई...

श्री अध्यक्ष : If certain members may take objection to it.

श्री शिवचरण माथुर : मेरा मतलब यह है कि दोनों विधेयकों की कापी बहुत पहले सर्क्यूलेट हो चुकी है। आपको अधिकार इस सूरत में है, जब कापी सर्क्यूलेट न हो तब भी आप दे सकते हैं। दूसरी बात नियम 71 में आपको अधिकार है कि आप इस प्रकार की व्यवस्था दे सकते हैं। मैं समझता हूं कि दोनों विधेयक इनोकुअस हैं। कोई बहुत बड़ी बात इनके अन्दर नहीं है। एक में तो लागू करने की बात है और दूसरे में नये जिले के बारे में हैं जिला बनाने के बारे में कुछ प्रावधान करना है। मेरा ऐसा विश्वास है कि यह आपके अधिकार क्षेत्र में है और इसमें आप अपनी राय दे सकते हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात का खेद है कि मुख्य मंत्री जी ने उन बातों का जवाब दिया है जो उठाई ही नहीं गई। यह प्रश्न किसी भी माननीय सदस्य ने नहीं उठाया कि हमको विधेयक की प्रतियां नहीं मिली। यह प्रश्न यदि उठाया है तो माननीय परसराम जी ने उठाया है, जो हर मामले को कन्फ्यूज करने में माहिर है। प्रश्न यह था कि विधेयक आज विचारार्थ लिया जाए या नहीं इसकी सूचना हमको रात को मिली या सुबह मिली, नियमों में ऐसी व्यवस्था है कि हमको 24 घण्टे पहले मिलनी चाहिए। जो नहीं मिली। 24 घण्टे निश्चित मिलने चाहिए ताकि सदस्य उसमें किसी प्रकार का संशोधन दे सकें। अमेंडमेंट सब प्रकार से हो सकता है, क्लाज में भी हो सकता है। संशोधन देने के सम्बन्ध में यदि आपने इस प्रकार की व्यवस्था कर दी तो मानकर चलिये कि रात को आकर सरकार आपको कहेगी कि वह इस बिल को विचारार्थ लेना चाहते हैं। सरकार पर मैं आरोप लगाता हूं कि सरकार को पता ही नहीं है कि कौनसे विधेयक के बारे में मुख्य मंत्री जी सूचना देना चाहते हैं। पांच दिन से सूचना देते हैं कि 5 तारीख को विधान सभा की बैठक हो रही है उसमें अमुक विधेयक प्राथमिकता के आधार पर लिये जायेंगे, तो आपको कौनसी आपत्ति है। आप अपनी गलती को विधान सभा पर थोपना चाहते हैं, आपने विधान सभा के कार्यालय को सूचना नहीं दी, इस गलती के लिए आप उल्टा क्षमा मांगे वह तो उचित है लेकिन अपनी गलती को, अध्यक्ष महोदय, अनुमोदन कराना चाहते हैं। इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कहूंगा कि आप इसको नहीं मानें और हमारे अधिकारों की रक्षा करें। हम संशोधन सही समय पर दे सकें, इस प्रकार की व्यवस्था दें।

श्री परसराम मदेरणा: दे दी है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आर्डिनेंस के ऊपर तो आपकी केबिनेट ने कल शाम को दस्तखत किये हैं।

श्री भंवरलाल शर्मा : अध्यक्ष महोदय, आपको अधिकार है नियमों में छूट देने का लेकिन उसके पीछे भावना यही रहती है कि आप जब रिलेक्सेशन दें तो माननीय सदस्यों के हितों की रक्षा हो, पर यह तो कुठाराघात हो रहा है।

श्री अध्यक्ष : मैंने अपनी बात कह दी, अपनी कठिनाई बता दी। दूसरे बिल पर भी क्या यही बात है ?

श्री भंवरलाल शर्मा : जी हां ।

(व्यवस्था)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। एस.सी. वाले पर क्या हमने 24 घण्टे का नोटिस दिया है ?

श्री शिवचरण माथुर : आप मालूम करें कि आपको सचिवालय में सूचना कब आई है।

श्री खेतसिंह राठौड़ : विधान सभा में 29 अगस्त को भेज दी थी। आप कहते हैं कि क्षमा मांगों तो हम मांग लेते हैं। हमारे विभाग की तरफ से सूचना 29 अगस्त को भेज दी गई थी। यहां पर सर्क्यूलेट होने में देरी हो गई, इसके लिए भी क्षमा मांग लेते हैं।

श्री अध्यक्ष : पहले दिन की परिस्थिति यह रहती है कि कार्य सलाहकार समिति की मध्याह्न पश्चात् मीटिंग होती है आमतौर से उसके पहले हमको तय करना पड़ता है। 24 घण्टे से पहले अगले दिन की जो कार्य सूची है उसको भेज नहीं सके। इसलिए यह परिस्थिति पैदा हुई है। मैं समझता हूं कि एस.सी. कमिश्नर की रिपोर्ट है, खासतौर से इसको लें, उसके बाद में, इसको देख लेंगे। यह सम्भव नहीं होगा क्योंकि हमने कोई नोटिस ही नहीं दिया है। सब माननीय सदस्यों की यह राय होती है कि यह कर दिया जाए तो हम कर सकते थे, एक आध माननीय सदस्य को भी एतराज होता तो भी हम कर देते, लेकिन फंडामेंटली एतराज है, इसलिए हम नहीं कर सकते ।

श्री मेघराज तावड़ : पाइंट ऑफ इन्फार्मेशन। प्रश्न यह है कि ब्यावर मिल बन्द पड़ी है उसमें हजारों लोग बाहर बैठे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि मुख्यमंत्री जी उनको बुलायें ।

श्री अध्यक्ष : आपका स्थगन प्रस्ताव है। कृपया बैठ जायें।

श्री मेघराज तावड़ : उनको तीन महीने से तनख्वाह नहीं मिली है। मिल बन्द पड़ी हुई है। माथुर साहब की सरकार मिल पर ताला लगा रही है और मजदूरों के गले काट रही है। मुख्य मंत्री जी इस बात का जवाब दें उनसे बात करें।

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जाएं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : पाइंट ऑफ आर्डर। अध्यक्ष महोदय, सचिवालय पर आरोप लगाया है उसके बारे में स्पष्टीकरण चाहूंगा। मुझे यह पूछना है कि सरकार ने 29 तारीख को यह सूचना भेजी है कि अमुक को बिल 5 तारीख को विचारार्थ लिये जायगे। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या यह सही है या नहीं ?

श्री खेतसिंह राठौड़ : मैंने यह नहीं कहा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपने यही कहा है। इन्होंने आरोप लगाया है विधान सभा सचिवालय पर, यह गलत है। अध्यक्ष महोदय, यह बड़े व्यंग्य में बोले हैं और लगता है कि गलती आपकी है और क्षमा यह मांग रहे हैं। आप सदन को गुमराह कर रहे हैं। आपने कोई सूचना नहीं भेजी। आप सदन को गुमराह कर रहे हैं। भेजी है तो आप बताइये कौनसी तारीख को सूचना भेजी कि अमुक विधेयक 5 तारीख को विचारार्थ लिये जायेंगे।

श्री परसराम मदेरणा : संसदीय कार्य मंत्री जी यह कह रहे हैं ..

श्री भैरोंसिंह शेखावत : वह कह देंगे, वह यहीं बैठे हैं।

श्री अध्यक्ष : यह विवाद का विषय नहीं है। 5 तारीख को हमने तय किया है, हमको पहले दिन की कार्य सूची बनानी होती है....

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यह व्यवस्था नहीं है। आपको नहीं बनानी पड़ती। सरकार कहती है कि अमुक प्रकार के बिल लिये आयेंगे।

श्री अध्यक्ष : वह इन्होंने कहा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : क्या आप, अध्यक्ष महोदय, यह समझते हैं कि सरकार अगर कहे कि यह बिल नहीं प्रस्तुत करना है तो आप कर देंगे ? यह आप के अधिकार की बात नहीं है। सरकार आपको सुझाव देगी कि अमुक बिल हम लाना चाहते हैं। अगर ऐसी स्थिति है तो बता दें कि 29 विधेयकों में से आप किसे लेंगे। सरकार सूचना देती है कि अमुक प्रकार का विधेयक हम लाना चाहते हैं। क्या सरकार ने सूचना दी है कि हम 29 विधेयक लाना चाहते हैं और उनका डिस्क्रिप्शन दिया है ?

श्री अध्यक्ष : वह प्रकरण तो समाप्त हो गया।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : सरकारी काम के बारे में जो आप पर आरोप लगाया है मैं उसके बारे में कहना चाहता था।

व्यवस्था का प्रश्न

नियम 295 के अन्तर्गत प्रश्न प्रस्तुत कर्त्ता सदस्य की सदन में अनुपस्थिति

श्री त्रिलोकसिंह : एक सूचना दी गई है...

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जाय।

श्री त्रिलोक सिंह : सम्बन्धित मंत्रियों को आदेश दें कि ब्यावर और कृष्णा मिल जो बन्द पड़ी हैं, मजदूरों को बुलाकर .....

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। विधान सभा सदस्य श्री विष्णु प्रकाश बाजारी ने 295 के अन्तर्गत सूचना दी है कि उनको अल्पकाल के लिए ब्यावर और कृष्णा मिल के मजदूरों के बारे में चर्चा के लिए समय दिया जाये।

श्री विष्णु बाजारी।

अनेक माननीय सदस्य : मजदूरों से मिलने गये हैं।

श्री अध्यक्ष : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आयुक्त के प्रतिवेदन पर विचार। जो माननीय सदस्य बोलना चाहें...

श्री त्रिलोक सिंह : अध्यक्ष महोदय, इस सिलसिले में हमारा एडजोर्नमेंट मोशन है। कृष्णा मिल के मजदूरों के बारे में हमारा काम रोको प्रस्ताव है....

श्री अध्यक्ष : इनका है नियम 295 के अन्तर्गत और आपका है स्थगन प्रस्ताव। स्थगन प्रस्ताव पर मैंने सरकार को सूचना देने को कहा है। कल उस पर हम व्यवस्था देंगे इसलिए कृपया आप धैर्य रखें थोड़ा। कल आपको अवसर दे दिया जायेगा।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के आयुक्त के प्रतिवेदन पर विचार

श्री कैलाश मेघवाल।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आन ए पाइन्ट आफ प्रिविलेज सर। अध्यक्ष महोदय, आपने एक माननीय सदस्य को नियम 295 में परमिशन दी। मैं नियम 295 आपकी अनुमति से पढ़कर सुनाना चाहूंगा।

"A member who wishes to bring to the notice of the House any matter which is not a point of order shall give notice to the Secretary in writing stating briefly the point which he wishes to raise in the House together with reasons for wishing to raise it, and he shall be permitted to raise it only after the Speaker has given his consent and at such time and date as the Speaker may fix."

अध्यक्ष महोदय, आपने अनुमति दे दी और उनका नाम पुकारा। माननीय सदस्य यहां उपस्थित नहीं है, किस का अपमान है यह ?

श्री अध्यक्ष : उनको हम कोई निश्चित समय दे देते और उस समय उपस्थित नहीं होते तो कोई बात होती।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपने नाम पुकार लिया...

श्री अध्यक्ष : मैंने तत्काल ही पुकार लिया। वे शायद इधर उधर कहीं होंगे..

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, सदन के अन्दर एक माननीय सदस्य को आपने अनुमति दी कि अमुक प्रश्न के ऊपर वह चर्चा उठा सकते हैं। उस चर्चा के कारण से कई माननीय सदस्य, जो ब्यावर से आते हैं या जो मजदूरों के हितों में अपनी बात कहना चाहते थे, उनका इन्तजार कर रहे हैं और सरकार उनको उठाकर ले गयी। उठाकर ले गयी। इतना ही नहीं उनको उठाकर ले जाने जाने से सरकार ने इस सदन का अपमान किया है। एक मैम्बर नोटिस दे, अध्यक्ष महोदय, यह परम्परा मत डालिये....

श्री त्रिलोक सिंह: अध्यक्ष महोदय, ब्यावर से मजदूर आये हैं बाहर मजदूर जुलूस लेकर आये हैं। तीन महीने से मजदूरों को वेतन नहीं मिला है। ताला बंदी कर दी और कांग्रेस (आई) के एम.एल.ए. उनको उठाकर बाहर ले गए..

श्री खेतसिंह राठौड़ : उठाकर कौन ले गया ?

श्री त्रिलोक सिंह : आप उठाकर ले गए।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन करना यह है कि सदन के माननीय सदस्य को अभी जिस तरह से उठाकर ले गये वह आप सबने देखा ऐसी आप इजाजत मत दीजिए। सदन में मंत्री लोग विधायकों को धमकाते हैं। जो सदन में उनके नाम के ऊपर अंकित बिजनेस है उसको वह पूरा नहीं करने दें, यह सदन की कार्यवाही में एक तरह की बाधा है। अध्यक्ष महोदय, आपने उनको पर्मिशन दी। इसके साथ साथ कोई और माननीय सदस्य भी नियम 295 में पर्मिशन ले सकते थे लेकिन इन्होंने पर्मिशन इसलिए नहीं मांगी कि आपने अमुक विषय के ऊपर एक अमुक सदस्य को पर्मिशन दे दी। इससे उनका अधिकार भी गया और सदन का अपमान भी कर दिया ....

श्री अध्यक्ष : ऐसा है कि नियम 295 के अन्दर सदन के अन्दर कोई चर्चा का अधि

(श्री अध्यक्ष)

कार नहीं बनता है कि इसमें सभी माननीय सदस्य हिस्सा ले लें। एक माननीय सदस्य ने चाहा था इस अधिकार का उपयोग करना लेकिन शायद वह कहीं बाहर पधार गये हैं...

श्री भैरोंसिंह शेखावत : उठा ले गये हैं।

श्री अध्यक्ष : और यदि जैसा आप कहते हैं कि उठाकर ले गये हैं तो उसमें तो विशेषाधिकार हनन आदि कई तरह के प्रश्न ला सकते हैं ...

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप हाउस को तो बचाओ। यह कोई राजस्थान हाउस थोड़े ही है कि आर.ए.सी. के जवान भेजकर ....

श्री शिवचरण माथुर (मुख्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के नेता महोदय ने सरकार पर आरोप लगाया है कि माननीय सदस्य ने यहां नोटिस दिया अल्पकालीन सूचना के आधार पर और जब आपने उनको पुकारा तो सरकार ने उनको गायब कर दिया, यह बिलकुल XX और निराधार आरोप है...

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अनपार्लियामेन्ट्री वर्ड है, वापिस लीजिए । आप यह एक्सपन्ज कीजिए अध्यक्ष महोदय।

श्री अध्यक्ष : एक्सपन्ज्ड.

श्री शिवचरण माथुर : निराधार आरोप हैं और मैं ऐसी आशा नहीं करता था कि विपक्ष के नेता महोदय, सरकार पर ऐसा आरोप लगायेंगे...

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपके सदस्य ही आशा नहीं करते थे।

श्री शिवचरण माथुर : अध्यक्ष महोदय, मैं रूल 295, जिसका उद्धरण अभी विपक्ष के नेता महोदय दे रहे थे, पढ़कर सुनाना चाहता हूं :

"295. **Raising a matter which is not a point of order**.—A member who wishes to bring to the notice of the House any matter which is not a point of order shall give notice to the Secratary in writing stating briefly the point which he wishes to raise in the House together with reasons for wishing to raise it, and he shall be permitted to raise it only after the speaker has given his consent..."

इसमें उनका कोई दोष नहीं माना जा सकता। उनको मालूम नहीं था कि आप किस समय उनका नाम पुकारेंगे ।

श्री अध्यक्ष : मैंने समय की सूचना नहीं दी थी।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : रूल्स में व्यवस्था है कि बिजनेस लेने के पहले 295 के ऊपर चर्चा होगी। इसमें भी सूचना देंगे ? मैं समझता हूं कि नियम हमको पढ़ाने की जरूरत नहीं है, आप पढ़ लें।

XXX शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

श्री शिवचरण माथुर : न उनका दोष है, न सदन का अपमान करने की मंशा है और न सरकार की तरफ से ऐसी कोई बात है कि उनको उठाकर ले जाया जाये ।

श्री अध्यक्ष : श्री कैलाश मेघवाल.

श्रीमती उजला अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, जब इस विषय के ऊपर विचार किये जाने के लिए एक नाम पुकारा तो यह सदन की सम्पत्ति हो गयी। इस पर कोई भी विचार और दृष्टिकोण सदन में रख सकते हैं। इसकी अनुमति आपको देनी चाहिए ।

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। माननीय सदस्या। श्री कैलाश मेघवाल.

श्रीमती उजला अरोड़ा : इसी ब्यावर मिल के बारे में ...

श्री अध्यक्ष : एक माननीय सदस्य सुविधा चाहते थे, वह सुविधा मैंने उनको उपलब्ध करा दी। उन्होंने इसका उपयोग नहीं किया। मैं इसमें असमर्थ हूं। आर्डर प्लीज। उनकी जगह मैं किसी अन्य सदस्य को इजाजत नहीं दे सकता। आर्डर, आर्डर। शांत रहे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : पता लगाया जाये कहीं आर.ए.सी. वाले तो नहीं ले गए।

श्री अध्यक्ष : श्री कैलाश मेघवाल.

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के आयुक्त के 28वें प्रतिवेदन पर विचार

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पूर्व) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज हम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के आयुक्त की रिपोर्ट पर विचार कर रहे हैं। इस पर गंभीरता से विचार हो और राज्य सरकार इसकी गंभीरता को समझे इसके लिए आज से एक महीने पहले वानकोवर में वर्ल्ड कौंसिल ऑफ चर्चेज की एक बैठक हुई थी। उस बैठक में, माननीय अध्यक्ष महोदय, एक निर्णय लिया गया था। उस बैठक में हिन्दुस्तान के एक पादरी ने रिपोर्ट पेश की कि हिन्दुस्तान के 20 करोड़ लोग अमानवीय जीवन बिता रहे हैं, उन 20 करोड़ लोगों को अस्पृश्यता का सामना करना पड़ता है, वह 20 करोड़ लोग कभी भी जहां सवर्ण जाति के लोग पानी भरते हैं वहां पानी नहीं भर सकते वह उनके साथ बैठ कर पढ़ नहीं सकते। इस तरह की एक रिपोर्ट पेश की है और यह रिपोर्ट पेश होने के बाद, अध्यक्ष महोदय, वर्ल्ड कौंसिल ऑफ चर्चेज के Librate these person ने ऐसा निर्णय लिया है। यह निर्णय मैंने आपके सामने इसलिए रखा है कि सरकार गंभीरता से इस विषय को लें। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बारे में यहां हम चर्चा करते हैं तो एक बात मैं आपको निवेदन करना चाहता हूं कि इस सारी समस्या का हल करने का, सारे प्रश्नों पर विचार करने का; अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए जो काम किये जा रहे हैं उन कामों को करने का उद्देश्य यदि हम यह मानकर चलते हैं कि उनका आर्थिक विकास

(2:40 म.प.)

(सभापति, श्री माधवसिंह दीवान, पदासीन)

करना है, इनको आर्थिक स्वावलम्बन देना है तो, माननीय सभापति महोदय, यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह गलत बात होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति का एक विशिष्ट स्थान है और उस विशिष्ट स्थान में क्राइसेस ऑफ इकानमी नहीं है। क्राइसेस ऑफ सोशल स्टेटस है और क्राइसेस ऑफ सोशल स्टेटस होने की वजह से शिड्यूल कास्ट्स की जो सूची बनी है

(96)

(श्री कैलाश मेघवाल)

उसमें उन्हीं जाति को लिया गया है जो कि हिन्दु जाति में अस्पृश्य मानी जाती हैं। ऐसे लोगों की माली हालत, आर्थिक स्थिति कैसी भी हो लेकिन उन अस्पृश्य लोगों को समाज के दूसरे वर्ग के मुकाबले उनके साथ बैठने का मौका दें। वह सामाजिक विकारों से त्रस्त हैं, जो अस्पृश्यता इस समाज में है उसको समाप्त करना यह विशेष प्रकार की स्थिति है। उचित तो यह होता, माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के मुख्य मंत्री बैठे हैं 1978-79 के आयुक्त की रिपोर्ट का हम इस समय अध्ययन कर रहे हैं, इस पर हम चर्चा कर रहे हैं। इसमें कुछ सिफारिश की गई हैं। आज चार साल के बाद उस रिपोर्ट पर जो 1980 में राजस्थान सरकार को मिली और उस चार साल के अन्दर राजस्थान की सरकार ने उस रिपोर्ट की किस सिफारिश को किस ढंग से माना है। इस पर विस्तृत चर्चा के लिए अगर यह रिपोर्ट हमारे माननीय सदस्यों के सामने होती तो मेरा ऐसा ख्याल है माननीय सभापति महोदय, कि इस रिपोर्ट पर चर्चा अधिक सार्थक होती। मैं चाहूंगा, राजस्थान के माननीय मुख्य मंत्री को इस रिपोर्ट पर बहस का जवाब इसलिये देना चाहिये कि इसमें बहस के मुद्दे, इसमें की गयी सिफारिश कि किसी एक विभाग या समाज कल्याण विभाग के माननीय मंत्री इसका जवाब दें। इस तरह की हैं। यह क्षमता न उनकी है, न उनके सामर्थ्य में है और न वे उन पर प्रकाश डाल सकेंगे। इसलिए माननीय सभापति महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मुख्य मंत्री जी, जो इस सदन के नेता भी हैं, को निवेदन करूंगा कि इस रिपोर्ट में जो सिफारिशें की गई हैं, वे केवल समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित नहीं है, बल्कि समाज कल्याण विभाग से तो कम है दूसरे विभागों, समान्य प्रशासन विभाग और राजस्थान की दूसरी गतिविधियों के बारे में इसमें जो सिफारिशें की गई हैं अगर उन पर प्रभावी ढंग से अमल करना चाहते हैं, राजस्थान के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के प्रति प्रतिबद्धता है, उन का उत्थान करने की मन में यदि कोई भावना है तो मैं चाहूंगा, माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के माननीय मुख्य मंत्री जी इस बहस का जवाब दें। जब बहस का जवाब दें तो मैं यह भी चाहूंगा कि जितनी सिफारिशें की गई हैं, मैं सारी सिफारिशों पर अभी चर्चा करने की स्थिति में नहीं रहूंगा, चार साल से यह रिपोर्ट राजस्थान की सरकार के पास पड़ी है इन चार सालों में राजस्थान की सरकार ने इस रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने के लिये क्या क्या कार्यवाही की है यह इस सदन को जानकारी मिले। मैं निवेदन करूंगा, माननीय सभापति महोदय, पिछली बार जब इस विषय पर चर्चा चल रही थी, 26 मार्च को आखिरी दिन था उस समय सौभाग्य से माननीय मुख्य मंत्री जी विराज रहे थे, और मैंने एक पाइंट पर विस्तृत रूप से चर्चा की थी। वह यह कि राजस्थान में आरक्षण लागू करने में, पदोन्नतियों में आरक्षण लागू करने के काम में पग-पग पर बाधायें पैदा की जा रही हैं और, माननीय सभापति महोदय, सचिवालय में बड़े से बड़े और छोटे से छोटे स्तर के हर अधिकारी के द्वारा, आज मुझे यह कहने में एतराज नहीं कि पदोन्नति और नियुक्तियों के लिए आरक्षण के जो प्रावधान हैं उनको झुठलाया जा रहा है। मैं पूछना चाहूंगा, पिछली बार मैंने एक प्रश्न उठाया था, आज किसी भी विभाग को लीजिये, उनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के जो कर्मचारी हैं,

(श्री कैलाश मेघवाल)

यह उन पर कोई दया नहीं करते, कोई आर्थिक आभार नहीं करते। मुख्य उद्देश्य तय हो गया है। केन्द्र में भी यह उद्देश्य-तय हो गया है कि इन लोगों को समान स्तर पर लाने के लिए आरक्षण का यह प्रावधान किया गया है। इन सारे प्रावधानों की व्यवस्थाओं में, मैं कहना चाहता हूं, राजस्थान में जितने भी विभाग हैं, 117 या 118, सेवा वर्ग हैं, एक भी सेवा वर्ग या विभाग का रोस्टर का रजिस्टर विधान सभा के पटल पर रखा जाये जो रोस्टर प्रणाली के हिसाब से पूरा हो। आखिर क्या कारण है? किसी को चिन्ता नहीं है। रोस्टर के कौन से विन्दु हैं, किस विन्दु पर किसकी नियुक्ति होनी चाहिये, रोस्टर के विन्दुओं के हिसाब से किसकी पदोन्नति होनी चाहिए, इस बारे में राजस्थान का शासन सचिवालय, राजस्थान की आज की सरकार बिलकुल उदासीन है। माननीय सभापति महोदय, मुझे अफसोस होता है जब यहां आकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के कर्मचारी आन्दोलन करते हैं, वे अपनी मांगें मनवाने के लिये हड़तालें करते हैं, भूख हड़ताल तक का कदम उठाते हैं लेकिन उनको जवाब देने वाला कोई नहीं है। माननीय सभापति महोदय, इस सदन का हर माननीय सदस्य जानता है क्योंकि हर माननीय सदस्य को अपने अपने क्षेत्र में कर्मचारियों से पाला पड़ता है। साईक्लोस्टाईल करके कर्मचारियों का रिकार्ड भेजते हैं, कि कहीं पर स्वायत्त शासन विभाग में पूरी नहीं हो रही रोस्टर की प्रणाली, तो कहीं पर सेटलमेंट में रोस्टर की व्यवस्था का पालन नहीं हो रहा, तो कहीं सामान्य प्रशासन विभाग में नहीं हो रहा है, कहीं किसी और विभाग में नहीं हो रहा कोई ऐसा विभाग नहीं है जिस विभाग के बारे में इस तरह की शिकायत न हो। माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि क्या राजस्थान की सरकार इस बारे में व्यवस्था करेगी? इस आयुक्त ने जो सिफारिश की है वह सिफारिश इस आधार पर की है कि यह शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राईब्ज के जो लोग हैं इनको ऊपर आने का मौका मिले, उच्च स्तर पर आने का मौका मिले, सामान्य जाति वालों के साथ उठ-बैठ सकें। मैं सिफारिश नं. 20 की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि सिफारिश नं. 20 इस बात का द्योतक है कि देश के प्रान्तों में सरंक्षण दिया गया है और उस सरंक्षण के आधार पर राजस्थान में 16 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लिये, 12 प्रतिशत अनुसूचित जन जाति के लिये सुरक्षित है लेकिन आयुक्त ने यह माना है कि इससे लोगों की द्रुत गति से प्रगति नहीं होगी ये सामान्य स्तर पर सेवा में इनके लोग नहीं आ सकेंगे और इसलिये अपने उस समय के प्रतिशत को जो 78 में था, को दुगना करने की सिफारिश की। सिफारिश नं. 20 को मैं ज्यों का त्यों पढ़ना चाहूंगा।

"(20)—सेवाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के प्रतिनिधित्व को यथोचित समय में वांछित स्तर तक पहुंचाने के लिए यह आवश्यक है कि इस स्कीम को नए सिरे से देखा जायं पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों पर आरक्षण का सिद्धान्त अपने आप में ठोस है और उच्चतम न्यायालय ने भी इसका समर्थन किया है। फिर भी, सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व के रूप में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों को जो लाभ मिलते हैं वे नाम मात्र के ही प्रतीत होते हैं। अतः यह वांछनीय है कि पदों में प्रवेश के सभी स्तरों पर सीधी भर्ती पर अधिक जोर

(श्री कैलाश मेघवाल)

दिया जाये । सभी भर्तियों तथा विशेषकर उन सेवाओं व संवर्गों की भर्तियों के लिए जिनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों का प्रतिनिधित्व अभी भी काफी कम है, उनके लिए आरक्षण का प्रतिशत 15 प्रतिशत तथा 7.50 प्रतिशत से बढ़ाकर क्रमश: 20 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत कर देना आवश्यक है। जब तक इस नीति को नहीं अपनाया जाता तब तक निकट भविष्य में प्रतिनिधित्व के अपेक्षित स्तर तक पहुंचने की आशा नहीं की जा सकती। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों की भर्ती में बहुत काफी सुधार हो सकता था यदि चयन समिति ,माननीय सभापति महोदय, मैं मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा, विभागीय पदोन्नति समिति अथवा नियुक्ति प्राधिकारी ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों को मिलने वाली ढीलों तथा रियायतों से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी आदेशों का सिद्धान्त और व्यवहार में ठीक ठीक पालन किया होता, (ग) तथा (घ) समूह के गैर तकनीकी अथवा अर्द्ध तकनीकी पदों के मामले में यह बात खास तौर से कही जा सकती है।"

माननीय सभापति महोदय, इस सिफारिश के बारे में, मैंने पिछली बार भी निवेदन किया था जो थोड़ा बाकी रह गया था वह आज निवेदन कर रहा हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि राजस्थान की सरकार ने क्या कदम उठाये हैं, रोस्टर का पालन हो रहा है या नहीं, सीधी नियुक्तियां हो रही हैं ? राजस्थान का मंत्री मण्डल और राजस्थान के अधिकारी पग पग पर इस बात के प्रयत्न कर रहे हैं कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों को आत्म निर्भर करने की जो बात है, वे नहीं बढ़ सकें। माननीय सभापति महोदय, मैं इस प्रकरण को यहीं समाप्त करूंगा। राजस्थान के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के लिये जो प्रतिबद्धता है, मैं चाहूंगा इस बात की घोषणा हो कि इस जाति के लोगों को तरक्की मिलेगी, पदोन्नति मिलेगी और जो अधिकारी चाहे बड़े से बड़ा अधिकारी आई.ए.एस. हो, ऊंचे पद के लोग हैं, जानबूझ कर यह कहकर कि गलती हो गई, रोस्टर का पालन नहीं कर रहे हैं, प्रतिबद्धता के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जायेगी और अगर राजस्थान सरकार, राजस्थान के 33 प्रतिशत आबादी के प्रति कुछ अपना कर्त्तव्य समझती है तो ऐसे अधिकारियों को दण्डित करने की घोषणा करे तभी इसका पालन होगा नहीं तो नहीं होगा। मैं इस स्थिति को यहीं छोड़ता हूं, माननीय सभापति महोदय, और दूसरी अन्य स्थिति में आना चाहूंगा। दूसरी स्थिति क्या है ? इसमें एक सिफारिश है...

श्री सभापति : कृपया जल्दी समाप्त कीजिये।

श्री कैलाश मेघवाल : इसका जवाब आ जायेगा, जवाब क्या आयेगा, हमने जो योजना चालू कर रखी है इस योजना में इतने लोग अनुसूचित जाति के लोग है। यह जो आयुक्त की रिपोर्ट है उन्होंने स्पष्ट कहा है कि इस तरह की योजनायें इस तरह की व्यवस्थायें नहीं की जानी चाहियें इस तरह की व्यवस्थाओं से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति

(श्री कैलाश मेघवाल)

के लोगों का भला नहीं हो सकता। सिफारिश नं. 2 की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। लक्ष्य यह होना चाहिये बड़ी मधुर भाषा है और बहुत उपयोगी निर्देश किये हैं। लक्ष्य यह होना चाहिये कि बीसवीं शताब्दी के इन महत्वपूर्ण शेष दो दशकों के दौरान सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र की असमानताओं को पूरी तरह से मिटा दिया जायें।

और है उसमें। विकास की प्राथमिकताओं को आरोही क्रम में तैयार करना होगा तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़े वर्ग के अपेक्षाकृत निचले स्तर के लोगों, जिसमें अधिकांश जनता आती है, के लिये जोर देना होगा। मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं, वह इस तरह से है -यह थोड़ा भिन्न प्रकार का अन्त्योदय हो सकता है क्योंकि द्रुत गति से विकास के लिए यह एक सम्पूर्ण वर्ग पर बल देगा न कि चयनित आधार पर किन्हीं व्यक्ति विशेष पर। यह मैं इसलिए हवाला दे रहा हूं कि चयन के आधार पर हमने पिछड़े को पहले छप्पर योजना, में इतने लोगों को छप्पर दिये, उसमें इतने लोग अनुसूचित जाति के इतने लोग जनजाति के हैं, हमने इतने लोगों को ऋण दिया उसमें इतने लोग अनुसूचित जाति के हैं, इतने अनुसूचित जन जाति के हैं। इस तरह के आंकड़े दिये जायें। माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान की सरकार इस सिफारिश को किस रूप से क्रियान्वित करना चाहती है, इस सिफारिश में स्पष्ट कहा गया है कि चयन तो सामान्य रूप से आप करेंगे। उस समय तो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोग चयनित हो जाते हैं लेकिन एक विशेष आधार है इसलिए चयन का आधार बना कर आप संतोष नहीं कर सकते कि हमने रोजगार के इतने साधन पैदा कर दिये उन्होंने इसलिए कहा है कि यह थोड़े भिन्न प्रकार का अन्त्योदय हो सकता है क्योंकि द्रुत गति से विकास के लिये एक सम्पूर्ण वर्ग पर बल देगा न कि चयनात्मक आधार पर व्यक्ति विशेष पर। ऐसी किसी भी स्कीम, जो पर्याप्त रोजगार देने तथा प्रभावशाली रचनात्मक कार्यक्रमों और उत्पादन, व्यापार वाणिज्य और उद्योग के साधनों के स्वामित्व को सुनिश्चित करना होगा। आवश्यकता इस बात की है कि एक प्रभावशाली नयी दिशा दी जाय तथा उसके कार्यान्वियन के लिये समर्पित नया उत्साह हो तथा निर्णयात्मक प्रयास पर नये सिरे से बल डाला जाय। यह सिफारिश नम्बर दो है. और आपके बीस सूत्री कार्यक्रम में भी सूत्र नंबर 7 या शायद 8 इसी तरह का है जिसमें यह जो सिफारिश है इसी की भावना निहित है। मैं पूछना चाहूंगा कि हो सकता है समाज कल्याण विभाग के कुछ आंकड़े रख दिये जायें। समाज कल्याण विभाग अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति के बारे में एक अकेले के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है, समाज के सारे कमजोर वर्ग, समाज के सारे पिछड़े वर्ग, जो आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हैं, उनके आधार पर सारी कार्यवाही होती है और उसी के आधार पर सारे आंकड़े बनते हैं लेकिन यहां यह मसला अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति का है और इसलिए, माननीय सभापति महोदय, मैं राज्य सरकार से आपके द्वारा पूछना चाहता हूं कि 1980 में यह रिपोर्ट उनको मिल गयी। तीन साल से रिपोर्ट अलमारी में

(श्री कैलाश मेघवाल)

बन्द है, इसकी सिफारिश नं0 2 के आधार पर क्या कार्यवाही की गयी ? माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अस्पृश्यता की इसमें एक सिफारिश है कि इन अनुसूचित जातियों में से भी···

(समय समाप्ति सूचक घण्टी)

माननीय सभापति महोदय, मैं तो विगन ही कर रहा हूं ।

श्री सभापति : पिछली बार भी आपने काफी लम्बा बोला था ।

श्री कैलाश मेघवाल : पांच मिनट। वह तो हुआ ही नहीं था । आज तो यह बिजनेस में है, इतने में इस पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकेगी । जिसके आधार पर मैं चर्चा करना चाहता हूं यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए इस महत्वपूर्ण विषय पर समय के लिए नहीं टोकें। टोकने से कोई फायदा नहीं।

श्री सभापति : काफी सदस्य बोलना चाहते हैं।

श्री कैलाश मेघवाल : बोलना चाहते हैं इसलिए मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि इस सदन में···

श्री सभापति : 5-10 मिनट बोल लें।

श्री कैलाश मेघवाल आसन पर विराजे हुए थे अध्यक्ष महोदय, और सरकार की ओर से यह कहा गया था कि इन पर विस्तार से तीन दिन की चर्चा होगी । इस पर विस्तार से तीन दिन की चर्चा होनी चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण मसला है । उस मसले को जिस तरह से टालने की कोशिश की जाती है उसमें आसन को तो किसी तरह से भागीदार नहीं बनना चाहिए । इसलिए मैं चाहता हूं कि इस पर चर्चा में जो मुख्य मुद्दे हैं उनकी ओर राजस्थान सरकार का ध्यान आकर्षित करना । इसमें एक सिफारिश है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति में से भी आपको उन जातियों की पहचान करनी पड़ेगी जो सबसे दयनीय स्थिति में हैं। सबसे दयनीय स्थिति में राजस्थान में मेहतर को माना जाता है, जो सिर पर मैला ढोते हैं। माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं और राजस्थान की सरकार से पूछना चाहता हूं कि सिर पर मैला ढोने की व्यवस्था राजस्थान से कब विलुप्त हो जायेगी ?

इसमें सीधे सीधे क्या कार्यक्रम हैं सरकार का वह सदन को बताना होगा । आज आजादी के 36 साल के बाद भी सिर पर मैला ढोने की जो व्यवस्था चल रही है, उस व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में हम कोई प्रभावी कदम नहीं उठा सके और यही इसमें है। माननीय सभापति महोदय, अस्पृश्यता का सबसे मूल रूप से हरिजन शिकार है, दूसरे अनुसूचित जाति के शिकार हैं। हरिजन शिकार होने पर इस तरह का काम करते हैं। माननीय सभापति महोदय, मैं आज राजस्थान के मुख्य मंत्री से पूछना चाहता हूं, वह अपने आप को बड़ा हरिजन हितैषी घोषित करते हैं, हरिजनों को आप पिछड़ा घोषित करना चाहते हैं और हरिजनों में काम करने की डींग हांकते हैं, इन हरिजनों के सिर पर मैला ढोने की प्रथा राजस्थान में कब तक समाप्त हो जायेगी ? कौनसा साल ऐसा होगा जिस साल में राजस्थान के किसी भी गांव या राजस्थान

(श्री कैलाश मेघवाल)

के किसी भी नगर में हरिजन के सिर पर मैला नहीं होगा ? वह कौनसा साल होगा ? आप की क्या योजना है, उसको आप रखिये। मेरा तो इसलिए यह आरोप है कि आज नगरपालिकाओं में जो हरिजनों के स्थान हैं, माननीय सभापति महोदय, आपको भी मालूम है, आज सफाई कर्मचारी के रूप में दूसरी जाति के लोगों को भर्ती नहीं किया। तमाशा क्या हो रहा है कि सफाई कर्मचारी के रूप में किसी जैन को भर्ती किया और काम किसी से लिया ऐसी बात आपके पास भी आयी। मेरे पास इस तरह के कई उदाहरण हैं, उसको दूसरी जगह बिठाया जा रहा है। आज हालत यह हो गयी लेकिन उस सफाई कर्मचारी के लिए कोई प्रयत्न नहीं किये जा रहे। जो उनको लाभ दिया जा सकता है, वह लाभ दिया जाय। इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि सिर पर मैला ढोने की प्रथा राजस्थान में कब समाप्त हो जायेगी ? यह अस्पृश्यता के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है और अस्पृश्यता का सबसे बड़ा कारण है सिर पर मैला ढोना इसमें राजस्थान सरकार का समयबद्ध कार्यक्रम अगर कोई है तो रखें अन्यथा यह तो हरिजनों की अस्पृश्यता का कार्यक्रम बनाते हैं, जो डींग हांकते हैं, जो उद्धार की बात करते हैं वह बेकार है।

माननीय सभापति महोदय, अब मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं इसकी एक सिफारिश के बारे में। इसमें एक सिफारिश है कि अनुसूचित जाति और जन जाति के जो भू-भाग हैं, कृषि भूमि है वह उनके पास रहनी चाहिए। माननीय परसराम जी मदेरणा को तो सारा टीनेन्सी एक्ट करीब करीब मौखिक याद है, उसमें एक धारा 42 है, उसमें यह है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की जो जमीन है, कृषि भूमि है वह ट्रान्सफर नहीं हो सकती। यह ट्रान्सफर नहीं हो सकती है, निषेध है। माननीय मदेरणा साहब को तो सारा पता है लेकिन इस प्रावधान को निगेटिव करने का राजस्थान में एक आन्दोलन चल रहा है। माननीय सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं, मुख्य मंत्री महोदय, थोड़ा सा ध्यान दें, इस बात का थोड़ा सा ध्यान रखें। माननीय सभापति महोदय, भूमि विकास प्राधिकरण, केन्द्रीय सहकारी बैंक, इन भूमि विकास बैंकों और इन केन्द्रीय सहकारी बैंकों का शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों पर कर्जा है, उस कर्जे का चुकारा नहीं होने पर उन भूमियों की नीलामी करके स्थानान्तरित किया जा रहा है, जो बिल्कुल अवैध है, हो नहीं सकता, कोई भी स्थानान्तरण हो सकता नहीं। लेकिन सारे राजस्थान में हो रहा है। मुझे यह कहते हुए अफसोस है कि मैं जब सहकारिता विभाग में डेढ़ साल तक मंत्री रहा तो मैंने स्पष्ट रूप से आदेश दिये थे कि यह जो टीनेन्सी एक्ट की धारा 42 है, इस धारा 42 का किसी भी तरह से उल्लंघन करने का न बैंक को अधिकार है, न भूमि विकास बैंक को अधिकार है, न किसी कर्जा वसूल करने वाली एजेन्सी को अधिकार है, इस बारे में स्पष्ट आदेश दिये थे लेकिन आप यह बता दीजिए, आपकी सरकार है, सहकारिता मंत्री जी तो अब भूतपूर्व हो गये और आपको अभी तक यह जानकारी मिली नहीं होगी, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की जितनी जमीन भूमि विकास

(श्री कैलाश मेघवाल)

बैंक या सहकारी बैंक ने कर्जा वसूल करने के नाम पर नीलाम की है, इस बात की स्पष्ट घोषणा की जाय कि उसमें टीनेन्सी एक्ट की धारा 42 का पालन होगा, वह जमीन किसी को स्थानान्तरित नहीं की जायेगी। दूसरा, माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं, बड़ी बातें कही गयी। इसमें एक सिफारिश है उस सिफारिश को मैं पढ़ना चाहता हूं। फिजीकल बातें हैं।

(3.00 म.प.)

(श्री देवदत्त तिवाड़ी, सभापति, पदासीन)

यह सिफारिश नम्बर 143 है, माननीय सभापति महोदय, इसमें लिखा है:–"जहां अनुसूचित जाति एवं जन जाति के लोगों को दी गई बंजड़ भूमि बहुत उबड़ खाबड़ है और उसे खेती योग्य बनाना हिताधिकारियों की क्षमता से परे है, वहां सम्बन्धित राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को उन्हें या तो उस भूमि के बदले दूसरी भूमि आवंटित करनी चाहिएं या उस भूमि के उद्धार कार्य में उन लोगों कि सहायता करनी चाहिए।"

मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सभापति महोदय, कि आज राजस्थान में भूमि आवंटन करने के आंकड़े तो बहुत लम्बे चौड़े हैं लेकिन किस तरह की भूमि आवंटन हुआ है? सारी भूमि उबड़ खाबड़ है। माननीय सभापति महोदय, अगर भूमि मिल गई है तो वह उबड़ खाबड़ है, आज उस भूमि पर वह खेती नहीं कर सकता है। या तो उसको भूमि मिली नहीं, मिली तो कब्जा नहीं मिला और अगर कब्जा मिल भी गया तो वह उस पर खेती नहीं कर सकता।। वह भूमि पर काम करके मजदूरी करता था लेकिन भूमि मिलने के बाद वह उससे कमाई नहीं कर सकता। आज इस देश में धरती पति होना बहुत बड़ी बात समझी जाती है। उसको कहीं भूमि मिलती है तो वह उस पर जाकर अपनी शक्ति लगा करके उसको काबिल बनाता है तो उसको वहां से बेदखल कर दिया जाता है।

माननीय सभापति महोदय, इस रिपोर्ट के अन्दर एक और सिफारिश की गई है कि जहां-जहां पर आवंटन किया गया है उस भूमि का कब्जा दिलाने के बारे में पुलिस और रेवेन्यू विभाग के अधिकारी साठ दिन के अन्दर जांच करें और इस बात का पता लगायें कि उसको कब्जा मिला या नहीं। अगर कब्जा नहीं मिला हो तो उसको कब्जा दिलायें। इस बात की जांच करें कि उस भूमि पर कब्जा किस का है। अगर उसको कब्जा नहीं दिया गया है तो कब्जा क्यों नहीं दिया जा रहा है? पुलिस तुरन्त उसका कब्जा दिलायेगी। माननीय सभापति महोदय, मैं राजस्थान सरकार और राजस्थान के मुख्य मंत्री से पूछना चाहता हूं कि आखिर कौनसी बाधा आ रही है, क्यों इस तरह की नौबत आ रही है,? इसमें सिफारिश है कि पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी हर जिले में एक टीम बना कर काम करेंगे। हर जिले में पुलिस और राजस्व अधिकारियों की टीम कायम की जाएगी और उस टीम की यह जिम्मेदारी होगी कि वह गांवों में जायेगी और जहां पर इस तरह के हालात हो, वहां पर कब्जा नहीं मिला हो वहां उनको कब्जा दिलायेगी।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है, माननीय सभापति महोदय, कि राजस्थान में बलात्कार की घटनायें बहुत हुई हैं। इन घटनाओं की जो अखबारों में खबरें आती हैं, आपको भी पता है, माननीय सभापति महोदय,

(श्री कैलाश मेघवाल)
कि बलात्कार की घटनाओं में नब्बे प्रतिशत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के साथ हुये हैं। इन नब्बे प्रतिशत बलात्कारों में हर जिले की शिकायत यह आती है कि पुलिस थानों पर शिकायत करने वालों को प्रताड़ित किया जाता है और प्रभाव शाली लोगों को संरक्षण दिया जाता है। बलात्कार की शिकायत लिखने से मना कर दिया जाता है। शिकायतों की सुनवाई नहीं होती है। माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के मुख्य मंत्री के कक्ष में इस तरह का एक प्रकोष्ठ चलता था। मैं मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूं, राजस्थान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की महिलाओं के साथ जो बलात्कार हुए हैं, अत्याचार हो उनके केस रजिस्टर न करने की कितनी शिकायतें आई हैं? जितनी भी शिकायतें आती हैं हर शिकायतों में एक ही बात रहती है कि पुलिस मदद नहीं करती है। आखिर कब तक राजस्थान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की महिलाओं पर अत्याचार होते रहेंगे? आज जितनी उत्पीड़ित महिलायें हैं, समाज के उत्पीड़न को बर्दाश्त करके शिकायत करने के लिए सामने आती हैं उनकी शिकायत दर्ज नहीं होती है। पुलिस में सुनवाई नहीं होती है। पुलिस उनको संरक्षण देने को तैयार नहीं है, उनकी मदद करने को तैयार नहीं है परिणामस्वरूप इस तरह के झगड़े होते हैं। मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है, माननीय सभापति महोदय, कि आज आजादी के 36 साल गुजर जाने के बाद भी आज यह स्थिति है। आज भी शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स का दुल्हा घोड़ी पर बैठ कर बिन्दोरी नहीं निकाल सकता। दुल्हा घोड़े पर नहीं बैठ सकता। क्या हालात हैं? हम आज भी किस आदम काल में खड़े हैं, किस तरक्की की बात करते हैं? कौन से आसमान के तारे तोड़ लिये, कौन से प्रगति कर ली? मैं यह निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सभापति महोदय, कि राजस्थान के आज के वातावरण में इस तरह से लोग जब शिकायत करने जाते हैं तो उनको पुलिस का थानेदार प्रताड़ित करता है। आज शिकायत करने वाले को ही प्रताड़ित होना पड़ता है। जो सवर्ण जाति के लोग बाग जुल्म करते हैं, उनको संरक्षण दिया जाता है और शिकायत करने वालों को भयभीत किया जाता है, उनको प्रताड़ित होना पड़ता है। हम कौन सी प्रगति की बात करते हैं। मैं भी पिंड़वाडा गया था। मैंने हर जगह पर सुना कि किस तरह से गांव गांव में अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों पर हरिजनों पर अत्याचार हो रहा है? आज हम कहते हैं कि नागरिक संरक्षण अधिनियम बना हुआ है। लेकिन नागरिक संरक्षण अधिनियम में संरक्षण किन लोगों को मिल रहा है? शिकायत करने वालों को नहीं, जो अत्याचार करने वाले हैं उनको सरक्षण मिल रहा है। आज राजस्थान में इस तरह के हालात चल रहे हैं। आज राजस्थान में जो इस तरह का वातावरण बना हुआ है इस तरह वातावरण के अन्दर जो नागरिकों के सामान्य अधिकार हैं व उन अधिकारों से वंचित हैं।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान के मुख्य मंत्री पद पर माननीय माथुर साहब जब विराजमान हुए उस समय पहले ही बजट सत्र में मैंने एक बात कही थी और आज फिर उसी बात को दोहराना चाहता हूं। उस समय मैंने निवेदन किया था कि संविधान में शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राईब्स के लोगों के संरक्षण की बात की गई है लेकिन आज राजस्थान में क्य

(104)

(श्री कैलाश मेघवाल)

हालात हो रहे हैं। माननीय माथुर साहब ने कहा था कि मैं इन हालातों को सुधारूंगा, इन हालातों को ठीक करूंगा। लेकिन आज वह कह सकते हैं कि हालात सुधरे हैं? समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रगति की बड़ी बातें कही जाती हैं लेकिन आज भी शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को, अस्पृश्य लोगों को सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं हो रहे हैं। कोई उनकी मदद नहीं कर रहा है। प्रतिगामी शक्तियां और दूसरी शक्तियां आज उनको जलील और परेशान कर रही है। गांवों मे जो सवर्ण लोग इन पर अत्याचार करते हैं इससे उनको संरक्षण नहीं मिल रहा है। आज राजस्थान का जो प्रशासन है वह निर्बल के लिए नहीं है। शासन का कर्त्तव्य है कि वह निर्बल को प्रोटेक्शन दे और उसकी सुरक्षा करें लेकिन शासन से उनको कोई प्रोटेक्शन नहीं मिल रहा है। आज जिन पर अत्याचार हो रहे हैं, जिनके साथ बलात्कार हो रहे हैं, जिनके साथ मारपीट की जा रही है उनकी क्या हालत है?

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सभापति महोदय, शहरों में आज क्या हालत है। पुलिस लाइन में शिड्यूल्ड कास्ट्स के सिपाही को इसलिए पीटा गया कि उसने सवर्ण सिपाहियों के पानी के मटके में पानी पी लिया। उसकी शिकायत हुई लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मैं पूछना चाहता हूं राजस्थान की सरकार से कि सरकार के अन्दर ही इस प्रकार का दुर्व्यवहार हो रहा है? जिन बातों के आधार पर शिकायत की जाती है उनकी सुनवाई नहीं होती। इस घटना को वहां पुलिस के सब बड़े अधिकारी जानते हैं। यहां के डी आई. जी. जानते हैं, एस. पी. जानते हैं, दूसरे अधिकारी जानते हैं लेकिन उस पर कार्यवाही करने के बजाय किया यह गया कि जिसने शिकायत की उसका ही स्थानान्तरण कर दिया। आज डेढ़ साल हो गए इस बात को लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई बल्कि शिकायत करने वाले को ही तंग किया जा रहा है, उसका स्थानान्तरण कर दिया गया है। यह एक केस नहीं है, हजारों ऐसे कैसेज राजस्थान में हैं। सरकारी दफ्तरों में जहां पर भी शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्स ट्राइब्स कर्मचारी हैं उनको दूर बैठाते हैं। उनसे नफरत करते हैं, उनको अपमानित करते हैं, उनको जलील करते हैं। उनकी इस तरह की हालत बना रखी है और इसके बाद भी आप कहते हैं कि राजस्थान प्रगति कर रहा है, हम संविधान के उद्देश्यों को पूरा करना चाहते हैं।

माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसमें एक और सिफारिश की गई है। सिफारिश नम्बर आप देख लें, इसमें एक सिफारिश यह की गई है कि राजस्थान और केन्द्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिए अलग से मंत्रालय होना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार ने इसके लिए अभी तक क्या किया? राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री महोदय विराजमान हैं, मैं उनसे स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि क्या किया आप ने इस सिफारिश पर? क्या इसी तरह से आप राजस्थान की शिड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स के लोगों का भला करना चाहते हैं?

(श्री कैलाश मेघवाल)

मैं एक बात निवेदन करना चाहता हूं, माननीय विधि मंत्री जी पधार गये, राजस्थान में अनुसूचित जाति जन-जाति के किसी व्यक्ति को मदद मिली है? राजस्थान सरकार से कहना चाहता हूं, भिनाय से आने वाले माननीय सदस्य ने एक सवाल पूछा था जिसका जवाब पिछले बजट सत्र में आया था, उसमें यह तो आ गया कि सारे जिलों में सारी अदालतों में फ्री लीगल ऐड मुहैया करा दी गई उसमें प्रशासनिक खर्चा बहुत ज्यादा होगा। सरकार ने बांटा ढाई लाख और मदद दी गई दो हजार की। दो हजार के आंकड़े हैं क्या करना चाहते हैं ? यह प्रसार हो रहा है ? यह किस तरह से प्रसार करेंगे ? आप जिस तरह से समीक्षा करते हैं, जिस तरह से सेमीनार करते हैं सारा खर्चा जब होता है, प्रशासनिक खर्चा कार्यालय का होता है। मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं, यह बतायें, शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स के किसी व्यक्ति का न्यायालय के निर्णय के लिये विचाराधीन मामला है उसमें कोई शिड्यूल्ड कास्ट्स शिड्यूल्ड ट्राइब्स का व्यक्ति वादी है प्रतिवादी है, अभियुक्त है या और कुछ है इस बात की पहचान करने की सरकार के पास क्या मशीनरी है ? यह कहां है ? किसको सहायता दे रहे हैं ? माननीय सभापति महोदय, आप तो जानते हैं अच्छे वकील उनको नहीं दिये जाते हैं। कई बार शिड्यूल्ड कास्ट्स शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग वकील नहीं कर सकते हैं इस कारण अन्याय का शिकार होने के लिये उनको मजबूर होना पड़ता है। जो पैसे वाले लोग हैं, जो दूसरे लोग हैं वकील करके, दूसरी तरफ पैरवी करके शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को और गरीब लोगों को परेशान कर रहे हैं, लेकिन इसकी व्यवस्था करने का हल हमारी राजस्थान सरकार के पास नहीं है। इनके पास सिर्फ एक तरीका है, सिम्पोजिम करेंगे, सारी बातें करेंगे। माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा, अनुसूचित जाति जनजाति के आज छात्रावासों की हालत क्या है।

(व्यवधान)

श्री सभापति: संक्षेप में निवेदन करें माननीय सदस्य।

श्री कैलाश मेघवाल : मैं संक्षेप में निवेदन कर रहा हूं.

इसलिये निवेदन कर रहा हूं, सभापति महोदय, आज कुल मिलाकर सारे हालातों को इनक्लूड कर देखिये, राजस्थान के सारे छात्रावासों को ले लीजिये, कोई छात्रावास ऐसा नहीं है जिसकी व्यवस्था ठीक हो।

माननीय समाज कल्याण मंत्री जी ईमानदारी से कहेगे, ये यहां पर बैठे हैं इनकी तरफ से जवाब दें, यह बतायें कि समाज कल्याण विभाग की तरफ से जो कार्यक्रम चलता है उसकी किसको चिंता है? पैसा था का, रहा है छात्रावासों का दो चार कार्यक्रमों वह कहां है? किस तरह प्रगति करना चाहते हैं कैसे करना चाहते हैं, आखिर आधार क्या है ?

लीज देने की बात आई। खनिज राज्य मंत्री माननीय प्रद्युम्नसिंह जी थे उस समय मैंने एक आरोप लगाया था, राजस्थान के खनिज क्षेत्र में वे सारी शक्तियां

106

(श्री कैलाश मेघवाल)

कहां तक सिर हो रही हैं, शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को छोटे-छोटे पट्टे देने की योजना चालू की गई थी, उसमें वे सारी शक्तियां बाधा पैदा कर रही हैं। आपने आंकड़े दे दिये। मैं पूछना चाहता हूं, कितने पट्टे दिये ?

मैं सामाजिक संस्थाओं से पूछना चाहता हूं उन्होंने क्या किया ? माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं यह हालात ज्यादा दिन चलने वाले नहीं हैं, राजस्थान में यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली है। आज राजस्थान में अनुसूचित जाति के लोग गरीबी और अस्पृश्यता के साथ जीवन बिता रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं होती है। यहां पर यह बहस हो जायेगी। मैं चाहता हूं, जितनी सिफारिश हैं उन सिफारिशों को देखते हुए माननीय समाज कल्याण मंत्री जी अगर सक्षम हैं तो जवाब दें, क्योंकि जिस तरह की सिफारिशें हैं। उनका अगर माननीय मुख्य मंत्री जी जवाब देंगे तो मेरा ख्याल है कि वे ज्यादा प्रभावी रूप से कमिटमेंट कर सकेंगे, सारा वातावरण बदलकर, नयी दिशा देकर उन सवालों पर नीति संबंधी निर्णय माननीय मुख्य मंत्रीजी ही दे सकते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि जो मुद्दे मैंने आपके सामने रखें हैं उनका जवाब दें ! जो रिपोर्ट है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं समय को देखते हुए इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता, इस रिपोर्ट में जो सिफारिशें हैं-,

(समय-समाप्ति-सूचक घंटी)

उनके बारे में आप जवाब दें। माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहताहूं कि आप सदन के सदस्यों की जानकारी के लिए जवाब दें कि रिपोर्ट की सिफारिशें यह हैं, इस सिफारिश पर हमारा यह कार्यक्रम है इस सिफारिश पर यह कार्यक्रम है। इस सिफारिश पर यह कार्यवाही हुई है और इस सिफारिश पर यह करना चाहते हैं, मैं समझता हूं, तब तो आप राजस्थान की अनुसूचित जाति, जनजाति के साथ न्याय करेंगे।

जन जाति के विषय में कहना चाहूंगा, जन जाति की हालत क्या है ? और भी सदस्य बोलेंगे लेकिन मैं इसलिए कह रहा हूं, माननीय सभापति महोदय, जन जाति का आधार क्या है ? जन जाति के लिये सब ओर से प्रतिबंध लगा दिये। मैं खुला आरोप लगाना चाहता हूं, प्रतिबंध लगाकर उनके रास्ते बंद किये हैं। आजादी के पहले जनजाति की जो हालत थी उस समय जनजाति का व्यक्ति ज्यादा सुखी था, ज्यादा स्वतंत्र था। उस समय जनजाति का व्यक्ति ज्यादा सामान्य जीवन जी रहा था। आजादी के बाद के जमाने में उनकी खातेदारी की जमीन पर कब्जा कर लिया। आज लोगों के पास पैसा नहीं हैं। उनकी आर्थिक हालत गिर गई है। मैं कहना चाहता हूं, उनकी आर्थिक हालत सही हो। जो कार्यक्रम है उसका पैसा उनको मिलें। आप कह देंगे, दो सौ रुपये उसको दे दिये उसके उसने कपड़े पहन लिये। आप कह देंगे उसको यह दे दिया। वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो, स्वतंत्र होकर अपने परिवार का पालन कर सकें, अपने को आर्थिक सामाजिक दृष्टि से स्वतंत्र कर सकें, यह स्थिति आप पैदा करना चाहते हैं ? उसका आर्थिक आधार हो। सही आर्थिक आधार उसको कब मिलेगा ? ताकि वह आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्र रह सकें, अपना ठीक तरह से पालन कर सके।

(श्री कैलाश मेघवाल)

इसके अलावा मैं थोड़ा सा राजस्थान में महिला शिक्षा के बारे में कहना चाहता हूं। माननीय सभापति महोदय, आपको सुनकर बड़ा ऐसा लगेगा, राजस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति की महिलाओं की शिक्षा का प्रतिशत 0.1 है। राजस्थान के मुख्य मंत्री घोषणा करते हैं महिलाए दसवीं पास हों। दसवीं पास होंगी कब ? राजस्थान में महिलाओं की शिक्षा के लिये क्या कार्यक्रम है ? आप जानते हैं कि आज राजस्थान में कोई शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स का लड़का पढ़ने नहो जा सकता हैं। आर्थिक हालत यह है कि, ज्यादांतर लोगों को मेहनत मजदूरी करनी पड़ती है, काम करना पड़ता है। शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स का बच्चा 5-6 साल का होता होता काम पर चला जाता है। फिर पढ़ाई नहीं कर सकता है। यह हालत है' यह कब ठीक होगी? इन हालातों के लिये क्या योजना है, क्या योजना नहीं है। मैं समझता हूं, आप भी सन्तुष्ट नहीं होंगे, मैं भी सन्तुष्ट नहीं होऊंगा कोई भी नहीं होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि राजस्थान की जनता भी सन्तुष्ट नहीं होगी।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री सभापति : श्री मांगीलाल आर्य।

(व्यवधान)

श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़) : हरिजनों की भावना के हिसाब से बोलना, टोपी के हिसाब से मत बोलना।

(व्यवधान)

श्री मांगीलाल आर्य (जालौर) : माननीय सभापतिजी, आज हम अनुसूचित जाति और जन जाति के आयुक्त की रिपोर्ट पर बहस कर रहे हैं। आजादी के बाद अनुसूचित जाति की उन्नति के लिये कांग्रेस सरकार ने नीति बनायी। कांग्रेस की नीतियों के कारण अनुसूचित जाति और जन जाति में आज बदलाव दिखाई दे रहा है। आज जो उन्नति की है, उनकी आजादी के पूर्व कैसी स्थिति थी, क्या थे और आज जो मांगीलाल आर्य जैसा व्यक्ति विधान सभा में सदस्य है, राजस्थान मंत्रिमण्डल में सदस्य है। कैलाश जो जो बोल रहे हैं और उनको जो अत्याचारों और मूलभूत अधिकारों के बारे में बोलने की आजादी मिली है वह कांग्रेस की नीतियों के कारण से है।

(व्यवधान)

श्री सभापति : आर्डर प्लीज, माननीय सदस्य ;

श्री मांगीलाल आर्य : सभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं, 58 साल की मेरी आयु है इसलिये मुझे आजादी के बाद का और उससे पूर्व का दोनों अनुभव हैं। मैंने एक ऐसे गांव में जन्म लिया है जहां छुआछूत का तो साम्राज्य था। पाली एक कस्बा कहलाता था मारवाड़ में, परन्तु वहां पर भी हम अपने घरों से बाहर निकल कर जब गांव में प्रवेश करते थे तो पायस पायस की आवाज लगाते थे। मैंने भी आवाज लगाई है-पायस पायस की। यह पायस पायस, की आवाज बोल कर हम गांव में निकलते थे और इस आवाज को सुनने वाले समझते थे कि मेहतर, हरिजन आ रहा है। यदि हम इस तरह की आवाज नहीं लगाते थे तो पत्थरों की वर्षा होती थी। तो वह जमाना भी हमने देखा है। आज जो परिवर्तन हुआ दिखता है

(श्री मांगीलाल आर्य)

इस आजादी के बाद. इस प्रजातंत्र में, यह इस कांग्रेस की नीतियों एवं कांग्रेस के कार्यक्रम की देन है ।

आजादी के पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति थी और आज क्या है ? आज मैं यह तो निःसंकोच कहूंगा कि जितनी सुविधाएं और अधिकार मिले और जितनी हमारे लिये योजनाएं बनीं उनका पर्याप्त लाभ नहीं मिला । परन्तु जितना भी हमें लाभ मिला है वह कांग्रेस सरकार की नीतियों और कार्य-कलापों का ही देन है इसको भुलाया नहीं जा सकता । स्वतंत्र भारत का संविधान बना उसके अन्दर हमें जो अधिकार मिले उनके उपयोग मे हमें राहत मिली है । जिस भावना से, जिन नीतियों से जो योजनाए और कार्यक्रम बने हैं, यदि सही रूप से संबंधित अधिकारी और विभाग में जो संबंधित कर्मचारी हैं ईमानदारी से लागू कर दें तो आज जो स्वरूप अनुसूचित जाति और जन जाति का है उसमें और भी उन्नति और प्रगति होगी । अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण और उन्नति के लिये अरबों रुपयों की योजना बनी है, अरबों रुपये खर्च किये गये हैं। जगह जगह छात्रावास खोले गये, जिनमें अनुसूचित जाति और जन जाति के छात्रों को अपने तन और मन से स्वाध्याय करने के अलावा व्यवस्था की कोई चिन्ता नहीं है, सारी व्यवस्था सरकार की तरफ से है। इससे जितनी उनको राहत मिलनी चाहिये थी उतनी नहीं मिली, यह एक दुःख का विषय है । इसको सरकार ने महसूस करके व्यवस्था में जो भी परिवर्तन किया है वह छात्रों के हित में है। उन छात्रों को पर्याप्त रूप से सुविधा मिलेगी । वरना अधिकारी हैं वे उसका दुरुपयोग करते हैं । एक बात मैं समाज कल्याण मंत्री जी, जो यहां बैठे हुये हैं, के ध्यान में लाना चाहूंगा कि विभाग द्वारा जो छात्रावास चलते हैं उनमें एक छात्र पर जो खर्चा होता था आपने उसमें परिवर्तन करके जो छात्रवृत्ति दी है वह बहुत कम है । हम तो चाहते थे और हमारी जो डिमाण्ड थी , जिसके लिये हमने कई बार लिखित में प्रयास भी किया कि सरकार जितना छात्रों पर खर्चा कर रही है, जैसे उनके भोजन का खर्चा और अन्य खर्चा जो होस्टल के माध्यम से न करके नकद छात्रवृति के रूप में छात्रों को मिले परन्तु जो छात्रवृत्ति की राशि तय की गई है वह आज के महंगाई के जमाने में , आज के भाव-ताव को देखते हुए बहुत ही कम है । मेरा आपसे निवेदन है कि इस वर्ग को शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधा प्रदान करें । इस वर्ग के सर्वांगीण विकास का मूल आधार शिक्षा है । जैसा कि संस्कृत के एक विद्वान का कथन है :–

"येषां न विद्या न तपो न दानम्
न ज्ञानम् न शीलम् न गुणा न धर्मः ।
ते मृत्युलोके भुविः भारभूता:
मनुष्य रूपेण मृगाश्चरन्ति ।"

मनुष्य के उत्थान के लिये मूल आधार कोई है वह शिक्षा है इसलिए इस वर्ग की शिक्षा पर महत्व दिया जाय, शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय । अनुसूचित जाति की उन्नति के लिये सरकार के लोग दूसरे खर्च कर रहे हैं मैं समझता हूं , उसके बजाय विशेष तौर से शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाय तो निश्चित तौर से इस वर्ग का कल्याण होगा। इसलिये मेरा यह सुझाव है कि जो शिक्षा के लिए दे सकें, ज्यादा से ज्यादा दें और जो छात्रवृति दी जा रही है वर्तमान में मंहगाई का मूल्यांकन करके उनके खर्चे के हिसाब से छात्रवृत्ति देनी चाहिये ।

(श्री मांगीलाल आर्य)

सभापति महोदय, अनुसूचित जाति और जन जाति के कल्याण के लिये कई प्रकार की योजनाएं बनती हैं। जहां तक उनको सस्ता न्याय दिलाने का सवाल है, इन गरीबों के पास पैसा नहीं होता। ये वकीलो पर खर्चा करने में असमर्थ होते हैं इसलिए न्याय से वंचित रहते हैं। इनको न्याय मिलने में कई प्रकार की पेचीदगियां आती हैं, मुश्किलात आते हैं जिससे सही रूप से न्याय इनको प्राप्त नहीं हो पाता। इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि जितना इस मद में रुपया रखा गया वह खर्च नहीं हुआ। अभी कुछ दिनों पहले इस सम्बन्ध की कमेटी हमारे विधि मंत्री जी ने बनाई थी, उसका मैं भी सदस्य हूं। उसमें बताया गया कि जितनी राशि रखी गयी उसका 1/4 ही वर्ष में खर्च हुआ है। पूरा बजट खर्च नहीं होने का एक कारण यह था कि प्रक्रिया में इतनी पेचीदगियां हैं, कठिनाइयां और मुश्किलात हैं कि इसका पर्याप्त लाभ प्राप्त नहीं होता। इसलिये इस प्रक्रिया को सरल बनाया जाय, आसान बनाया जाय ताकि अपढ़ गरीब को सरलता से लाभ मिल सके।

सभापति महोदय, जहां तक अस्पृश्यता का सवाल है, यह देश में इस प्रकार मुंह फाड़े खड़ी है, इधर से देखें या उधर से, सब तरफ अस्पृश्यता सामने आती है। अस्पृश्यता के लिये कानून बना है उस कानून का पालन कराने का जिस विभाग को अधिकार दिया गया है अगर आप उसमें भी ध्यान से देखेंगे तो पुलिस विभाग में भी छूआछूत की बीमारी फैली हुई है। पुलिस विभाग के अन्दर बड़े-बड़े पुलिस स्टेशन एवं पुलिस लाइन, जहां मैस चलते हैं, मैं यह महसूस करता हूं कि वहां पर भी जो शिडयूल्ड कास्ट्स के सिपाही हैं उनके साथ भेद-भाव बरता जा रहा है। इसलिये मेरा सुझाव है कि जितने भी पुलिस विभाग के मैसेज चलते हैं उनमें शिड्यूल्ड कास्ट के लोगों और हरिजनों को खाना पकाने के लिये रखा जाये, ऐसा करने पर यह भेदभाव खत्म होगा। वरना इस कानून की पालना कराने के लिये जिस पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है, वहां पर भी ऐसी मनोवृत्ति हो तो इसका सही मायने में लाभ नहीं मिल सकेगा। मैं यह जानता हूं कि आजादी के पहले छूआछूत आज से भी बहुत अधिक थी और कुछ क्षेत्रों में आज भी यह उसी प्रकार से चला आ रहा है। राजस्थान में आप देखेंगे, मेहतर ही विशेषकर छुआछूत के शिकार हैं। इसलिये मेहतर जाति के लिये आपको विशेष रूप से ध्यान देना होगा। यदि सही मायने में शिड्यूल्ड कास्ट का आपको कल्याण करना है। हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इस बात पर जोर दिया था, और कहा था कि इस देश की आजादी तभी सार्थक होगी जब इस देश के भंगी का लड़का हमारे देश का राष्ट्रपति बनेगा। सभापति महोदय, महात्मा गांधी के स्वप्न को साकार करने के लिये हमें इस देश के मेहतर वर्ग की ओर विशेष ध्यान देना होगा उनके कल्याण के लिये विशेष रूप से योजना बनानी होगी जैसा कि पंजाब और हरियाणा की सरकार ने किया है।

हमारा एक आल इण्डिया सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन है, मैं उसका एक प्रतिनिधि हूं इसलिये विभिन्न प्रदेशों में सफाई मजदूरों को क्या क्या सुविधा मिलती है मुझे पता है.......

(समय-समाप्ति-सूचक-घंटी)

सभापति महोदय, मुझे तो बोलने दीजिये।

श्री सभापति : दस मिनट तक बोल लिये।

श्री मांगीलाल आर्य : सभापति महोदय, पंजाब के अन्दर शिड्यूल्ड कास्ट को जो सुविधाएं हैं उसमें मेहतरों के लिये विशेषरूप से व्यवस्थाएं हैं, सुविधाएं हैं आपको भी राजस्थान में उसी तरह से सुविधाएं देनी चाहिये। मैं आपके माध्यम से राजस्थान सरकार को यह निवेदन करना चाहता हूं कि सफाई मजदूरों के लिये विशेष योजना बना करके, मेहतर वर्ग सफाई मजदूरों के कल्याण के लिये उसी तरह का प्रावधान करें जैसा कि पंजाब और हरियाणा की सरकार ने किया है।

मेरे से पूर्व वक्ता महोदय ने सिर पर मैला ढोने की बात कही। यह हकीकत है। हमारी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी और हमारी पार्टी ने इस बात को महसूस किया है कि हिन्दुस्तान के लिये यह एक कलंक की बात है। मानवता के लिये भी यह एक गिरी हुई बात है कि आजादी के 36 वर्ष बाद भी इन्सान का मैला इन्सान अपने सिर पर ढोये। हमारे देश पर यह कलंक है। इस समस्या का निवारण करने के लिये सरकार द्वारा एक भंगी कष्ट मुक्ति योजना बनी थी। उस योजना के अन्तर्गत लाखों करोड़ों रुपया खर्च हुआ मगर उसका परिणाम आप देखेंगे तो उससे भी इस स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

श्री सभापति : कोई कारगर सुझाव दीजिये।

श्री मांगीलाल आर्य : यह जो योजना बनी, इस योजना के अन्तर्गत लाखों रुपया खर्च किया गया। शहरों में जो छोटे-छोटे मोहल्ले हैं, वहां पर थ्री व्हीलर गाड़ी देने की स्कीम बनी थी। उसके साथ छोटी-छोटी बाल्टियां दी गई थीं ताकि जो प्राइवेट मोहल्लों में महिला सफाई मजदूर हैं, जो घर-घर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर सफाई करती हैं वह मैला बाल्टियों के अन्दर ढोयें। दुःख के साथ, सभापति महोदय, मैं यहां कहना चाहूंगा कि राजस्थान के अन्दर नगरपालिकाओं ने इस योजना का व्यापक रूप से दुरुपयोग किया है। जितने भी टैम्पो नगरपालिकाओं को दिये गये थे, जितने भी थ्री व्हीलर दिये गये थे, पूरे राजस्थान में आप इसकी जांच करा लीजिये, उन्होंने उनकी टैक्सी बनायी और नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी उन टैम्पों, टैक्सी में बैठकर घूमते हैं। कहीं पर भी इस योजना के अन्तर्गत सफाई मजदूर को लाभ नहीं मिला। उस योजना का दुरुपयोग हुआ। इसके लिये जो अधिकारी दोषी हैं, चाहे नगरपालिका के चैयरमैन हों, चाहे प्रशासक, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाये। वरना ऐसी योजना इसी तरह चलायी जायेगी तो उसका कोई लाभ सही मायने में नहीं मिल सकेगा।

आज तक कई वेतन आयोग बैठे हैं किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि वेतन आयोग ने जब-जब भी रिपोर्ट दी हैं, उनमें सफाई कर्मचारियों के कार्य का कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है। वेतन आयोग का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि जो कर्मचारी हैं या अधिकारी हैं, उनके कार्य के अनुसार क्या वेतन होना चाहिये वह अपनी रिपोर्ट देते समय इस बात का विशेष तौर से ध्यान देते हैं। पर सफाई कर्मचारी के कार्य से सफाई मजदूर के मानस पर, उसके स्वास्थ्य पर कितना बुरा असर पड़ता है, जिससे उसको क्या-क्या सुविधाएं मिलनी चाहिए और कितना उसको वेतन मिलना चाहिये, दुर्भाग्य की बात है कि

(श्री मांगीलाल आर्य),

सफाई मजदूरों के बारे में, सफाई कर्मचारियों के बारे में आज तक किसी भी वेतन आयोग ने इस गहराई में जाकर नहीं सोचा है। इसलिये, सभापति महोदय, मैं कहना चाहूंगा नगरपालिकाओं में जो चपरासी होते हैं उनके लिये सर्दी-गर्मी में पूरी वर्दी की व्यवस्था होती है, अन्य कर्मचारियों की तरह उनको छुट्टियों की भी पूरी सुविधा होती है मगर उसी की तरह जो नगरपालिका का सफाई कर्मचारी है, सफाई मजदूर है, जो सवेरे पांच बजे ड्यूटी पर जाता है उसके लिये इस तरह की सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है। यह दुर्भाग्य की बात है। न नगरपालिका, न संबंधित विभाग और न ही राज्य सरकार इस बात के लिये जिम्मेदारी लेती है। और यह कह कर बात को टाल दिया जाता है कि नगरपालिका की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इसका यह मतलब है कि सफाई मजदूरों का शोषण किया जाये ? यह उनके साथ जुल्म है, अन्याय है। क्या सफाई मजदूर के जो अधिकार हैं वह उसको नहीं मिलने चाहिये ? यह और भी दुर्भाग्य की बात है कि नगरपालिका के सफाई मजदूरों को न तो राज्य कर्मचारी माना जाता है और न ही लेबर एक्ट के अन्तर्गत मजदूर माना जाता है। इसके विपरीत उनकी सेवाएं इमरजेन्सी सेवाएं मानी गयी हैं। यह कौनसा न्याय है कि सफाई कर्मचारी न राज्य कर्मचारी हैं और न ही मिल मजदूर और उनकी सेवाएं इमरजेन्सी सेवाएं हैं ? जो सुविधाएं आपातकालीन श्रेणी के कर्मचारी को मिलनी चाहियें वह सुविधाएं सफाई मजदूर को नहीं दी जाती हैं। न उनको राज्य कर्मचारी की सुविधाएं प्राप्त हैं और न ही लेबर एक्ट के अन्तर्गत मजदूरों की सुविधाएं है। इसलिये मेरा निवेदन है कि इस ओर ध्यान दिया जाये। सफाई मजदूरों के लिये एक स्पेशल वेतन आयोग का गठन किया जाये। सफाई मजदूरों के कार्य से उनके स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल असर पड़ता है, उसको ध्यान में रखते हुये उनके लिये क्या-क्या सुविधाएं होनी चाहिये, क्या वेतन उनको मिलना चाहिये इसके लिये मेरा निवेदन है कि एक नये वेतन आयोग का गठन किया जाये। तभी सफाई मजदूरों के दुःखों का निवारण हो सकता है, उनका कल्याण हो सकता है।

समान काम के लिये समान वेतन की बात कही जाती है। सफाई मजदूर का जो काम है वह एक ऐसा काम है मलमूत्र गंदगी सफाई का जिसे कोई दूसरा नहीं कर सकता है। तो फिर समान काम के लिये समान वेतन का क्या आधार है ? यह बिल्कुल निराधार बात है। इनको चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बराबर रखा गया है यह उचित नहीं है। इनके काम समान नहीं हैं तो समान वेतन का क्या आधार है। अतः उन्हें एक तकनीकी कर्मचारी मान कर उनके लिये अलग से सुविधाओं की व्यवस्था की जानी चाहिये। तकनीकी वर्ग वह वर्ग है कि कोई दूसरा उसके काम को नहीं कर सके। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि सफाई मजदूर के कार्य को करने के लिये कोई तैयार नहीं है। एक दैनिक मजदूर भी दूसरे मजदूर के काम के आधार पर अपनी मजदूरी का मूल्यांकन करता है। सफाई कर्मचारी का काम उससे भिन्न है। अन्य किसी भी मजदूर के समान उसका काम नहीं है। उसका काम कठिन है। इसलिये सफाई मजदूर के साथ बड़ा अन्याय है, जुर्म है और उसका शोषण है। इस शोषण को समाप्त किया जाना चाहियें। यही मेरी प्रार्थना है। आपने मुझे मौका दिया उसके लिए धन्यवाद।

जयहिन्द।

श्री सभापति . श्री छोगालाल कंवरिया ।

श्री सो. एस. कंवरियां (दूदू): माननीय सभापति महोदय, आज हम इस सदन में शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की वर्ष 1978-79 की रिपोर्ट पर विचार कर रहे है। शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की रिपोर्ट में बहुत सी बातों पर सिफारिश की गई है, उसके बारे में मुझ से पूर्व वक्ता एक माननीय सदस्य ने काफी प्रकाश डाला है। जहां तक हमारे देश में शिड्यूल्ड कास्ट्स व शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के उत्थान का प्रश्न है, हमारे भारतवर्ष की आजादी के बाद इसका बहुत कुछ हल हुआ है। भारतवर्ष को आजादी 15 अगस्त, 1947 को मिली। आजादी के पूर्व कैसी स्थिति थी वह हम सभी जानते हैं। मेरे पूर्व वक्ता विधायक श्री मांगीलाल जी आर्य ने एक उदाहरण देकर बताया था कि किस प्रकार उनको भी पहले बाजार आदि स्थानों पर आवाज देकर चलना पड़ता था। आज हमारे देश में शिड्यूल्ड कास्ट्स व शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों की स्थिति हमारे सामने है। देश की आजादी के बाद हर क्षेत्र में प्रगति हुई है, हम आगे बढ़े हैं। इसमें शिड्यूल्ड कास्ट्स व शिड्यूल्ड ट्राइब्स की उन्नति भी शामिल है। आज अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कहलाने वाले लोगों का वह हाल नहीं है जो आजादी के पूर्व था। पहले अनटचेबिलिटी यानी अस्पृश्यता काफी गहरी थी परन्तु आज काफी हद तक इसमें कमी आयी है। शिक्षा की दृष्टि से भी हम लोग काफी आगे बढ़े हैं। यह सब हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारी कांग्रेस सरकार की देन है। शिक्षा के क्षेत्र में आज बहुत कुछ हम देख रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। आज अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बहुत से लोग पढ़-लिख कर आगे बढ़े हैं और बढ़ रहे हैं। इसके अलावा हर प्रकार की सेवाओं में भी ये लोग आगे आ रहे हैं। आज हमारे देश में उन लोगों के उत्थान के लिए बहुत कुछ हो रहा है। देश ने आजादी के बाद करवट बदली है और हर क्षेत्र में प्रगति की है, वह बहुत सराहनीय है।

आज हमारे देश का विकासशील कन्ट्रीज में दसवां स्थान है, लेकिन दूसरी तरफ जहां हम गरीबी को देखते हैं और जहां पर केपिटा इन्कम की ओर हमारा ध्यान जाता है तो आज भी हमारे देश का स्थान 106 नम्बर पर है। इसका मतलब यह हुआ कि हम गरीबी मिटाने में आज तक इतने सक्षम नहीं हो सके हैं। आज हमारे देश में गरीबी व्याप्त है उसको मिटाने के लिए हम कृत संकल्प हैं। 20 सूत्री कार्यक्रम हमारे देश में जो हमारी महान् नेता ने लागू किया है वह भी इस ओर कारगर कदम है। इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

जहां तक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के लोगों की समस्याओं का सवाल है, मैं यह कहे बगैर नहीं रहूंगा यद्यपि हमारे देश में हर क्षेत्र में तरक्की हुई है और हमारा देश आगे बढ़ा है परन्तु अनुसूचित जाति व जन जाति के मामले में जितनी तरक्की होनी चाहिये वह अभी तक नहीं हो पाई है, आज भी उनकी हालत खराब है। यह 1978-79 की रिपोर्ट है उसमें बताया है कि हमारे देश की जो आबादी है उसमें से 29 करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे अपना जीवन बिता रहे हैं उनमें 16 करोड़ लोग अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के हैं।

(श्री सी. एल. कंवरिया)

कितनी बड़ी तादाद में गरीबी की रेखा के नीचे लोग जीवन यापन कर रहे हैं। इसलिए अभी भी हमको इन लोगों के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इतना कुछ करने के बाद भी प्रगति संतोषजनक नहीं कही जा सकती। आज भी कई क्षेत्रों में इन लोगों को बहुत सारी कठिनाइयां हैं जिनकी ओर हमें ध्यान देना चाहिये। अनटचेबिलिटी या छूआछूत के मामले में अभी भी ठीक प्रकार से उनके साथ बर्ताव किया जाता है। जो हमारे हरिजन भाई या मेहतर भाई हैं उनके साथ तो अभी तक उसी तरह से बर्ताव किया जाता है।

इसके अलावा यह जो मैला ढोने की प्रथा है उस बारे में मैं पुरजोर शब्दों में कहे बिना नहीं रहूंगा। जब तक इस प्रकार की मैला ढोने की प्रथा रहेगी या इस प्रकार की व्यवस्था रहेगी तब तक हमारे देश से यह छूआछूत का मामला जाने वाला नहीं है। इस प्रथा को मिटाने के लिए हमें कारगर कदम उठाने चाहिये। कुछ वर्ष पूर्व इस विषय में काफी जोर दिया गया था और योजनाएं भी बनाई गई थीं। इस प्रथा को दूर करने के लिए शहरों के अन्दर जो लोग रहते हैं उनके लिए ऐसे नियम बनाये जायं कि जब भी नया मकान बने या पुराने मकानों में भी यथासम्भव फ्लश टाइप लेट्रीन बनाई जाय। इसके लिये पूर्व में नगरपालिका ने कुछ अनुदान देने की भी घोषणा की थी। अब इस बारे में कारगर कदम उठाकर नगरपालिका को अनुदान देना चाहिए। गवर्नमेंट को विशेष रूप से इस ओर ध्यान देकर इस प्रथा को खत्म करने के लिए जल्दी से जल्दी उपाय करना चाहिए ताकि छूआछूत की जो भी भावना आज हमारे देश में विद्यमान है वह मिट सके। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक नल कुओं जो पीने के पानी के हैं उन पर छूआछूत के मामले देखे जाते हैं। सार्वजनिक स्थान पर भी उनके साथ छूआछूत का बर्ताव किया जाता है। इसको मिटाने के लिए जो भी कारगर कदम हों, उठाये जाने चाहिये। छूआछूत के जो भी केसेज हैं, उनमें इफेक्टिव तौर पर कार्यवाही होनी चाहिए। लेकिन होता यह है कि पुलिस में इन मामलों की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जाती है। इसमें पुलिस की भी कमजोरी है। इसके अलावा और भी बहुत सी ऐसी बातें हैं जिनको हमें कानूनी तौर पर लागू कर कार्यवाही करनी चाहिए।

इसके अलावा अत्याचार, आगजनी व बलात्कार की घटनाएं इन लोगों के साथ होती हैं उसके लिए भी कारगर कदम उठाये जाने चाहिए।

दूसरा, इनकी जमीनों के ऊपर जिन्होंने कब्जा कर रखा है, जो अलाटशुदा जमीनें हैं उनको दूसरे लोगों ने हड़प लिया है, चाहे कृषि की भूमि हो, चाहे अन्य भूमि हो, उनको कब्जा दिलाना चाहिये; इसके लिये इफेक्टिव तौर पर कार्यवाही होनी चाहिए। मेरा सुझाव है कि एस. डी. ओ. स्तर पर एक टास्क फोर्स बनायी जाय जिसके द्वारा जहां पर उलझे हुए मामले हैं उनको सुलझाया जाय। जहां कहीं जमीनें हड़पने के मामले हैं आज भी शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग इतने डरे हुए हैं कि वे उनमें कारगर कदम नहीं उठा पा रहे हैं। कई केसेज तो मेरे क्षेत्र में भी हैं। तो इसके लिए डिस्ट्रिक्ट

114

(श्री सी.एल. कंवरिया)

लेवल पर या एस. डी. ग्रो. लेवल पर एक टास्क फोर्स बनायी जाकर पुलिस इम्दाद से कब्जे दिलाये जायं। जो लैण्ड उनको अलाटेड है ग्रौर जो वाजिब कब्जा है ग्रौर दूसरे उनको कब्जा नहीं करने देते हैं वहां पर टास्क फोर्स जाये। उसके द्वारा उनको कब्जा दिलाया जाना चाहिए ग्रौर यह कार्य निश्चित तौर से किया जाना चाहिए। यह सबसे बड़ी समस्या हमारे ग्रामीण क्षेत्र में है। उन लोगों की बड़ी भारी दिक्कत है। इसके लिए कुछ न कुछ करना चाहिए। टास्क फोर्स बनाकर इफेक्टिव बात की जाय ग्रौर उनको कब्जा दिलाया जाय।

दूसरी बात मैं निवेदन करना चाहता हूं, इस हाउस में, रिजर्वेशन के संबंध में। अनुसूचित जाति ग्रौर अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्वेशन आजादी के बाद देश में लागू कर दिया गया था। लेकिन मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि राजस्थान में 1972 तक जो रिजर्वेशन को लागू करने के लिए फार्मूला, रोस्टर सिस्टम है वह लागू नहीं था न अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों को सर्विसेज में पर्याप्त अधिकार था। सन् 1972 में मैंने केबिनेट में प्रपोजल रखवाकर रोस्टर सिस्टम लागू करवाया था। उस जमाने में रोस्टर सिस्टम लागू होने के बाद भी कई विभाग उसको सच्चे मायने में लागू नही किया करते थे। अधिक केटेगरी आदि बना दिया करते थे। कई प्रकार की केटेगरीवाईज पोस्ट बनाकर उनको फायदा नहीं देते थे। जैसे शिक्षा विभाग में अलग अलग पद पर दिये गये थे। जिन पर रिजर्वेशन नहीं था। ग्रलग ग्रलग सबजेक्ट के लेक्चरार की केटेगरी दी गई थी। जैसे विभाग में 50 पोस्टें हैं परन्तु कुछ दो पोस्ट लेक्चरर ग्रॉफ केमेस्ट्री, कुछ किसी ग्रौर सब्जेक्ट की, इस प्रकार से कर दिया गया था। तो वहां पर रिजर्वेशन नहीं के बराबर था। उस वक्त यह निर्णय लागू किया गया कि सारे पदों को एक ही मानकर चला जाय। इसके फलस्वरूप एक ही समय में 54 पोस्ट इनके लिये रिजर्व हुई। रोस्टर प्रणाली राजस्थान में पी.एस.सी. में तो लागू है लेकिन कई एक विभाग ऐसे हैं जहां कि अभी तक रोस्टर सिस्टम इफेक्टिव ढंग से लागू नहीं है। मेरा इस संबंध में मुख्य मंत्री जी से निवेदन है कि वे इस ग्रोर ध्यान दें। रोस्टर सिस्टम जो है उसको इफेक्टिव ढंग से लागू करने के लिये तुरन्त ही कोई प्रक्रिया अपनायी जाय ताकि हर डिपार्टमेंट में इसका रजिस्टर रहे।

इसके अलावा प्रमोशन के लिये भी रिजर्वेशन का कुछ प्रावधान किया गया है। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि प्रमोशन देने में रिजर्वेशन की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है, न दिया जा रहा है। इस अधिकार से उनको वंचित किया जा रहा है। प्रमोशन ड्यू होने पर भी आज तक कई विभागों ने उनको प्रमोशन नहीं दिया। मेडिकल एण्ड हैल्थ डिपार्टमेंट में मैंने खुद ने फाइल पर लिखा था, लेकिन पता नहीं क्या होता है क्या प्रबन्ध है। पता नहीं अन्दुरुनी क्या कुछ होता है। सब कुछ प्रावधान होते हुए भी जो रोस्टर सिस्टम आज तक ठीक ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। इसको लागू किया जाना चाहिए। तो ये दो तीन बातें थी जिनकी ओर मैं राज्य सरकार का ध्यान ग्राकर्षित करना चाहता था। इसके अलावा एस. सी. और एस. टी. के लिए जो उनके

(श्री सी. एल. कंवरिया)

कमिश्नर की अन्य शिफारिशें हैं आशा है, उनकी ओर भी हमारी सरकार ध्यान देगी और उनको लागू करने की कोशिश करेगी।

मुझे समय दिया उसके लिये धन्यवाद देना हूं।

श्री सभापति : श्री मैरूंलाल भारद्वाज।

श्री मैरूंलाल भारद्वाज (जमुवारामगढ़): माननीय सभापति महोदय, आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के आयुक्त की रिपोर्ट पर विचार करते समय हमको इस बात का आत्मलोचन करना पड़ेगा कि इतने वर्षों से लगातार जो उनको आगे बढ़ने के लिये व्यवस्था की गई है उसके बावजूद भी आज दिन तक ऐसी स्थिति नहीं बनी कि रिजर्वेशन समाप्त हो। हम यह चाहते हैं कि सब लोगों की गरीबी समाप्त हो। कांग्रेस के लोगों का तो यह सिद्धान्त है। हम इस देश के अन्दर ऐसे समाज की रचना करना चाहते हैं जिसके अन्दर एक भी आदमी ऐसा नहीं रहे जिसको कि रिजर्वेशन की जरूरत हो। मुझे यह दुख है कि अभी तक हम इस स्तर तक नहीं आ पाये हैं। इसलिये हां कुछ निवेदन करना चाहूंगा।

एक बात तो यह निवेदन करना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोग, खास तौर से जो कि ढाणियों में रहते हैं उनके पास थोड़ी जमीन है। जिनके पास पहले नहीं थी कांग्रेस की सरकार आने के बाद जो उनको जमीन आवंटित की गयी है उसको दूसरे लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया है और नाजायज कब्जे कर लिये हैं। वह जमीन उनको वापस दिलायी जानी चाहिए और उनकी जो कोई दिक्कत है वह दूर करनी चाहिये। इसके संबंध में मेरा एक सुझाव यह है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के ऐसे किसान जिनकी जमीन कुल 10 बीघा तक है, उनका लगान तुरन्त माफ कर देना चाहिये। और यह भी सही है कि इस लगान से राज्य सरकार को राजस्व की कोई खास हानि भी नहीं होगी, कोई अन्तर भी नहीं पड़ेगा। उससे सीमान्त किसान और लघु किसान को यह महसूस होगा कि हमारा लगान सरकार ने माफ किया है। इससे उसको आत्म संतोष होगा और वह और भी अच्छे ढंग से कृषि का काम कर सकेगा।

इसके अलावा मैं यह निवेदन करना चाहूंगा जो छोटे किसान हैं उनके लिये अलग से सिंचाई की व्यवस्था करना सम्भव नहीं है। यह ठीक है कि बैंक आदि से ऋण लेकर वह कुआं आदि बना सकता है परन्तु वास्तविकता यह है कि इतना छोटा किसान इतना बड़ा ऋण लेकर न तो कुआं बना सकता है और न ही लोन चुका सकता है। इसलिये इसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए और यह काम लघु और सीमांत कृषक से शुरू करना चाहिए। मेरा तो वैसे यह निवेदन है कि सारे हिन्दुस्तान में ही सिंचाई का सारा काम सरकार के हाथ में होना चाहिए क्योंकि यह देश कृषि प्रधान देश है। लेकिन चूंकि अभी चर्चा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की चल रही है इसलिये मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि शुरूआत उन्हीं से करनी चाहिए। ऐसी योजना बना कर यह निश्चय करना चाहिए कि अनुसूचित जाति और जन जाति के किसानों को और वरीयता के आधार पर लघु और सीमांत किसानों को लाभ देने के लिये सिंचाई व्यवस्था सरकार करे। सरकार की ओर से सिंचाई की व्यवस्था की जानी चाहिए।

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

मैं एक बात उनकी शिक्षा के बारे में, उनके बालकों की शिक्षा के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। यह सही है कि उनकी शिक्षा के लिये काफी व्यवस्था की है परन्तु ऐसा देखने में आता है कि शिक्षा सिर्फ बड़े शहरों तक है और रोजगार भी वहीं के लोग करते हैं। गांवों में अनुसूचित जाति और जनजाति के बालक गरीबी के कारण छोटी उम्र में ही मजदूरी करने लग जाते हैं या भेड़ बकरी चराते हैं और शिक्षा का प्रवाह उन तक पहुंच नहीं पाता है। इसलिये सुविधाओं के साथ साथ अनिवार्य शिक्षा की जानी चाहिए। मैं तो यह कहूंगा कि सम्पूर्ण देश में कम से कम माध्यमिक शिक्षा अनिवार्य कर देनी चाहिए। जैसा मैं कह रहा हूं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिये तो यह कर देना चाहिये कि अनुसूचित जाति और जन जाति के लड़कों को माध्यमिक शिक्षा लेनी ही होगी। सरकार के खर्चे पर वह शिक्षा दी जाय। इस तरह का नियम बनाने पर ही अनिवार्य शिक्षा लागू होगी। और तब ही वह तबका वास्तविक रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकेगा। इसमें वह जो गिरा हुआ है उठेगा ही नहीं बल्कि जो आपसी भेदभाव है उसमें भी कमी आयेगी।

मैं एक और बात कहना चाहता हूं, हम बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कई प्रकार के ऋण और अनुदान देते हैं। अकसर देखने में आता है कि नौकरशाही के भ्रष्टाचार के कारण कुछ लोगों के पास अनुदान का पूरा पैसा नहीं पहुंच पाता है। इसमें सुधार करने का एक तरीका यह है कि हम सीधे ही नकद अनुदान दे दें। ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था करें जो उनसे लम्बी अवधि में वसूल किया जाय या किसी प्रकार का उपादान उनको देना चाहिए। कृषि के सम्बन्ध में हो तो कृषि के उपादान मुहैया कराये जायें, उद्योग के सम्बन्ध में हो तो उद्योग के उपादान मुहैया कराये जायें। नकद अनुदान के तौर पर देते हैं इससे भ्रष्टाचार बढ़ता है। मेरा निवेदन है कि इसमें हमको तुरन्त ही संशोधन करना चाहिए। क्योंकि गरीब लोगों के साथ जो भ्रष्टाचार किया जा रहा है, उससे उनको न केवल आर्थिक हानि हो रही है बल्कि जो मदद करना चाहते हैं, उससे उनके दिमाग में उल्टी भावनायें पैदा हो रही हैं। मैं एक बात और निवेदन करूंगा रिहायशी मकानों के लिए। बड़े शर्म की बात है, आजादी के बाद 35-36 साल में बड़ी बड़ी अट्टालिकायें तो शहरों में, कस्बों में देखने को मिलती हैं; 25-30 मंजिले मकान देखने को मिलते हैं, एयर कण्डीशन मकानों की स्थिति भी आ गयी है लेकिन ऐसा होने पर भी गरीब लोगों के पास झोंपड़े नजर आते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि एक छोटे परिवार के पास एक पक्का मकान हो। अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों के लिए यह कार्यक्रम हमको पहल करके शुरू करना है। उसके किसी भी आदमी के लिए कोई कच्चा मकान नहीं रहे। यह योजना हुडको के तहत या अन्य बैंकों के मार्फत किसी भी प्रकार से चलायी जाये। बिना ब्याज के ऋण दें या उसमें कुछ उपादान की सहायता दें, अनुदान के रूप में पैसा दें। हमको पक्के मकान बनाने की पंचवर्षीय योजना अनिवार्य रूप से हाथ में लेनी चाहिए ताकि 5 साल के बाद इस देश में अनुसूचित जाति और जन जाति के किसी गरीब आदमी के पास कोई कच्चा मकान नहीं रहे। मकान सब पक्के बनें, हमको इस ओर भी पहल करनी चाहिए।

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

मैं एक ग्रौर मौलिक सुझाव देना चाहूंगा। कुछ ऐसी जातियां हैं जो इतनी पिछड़ गयी हैं कि उनकी ग्रोर से लगातार मांग आ रही है कि उनको भी अनुसूचित जाति, जन जाति वर्ग में शामिल किया जाय। अब तक जो लोग अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग में शामिल किये गयें हैं उनमें से कुछ ऐसे लोग भी हैं जो रिजर्वेशन से बाहर आने की बात सोचने लगे हैं। मेरा निवेदन है कि इसका पुनरावलोकन किया जाना चाहिए। जो कौम इतनी पिछड़ी हैं कि उनको इस वर्ग में शामिल किया जाय, उनको नये सिरे से शामिल किया जाना चाहिए। जो लोग इस स्थिति से बाहर जाना चाहते हैं, उनको बाहर निकालना चाहिये। मैं एक ग्रौर काम की बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा। मेरा निवेदन यह है कि रिजर्वेशन वस्तुतः जाति के तौर पर किया गया था लेकिन वह महज जाति के नाम पर नहीं कियागया था। जाति के नाम पर रिजर्वेशन होने के बावजूद हमारे दिमाग में यह बात थी कि यह जातियां आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई हैं आर्थिक रूप से पिछड़ी होने के कारण रिजर्वेशन देकर उनको तरक्की देने की स्कीम बनायी गई थी। इस स्कीम के रहते मुझे एक बड़ी भारी दिक्कत इन्हीं के वर्ग के लोगों में से सामने ग्राती नजर आती है। इस वर्ग में जो लोग समुन्नत हो गये हैं, वह वड़ के पेड़ बन गये हैं जो छोटे पेड़ों तक न प्रकाश पहुंचने देते हैं, न उनके लिए हवा पहुंचने देते हैं। स्थिति यह है, गांव में जो गरीब तबका इस वर्ग का है, उस तक यह सारी सुविधायें नहीं पहुंच पातीं। केवल कोटा पूरा हो होता है जो इन्हीं लोगों के इने गिने परिवारों के आपसी लोग, संबंधियों की मिलीभगत से सारा हिसाब बराबर हो जाता है। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि लोगों की न्यूनतम आर्थिक योग्यता इनकम टैक्स पे करने की हो ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। जो लोग इनकम टैक्स देने की स्थिति में आ गये हैं, ऐसे लोगों को रिजर्वेशन से मिलने वाली सुविधाग्रों को बन्द कर देना चाहिए। ताकि वह पैसा भी उन बेचारे गरीब लोगों को जल्दी मिले। उनको जल्दी राहत मिले ग्रौर वे बड़ की छाया से निकलकर खुली हवा में खुले प्रकार से काम कर सकें। मैं किसी व्यक्ति विशेष या कुछ लोगों की बुरी बात सोच कर नहीं कह रहा हूं। यह मैं जानता हूं कि इस वर्ग में ऐसे लोग मुखर हो गये हैं ग्रौर वे इस बात से सख्त नाराज होंगे। मैं उन मित्रों से निवेदन करना चाहता हूं, वह स्वयं सोचें कि क्या ग्राज रिजर्वेशन पाने के लिये ग्रन्दर से उनकी आत्मा हां भरती है। ऊपरी लोभ लालच के कारण धन लाभ ग्रौर आगे जाने के लिए, समृद्ध बनने के लिए वे उसका उपयोग करते हैं, गरीबी मिटाने के लिए नहीं करते हैं। इसलिए हमको यह निश्चय करना पड़ेगा। इससे जब एक आवाज जो जाति ग्रौर समुदाय के बारे में आती है, उसमें भी इससे सुधार आयेगा ......

(समय-समाप्ति-सूचक घण्टी)

बिना काम के आपस में वैमनश्यता की जो लोग बाग बातें करते हैं उसमें कमी आयेगी मेरा निवेदन है कि ऐसे लोग जो आर्थिक तौर पर पिछड़े हुए हैं उन सब को एक जाति के तौर पर हमको लाना चाहिए। वे सब एक जाति के हैं, शोषित लोग हैं, पीड़ित लोग हैं ग्रौर कुण्ठित लोग हैं। उन सब को एक जाति का मानना चाहिए। ऐसे लोग जो शोषित से शोषक बने हैं, उनको इस जाति से बिल्कुल बाहर करना चाहिए। वे चाहे जन्म से किसी जाति के हों। शोषक लोग, समृद्ध लोग, लोगों से काम करवाकर अपनी सुख-सुविधायें बढ़ाने

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

वाले लोगों को हमको एक श्रेणी में लाना चाहिए, एक जाति में लाना चाहिए। उस तरफ एक कदम बढ़ाने का यह उचित अवसर है। हमको इस बात में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। इससे कुछ व्यक्ति राजी या नाराज होंगे। यह मुखर लोगों द्वारा फैलाया गया जाल है कि रिजर्वेशन को इसी तौर पर रखा जाय। हमको रिजर्वेशन आर्थिक तौर पर करना पड़ेगा, करना चाहिए और उसकी पहली शुरूआत है, इन्कम टैक्स देने वाले लोगों को इन सुविधाओं से वंचित करना। यही मेरा आपसे निवेदन है।

धन्यवाद ।

श्री सभापति : श्री समर्थलाल ।

श्री समर्थलाल (राजगढ़) : माननीय सभापति महोदय, आज सदन के अन्दर 1978-79 की शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के आयुक्त की रिपोर्ट पर डिस्कशन हो रहा है। सभापति महोदय, 1983-84 के अन्दर 78-79 की रिपोर्ट डिसकस हो, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी राज्य सरकार कितनी जागरूक रहकर इन लोगों के हितों की रक्षा करती है। 1983-84 में 82-83 की रिपोर्ट डिसकस होनी चाहिए थी लेकिन 78-79 की रिपोर्ट डिसकस हो रही है। इससे आशय निकलता है, सभापति महोदय कि सरकार पिछड़े वर्ग के लोगों के प्रति एक प्रकार से बेरुखी अपनाये हुए है। इस बेरुखी का परिणाम यह है, सभापति महोदय, कि आजादी के बाद 35-36 वर्षों में करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करने के बाद देश के अन्दर और इस राज्य के अन्दर इन लोगों की स्थिति दयनीय नजर आती है। राजनीतिक दृष्टिकोण से लें तो भी, सभापति महोदय, आपको यह मानना पड़ेगा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से इन जातियों का जो उत्थान होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। आर्थिक दृष्टिकोण से तो जितना धन खर्च किया गया, जितना बताया गया, है, उसके आधार पर जितनी उन्नति होनी चाहिए थी उतनी उन्नति इन पिछड़े वर्गों की नहीं हो पायी ।

सभापति महोदय, मैं आंकड़ों के आधार पर कहना चाहता हूं, राजस्थान में बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत 3500 नियुक्तियां 83 के अन्दर निकाली गयी थीं लेकिन मैं दावे के साथ कहता हूं कि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के जो शिक्षित बेरोजगार हैं उनको नियुक्ति 3500 स्थानों पर नहीं हुई। मैंने जो जानकारी दी है, उसके आधार पर यह कहना चाहता हूं कि 3500 स्थानों में से 50 प्रतिशत स्थान भरे हुए हैं और 50 प्रतिशत रिक्त हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि इसमें सतर्कता नहीं बर्ती गयी। इसमें कर्मचारी अधिकारीगण शामिल हैं जो इन लोगों को अपने विभागों के अन्दर किसी प्रकार से नियुक्ति नहीं दे सकते, यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं। सभापति महोदय, राज्य के अन्दर जितने भी राजकीय विभाग, निगम और उपक्रम हैं उनमें से एक भी ऐसा विभाग नहीं है जिसके अन्दर 28 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति और जन-जाति के हैं। बल्कि मैं तो यह भी कहना चाहता हूं कि समाज कल्याण विभाग, जो इन लोगों की रक्षा और संरक्षण के लिए बनाया गया है, के अन्दर शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के 20 प्रतिशत लोगों की नियुक्ति नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों की नियुक्ति

(श्री समर्थलाल)

समाज कल्याण विभाग के अन्दर, जो मुझे जानकारी मिली है उसके आधार पर केवल 4 प्रतिशत है, जब समाज कल्याण विभाग के अन्दर ही 4 प्रतिशत है तो अन्य विभागों का क्या हाल होगा, सभापति महोदय, यह सदन को जानना चाहिए।

दूसरा, मैं निवेदन करना चाहता हूं, शिक्षा के बारे में। जो हमारे मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, आई.टी.आई. आदि जो भी संस्थान हैं उनके प्रवेश के अन्दर जो इनका प्रतिशत निर्धारित है उस निर्धारित प्रतिशत के अनुसार पिछले 3 वर्ष से इन जातियों के लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया है। इन जातियों के विद्यार्थियों की जगह सवर्ण जाति के विद्यार्थियों को प्रवेश दे दिया जाता है। इस प्रकार के सैकड़ों छात्र हैं जिनको प्रवेश का हक मिलना चाहिए था। उनको प्रवेश का हक नहीं मिलकर दूसरे छात्रों को हक मिला है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि राज्य सरकार सतर्क होती, समय-समय पर सतर्कता बर्ती जाती तो इस प्रकार से सवर्ण लोगों की नियुक्ति और प्रवेश उन छात्रों की जगह नहीं होता। एस.सी. और एस.टी. के विद्यार्थियों का प्रवेश होता और वे आज पढ़-लिखकर हमारे सामने आते।

दूसरा, सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं, राजस्थान की जो हायर ज्यूडिशियल सर्विसेज हैं उसके अन्दर अनुसूचित जाति और जन जाति के कितने व्यक्ति हैं? सभापति महोदय, जहां तक मुझे जानकारी है, अनुसूचित जाति के केवल 2 व्यक्ति हैं और जन जाति का एक भी व्यक्ति हायर ज्युडिशियल सर्विसेज में नहीं है। हायर ज्यूडिशियल सर्विसेज में आर.जे.एस. और कुछ वकील लिये जाते हैं राजस्थान के अन्दर अनुसूचित जाति और जन-जाति के करीब 3000 वकील हैं जिनकी 5 साल और 10 साल की प्रेक्टिस है। उनके अन्दर से आने चाहिये थे। आर.जे.एस. के रूप में 10-10, 15-15 साल की जिनकी सर्विसेज हो गई हैं उनको हायर ज्युडिशियल सर्विसेज में लेना चाहिये था। लेकिन उनकी जो पर्सेन्टेज है उसके आधार पर उनको प्रमोशन नहीं दिया गया, उनको क्रमोन्नत नहीं किया गया।

इसी प्रकार से मैं कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री स्तर पर एक कमेटी बनी हुई है जिसको सारे राजस्थान का जायजा लेना चाहिये। उस कमेटी की मीटिंग 3 महीने के अन्दर एक बार होनी जरूरी है लेकिन जो मुझे जानकारी है उसके आधार पर कहना चाहता हूं कि उस कमेटी की मीटिंग नहीं हुआ करती है। उस कमेटी की मीटिंग 1982 के अन्दर केवल 2 हुई हैं और 1983 के अन्दर शायद एक भी मीटिंग अब तक नहीं हुई है। जब इस प्रकार की स्थिति मुख्य मंत्री स्तर की कमेटी की है, तो सारे विभागों का जायजा लेना कैसे माना जा सकता है और राजस्थान सरकार कैसे इनके हितों का संरक्षण करेगी।

इसी प्रकार से, सभापति महोदय, जन जाति क्षेत्रीय विकास परामर्शदात्री समिति है उसकी मीटिंग भी 3 माह में एक बार होनी जरूरी है। लेकिन उसकी भी मीटिंग नहीं हुई है। जब सरकार मीटिंग करने में ही कोताही करती है, मीटिंग ही नहीं करती है तो, सभापति महोदय, सारी मशीनरी पर किस प्रकार से चैक रखा जा सकता है, किस प्रकार से चैक हो सकता है यह हमे देखना चाहिये।

मैं यह पूछना चाहता हूं सरकार से कि राजस्थान के अन्दर कितने हैड ऑफ दी डिपार्टमेन्ट, जिलों के अन्दर जिलाधीश, एस.

(श्री समर्थलाल)

पीज. आदि अनुसूचित जाति और जन जाति के हैं? जहां तक मैं समझता हूं, इने गिने 2-3-4 ही होंगे जबकि 30-40 आई.ए. एस. और आई.पी.एस. होंगे ' उसके अन्दर····

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि सदन में किस तरह से बात-चीत हो रही है। आखिर सदन की कोई गरिमा है। एक इतनी अच्छी बहस में रुचि लेने के बजाय आपस में बात-चीत हो रही है। इनको ताड़ना दी जाय, सभापति महोदय।

(व्यवधान)

श्री सभापति : माननीय सदस्य, कृपया शांति बनाये रखें।

श्री समर्थलाल : सभापति महोदय, मैं सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं, जिस प्रकार से विधान सभा में एम.एल.एज. की सीट्स रिजर्व हैं, लोक सभा के अन्दर एम. पीज की सीट्स रिजर्व हैं उसी प्रकार से ग्राम स्तर पर अनुसूचित जाति और जन-जाति के लोगों की, पंचायत के अन्दर सरपंचों की जगह रिजर्व होनी चाहिये, जिलों में जिला प्रमुख की सीट रिजर्व होनी चाहिये। इससे ग्राम स्तर पर जो परेशानी होती है उन परेशानियों की वे देखभाल कर सकेंगे, इस वर्ग के के प्रति रुझान हो सकेगा।

सभापति महोदय, राजस्थान के अन्दर जो भी कार्यक्रम इन लोगों के विकास के लिये; उत्थान के लिये बने हैं उन कार्य-क्रमों केअन्दर, उन योजनाओं के अन्दर, उन परियोजनाओं के अन्दर जितना भी धन भारत सरकार और राज्य सरकर से प्राप्त होता है वह धन पूरा का पूरा खर्च नहीं होता। उन योजनाओं, परियोजनाओं का धन लैप्स हो जाता है। जो धन उन के लिये मुकर्रर किया जाता है उस साल के अन्दर यदि वह धन खर्च नहीं होता है तो मैं यह समझता हूं कि यह सरकार की असफलता है। जो सरकारी अधिकारी और कर्मचारी उस धन के खर्च में बाधा डालते हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिये, उनको दण्ड मिलना चाहिये। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा।

श्री सभापति : श्री रूपलाल परमार। बोलना नहीं चाहेंगे?

श्री अमरचन्द (अनुपस्थित)

श्री पीरूराम (अनुपस्थित)

श्री अमराराम।

श्री अमराराम (पचपदरा) : सभापति महोदय, आजादी के बाद अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों को जो सबसे बड़ी उपलब्धि हुई है वह यह है कि उन्होंने सम्मान और इज्जत से रहना सीखा। यह कांग्रेस सरकार की ही देन है।

(व्यवधान)

अनुसूचित जाति और जन जाति की शिक्षा के बारे में और नोकरी के बारे में जितना कांग्रेस सरकार ने किया है वह कोई भी अन्य सरकार नहीं कर सकती। पश्चिमी राजस्थान में अकाल हर साल पड़ता रहा इसलिये वहां के जो अनुसूचित जाति और जन जाति के लोग हैं उनकी स्थिति बहुत दयनीय है।

(व्यवधान)

श्री यदुनाथ सिंह : सभापति महोदय, इनको मंत्री मण्डल से निकाल दिया, ये शिड्यूल्ड कास्ट के ही हैं।

(व्यवधान)

गलत बयान कर रहे हैं। 28 प्रतिशत इनके मंत्रि-मण्डल में ही कोटा पूरा नहीं है।

(व्यवधान)

श्री सभापति : आर्डर प्लीज. । ग्रॉर्डर, ग्रॉर्डर ।

(व्यवधान)

श्री नन्दलाल मीणा : कंवरिया जी को निकाल दिया, क्या ये शिड्यूल्ड कास्ट के नहीं हैं ?

श्री ग्रमराराम : शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग गांवों में रहते हैं वहां उनके रहने की स्थिति अच्छी नहीं है । गांवों में जो शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के किसान हैं उनके जो लड़के हैं, उनके रहने की जो व्यवस्था है, पांचवीं से आठवीं में आयेंगे तो उनको बड़े कस्बे में रहना पड़ेगा। जब तक वहां छात्रावास नहीं होंगे, उनके रहने की व्यवस्था नहीं होगी तब तक उनके लड़के पढ़ेंगे नहीं। उनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वे अपने लड़कों को पढ़ा सकें। जो बड़े-बड़े कस्बे हैं उनमें एक-एक कमरे में 50-50 ग्रौर 60-60 लड़के शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के रह रहे हैं। उनमें अभी तक छात्रावासों की उचित व्यवस्था नहीं है। पचपदरा तहसील में सिर्फ दो कमरों में 50 लड़के रहते हैं। इसलिए जब तक उनके रहने की उचित व्यवस्था नहीं होगी, उनके लिए सारी सुविधायें उपलब्ध नहीं कराई जायेंगी तब तक उनके लड़के पढ़ेंगे नहीं। बड़े कस्बों में जहां सैकेण्डरी स्कूल हैं, हायर सैकण्डरी स्कूल हैं वहां तो यह प्रबन्ध सरकार को कर ही देना चाहिये। शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के छात्रों के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए । मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि पश्चिमी राजस्थान में छात्रावास बहुत ही कम हैं ग्रौर जो छात्रावास खोले गये हैं उनके लिए भवन उपलब्ध नहीं हैं । लोग किराये पर भवन नहीं दे रहे हैं। वहां पर विशेष प्रोग्राम के द्वारा समाज कल्याण विभाग को भवन बनाने का प्रावधान करना चाहिये । यह कार्य अलग से उनके सुपुर्द करना चाहिये ताकि वहां छात्रावास बनाये जा सकें। मैं तो यह कहूंगा कि जब तक उनके अन्दर शिक्षा नहीं होगी तब तक उनकी उन्नति नहीं होगी, उनका जीवन स्तर अच्छा नहीं होगा। इसलिए मेन चीज जो है वह शिक्षा है । गरीब लोग जो गांवों में रहते हैं उनके लिए विशेष सुविधा दी जाय। शहरों में जो सम्पन्न लोग हैं शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के, उनके बच्चों को पैसा मिल जाता है लेकिन गांवों में कपड़ा जो दे रहे हैं वह बहुत ही कम दे रहे हैं। उनको राशन भी पूरा नहीं दे रहे हैं, जो उनको पूरा उपलब्ध कराया जाना चाहिये।

श्री सभापति : श्री थानसिंह ।

श्री थानसिंह (सलूम्बर) : सभापति महोदय, अनुसूचित जाति ग्रौर अनुसूचित जन जाति के आयुक्त की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है उसके बारे में, मैं अपने विचार प्रकट करूंगा। आज शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को जो सुविधायें मिल रही हैं वैसी पहले कभी नहीं मिली। ज्योंही आजादी मिली कांग्रेस की सरकार बनी । उसने शिड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों, जिनमें

(श्री थानसिंह)

ज्यादातर भूमिहीन थे, को भूमि दी । आजादी के पहले स्थिति यह थी, राजा-महाराजाओं के जमाने में एक प्रतिशत या एक एकड़ भी भूमि उनके पास नहीं थी। भूमि का नाम निशान भी शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के पास नहीं था। जो लोग बुनकर थे वे बुनाई का काम करते थे, जो मेघवाल थे वे मेघवाल का धन्धा करते थे। यहां तक कि पढ़ने का अधिकार भी उनको नहीं था। राजा-महाराजाओं के जमाने में। लेकिन ज्योंही कांग्रेस की सरकार आई, इनके पढ़ने की व्यवस्था की गई, भूमिहीनों को भूमि दी गई और नौकरियों में भी आरक्षण का प्रावधान किया गया। सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करूंगा कि शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिए 16 प्रतिशत और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए 12 प्रतिशत रिजर्वेशन का प्रावधान किया गया लेकिन इसके बावजूद आज तक इस कोटे को सरकार 25 प्रतिशत पूरा करने में असफल रही है। मैं निवेदन करूंगा कि इस विषय में सरकार को अधिक से अधिक प्रयत्न करना चाहिये। कई अधिकारी लोग इसमें मनमानी करते हैं। उदयपुर जिले में 60 प्रतिशत लोग शिड्यूल्ड ट्राइब्स के रहते हैं लेकिन उनके लिए वहां कुछ नहीं हुआ। एक बात और मैं निवेदन करूंगा कि वहां पर पुलिस की भर्ती हुई, वहां के एस.पी. ने ट्राइब्स के एक भी कैण्डीडेट को नहीं लिया। शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग पानी पिलाने के लिए लगे हुये थे उनको राज्य सरकार ने निकाल दिया। वहां पर शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों में बेरोजगारी की समस्या भी बहुत ज्यादा है। मैट्रिक पास लड़के चपरासी बनने की स्थिति में नहीं हैं।

इन्दिरा गांधी का जो ट्वन्टी प्वाइन्ट प्रोग्राम है उसके अन्दर यह पांइट रखा गया है कि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार दिया जायेगा। अभी सरकार ने जो बैन लगा रखा है, मैं निवेदन करूंगा कि इस प्रकार का बैन शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के लिये नहीं लगाया जावे।

सभापति महोदय, मुझे छात्रावासों में पढ़ने का मौका मिला है उसमें उस समय तीन सौ ग्राम मक्की की रोटी मिलती थी वही आज भी मिलती है। एक तरफ आपने व्यवस्था कर रखी है फिर किस प्रकार से शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग सलेक्शन में आ सकते हैं, कैसे वे डाक्टर बन सकते हैं, कैसे वे आगे बढ़ सकते हैं। आज हालत यह है कि बहुत सी जगह जन जातीय क्षेत्र में आदिवासियों के पास रहने को मकान नहीं हैं। आपने जो 750- रु. का प्रावधान रखा है उससे यह व्यवस्था नहीं हो सकती है। हम शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के पास जाते हैं तो देखते हैं कि उनके पास बर्तन नहीं हैं, खाने को अनाज नहीं है, रहने को मकान नहीं है। उनकी हालत बहुत ही दयनीय है। उनके लिये जितनी भी योजनायें सरकार ने बनायी हैं उनका पूरा लाभ उनको नहीं मिल रहा है। आदिवासियों के लिए कोई योजना नहीं है। इस मामले में हमारा अनुभव है कि छात्रावासों में बच्चों के लिये व्यवस्था ठीक नहीं है।

आज शिक्षा के क्षेत्र में आपने स्कूल तो खोल दिये हैं लेकिन मास्टरों

(4.28 म.प.)

(श्रीमती विद्या पाठक, सभापति, पदासीन)

(श्री थानसिंह)

के अभाव में वहां पर पढ़ाई नहीं हो रही है, उनकी हालत बहुत खराब है। शिक्षा के मामले में शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स का प्रतिशत बहुत घट रहा है। जिस प्रकार का वातावरण पहले था वह अब नहीं रहा है। बुनकरों और मेघवालों की स्थिति बहुत खराब है। उनको अच्छे कपड़े चाहिये मकान की अच्छी व्यवस्था चाहिये। उनके रोजगार के मामले में भी निवेदन कर दूं कि 180 पोस्ट को भरने में सरकार असफल रही है।

शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के रोजगार के बारे में मैंने पहले आपसे निवेदन कर दिया है। आज, सभापति महोदय, रोजगार के दफ्तरों में भी सिर्फ पियोन की पोस्ट के लिये बात करते हैं पर मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि पियोन की लिस्ट भी अभी तक वहां पर पड़ी हुई है। राज्य सरकार को उसको भी भरने की फुरसत नहीं है। आज सरकार बड़ी बड़ी पोस्टे भरने की बात तो करती है पर बड़ी पोस्टों के लिये अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों के लिये कुछ भी करने को तैयार नहीं है। आज भी उनको अगर कहीं पर नौकरी दी जाने की बात होती है तो पानी पिलाने वालों में और बर्तन मांजने की जगह पर उनको नौकर रखते हैं औरउनसे आज भी सेवा करवाते हैं। तो मेरा निवेदन है कि उन लोगों को बड़ी पोस्टों से विशेष तौर से वंचित किया जा सकता है? सभापति महोदय, मैं आपको निवेदन करना चाहूंगा कि बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिये राज्य सरकार को चाहिए कि उनको साल दो साल के लिये पहले वर्क चार्ज की नौकरियों में रखा जाय। इसके अलावा पुलिस में सिपाही की पोस्ट पर भर्ती किया जाय व सभी पोस्टें उनके लिये रिजर्व की जानी चाहिये इसके अलावा उनको पटवारी के पदों पर नियुक्तियां दी जानी चाहिये। मैं बड़ी पोस्टों की बात नहीं करता हूं, पर छोटी पोस्टें तो हमारे बेरोजगार नवयुवकों को मिलनी चाहियें। मैं मानता हूं कि पढ़ाई की कमजोरी के कारण हमें आप बड़ी पोस्टों पर नहीं आने दे रहे हैं पर आपको हमें एल.डी.सी. और यू.डी.सी. की पोस्टों पर तो नियुक्तियां देनी चाहियें। आज हम जब कि डाक्टर और इंजीनियर नहीं बन सकते हैं तो आप हमें एल.डी.सी. और यू.डी.सी. तो बनाइये। आज हमारा उदयपुर डिविजन, जो कि जन जाति के लोगों से भरा हुआ है और आदिवासी क्षेत्र है, में वहां भी अगर आदिवासी लोगों को नौकरियां नहीं मिले तो इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है। मैं आपको उदाहरण देना चाहूंगा कि उदयपुर के एस.पी. ने पुलिस में जो भर्तियां की उसमें आदिवासी क्षेत्र के जनजाति के लोगों को सिपाही की भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी। इससे ज्यादा बढ़कर जनजाति के लोगों के साथ क्या अन्याय हो सकता है। आज होना तो यह चाहिये कि पुलिस में सिपाही की भर्ती की जाय उसमें सेन्ट पर्सेन्ट रिजर्वेशन अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों का होना चाहिये।

इस मौके पर मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि आज जनजाति क्षेत्र में राजनैतिक मामलों में भी बड़ा अन्याय हो रहा है। मैं तो यह निवेदन करना चाहूंगा कि वहां पर जो वार्ड हैं वहां भी अनुसूचितजाति, जन-जाति के लोगों को रिजर्वेशन होना चाहिये। वहां पर जो सरपंच और प्रधान हैं उन सरपंच और प्रधानों में रिजर्वेशन होना चाहिये। आज वहां

(श्री थानसिंह)

पर जो प्रधान हैं वह दूसरी जाति के लोग हैं। चूंकि जन जाति के लोगों में राजनैतिक जागृति नहीं है इसलिये उनके नाम पर जो पैसा आता है वह लोग उस पैसे को हड़प लिया करते हैं। आज भी वह लोग उनके पैसे अपने पास रख लेतेहैं जिससे उनकी हालत नहीं सुधर सकती हैं उनको यह आदत छोड़नी चाहिये। जनजाति के लोगों का विकास कैसे हो और उनका भविष्य कैसे उज्जवल हो उसके लिये कार्यवाही होनी चाहिये। बेरोजगारी की जो समस्या जनजाति के लोगों में हैं उसको जल्दी से जल्दी समाप्त किया जाना चाहिये। आज उन लोगों को नौकरी की गारन्टी नहीं है। आज हालत यह है, सभापति महोदया, आज भी जन जाति के लोग किसी ठाकुर के यहां जाते हैं तो उसको पास नहीं बैठने दिया जाता है। उसको हीन भावना से देखा जाता है। आज भी उनके साथ कोई खाना खाना या पानी उनके यहां पीना नहीं चाहता है। आज आप जो योजनायें बनाते हैं वह सिर्फ कागजों में रह जाती हैं। छोटे मोटे उद्योग उनके द्वारा लगाने की जो स्कीम आप बनाते हैं और जो भी योजनायें बनाते हैं उसके लिये जो आप के अधिकारी जाते हैं वह उनके घरों में नहीं जाते हैं। वह लोग या तो तहसीदार के घर पर या पंचायत समितिके आफिस में जाकर बैठते हैं, या सरपंच के घर पर जाकर बैठते हैं। उन लोगों को घृणा की दृष्टि से देखते हैं।

सभापति महोदया, हमारे देश की प्रधान मंत्री इन्दिरा जी ने इन गरीब लोगों की हालत सुधारने के लिये 20 सूत्री कार्यक्रम दिया है इसमें गरीबों की हालत सुधारने के लिये सूत्र दिये हैं जिससे कि उन लोगों को उसका लाभ मिले और उनकी हालत सुधरे। इसके लिये हमारे यहां के लोगों को शिक्षित करना जरूरी है। आज हमारे जन जाति के लोग आदिवासी क्षेत्र के बच्चे जहां पर पढ़ रहे हैं उन बच्चों के लिये पूरी पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है और न ही उनके रहने के लिये व्यवस्थित छात्रावास हैं। आज यही कारण है कि हमारे बच्चे पढ़ाई में कमजोर होते हैं। दूसरे बच्चे जो इंगलिश स्कूलों में पढ़ते हैं, जो पब्लिक स्कूल में से पढ़कर आते हैं वह जल्दी ही नौकरी प्राप्त कर लेते हैं और हमारे बच्चों को नौकरियां नहीं मिलती हैं। हमारे बच्चे उनमें रह जाते हैं। मेरा आपसे यह निवेदन है कि आप हमारे यहां पर भी प्राइवेट स्कूल खोलिये, इंगलिश स्कूल खोलें ताकि हमारे बच्चे भी उसी तरह शिक्षित हों, आज आप चाहें हमारे यहां पर दूसरी योजनायें मत खोलिये। मत खर्च कीजिये आप उल जलूल. फालूत योजनाओं पर पैसा।

इसके अलावा मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि आज सरकार के द्वारा एक समाज कल्याण विभाग खोला हुआ है मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह विभाग हमारे कल्याण के लिये नहीं है अपितु हमारे समाज का शोषण करने के लिये है। यह विभाग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों का शोषण करता है। यह विभाग ऐसा विभाग है कि इसमें जन जाति के लोगो के लिये जो बजट राज्य सरकार के द्वारा रखा गया है उसको पूरी तरह से उन लोगों के लिये खर्च नहीं कर पाते है और इसका बजट बच जाता है आपको सुनकर ताज्जुब होगा, उनके बजट का पैसा लैप्स हो जाता है। आज राज्य सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिये हाईकोर्ट में जो लीगल ऐड के लिये प्रावधान कर रखा है वह भी उन्हे नहीं मिल पाता है उसका भी जो बजट होता है वह बच जाता है क्योंकि उसके लिये भी इस राज्य सरकार ने कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है। आज

(श्री थानसिंह)

आज बिना लीगल ऐड के हजारों गरीब लोगों को नुकसान हो रहा है। यह कितने शर्म की बात है। आज जितना भी पैसा उसके लिये है वह सारा का सारा हो बचा हुआ है इसलिये मेरा आपसे यह निवेदन है कि आप हमारे लिये फिजूल खर्च की योजनायें नहीं बनायें, बेबुनियाद खर्च की योजनायें हैं उन्हें आप लागू मत कीजिये। आज हमारे आदिवासी क्षेत्रों में और विशेष तौर से मेरे निर्वाचन क्षेत्र में न तो कोई बिजली की व्यवस्था है और न ही सड़कों की व्यवस्था है, न वहां पर आज कोई उन लोगों के लिये पीने के पानी की व्यवस्था है। तो मेरा निवेदन है कि राज्य सरकार को चाहिये कि इन योजनाओं को जल्दी से जल्दी लागू किया जाये। आज बड़े बड़े सवर्ण लोगों के तो फार्म हैं पर हमारे वहां बहुत ही हालत खराब है।

तो मेरा यह निवेदन है आप उनकी ओर ध्यान दीजिये और यह आपकी पुरानी आदतों को छोड़िये और ऐसी योजनायें वहां लागू कीजिये कि वहां की आर्थिक हालत सुधरे। ऐसी व्यवस्था कीजिये जिससे कि आप उनके साथ जुड़कर उनकी हालत सुधारें बस मुझे इतना ही निवेदन करना है। इतनी बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री सभापति . श्री हीरालाल आर्य।

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : सभापति महोदया, आज सदन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के आयुक्त की सन् 78-79 की रिपोर्ट के बारे में विचार हो रहा है। सभापति महोदया आज हमारे देश को आजाद हुए 35-36 साल हो गये है इतने वर्ष के बाद भी अनुसूचित जन जाति और अनुसूचित जाति के लोगों की हालत बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है। यद्यपि किसी न किसी रूप में उनकी हालत सुधारने के लिये उपाय किये जाते रहे हैं पर जो शताब्दियों से पीड़ित किया है उन पापों के प्रायश्चित के लिये यह बहुत ही कम हुआ है। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोग गरीब हैं, आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोग पिछड़े हुए हैं, आज यह लोग अशिक्षित हैं। आजादी के बाद इतने लम्बे समय में सरकार ने जो आज तक काम किया है उससे जितना लाभ उनको मिलना चाहिये था, जितना उनका विकास होना चाहिये था वह नहीं हो सका है अभी सत्ता पक्ष के कुछ माननीय सदस्यों ने कहा है कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के लिये इतना कुछ किया तो उसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि वर्तमान में जो परिस्थितियां पैदा हुई हैं उसके लिये, मैं माननीय सभापति महोदया, आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहूंगा कि हमारे संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गयी थी। संविधान की बदौलत ही यह सुविधायें मिली। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों को यह सुविधायें संविधान के निर्माताओं ने दी उन्होंने इस सरकार की व्यवस्थायें संविधान में की थी, यह कोई कांग्रेस की बदौलत नहीं है। उसमें इस प्रकार के रिजर्वेशन किये गये थे जिससे कि हमारे सदियों से पिछड़े हुए लोगों को ऊपर उठाया जा सके, हमारे यहां पर गरीब तबके के लोगों की आर्थिक हालत सुधर सके। और यही कारण है कि चाहे जो भी सरकार आयी वह कुछ न कुछ कार्य उनके लिये करती रही है। लेकिन फिर भी इतने लम्बे समय के बाद भी आज स्थिति कोई विशेष नहीं सुधरी हैं।

126

(श्री हीरालाल आर्य)

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से अनुसूचित ज़ाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों के बारे में कुछ निवेदन करना चाहूंगा।

सभापति. महोदया, अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों के लिये नौकरियों में रिजर्वेशन की व्यवस्था है। यह व्यवस्था संविधान में की गई है कि हमारे लिए 28 प्रतिशत नौकरियां रिज़र्वेशन से मिलेगी। लेकिन इतने लम्बे समय तक राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति व जन जाति के कितने लोगों को रिजर्वेशन दिया है, यह रिपोर्ट के आंकड़ों से प्रकट हो जायेगा। रिजर्वेशन के नाम को लेकर बहुत आन्दोलन होते हैं कि रिजर्वेशन समाप्त किया जाए। लेकिन यह मामला नाजुक है, रिजर्वेशन अति आवश्यक है। यदि देश की जनता यह चाहती है कि हमारे गरीब भाई ऊंचे उठें तो उसके लिए रिजर्वेशन आवश्यक है। प्रथम श्रेणी की नौकरियों में जो रिजर्वेशन मिला है वह 4.54 प्रतिशत मात्र है। द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में जो रिजर्वेशन मिला है वह 6.55 प्रतिशत के आसपास है। तृतीय श्रेणी में जो रिजर्वेशन के आधार पर नौकरियां दी गई हैं वह केवल 12प्रतिशत है। इन आंकड़ों के बाद यदि अनुसूचित जन जाति के आंकड़े प्रस्तुत करूं तो वे आंकड़े और भी खराब हैं। इससे सिद्ध होता है कि रिजर्वेशन के आधार पर हमें नौकरियां नहीं मिलीं। इसके लिए दोषी अगर किसी को कहा जाए तो यह कहा जा सकता है कि राज्य सचिवालय में राज करने वाले अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों को रिजर्वेशन नहीं दे रहे हैं।

दूसरा, शिक्षा के आंकड़े मैं प्रस्तुत करना चाहूंगा। राजस्थान में.. . .

श्री सभापति : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, बीच में बात न करें।

श्री हीरालाल आर्य : यह अनुसूचित जाति का 12 प्रतिशत के आसपास पड़ता है। अभी माननीय श्री कैलाश मेघवाल अनुसूचित जाति के महिला शिक्षा के आंकड़े प्रस्तुत कर रहे थे। महिला शिक्षा 0.1- प्रतिशत है जो नहीं के बराबर है। कहने के नाम पर हमने अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों को शिक्षा देने की व्यवस्था की है, छात्रावास खोले हैं लेकिन आज छात्रावासों की स्थिति इतनी दयनीय है कि उनमें रहने वाले बच्चों को नहीं के बराबर सुविधायें मिल रही हैं। न पढ़ने के लिये पुस्तक उपलब्ध हैं न रहने के लिए भवन हैं, न पहनने के लिये कपड़ा है और न किसी प्रकार की विशेष सुविधायें हैं। सिर्फ अनुसूचित जाति के बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था की है। लेकिन जिस तरह की व्यवस्था की है वह नहीं के बराबर है। पिछले विधान सभा सत्र में मैंने छात्रावासों की सुविधाओं के बारे में एक स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से कुछ मुद्दे उठाए थे। उस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि कि हम इन छात्रों की सुविधायें बढ़ाने का प्रयत्न करेंगे। लेकिन आज तक छात्रावासों में किसी तरह की सुविधायें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

सभापति महोदया, यह सरकार कहती है कि जो अनुसूचित ज़ाति व जन जाति के छात्र पढ़ रहे हैं उसके लिए हमने छात्रवृत्ति की व्यवस्था की है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो छात्र स्कूलों में पढ़ रहे हैं उनको छात्रवृत्ति समय पर नहीं दी जाती इस कारण न बच्चे समय पर पुस्तक खरीद पाते हैं न फीस दे पाते हैं। छात्रवृति का अधिकारी दुरुपयोग करते हैं। स्कूलों और कालेजों में जो सुविधायें प्राप्त हो रही हैं वे नहीं के बराबर हैं।

(श्री हीरालाल आर्य)

कोटा में छात्रों द्वारा शिकायत करने के बाद भी व्यवस्था नहीं हुई। सभापति महोदया, 1981-82 की छात्रवृति अभी तक नहीं दी गई। यह बात सिद्ध करती है कि सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है कि अनुसूचित जाति व जन जाति के छात्र आगे आकर खड़े हों और अपना विकास कर सकें।

राजस्थान में गरीबी 58 प्रतिशत है। उस 58 प्रतिशत में से अनुसूचित जाति व जनजाति का यदि हम प्रतिशत देखें तो वह 75 और 85 के आसपास पड़ता है। सरकार को अनुसूचित जाति व जन जाति के गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति सुधार कर उनको गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का प्रयत्न करना चाहिये। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अनुसूचित जाति व जन जाति के गरीब लोगों पर जो पैसा खर्च किया जाना चाहिए वह खर्च नहीं किया जा रहा है, अधिकारी इस पैसे को हजम कर रहे हैं। 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जो सब्सिडी की राशि अनुसूचित जाति व जन जातियों के लिये दी जाती है वह उनको उपलब्ध नहीं होती। अधिकारी उस पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं, खा रहे हैं। अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों को वह सब्सिडी नहीं मिलती हैं। इस तरह के मुद्दे कई बार जिला परिषदों की बैठकों में और दूसरी बैठकों में उठाए गये। सरकार को भी अवगत कराया गया, सभापति महोदया, सब्सिडी के नाम पर अनुसूचित जाति के लोगों पर जो पैसा खर्च किया जा रहा है क्या उसका सत्यापन किया है? क्या आपने देखा है कि सब्सिडी उन लोगों तक पहुंच पाती है या नहीं? अगर सब्सिडी पहुंच पाती है तो आज अनुसूचित जाति व जनजाति इतनी गरीब नहीं रहती।

सरकार इस बात का दम भरती है कि हमने अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। सभापति महोदया, दो साल पूर्व हमने नागौर, कोटा और अलवर जिले में जो विशेष अदालतें प्रारम्भ की उनसे अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को सस्ता न्याय उपलब्ध कराना तो दूर रहा, उनको न्याय प्राप्त करने में ही कठिनाई आ रही है। गांव की अदालतों के सारे मामले डिस्ट्रिक्ट हैडक्वाटर्स पर ट्रांसफर होने से अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को न्याय प्राप्त करने के लिये शहरों में आना पड़ता है।

एक दिन आने में और एक दिन जाने में खर्च होता है। लेकिन सरकार इस बात को मान नहीं रही है। जो प्राथमिकता दी गई है उसका कोई विशेष औचित्य नहीं है, यह योजना व्यवहारिक नहीं है। सरकार की बुद्धि पर तरस आता है कि इन विशेष अदालतों को समाप्त नहीं कर पा रही है बल्कि केवल यह घोषणा कर रही है कि हम इनको समाप्त कर रहे हैं। अभी तक गरीब लोग जिला हैडक्वार्टर पर आते हैं। सस्ता और सुलभ न्याय की दृष्टि से कानूनी सहायता देने के लिये जो विभिन्न प्रकार का फंड अलॉट किया जाता है वह फंड निश्चित रूप से खर्च नहीं किया जा रहा है और उस पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। मेरी मान्यता है कि अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त नहीं हो रहा है।

अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को वित्त निगम के माध्यम से कुछ अनुदान

(128)

(श्री हीरलाल आर्य)

दिया गया था। उस के आधार पर उनको बसेज़ दिलाई गई थी ताकि अनुसूचित जाति व जन जाति के गरीब लोग कुछ कमा पायें। मंत्री महोदय बिराज रहे हैं, कई बार अनुसूचित जाति के लोग इनसे मिले हैं और इनसे कह है कि आपके नियम कठिन हैं। इस वजह से जो उनको हैल्प मिलनी चाहिये वह नहीं मिल पा रही है। इस कारण हाई कोर्ट के चौराहे पर बसे जा खड़ी हुई हैं। यदि सरकार इस बात का दम भरती है कि इन जातियों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये उनको विशेष सुविधायें देकर बसेज की व्यवस्था की है तो कई महीनों से बसेज हाईकोर्ट के पास क्यों खड़ी हुई हैं? इतना ही नहीं, वे इन कठिनाईयों के बारे में परिवहन मंत्री, मुख्य मंत्री से भी मिले। उनसे कहा गया कि यह आपको बरबाद करने के लिये हैं और आपको बरबाद करके ही रहेंगे।

अभी तक अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग अशिक्षित हैं, अज्ञानी हैं, रुढिवादी हैं। अभी तक उनसे छूआछूत किया जाता है, मार-पीट की जाती है, झगड़ा, बलात्कार व हत्यायें की जाती हैं। आये दिन अखबारों में इस तरह की घटनायें आती रहती हैं। इस प्रकार की घटनायें दिनोंदिन बढ़ रही हैं।

(1.48 म.प.)

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

इसके कारण अनुसूचित जाति व जनजाति के लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, इन जातियों के लोगों के साथ जो अच्छे व्यवहार की बात की जा रही है वह दिखावा मात्र है। मैं चाहूंगा कि इन लोगों को वास्तव में ऊंचा उठाने के लिए सही तौर तरीके से और मान्यता के आधार पर विचार किया जाय। उनको आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से ऊंचा उठाने का प्रयत्न किया जाय। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों, जिनकी संख्या करोड़ों में हैं, को ऊपर उठाने के लिए किसी की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है। यदि वे लोग अपने अधिकार चाहते हैं तो उनको अपने पैरों पर खड़ा होना होगा, एकता की भावना से अपने पैरों पर खड़ा होना होगा। जब वे ऐसा करेंगे तभी इस देश में समृद्धि आएगी जिसकी कि आज आवश्यकता है।

इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री गोपाल पचेरवाल।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : उधर से कोई बोलने वाला नहीं है।

श्री यदुनाथ सिंह : खेतसिंह साहब मना करते जा रहे हैं।

श्री खेतसिंह राठौड़ (मुख्य सचेतक): यह तो अध्यक्ष महोदय का काम है।

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : सात सदस्यों के नाम पुकारे गये थे, अध्यक्ष महोदय, यहां बोलने कोई ..

(व्यवधान)

(श्री दाउदयाल जोशी)

नहीं आया, यह तो षड़यन्त्र है।

श्री खेतसिंह राठौड़ : उनकी समस्यायें सॉल्व हो चुकी हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अगर समस्या सॉल्व हो जाती तो वह पीछे नहीं पड़ते। समस्या सॉल्व नहीं हुई अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि सदस्यों पर मुख्य सचेतक और बाकी के सचेतक दवाव डाल रहे हैं। आप उनको थोड़ा प्रोटेक्शन तो दीजिए। एक सदस्य श्री बजारी को पकड़कर ले गये, बाकी सदस्य बोल नहीं रहे हैं इसका मतलव यह है कि सरकार आतंकपूर्ण कार्यवाही से माननीय सदस्यों को दबाना चाहती है।

श्री खेतसिंह राठौड़ : यह ख्वाम ख्वाह ख्याली पुलाव बनाया है। न तो इनसे कोई हमारा सदस्य मिला है, न ही यह किसी सदस्य से मिले हैं। यह कैसे कह रहे हैं?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपने कहा है कि आज किसी को नहीं बोलने दूंगा, मेरा नाम खेतसिंह है।

श्री गोपाल पचेरवाल (पाटन) : अध्यक्ष महोदय, आज सदन में अनुसूचित जाति और जन जाति के आयुक्त की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। कई माननीय सदस्यों ने गम्भीर सुझाव सरकार को दिये हैं। यह रिपोर्ट बहुत पुरानी है जो हमें मिली है। माननीय अध्यक्ष महोदय, कई माननीय सदस्यों ने पिछड़े वर्ग के आर्थिक विकास पर जोर दिया है। यह वात अलग है कि राजस्थान सरकार से लेकर भारत सरकार तक हरिजनों के विकास की बात करती है, वह 20 सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से या 5 सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से, समाज कल्याण विभाग के नाम से, वित्त निगम के नाम से, हरिजन विकास निगम के नाम से, उनके विकास कार्यक्रमों की घोषणा करती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा। अब तक जो चर्चा सत्ता पक्ष में चल रही है, मैं समझता हूं, सरकार का उसके प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया रहा है। अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों का रोजगार कितना सुरक्षित है? आप बांसवाड़ा या डूंगरपुर जिले में चले जाएं या उस रेगिस्तानी जिले में चले जाए वहां पर आपको आज भी विकास नाम की कोई चीज देखने को नहीं मिलेगी। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इस वर्ग के उत्थान करने का जो एकमात्र तरीका है वह है, आर्थिक दृष्टि से उत्थान। अगर हम उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत कर दें तो उनका विकास स्वतः ही हो जायेगा। मैं समाज कल्याण विभाग के मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हम कितने लोगों को रोजगार दे पाये हैं और उनका रोजगार कितना सुरक्षित है? हमको कहा था कि राजस्थान सरकार के मंत्री मंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया है कि हम हरिजन युवकों को रोजगार देंगे। उस समय कितना अच्छा लगा कि सरकार कुछ तो करने जा रही है, आज तक हमने अखबारों में पढ़ा था किन्तु आज राजस्थान सरकार का निर्णय अखबारों में छपा है कि राज्य सरकार उनकी स्थिति में सुधार करना चाहती है। लेकिन कुछ दिनों के बाद कई अखबारों के मुख पृष्ठ पर समाचार छपा कि राजस्थान में सरकार ने नियुक्तियों पर पाबन्दी लगा दी है। हम समाज कल्याण विभाग के मंत्री जी से पूछना चाहेंगे कि नियुक्तियों पर पाबन्दी क्यों लगाई? आपने कहा था कि हम राजस्थान के गरीब वर्ग की लड़कियों को रोज़गार देंगे, लेकिन कुछ दिन बाद राजस्थान

130

(श्री गोपाल पचेरवाल)

के मुख्य मंत्री का बयान आया कि सारी नियुक्तियों पर पाबन्दी लगा दी जायेगी। तो इसमें कौनसी बात सही है? माननीय समाज कल्याण मंत्री जब उत्तर दें तब बतायें कि राजस्थान के मुख्य मंत्री की दोनों बातों में से कौन-सी बात सही है। इस बात का आप स्पष्टीकरण अवश्य दें। अध्यक्ष महोदय, उनका सामाजिक विकास, आर्थिक विकास, एक ही बात पर टिका हुआ है कि उनका आर्थिक दृष्टि से उत्थान कर दिया जाये। आप उनको कब रोजगार दे पायेंगे?

राजस्थान में वित्त निगम द्वारा घोषणा की गई कि हम उद्योग लगा रहे हैं। क्या आप बता सकते हैं कि उद्योग लगाने के लिये जो आवेदन-पत्र आये हैं उनमें से कितने आवेदन पत्र हैं हरिजनों के और उनमें से कितनों के आवेदन-पत्र मन्जूर किये गये हैं? हरिजन वर्ग के कितने लोगों का ऋण स्वीकृत हुआ? जयपुर में जो वित्त निगम का कार्यालय है, आज भी उस वर्ग के आवेदन-पत्र वहां पड़े हुए हैं और स्वीकृत नहीं हुए हैं। आप उद्योग लगाने की बात करते हैं लेकिन उनके आवेदन-पत्रों को चैक नहीं किया जाता। प्रशासनिक या कोई और तरीके से गलती बताकर उनको अटका दिया जाता है। जो राजस्थान का गरीब आदमी है उसको आप उद्योग लगाने के लिए कहते हैं लेकिन वह उद्योग नहीं लगा पाता आपके कारण। आप घोषणा करते हैं कि हम पिछड़े वर्ग को प्रोत्साहन देंगे, आप बता सकेंगे कि इस वर्ग के कितने लोगों के आवेदन-पत्र आपके पास विचाराधीन हैं जिनको 10 दिन के भीतर निपटा दिया जाना चाहिये था? आप उनको स्वीकार करें और उनको उद्योग लगाने में प्रोत्साहन दें। अभी एक माननीय सदस्य चर्चा कर रहे थे, जब पहाड़िया जी···

सदन की कार्यवाही

विधान सभा की बैठक के निर्धारित समय में वृद्धि

श्री खेतसिंह राठौड़ : मैं यह निवेदन करूंगा कि सदन का समय एक घण्टे के लिये बढ़ा दिया जाए।

श्री गोकुलचन्द शर्मा (सुमेरपुर) : एक घण्टे में क्या बहस होती है···

श्री अध्यक्ष : सदन की अनुमति से समय एक घण्टे के लिये बढ़ाया गया।

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आयुक्त के 26वें प्रतिवेदन पर विचार

श्री गोपाल पचेरवाल : अध्यक्ष महोदय, एक माननीय सदस्य ने जिक्र किया, तत्कालीन मुख्य मंत्री, श्री जगन्नाथ पहाड़िया ने हरिजन होने के नाते घोषणा की थी कि हरिजनों को पांच हजार रुपया दिया जायेगा, बस चलाने के लिए। हरिजन लोगों ने पांच हजार रुपये जमा कराके बसें ली लेकिन मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज वह बसें राजस्थान हाई कोर्ट के चौराहे पर पुलिस की हिरासत में खड़ी हुई हैं। आज राजस्थान में जो बसें लम्बे रूट पर चलती हैं उनको एक रुपया अस्सी पैसा एक किलो मीटर का दिया जाता है। अध्यक्ष महोदय, आपने सुना होगा, डीजल के दाम बढ़ गये। आप स्वयं, मंत्री जी, आंकड़े उठाकर देखें कि कितने भाव बढ़ गये हैं। टायरों के भाव बढ़ गये हैं। आप टायर कम्पनी से चन्दा लेते हैं इसलिए आप जब चाहते हैं तब टायरों की कीमत बढ़ा देते हैं। राजीव गांधी के राजस्थान में आने पर राजस्थान के बस चालकों ने चन्दा नहीं दिया। इस-

(श्री गोपाल पचेरवाल)

लिए उनकी बसें राजस्थान हाई कोर्ट के चौराहे पर खड़ी हुई हैं। राजस्थान सरकार इस पर सोचेगी और विचार करेगी। उनकी जो वाजिब मांगें हैं उनका जो वाजिब पैसा है वह उनको मिलना चाहिए। उनको भी जयपुर से भीलवाड़ा, जयपुर से उदयपुर आदि लम्बे रूट अलॉट करने चाहिए। राजस्थान के हरिजन बस चालकों के रूट नहीं बढ़ सकते, डीजल, टायरों की कीमत बढ़ सकती है। लगता है, यह लोग माननीय मंत्री जी को खुश नहीं कर पाये। आप बात करते हैं उनके उत्थान की उनको ऊपर उठाने की,

मैं पूछना चाहता हूं कि उनके रूटों को क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है? क्यों आज उनकी-बसें, हाई कोर्ट के चौराहे पर खड़ी हुई हैं। राजस्थान सरकार कहती कुछ है और करती कुछ है। यह सरकार हरिजन विरोधी है, यातायात मंत्री हरिजन विरोधी हैं। माननीय समाज कल्याण मंत्री आप उस वर्ग के हैं, उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, क्या आप सरकार से अपनी बात मनवा सकेंगे?

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आपकी जो शहरों में सिटी बसें चल रही हैं उनको बंद करने की बात चल रही है। हमारे यातायात मंत्री बहुत प्रभावशाली हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा और राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री महोदय से भी कहना चाहूंगा कि जो प्राइवेट बसों के परमिट दिये जायेंगे, सिटी बस के परिमिट दिये जायेगें या और दूसरे परमिट दिये जायेंगे यह उन वर्ग विशेष के लोगों को दिलवाने की व्यवस्था करें जो कि पिछड़े वर्ग के और हरिजन वर्ग के हैं। नये रूट्स पर उनको परमिट दिलवाने का प्रयास करेंगे तो आपके लिए बहुत अच्छी बात होगी। क्योंकि आप उस वर्ग के व्यक्ति हैं इसलिये आप उनके बारे में सोच सकते हैं। हम हमारे यातायात मंत्री जी से आशा नहीं कर सकते क्योंकि वह तो किसी शर्मा, ब्राह्मण या बनिये की बात करेंगे। राजस्थान के हरिजन राजस्थान के यातायात मंत्री से उम्मीद नहीं कर सकते लेकिन जो हरिजनों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उनसे तो उम्मीद कर सकते हैं। इसलिये समाज कल्याण मंत्री महोदय आपका ध्यान मैं इस ओर दिलाना चाहूंगा कि आपकी सरकार इस प्रकार का निर्णय लेने वाली है और परमिट देने वाली है अतः आप इस पिछड़े वर्ग के लोगों को वित्त निगम से विशेष लोन दिलवाये।

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि जिस प्रकार से समाज कल्याण विभाग ने पहल की, मुझे अच्छे काम की प्रशंसा करने में संकोच नहीं है, आपत्ति नहीं है। पहली बार राजस्थान में सीधी भर्ती उन लड़कियों की की है जो कि बेरोजगार थी। समाज कल्याण विभाग में समाज कल्याण मंत्री महोदय ने महिला सुपरवाइजर की पोस्ट के लिये तीस चालीस हरिजन लड़कियों को बिना किसी आवेदन के आमंत्रित किया। पहली बार समाज कल्याण विभाग में इस तरह का काम हुआ है। हमने कहा कि समाज कल्याण विभाग हरिजनों का और राज करेंगे ब्राह्मण। यह पहली बार हमको देखने का मिला। हमने जनता शासन में भी यह बात कही थी कि राजस्थान में समाज कल्याण विभाग के मंत्रालय में मंत्री हरिजन हो उसका डायरेक्टर हरिजन हो, उसमें चपरासी से लेकर सारे अधिकारी हरिजन हों। आज पहली बार डायरेक्टर भी हरिजन है और समाज कल्याण मंत्री भी हरिजन है। मैं तो सरकार के इस कदम की भी प्रशंसा करना चाहूंगा। लेकिन सिर्फ इससे परिवर्तन आने वाला नहीं है।

(श्री गोपाल पचेरवाल)

जितने भी अधिकारी हैं, चाहे जिला स्तर के हों या समाज कल्याण छात्रावास स्तर के हों, जब तक आप हरिजन अधिकारियों को नहीं लगायेंगे तब तक छात्रावासों का राशन पानी, अध्यक्ष महोदय, होस्टल सुपरिन्टेंडेंट खा जायेंगे। जैसा माननीय सदस्य बता रहे थे कि होस्टल में आज भी वही रोटी मिल रही है जो पहले मिलती थी जब हमने पढ़ाई की थी। मैं कहना चाहूंगा समाज कल्याण मंत्री महोदय से कि आप इसमें कोई विशेष प्रयत्न करें। आप उन लोगों को प्लाट दिलाने की पहल करें तो उन लोगों का भला हो सकेगा। मैं निवेदन करना चाहूंगा, अध्यक्ष महोदय, कि इससे हम उद्योगों में आगे बढ़ जायेंगे।

अध्यक्ष महोदय, कई समस्यायें हमारे सामने हैं। छोटे गांवों में आज लोग धंधा परिवर्तन करना चाहते हैं। अभी भंगी कष्ट मुक्ति की बात माननीय सदस्य श्री आर्य साहब ने कही थी। भारत सरकार इस पर बड़ा बजट खर्च करती है। इन्दिरा गांधी भी भंगी कष्ट मुक्ति की बहुत बातें करती हैं, सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने की बात करती हैं। अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका के द्वारा फ्लश लेट्रिन बनाने के लिए 300 रुपये का अनुदान दे देंगे, क्या इससे जो भंगी कष्ट मुक्ति का अभियान है उसके लक्ष्य की पूर्ति हो जायेगी? मैं कहना चाहूंगा सरकार से कि किसी ब्राह्मण को फ्लश लेट्रीन बनाने के लिए यह 300 रुपये का अनुदान नहीं दे रहे हैं बल्कि आप सीधे-सीधे उसको आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। भंगी को कष्ट से मुक्ति नहीं दिला रहे हैं बल्कि आप उस वर्ग विशेष के व्यक्ति को 300 रुपये की सहायता दे रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इससे कुछ होने वाला नहीं है। इससे कोई सामाजिक परिवर्तन होने वाला नहीं है। इससे सिर पर मैला ढोने की प्रथा समाप्त होने वाली नहीं है।

मैं कहना चाहूंगा, आप इस तरह की योजना बनायें नगरपालिका के द्वारा दुकानें बनवाई जायं यू. आई. टी. द्वारा दुकानें बनवाई जायं शहरों में और सीधे उनको अलाट कीजिये। जैसे आपकी किसी नगरपालिका ने 50 दुकानें बनाई हैं तो उनमें से 40 दुकानें हमारे वर्ग के लोगों को मिले। इसके लिये अनुदान मिले। कम भाव पर वे दुकानें दें और उनसे कहें कि आप धंधा परिवर्तन कीजिए, आप यहां जूतों की दुकान लगाइये। आपके यहां से कोई तेल साबुन नहीं खरीद सकता, आटा नहीं खरीद सकता, गेहूं नहीं खरीद सकता तो आप जूते की ही दुकान लगाइये। उनको प्रोत्साहित करेंगे कि वह धंधा परिवर्तन करें तो ही आप कुछ विकास कर पायेंगे, अन्यथा कहने मात्र से ऐसा होने वाला नहीं है। यह आपने कह दिया कि 300 रुपये समाज कल्याण विभाग की ओर से भंगी कष्ट मुक्ति के आधार पर हमने अनुदान दे दिया और उसने लेट्रीन बना ली और शुद्धता ने उसके घर में प्रवेश कर लिया और भंगी कष्ट मुक्ति का अभियान पूरा हो गया। इससे न तो भंगी कष्ट मुक्ति का अभियान पूरा होगा और नहीं कुछ परिणाम आने वाला है और न आपके लक्ष्य की पूर्ति होने वाली है। अगर सरकार इस भंगी कष्ट मुक्ति अभियान के आधार पर सिर पर मैला ढोने वाली प्रथा को समाप्त करना चाहती है तो निश्चित रुप से आपको क्रांतिकारी कदम उठाने पड़ेंगे। सामाजिक परिवर्तन की बात आपको करनी पड़ेगी, इससे कोई भला होने वाला नहीं है। इसलिये आप उनका धंधा परिवर्तन कराईये उनको दुकानें दीजिए। दुकानें दिलवाने के

(श्री गोपाल पचेरवाल)

लिए वित्त निगम से और बैंक से सस्ते ब्याज पर कर्जा दिलवाईये। आप उनको इस ओर अग्रसर कीजिए तभी आपके लक्ष्य की पूर्ति हो सकेगी नहीं तो कुछ नहीं हो सकेगा।

मैं निवेदन करना चाहूंगा, अध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा कि आप परिवर्तन करना चाहते हैं। इसके लिये आपने प्रशासन गांवों की ओर अभियान चलाया अब प्रशासन शहरों की ओर जा रहा है। मैं कहना चाहूंगा कि जितनों को भी आपने जमीन का अलाटमेंट किया, क्या उनको आज कब्जे मिल गये? आज उन लोगों को जमीन के कब्जे नहीं मिले हैं। जमीन उनको मिल गई लेकिन आज भी उस जमीन के ऊपर गांव के जागीरदार का कब्जा है, आज भी उस जमीन पर गांव के लाठीधारियों का कब्जा है। आज भी पुलिस उस गरीब की मदद नहीं कर पा रही है। मैं आपको उदाहरण दे सकता हूं, श्रीमन्, कि पुलिस पहुंच गयी लेकिन कब्जा नहीं मिला। हमने कलेक्टर से कहा और कई चिट्ठियां लिखीं। वह कहते हैं, मामला विचाराधीन है लेकिन लोग न्यायालय में चले जाते हैं। वह न्यायालय में क्यों नहीं जायेंगे? आपने जमीन अलाट कर दी, सीलिंग से प्राप्त जमीन आपने आवंटित की है लेकिन जमीन को आपने भूमिधारियों से मुक्त नहीं कराया आज भी जमीन उसके कब्जे में हैं। एस.डी.ओ. ने उस जमीन का आवंटन कर दिया। आवंटन उसको हो गया लेकिन पटवारी ने मौके पर कब्जा नहीं दिया। जब गरीब आदमी खेती करने गया बिना पटवारी के कब्जे दिये, तो भूमिधारी उस पर लाठी लेकर तैयार हो गया। जब वह गरीब पुलिस में गया तो पुलिस ने उसकी एफ.आई.आर. दर्ज कर ली और उसके खिलाफ केस बना दिया। वह आज जूते तोड़ रहा है अदालत के दरवाजों पर, और वकील को पैसे दे रहा है। उसकी कोई सुनता नहीं है। थानेदार उसकी मदद करता नहीं है। और आप कह रहे हैं कि हमने इतने हजार एकड़ जमीन शिड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को आवंटित कर दी। आवंटित तो कर दी वह आप की रिपोर्ट में और सेक्रेटेरियेट की फाइलों में है। आप वहां जाकर देखिये कि आपने जो जमीन आवंटित कर दी उस जमीन पर उसको कब्जा मिलाया नहीं। आपके कितने कलेक्टर ने कब्जा दिलाया?

हम कहना चाहेंगे, पिछले सत्र में भी मैंने यह बात कही थी कि इस राजस्थान की सरकार में शिड्यूल्ड कास्ट्स के कितने कलेक्टर हैं और कितने आई.ए.एस. ऑफिसर शिड्यूल्ड कास्ट्स के हैं? आप उनको डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर्स पर लगा दीजिये वह कब्जा दिलायेंगे क्योंकि उनके वर्ग का सवाल होगा। लेकिन आप एस.पी. को बैठा रहे हैं एन्टीकरप्शन में, आप उसको बैठा रहे हैं जयपुर में। वहां लगेगा कोई राणावत, कोई सज्जनसिंह, कोई विश्वनाथ सिंह, और न जाने कौन-कौन लगेंगे। कलेक्टर वह बनेगा। एस.पी. वह बनेगा। आप नाम लेने को कह देंगे कि बीकानेर में हमने एस.पी. लगा रखा है जो शिड्यूल्ड कास्ट का है। आप कह देंगे यह, लेकिन आप जानते हैं कि कितना आपने उसको जलील किया था, कितना उसको परेशान किया था। आज बीकानेर का एस.पी. तो काम कर सकता है लेकिन बूंदी का एस.पी. काम नहीं कर सकता है। बूंदी का एस.पी., जयपुर का एस.पी. जाकर कब्जा नहीं दिला सकता। जयपुर का कलेक्टर कब्जा नहीं दिला सकता। जयपुर के कलेक्टर

(श्री गोपाल पचेरवाल)

के बारे में, मैं कह सकता हूं, मैंने उनको कई बार कहा। पिछली बार विधान सभा में भी यह मामला उठाया था। कि सन् 75 में 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री भूपाल मेघवाल को रामगढ़ में भूमि का आवंटन हुआ था लेकिन उसको कब्जा नहीं मिला। क्यों नहीं मिला? आपका कलेक्टर क्यों नहीं दिलवाता कब्जा? यहां का डी.एस.पी. पुलिस फोर्स लेकर चला गया था। कब्जा दिलवाने के लिए लेकिन पैसे लेकर वापस आ गया। यह दिखवा लीजिए, रामगढ़ के भूपाल मेघवाल को आजतक भी जमीन का कब्जा नहीं मिला है। मैं पूरे आधार पर आपको अर्ज करता हूं मेरी जानकारी के अनुसार आज इस पर बहस खत्म की जा रही है वरना मैं आप को बताता कि आपकी कथनी और करनी में कितना अन्तर है। जमीन अलाट हो जाती है लेकिन कब्जा नहीं मिलता। तो मैं चाहूंगा कि जितने भी शिड्यूल्ड कास्ट्स के आई. ए. एस. ऑफिसर्स हैं उनको डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर्स पर लगाइये ताकि आपकी नीति को वह क्रियान्वित करने का प्रयास करेंगे और आपकी जो भावना है और जो आप असलियत में चाहते हैं कि गरीब का भला हो और हरिजनों को जमीन मिले, उसका आर्थिक विकास हो यह लक्ष्य आपका पूरा हो सके। आपने शिड्यूल्ड कास्ट्स के जिस कलेक्टर को डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर लगाया है शिड्यूल्ड कास्ट्स के जिस एस. पी. को डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर लगाया है मैं, माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार से कहना चाहूंगा कि आप आंकड़े उठा कर देख लीजिए, आपने बीकानेर में पुलिस में एस.पी. को लगाया है वहां के आंकड़े उठाकर देख लीजिए वहां पर शिड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को जमीनों के ज्यादा कब्जे मिले हैं। आप आंकड़े मंगाकर देखेंगे तो पायेंगे कि उससे पहले वाले एस.पी. ने कब्जा नहीं दिलाया है और न ही पहले वाले कलेक्टर ने कब्जा दिलाया है। मैं जानता हूं कि उनका लगाव इस वर्ग के प्रति नहीं है।

उस गरीब आदमी को आपकी नीति का लाभ इसलिये नहीं मिला कि आपने जो जमीन अलाट की उसका कब्जा उसको नहीं मिला। इसलिये, माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूंगा सरकार से कि इस बारे में उचित कदम उठायें।

मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा। अभी बात चल रही थी छुआछूत की। माननीय अध्यक्ष महोदय, इसके लिये कानून बना हुआ है। मैं सरकार से जानना चाहूंगा, राजस्थान में छुआछूत के केसेज में कितने लोगों को आपने सजा दिलवाई। कोई हरिजन किसी होटल वाले के खिलाफ, किसी मन्दिर के पुजारी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने जायेगा तो अव्वल तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जायेगी और अगर दर्ज की जायेगी तो जिस व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने जायेगा वह शक्तिशाली होगा। मैंने पिछली बार भी निवेदन किया था आपके जयपुर डिस्ट्रिक्ट में एक हरिजन को इसलिये गोली का शिकार होना पड़ा था उसने होटल में प्रवेश करने का प्रयास किया। उस क्षेत्र से कांग्रेस के सदस्य उस गोली मारने वाले को बचाने में लगे हुए थे। हरिजन मारा गया। आज गरीब हरिजन होटल में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं।

आज गरीब हरिजन होटल में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। संविधान में जो अधिकार दिया है उस अधिकार की मांग करने वाले को गोली से मारा गया। मैं कहना चाहता हूं, उसको गोली से उड़ा दिया गया लेकिन आपकी राजस्थान सरकार ने गोली मारने वाले को बचा लिया। मैं कहना चाहूंगा, राजस्थान में ऐसे कितने केस हैं जिनमें छुआछूत करने के आधार

(श्री गोपाल पचेरवाल)

पर आपने सजा दिलवाई है ? मैं मांग करना चाहूंगा, राजस्थान में इसके लिये एक क्षेत्र बनाया जाय, जिस तरह से वृक्षारोपण का अभियान चला रहे हैं उसी तरह एक अभियान कांग्रेस के विधायकों के माध्यम से चलायें । हर क्षेत्र में कांग्रेस का कार्यकर्ता आसपास के क्षेत्र में हरिजनों को मंदिरों में प्रवेश करायेगा, होटल में प्रवेश करायेगा, नाई से वाल कटवाने का कार्य करेगा, उसको कोई डराने धमकाने का काम नहीं होने देगा । है आपमें यह नैतिक साहस ? अगर नैतिक साहस आप में हो तो आप घोषणा कीजिए कि कल से कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने पंचायत क्षेत्र में, अपने गांव में जाकर हरिजनों को मन्दिर में प्रवेश करायेगा मैं कहना चाहूंगा, कितने मंत्री यहां बैठे हुये हैं क्या वे कह सकते हैं कि अपने क्षेत्र में मन्दिरों में हरिजनों का प्रवेश करायेगें ? क्या नाथद्वारा के मन्दिर में हरिजन का प्रवेश करायेंगे ? है यह आप में नैतिक साहस ? आपको साहस जुटाना होगा । लेकिन आपमें साहस नहीं है क्योंकि आप वोट की राजनीति करते हैं, वोट के नाम पर आप गरीब का प्रयोग करते हैं, उनका शोषण करते हैं । गांधी जी की तस्वीर पर आप माला पहना दोगे और गांधी जी की जयन्ती पर आप हरिजन बस्ती में जाकर पानी पीकर आसपास के वोट पूरा कर लेंगे ।

मैं कहना चाहता हूं, आप परिवर्तन की बात करते हैं, आप जात तोड़ने की बात करते हैं, । वास्तव में सामाजिक परिवर्तन की बात करना चाहते हैं तो निश्चित रूप से पार्टी के आधार पर आपको निर्णय लेना पड़ेगा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता वास्तव में जात तोड़ने में विश्वास रखता है । कोई भी माननीय सदस्य जात तोड़ने को तैयार है ? मैं आह्वान करता हूं, कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता खड़ा होकर यह घोषणा कर दे कि वह अपने जिले में होटल में हरिजन को प्रवेश कराने का अभियान चलायेगा वह अपने जिले में मन्दिर-प्रवेश कराने का अभियान चलायेगा । लेकिन नहीं कर सकता . .

एक माननीय सदस्य : मना ही नहीं है ।

श्री गोपाल पचेरवाल : आप करिये । आप ले जाते ही नहीं है..

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज । समय काफी हो गया है । कृपया समय का ध्यान रखें ।

श्री जयकृष्ण शर्मा : कांग्रेस के सिद्धान्त में है ..

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जायें ।

श्री जयकृष्ण शर्मा : यह सिद्धांत बनाया है··

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज । कृपया बैठ जायें । ऑर्डर , ऑर्डर । कृपया आप शीघ्र समाप्त करें ।

श्री गोपाल पचेरवाल : मैं जानता था, अध्यक्ष महोदय···

श्री परसराम मदेरणा : मन्दिर में प्रवेश की बात तो ठीक है । कौनसे मन्दिर की बात करते हैं ? गोविन्ददेव जी का भी है···

(व्यवधान)

श्री दाऊदयाल जोशी : ' यह हिम्मत बी.जे.पी. के कार्यकर्ताओं ने की है। आपमें है कोई हिम्मत ...

श्री बालचन्द्र आर्यवीर (डग) : हिम्मत की आपने ?..

श्री परसराम मदेरणा : माननीय सदस्य हमको भोजन पर आमंत्रित करें जिसमें हम सभी एम.एल. एज. आपके घर भोजन करने के लिये आयेंगे ...

(व्यवधान)

श्री बालचन्द्र आर्यवीर : पीने के पानी की व्यवस्था कर दो..

श्री यदुनाथसिंह : गरीब के पास खाने को पहले ही नहीं है...

(व्यवधान)

श्री गोपाल पचेरवाल अध्यक्ष महोदय, माननीय मदेरणा साहब सदन के माननीय सदस्य रहे हैं आप मेरे घर भोजन करने की बात कर रहे हैं मुझे बड़ी खुशी है, लेकिन जयपुर के एक सफाई कर्मचारी के यहां आप भोजन करने के लिये आयें तो मैं व्यवस्था कर दूंगा।

श्री परसराम मदेरणा : हम वहां भी आ जायेंगे।

श्री गोपाल पचेरवाल : जिस दिन आपका व्रत न हो, बता देना।

श्री यदुनाथ सिंह : गरीब के पास खाने को पहले ही नहीं है।

(व्यवधान)

श्री गोपाल पचेरवाल : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था, छूआछूत के संबंध में। मैंने सरकार को जो सुझाव दिये हैं, सरकार के जो प्रतिनिधि हैं वे इस तरह का अभियान चलाने की घोषणा करें, चाहे गांधी जयन्ती पर करें या कभी भी करें, आपका यह कदम साहसिक कदम होगा।

मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा। छूआछूत के संबंध में जो मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं, मैं न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने की भावना से नहीं कह रहा हूं। जब न्यायालय में जाते हैं तो गरीब व्यक्ति के सामने बहुत परेशानी आती है। उसको शक्ति के आधार पर दबाने की कोशिश करते हैं इसलिये मैं चाहूंगा, सरकार इस तरह की व्यवस्था करे कि एक निश्चित अवधि के अन्दर उस केस का निपटारा किया जाना चाहिये। जिस तरह से आपने विशेष न्यायलय खोलें हैं, छूआछूत के केसेज के लिये विशेष न्यायालय स्थापित किये जाने चाहिये। यह सीमा निर्धारित की जानी चाहिये कि जो मुकदमा दर्ज होगा, 6 महीने के अन्दर उस पर निर्णय ले लिया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, यदि केस चलते भी हैं तो प्रायः उनमें समझौता हो जाता है और उन दोषियों को सजा नहीं मिल पाती।

दूसरा, मैं यह निवेदन करना चाहूंगा, अभी कई माननीय सदस्य खड़े हो गये और विशेष रूप से शर्मा जी को आपत्ति हो गई। मैं जानता था कि वे बोलेंगे। मैं कहना चाहता हूं, आपकी पार्टी में एक मेहत्तर व्यक्ति सदस्य हैं मांगीलाल आर्य जी, उनको मंत्री बनाया था। अब, मदेरणा जी या शर्मा जी या पण्डित जी, आप खड़े होकर एक बात कह दीजिये कि क्या भंगी के बेटे को मंत्रिमण्डल में रखने का आप साहस रखते हैं ? पहाड़िया जी ने साहस किया था। आपकी माथुर सरकार में है हिम्मत ?..

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : कांग्रेस ने तो बनाया है..

श्री परसराम मदेरणा : समाज कल्याण मंत्री ही हरिजन का बेटा है ।

(व्यवधान)

श्री गोपाल पचेरवाल : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा। आरक्षण के बारे में माननीय सदस्यों ने महत्व-पूर्ण सुझाव दिये हैं, चाहे वे इस ओर के हों, चाहे उस ओर के हों : मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आरक्षण के बारे में सरकार बड़ी उदासीन है।

आरक्षण की पालना सही तरीके से नहीं की जा रही है। आप चाहें तो सारे राजस्थान के आंकड़े मंगवाकर देख लें, आज रोस्टर प्रणाली को लागू नहीं किया जाता। मैं आपको उदाहरण दे सकता हूं। माननीय मंत्री जी, मैं कहना चाहूंगा कि आप किसी भी डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर पर जाकर वहां का रोस्टर प्रणाली का रजिस्टर उठाकर देख लें, चाहे कोई भी जगह हो, आज उनको नियुक्ति नहीं मिल पाती है और यह रोस्टर प्रणाली लागू नहीं की जाती है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि आरक्षण के आधार पर जो रोस्टर सिस्टम लागू नहीं किया जा रहा, उसको प्रभावी तौर पर सरकार को लागू करना चाहिए। जो संबंधित अधिकारी हैं अगर वह रोस्टर प्रणाली को लागू नहीं करता है तो राजस्थान सरकार को निस्संकोच होकर, साहस के साथ उस अधिकारी के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए, चाहे वह किसी का भतीजा हो, चाहे किसी मंत्री का भाई हो, । आज जो रोस्टर प्रणाली का पालन नहीं किया जा रहा है उसके लिये सरकार की तरफ से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जाता है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि आरक्षण के संबंध में यह कहते हैं, योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते। तो अब उसकी योग्यता क्या हो। जो दोहरी शिक्षा पद्धति आपकी है उसके कारण अमीर व्यक्ति का बेटा आपके मान्टेसरी स्कूल में शिक्षा लेकर आ रहा है, सैनिक स्कूल में शिक्षा प्राप्त करके आ रहा है। जब वह दोनों व्यक्ति, श्रीमन् परीक्षा में बैठते हैं, आर. ए. एस. की परीक्षा में बैठते हैं, आर. टी. एस. की परीक्षा में बैठते हैं, आई. ए. एस. की परीक्षा में बैठते हैं तो उनका रिटन टैस्ट होता है तो उसमें अच्छे उत्तर कौन लिख पायेगा, अच्छी अंग्रेजी में उत्तर कौन दे पायगा ? वही दे पायेगा जिसने शुरू से लेकर बी ए. तक अंग्रेजी पढ़ी है। गरीब हरिजन का बेटा, उस गरीब चमार का बेटा, जिसने सरकारी स्कूल में, गांव में स्कूल में शिक्षा प्राप्त की है, अंग्रेजी में उसका उत्तर नहीं दे पायेगा। तो हरिजन का जो चयन होगा वह अंग्रेजी के आधार पर होगा क्योंकि इस देश में अंग्रेजी के आधार पर नौकरी देने की परम्परा है। देश में आरक्षण की परम्परा योग्यता के आधार पर है। मैं कहना चाहूंगा, श्रीमन्, कि आज सामाजिक आधार पर आर-क्षण की नीति आपने लोगों पर लागू कर रखी है। पूंजी सारे देश में कुछ लोगों के पास है लेकिन जब हमारे लिये आरक्षण की व्यवस्था है तभी इस मामले में आवाज उठाते हैं। चाहे कोई भी आदमी हो, सरकार को इस मामले में पहल करनी पड़ेगी, प्रभावी कदम उठाने पड़ेंगे आप लोगों को निश्चित रूप से काम करना पड़ेगा कि आरक्षण में योग्यता का जो माप-दण्ड है उसको तोड़ें। अगर योग्यता में कमी है तो आपको उसमें छूट देनी पड़ेगी और उनके प्रमोशन के लिये रोस्टर सिस्टम को प्रभावी बनाना पड़ेगा। लेकिन आज ऐसा नहीं हो रहा है ।

(138)

(श्री गोपाल पचेरवाल)

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आपने विधायकों के लिये राजस्थान में जो आरक्षण कर रखा है उस कारण कुछ लोग इस वर्ग के विधायक बनकर आ जाते हैं। हम उन लोगों के बारे में चर्चा करते हैं। राजस्थान विधान सभा में कुछ लोग बैठते हैं। इस सदन में उनके बारे में चर्चा करते हैं लेकिन अध्यक्ष महोदय, जिला परिषदों में हमारा आरक्षण नहीं है। क्या आप बता सकते हैं कि आरक्षण के आधार पर कितने प्रमुख हैं? क्या आप बता सकते हैं कि राजस्थान की नगरपालिकाओं में चैयरमैन आरक्षण के आधार पर हैं? मैं जानना चाहता हूं, क्या सरकार यह कहने की स्थिति में है कि आरक्षण के आधार पर राजस्थान की इतनी पंचायतों में इतने सरपंच हैं? तो मैं निवेदन करना चाहूंगा कि वास्तवमें स्थिति को हम देखें तो वहां कुछ नहीं है। आप राजनैतिक आरक्षण को विधान सभा, लोक सभा और राज्य सभा से गांव की पंचायतों तक ले जायेंगे, सरपंच तक ले जायेंगे तो ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। आप कह देंगे कि पंचायतों में वार्ड पंचों के लिए आरक्षण देंगे। लेकिन वार्ड पंच वह जीत कर आते हैं जो किसी बड़े आदमी की दया पर निर्भर हैं। उसकी दया पर वह लोग जीत कर आते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि राजस्थान में 20 पंचायतों में या 10 पंचायतों में या 20 नगरपालिकाओं में चेयरमैन के लिए आरक्षण करें। जिस तरह विधान सभा में आरक्षण का मापदण्ड है, उसी मापदण्ड के आधार पर नगरपालिकाओं में अध्यक्ष, जिला परिषदों में प्रमुख और पंचायतों में सरपंचके लिये आरक्षण नीति निर्धारित करेंगे तो बहुत अच्छा कदम होगा, यह मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा।

श्री अध्यक्ष : समाप्त कीजिए, माननीय सदस्य।

श्री गोपाल पचेरवाल : यह सारे जो मैंने आपके समक्ष और सरकार के सामने रखे हैं, मैं समझता हूं कि राजस्थान सरकार की ओर से समाज कल्याण मंत्री इनका उत्तर देंगे। महत्वपूर्ण सुझाव आपके सामने रखे हैं, आप इन पर गम्भीरता से विचार करके इन का उत्तर देंगे तो बहुत अच्छी बात होगी जो उस वर्ग के प्रति आप करेंगे। मैं इतनी ही बात कहना चाहता हूं।

आपने मुझे समय दिया उसके लिये मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री सुन्दर लाल।

श्री सुन्दर लाल (सूरजगढ़) : अध्यक्ष महोदय, शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के आयुक्त की वर्ष 1978–79 की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। जहां तक छूआछूत की बात है, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि भले ही 10 साल तक कोशिश कर लें, छूआछूत की बीमारी नहीं जायेगी क्योंकि मन्दिर में आज जाने को कोई राजी ही नहीं है। हम मन्दिर में जाकर क्या करेंगे। हम तो उस मन्दिर में जाना चाहते हैं जहां गरीबों का उत्थान हो। मन्दिर में चाहे आप 24 पर्दे लगा दें मन्दिर की जरूरत हमको नही है हम मन्दिर का क्या करेंगे। हम मन्दिर में जाना नहीं चाहते सिंचाई मंत्री भी कह रहे थे मैं तैयार पर हरिजनों को न्योता कौन जिमावें। टाट फूट जावें उसकी मेरे क्षेत्र में एक छांन किया मैं स्पेशल दाल बाटी चूरमा बनवाया, उसको जाट सारे मिलकर खा गये, हरिजन बेचारों ने

(श्री सुन्दरलाल)

दाल रोटी खाई। इसलिये तो यह चाहते हैं कि जिस हरिजन को विकास के लिये, छप्पर के लिये 750 रुपये हम देते हैं मैं मंत्री जी और सिंचाई मंत्रीजी से कहूंगा कि इसमें कोई घोटाला नहीं हो। मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना है, मैं इसमें सुझाव देना चाहता हूं कि इसके लिए आप प्रतिज्ञा करें कि हरिजनों को यह रुपया सीधा मिले और उसी को मिले जिसके नाम से प्रस्ताव हो। जो 5000 रुपये कर्जे के रूप में हरिजन को दिये जाते हैं वह भी उसी को मिले।

पिछली बार यहां सुना था कि छात्रावास के लिए एक कमेटी बनायी जाती है। तो यह छात्रावास नहीं है, वह सांडशाला बना रखी है। इसके लिए एक अध्यापक देते हैं, वह अध्यापक रहता है और एक अन्य आदमी रहता है। वह 50 लड़कों का नाम लिख लेता है और पैसा खा जाता है। आज मंत्री महोदय अपने जवाब में इसमें सुधार करने की बात करेंगे।

इस अवसर पर मैं कहना चाहता हूं कि जो हरिजनों के बच्चे पढ़ते हैं उनके इलाज के लिए डाक्टर को 75 रुपये दिये जाते हैं लेकिन एक दिन भी डाक्टर स्कूल की बाउण्ड्री में गया हो तो मुझे उसकी जानकारी दे दें। क्योंकि हरिजन बीमार ही नहीं होता इसलिये उसका इलाज नहीं होता। 75 रुपये जो डाक्टर लेता है उसकी जगह गरीब को रोटी खाने के लिए दे दें। सारे पैसों का टोटल लगाकर वह पैसा जो लड़के पढ़ते हैं उनको दे दें ताकि वे रोटी खा सकें।

अब जैसे 10 हवाई जहाज दे दो लेकिन जब उनको हवाई जहाज चलाना ही नहीं आता तो उसका वे क्या करेंगे इसी तरह योग्यता के आधार पर जब हमारी नियुक्ति, प्रमोशन, की बात आती है तो कहते हैं कि उपयुक्त कैण्डीडेट उपलब्ध नहीं है। कब उपलब्ध होंगे उपयुक्त कैण्डीडेट ? योग्यता कब आयेगी ? इस तरह का विचार करना चाहिए। इस आधार पर मैं आपको बतानाा चाहता हूं कि यह छूआछूत तो कहीं है ही नहीं। इस मामले में जाट, अहीर और राजपूत सब छूआछूत मानते ही नहीं हैं। हमने उनको घर में जिमाया है। छूआछूत वाली बात तो हमारे दिमाग में ही नहीं है। लेकिन अन्य जो बात बतायी गयी है उन पर मंत्री महोदय घोषणा करेंगे कि हरिजनों को पैसा सीधा मिलेगा और नियुक्ति में ढकोसलेबाजी नहीं करेंगे। वक्त सदा नहीं आता है इसलिये जब वक्त है तो उस वक्त घोषणा करनी चाहिए।

आज राजस्थान में जितने बच्चे पढ़ते हैं उनके लिये सरकार की ओर से जो पैसा दिया जाता है उसको लोग बीच में अड्डा बनाकर खा जाते हैं, इसको भी खत्म करना चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि गरीब हरिजन का बच्चा छात्रावास में नहीं पढ़ता है, उसमें भी सिफारिश वालों के बच्चे पढ़ते हैं इसलिए आप इसकी व्यवस्था को भी देखिये। आप मेरे साथ मेरे क्षेत्र में चलिये, मैं आपको साथ ले चलूंगा और बताऊंगा कि वहां छात्रावास चल रहा है या नहीं या लोगों को पता भी है कि छात्रावास भी है या नहीं। या तो 5 आदमियों को पता है या एक सीनियर टीचर पढ़ाता है उसको पता है या जो हरिजन पढ़ता है उसको पता है कि छात्रावास है। बाकी पैसा जब आता है तो उसको खा जाते हैं और भाग जाते हैं।

ऐसा मत करो, मैं यही सुझाव देना चाहता हूं।

छूआछूत के मामले में मैं निवेदन करना

(श्री सुन्दरलाल)

चाहता हूं कि हमें मन्दिरों से. कोई मतलब नहीं है। जैसा मैंने कहा कि मन्दिरों में तो राम के जमाने से ही हमें परेशान करते आ रहे हैं, हमें मन्दिरों का क्या करना है। हम तो कमा खाना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं और इसमें हम आपका सहयोग चाहते हैं। मैं तो यही करना चाहता हूं।

जय हिन्द।

समिति का प्रतिवेदन

कार्य सलाहकार समिति का बीसवां प्रतिवेदन

श्री खेतसिंह राठौड़ (मुख्य सचेतक): अध्यक्ष महोदय, मैं कार्य सलाहकार समिति के बीसवें प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय...

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सीकर): अध्यक्ष महोदय, प्रतिवेदन वितरित तो कराइये।

श्री अध्यक्ष: ऑर्डर, ऑर्डर, अभी पढ़कर सुना देंगे

श्री घनश्याम तिवाड़ी: पढ़ कर नहीं, पहले सर्क्यूलेट कराइये।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, अव्यवस्था नहीं फैलायें। बैठ जावें··· आसन पैरों पर है। ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, बैठ जावें।

श्री खेतसिंह राठौड़: अध्यक्ष महोदय, मैं यह ····

श्री यदुनाथसिंह (नदबई): रामगोपाल जी बिराजिये।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: ऑर्डर, ऑर्डर। आसन पैरों पर है। कृपया बैठ जावें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय,····

श्री अध्यक्ष: कृपया बैठ जावें। यदि कोई माननीय सदस्य आपत्ति करना चाहें तो एक-एक माननीय सदस्य उठकर आपत्ति कर सकते है उस पर मैं विनिश्चय दूंगा।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: पहले तो रिपोर्ट कल प्रस्तुत की जावे।

श्री अध्यक्ष: कल क्यों करें?

श्री भैरोंसिंह शेखावत: आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई, हम इस उम्मीद में थे कि यहां कल रिपोर्ट पेश करेंगे··

श्री खेतसिंह राठौड़: हमेशा से यही होता रहा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई है आज ही रिपोर्ट पेश कर दें यह जरूरी नहीं है। और सबसे बड़ी बात यह है कि जब तक इसको सर्क्यूलेट नहीं किया जाय, तब तक इसको हाऊस में ले नहीं किया जा सकता।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: ऑर्डर प्लीज।

यहां पर जिस दिन कार्य सलाहकार समिति की मीटिंग होती है, आमतौर पर उसी दिन कार्य सलाहकार समिति के प्रति-

(श्री अध्यक्ष)

वेदन पर सदन अपनी सहमति व्यक्त कर देता है। शायद ही कभी हुआ हो मेरी याददाश्त के अनुसार ऐसा अवसर नहीं आया कि आज कार्य सलाहकार समिति की मीटिंग हुई हो और उसके बारे में कल उस पर विचार किया जावे। आमतौर से सदन अपनी सहमति उसी दिन व्यक्त कर देता है। जहां तक सर्क्यूलेशन का सवाल है, आसन को ऐसा अधिकार है कि नियमों में...

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत: अध्यक्ष महोदय, आसन को सब अधिकार है लेकिन हमारे विशेषाधिकारों का उल्लघंन करने की क्या आवश्यकता है ?

श्री अध्यक्ष: मेरी बात सुनिये।

आप जानते हैं कि आसन को अधिकार है और इस अधिकार का प्रयोग आज ही आसन कर रहा है, ऐसी बात नहीं है। सदैव इस अधिकार का आसन उपयोग करता रहा है ताकि सदन की कार्यवाही निरन्तर चल सके। अब विपक्ष के माननीय नेता महोदय, यह कह रहे हैं, कार्य सलाहकार समिति की बैठक के अन्दर यह तय किया गया कि इस प्रतिवेदन के अनुसार कल जो सदन की कार्यवाही चलेगी, कल विधायी कार्य है। विधायी कार्य के लिए आज जब आपत्ति उठाई थी विपक्ष के नेता महोदय ने, कि नियमानुसार माननीय सदस्यों को जितना समय संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करने का मिलना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है, तो मैंने यह व्यवस्था दी थी कि इस पर आज चर्चा नहीं होगी। कल यदि यह प्रस्ताव पेश किया जाता है वह सब निरस्त हो जायेगा। फिर परसों से कार्यवाही चालू होगी। सदन का जो मुख्य कार्य है इस बैठक में या इस सत्र में, वह विधायी कार्य है। अन्यथा मुझे कोई आपत्ति नहीं होती इसको आगे रखने में। जो कल प्रस्ताव रखने में व्यावहारिक कठिनाई है उसको विपक्ष के नेता महोदय और अन्य माननीय सदस्य, जो उस समिति की बैठक में उपस्थित थे, भी जानते हैं। इसलिए इन परिस्थितियों में नियमों के अन्दर ढील देना उचित होगा, जैसी कि हमारी पूर्व में परम्परायें रही है, ढील सदैव देते आयें हैं। दुर्भाग्य की बात है कि इस तरह के प्रतिवेदन के विरुद्ध यहां पर आपत्तियां उठाई जा रही हैं। वैसे आम तौर पर परम्परा यह रही है कि कार्य सलाहकार समिति का जो प्रतिवेदन होता है वह सर्व सम्मति से पास होता है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: अध्यक्ष महोदय, आज आवश्यकता ···

श्री अध्यक्ष: एक और निवेदन है। जब कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावे, हमारे प्रक्रिया एवं संचालन संबंधी नियमों के नियम 215 में व्यवस्था यह है कि इस पर अधिक से अधिक आधे घण्टे तक चर्चा हो सकती है। तो आधे घण्टे का सदुपयोग जिस तरह से चाहें, कर लें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: वह उपयोग नहीं करना चाहते हैं। आप स्वयं जानते हैं कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हो रही थी उस समय विरोधी पक्ष की तरफ से कुछ मांगें रखी गई और, अध्यक्ष महोदय, आपसे भी यह निवेदन किया गया था इन मांगों के सम्बन्ध में कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की जो रिपोर्ट प्रस्तुत हो उसमें विरोधी पक्ष ने इस प्रकार की मांग रखी है, इसका उल्लेख यहां हो जावे...

श्री अध्यक्ष : इसका उल्लेख नहीं होता।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : हो सकता है। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के प्रतिवेदन में उल्लेख हो जावे···

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मेरी भी याददाश्त अभी तक ठीक है, ऐसी कोई बात नहीं है। उस वक्त आपने यह कहा था, मैंने सभी माननीय सदस्यों, जो उपस्थित थे, से निवेदन किया था कि इसके अन्दर तो इसको हम ला नहीं सकेंगे लेकिन आपको यह छूट होगी कि आप इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखना चाहें तो उसको आप स्वयं रख दें। पहले इनका प्रस्ताव हो जाय···

श्री घनश्याम तिवाड़ी : प्रस्ताव पहले सर्क्यूलेट होना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : आपने जो आपत्ति उठाई उस पर निर्णय दे दिया है। पहले प्रस्ताव आने दीजिए। प्रस्ताव को मतदान हेतु नहीं रखा जायेगा लेकिन विपक्ष अपनी बात कह सकेगा।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : प्रस्ताव में हम संशोधन प्रस्ताव रखना चाहते हैं···

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : प्रस्ताव का प्रश्न नहीं है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस विधान सभा के इतिहास में शायद यह पहला अवसर होगा···

श्री अध्यक्ष : यह दूसरा है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : दूसरा होगा कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट पर किसी प्रकार का विवाद हो। आप भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि यह विवाद क्यों हो रहा है।

श्री अध्यक्ष : विवाद तो होते रहते हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : विवाद तो होते हैं लेकिन मीटिंग के पार्टीसिपेंट ही विरोध करें ऐसा नहीं हुआ। दूसरे मैम्बर्स ने इस प्रश्न को उठाया होगा लेकिन जो मैम्बर उस बैठक में सम्मिलित हुए हों वे विरोध करें, ऐसा नहीं हुआ।

श्री अध्यक्ष : आप उपस्थित नहीं थे, जो माननीय सदस्य उपस्थित थे उन्होंने उठाया था।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि पूरे छः महीने से पच्चीस दिन पहले विधान सभा की यह बैठक बुलाई गई

श्री अध्यक्ष : मैं नम्र निवेदन करता हूं कि पहले प्रस्ताव आने दीजिए उसके बाद, आप अपनी बात कह दें। आप उस समय संशोधन प्रस्ताव दे सकते हैं।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : पहले सर्क्यूलेट तो कराइये।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: हम प्रस्ताव में संशोधन दे सकते हैं।

श्री अध्यक्ष : पहले प्रस्ताव पढ़ दें उसको सुन लीजिए। मैं अपनी तरफ से यह व्यवस्था दे रहा हूं, आपको यह छूट होगी कि आप उस पर मौखिक रूप से संशोधन प्रस्ताव रखें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, यह नहीं होगा। मैं आपको इसलिए भी निवेदन करूंगा कि आज तक यह स्थिति नहीं आई है..

श्री खेतसिंह राठौड़ : मैं प्रस्ताव रखूंगा तब तो संशोधन पेश करेंगे।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : आप लिखित में प्रस्ताव दीजिए उसके बाद हम संशोधन रखेंगे हम रामगोपाल नहीं बनना चाहते... हम रामगोपाल की बात नहीं कर रहे हैं, हाउस की बात कर रहे हैं।

श्री यदुनाथ सिंह : हम अमेंडमेंट रखना चाहते हैं...

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर। माननीय सदस्य, कृपया बैठ जावें। आसन पैरों पर है। माननीय सदस्य, पहले प्रस्ताव आने दीजिए उसके बाद में मौखिक रूप से जो कोई भी संशोधन प्रस्ताव आप प्रस्तुत करेंगे मैं उन प्रस्तावों को विधिवत्, नियमानुसार प्रस्तुत किए हुए मान कर उनके बारे में चर्चा करने की इजाजत दूंगा।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, आपको कौनसी जल्दी है। उनको तो सरकार बदलने की जल्दी है। आपको किस बात की जल्दी हो रही है। अध्यक्ष महोदय, आप तो ऐसी परम्परा...

श्री खेतसिंह राठौड़ : आप तो यहां विराजने वाले हो नहीं। आप तो उधर ही बैठोगे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आपके सिर पर तो रामगोपाल बैठा है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव आने दीजिए ऑर्डर, ऑर्डर।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : संशोधन प्रस्ताव किस पर पेश करें। आप सर्क्यूलेट करवाइये यह हमारे अधिकारों का हनन है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि मेरे जीवन में यह पहला अवसर होगा कि हमें अध्यक्ष की व्यवस्था के खिलाफ वाक आउट करना पड़ेगा। अगर आप ऐसी व्यवस्था करना चाहें...

श्री अध्यक्ष : आप वाक आउट नहीं करें तो अच्छा होगा।

(व्यवस्था)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : अध्यक्ष महोदय, आपको दलगत राजनीति से ऊपर रहना चाहिए। अध्यक्ष को दलगत राजनीति से कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस दलगत राजनीति से अलग रहें। 11 तारीख को प्रणव मुकर्जी आ रहे हैं। ये सदन से भागना चाहते हैं, 9 तारीख तक विधान सभा चलाना चाहते हैं, आप भी इसमें पार्टी बनाना चाहते हैं यह नहीं होने दिया जायेगा।

श्री अध्यक्ष : 9 तारीख के बाद विधान सभा नहीं चलेगी यह कैसे कह रहे हैं?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यही है, आप भी जानते हैं।

श्री अध्यक्ष : मैं नम्र निवेदन कर रहा हूं कि 9 तारीख को मैंने कार्य सलाहकार समिति की बैठक बुलाई है। 9 तारीख को मैं वापिस लूंगा...

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : हमें इससे मतलब नहीं है। पार्टी की आपस की लड़ाई है। हाउस में चर्चा करना...

(व्यवधान)

(144)

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

मैं निवेदन करना चाहता हूं, चाहें जायें··

श्री खेतसिंह राठोड़ : आप बहुत कोशिश कर रहे हैं ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत: मैं नहीं कर रहा हूं, खेतसिंह जी, मैं तो चाहता हूं ऐसा कमजोर मुख्य मंत्री बैठा रहे तो शासन भी डूब जाये और कांग्रेस पार्टी भी डूब जाय..

(व्यवधान)

मैं दूसरी बात कह रहा हूं। मैं एक बात कहना चाहता हूं, कितने दिन से सैशन चल रहे हैं? आपने पिछले सैशन में हमको विश्वास दिया था कि रिपोर्ट्स पर चर्चा होगी । आज एक रिपोर्ट पर चर्चा नहीं हो रही है न इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पर हो रही है न किसी कम्पनी के नाम चर्चा हो रही है ।

श्री अध्यक्ष : आप सुन नहीं रहे हैं। इसमें एतराज तो···

श्री भैरोंसिंह शेखावत : सुन लिया, अध्यक्ष महोदय, मैंने सुन लिया । मैं बिना सुने नहीं बोल रहा हूं। 9 तारीख को भागने की तैयारी है··

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : 9 तारीख को मीटिंग रही है ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मीटिंग हो रही है मुझे मालूम है । आपकी मर्जी है, अध्यक्ष, महोदय, हम तो इस सरकार से नहीं कह सकते आपसे कह सकते हैं। हमें आप पर विश्वास था, आप हमारे जो अधिकार है उनकी सुरक्षा करेंगे लेकिन दुर्भाग्य से राजनैतिक चक्र जो चल रहा है उससे राजस्थान में कोई भी कांग्रेस का आदमी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता और उसमें एक आप भी हैं। इस लिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस सारे प्रसंग में···

(व्यवधान)

श्री श्रीराम गोटेवाला (राज्य मंत्री-पशुपालन): ... बात कर रहे हैं आप।

(व्यवधान)

श्री यदुनाथ सिंह : बैठ जाओ, बैठ जाओ.

(व्यवधान)

चुपचाप बैठ जाओ।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज।

(व्यवधान)

श्री भैरोंसिंह शेखावत : करवाइये, देखेंगे कल क्या होता है। कितने दिन चलता है हाउस। आपकी मर्जी है उतने दिन चलाईये हाऊस।

(बहिर्गमन)

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : श्री खेतसिंह ।

श्री खेतसिंह राठोड़ (मुख्य सचेतक) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के 20 वें प्रतिवेदन, जो निम्नांकित है, पर अपनी सहमति प्रकट करता है:–

कार्य सलाहकार समिति ने दिनांक 6 सितम्बर, 1983 से 9 सितम्बर, 1983 तक

(श्री खेतसिंह राठौड़)

सदन में लिये जाने वाले कार्य के विषय में विचार किया। समिति सिफारिश करती कि उक्त कार्य का बंटवारा इस प्रकार किया जाये :—

दिनांक 6, 7 **व** 8 **सितम्बर**, 1983.

निम्नांकित विधेयकों पर विचार और उनका पारण:—

1. सार्वजनिक वक्फ (परिसीमा विस्तारण) (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 1983
2. राजस्थान पंचायत समिति तथा तथा जिला परिषद् (संशोधन) विधेयक, 1983
3. राजस्थान कृषि जोतों पर अधिकतम सीमा अधिरोपण (संशोधन) विधेयक, 1983
4. राजस्थान होम्योपैथिक चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1983
5. राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 1983
6. राजस्थान उपनिवेशन (संशोधन) विधेयक, 1983
7. राजस्थान पास-बुक (कृषि जोत) विधेयक, 1983
8. मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1983

दिनांक 9 **सितम्बर**, 1983

1. आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जन जाति के 26वें प्रतिवेदन पर अग्रेतर विचार।
2. राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल के वार्षिक वित्तीय विवरण, 1982-83 पर विचार।

दिनांक 6, 7 व 8 सितम्बर, 1983 को विचारार्थ लिये जाने वाले विधेयकों में से प्रथम तीन विधेयकों पर संशोधनों की सूचना माननीय सदस्य यदि देना चाहें तो, प्रक्रिया नियमों के शिथिलन में दिनांक 6 सितम्बर, 1983 को प्रातः 11.00 बजे तक दे सकते हैं। शेष विधेयकों के संबंध में संशोधनों की सूचना नियमानुसार प्राप्त की जा सकेगी।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के 20 वें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है ?

(स्वीकृति)

सहमति व्यक्त की गई,

अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जन जातियों के आयुक्त के 26 वें प्रतिवेदन पर विचार

शिड्यूल्ड कास्ट्स शिड्यूल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की रिपोर्ट पर अग्रेतर विचार

अन्य कोई माननीय सदस्य बोलना चाहें?

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : हमारी तरफ से बोलने वाले हैं, चार नाम हैं।

श्री अध्यक्ष : श्री पीरूराम।

श्री पीरूराम (टी.बी.) : अध्यक्ष महोदय, आयुक्त अनुसूचित जाति, जनजाति की 26वीं रिपोर्ट में काफी कुछ बातें दर्शायी गई हैं। मैं यह समझूंगा, इस रिपोर्ट को केन्द्र सरकार से पास करायेगी और लागू करायेगी।

श्री यदुनाथ सिंह : (नदबई): केन्द्र कहां मान रहा है? नहीं मान रहा है।

श्री पीरूराम : अध्यक्ष महोदय, कृषि जोतों के बारे में बताना चाहता हूं। शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स को जो जमीन मिलती है वह अमूमन कागजों में मिलती है। 74, 75, 76, और 77 के हमारे जिले में काफी केसेज पैण्डिंग हैं। जो जमीन सीलिंग में छोड़ दी गई और उनको दे दी गई उन लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उसका सबसे मोटा कारण यह है कि उन लोगों को मौके पर कब्जा नहीं दिया गया। एस.सी. के लिए जमीन छोड़ी हुई है, लेकिन कब्जा देने में ढील होने की वजह से दूसरी पार्टी हाई कोर्ट से स्टे ले आती है और वह जमीन से वंचित रह जाते हैं। न वह काश्तकार रहता है और न भूमिहीन रहता है। उसकी हालत बुरी हो जाती है। मेरे क्षेत्र में महराना गांव है वहां 93 काश्तकारों की ऐसी स्थिति है। उनमें से 70-75 प्रतिशत भूमिहीन गरीब काश्तकार हरिजन हैं।

(5.45 म.प.)

(श्री माधवसिंह दीवान, सभापति पदासीन)

उनकी नकलें माननीय मंत्री महोदय को दी हैं। उनको यहां जमीन नहीं मिले तो अन्य कहीं जमीन अलाट करें। उनमें से 76 भूमिहीन घोषित हैं, जिनको सीलिंग में छूटी हुई जमीन मिली थी। ऐसे काफी मिसलें गंगानगर जिले में हैं। एक नियम है सरकार को 75 के नियमों के तहत कि फसल कुर्क कर सकते हैं, जमीन कुर्क कर सकते हैं। आम तौर पर अधिकारी लोग ऐसा कार्य नहीं करके सवर्ण जाति के लोगों की मदद करते हैं, गरीबों की मदद नहीं करते हैं। क्यों नहीं करते हैं? इसलिये नहीं करते हैं कि हमारे वर्ग के अधिकारी वहां नहीं हैं। मेरा सरकार को यह सुझाव है कि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के जो अधिकारी हैं वह जिला हैडक्वार्टर्स पर लगने चाहियें, न कि यहां दफ्तरों में लगाये जायें, ताकि हमारे गरीबों की वह बातें सुन सकें। क्योंकि वे भी गरीब हैं, गरीब घर से आते हैं, बड़ी मेहनत और हिम्मत से पढ़ लिख कर अधिकारी बनते हैं इसलिये वह सारी बातों को सुनेंगे कि एस.सी., एस.टी. के परिवारों के साथ क्या हो रहा है। वे उनको हमदर्दी देंगे बेशतर दूसरों के इस सम्बन्ध में मेरा इतना ही कहना है।

दूसरी बात यह है, प्रमोशन का जहां तक सवाल है, हमारी सरकार, सभापति महोदय, यह कर रही है कि रोस्टर प्रणाली को छोड़कर एक दो का प्रमोशन कभी कर देती है, एक दो का कभी कर देती है। उनको टाइम पर बेनीफिट नहीं मिलता है, उनकी सी.आर. वगैरह छोटे बड़े अधिकारी खराब कर देते हैं। वह कहते हैं, उनकी सी.आर. खराब है। सी. आर. तो हमारी उसी दिन से खराब है, अधिकारी क्या लिखेंगे।

इसके साथ साथ मैं निवेदन करूंगा, काफी साधन, लोन देने की बातें कही जाती हैं। जो एड देने की बात है वह कागजों में दर्शायी जाती है। गरीबों को एड लोन जो भी होता है सहायता सरकार से उतनी नहीं मिल पाती जितनी कि मिलनी चाहिये। सरकार नियम बनाती है, सब कुछ करती है सहायता देती है पर अधिकारी लोग उनको जितना लाभ मिलना चाहिये उतना नहीं दे पाते।

शिक्षा का जहां तक सवाल है जो बी.ए. एम.ए. लड़के हमारे होते हैं उनकी क्लासेज अलहदा से होनी चाहिये, यह आयोग की रिपोर्ट

(श्री पीरूराम)

में भी दर्शाया गया है, सिफारिश भी की गई है। जो ऐड मिलती है एम.ए., बी.ए. को वह फर्स्ट सैकिण्ड क्लास को 150-250 रुपये है। थर्ड क्लास के बच्चों को ऐड नहीं दी जाती है। तो उनको भी ऐड दी जानी चाहिये इससे वह लोग पढ़ेंगे और तरक्की करेंगे।

सबसे बड़ी बात मैं तो यह बताना चाहता मुख्य मंत्री महोदय को कि जो अधिकारी शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स के हैं उनको जिलों में लगाया जाये ताकि उन लोगों के दिल में हमदर्दी आये और वह शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्स का जितना हो सके, भला कर सकें।

इसके साथ ही मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री सभापति: श्री अमरचन्द।

श्री अमरचन्द (गंगरार) : माननीय सभापति महोदय, आज की जो चर्चा है वह अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के जो सुविधा दी गई हैं उसके सन्दर्भ में चल रही हैं। मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान के आजाद होने के पश्चात् अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग, जो हजारों वर्षों से पीड़ित हैं, के लिये संविधान में व्यवस्था की गयी। उससे जो इन लोगों को लाभ मिला है उसे वास्तव में हम अनुभव कर रहे हैं। नहीं तो वह युग भी हमें मालूम है, सामन्तशाही जमाने में हम पढ़ते थे। मैं स्वयं अपनी बात बताना चाहूंगा, जब मैं पढ़ने जाता था उस समय सवर्ण लोगों के बैठने की जगह टाट-पट्टियों पर अलग होती थी और हम लोग अलग बैठते थे। मैं खुद अपनी बोरी ले जाता था और उस पर बैठता था। इसके बावजूद भी पढ़ाने वाले शिक्षक का यही भाव रहा था कि साले यह भी अपने बराबर बैठना चाहते हैं। तो उस जमाने को हमने देखा और भुगता है। फिर हमारा देश आजाद हुआ और हमारी कांग्रेस सरकार बनी और उसमें हमारे अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों को स्वर्ण अवसर मिला लेकिन जितनी सुविधा हमें मिलनी चाहिये थी उससे हम वंचित होते आ रहे हैं। वास्तव में जब जब इन्टरव्यू का मौका आता है उसमें हमारी जातियों को लिया जाने की संविधान में 33 प्र.श. रिजर्वेशन की व्यवस्था की गई है। उसमें होता यह है जैसे रस्सी जल जाती है लेकिन उसका बट नहीं जाता उसी हिसाब से सवर्ण लोग, अधिकारी लोग, कुछ लोग- मैं सबके लिये नहीं कहता, उनमें भी कुछ ऐसे हैं जो निश्चित रूप से दोनों जातियों को आगे बढ़ाने वाले हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो येन-केन प्रकारेण उनको वंचित करने की चेष्टा करते हैं। जैसे ही सीधी भर्ती के लिए इन्टरव्यू का मौका आता है उस समय या तो इन्टरव्यू को टाल दिया जाता है या इन लोगों को अयोग्य घोषित कर टाल दिया जाता है और अन्य लोगों को भर दिया जाता है।

अभी-अभी एक एग्जामिनेशन हुआ जिसमें विद्युत मण्डल के अधिकारियों को बुलाया गया। उसमें सीधी भर्ती के आंकड़ों के बारे में पूछा गया तो उसमें पता ही नहीं लग पा रहा था कि कोई अनुसूचित जाति या जन जाति के लोग भर्ती किये गये हों। केवल मात्र एक ही उत्तर उनका था कि अनुसूचित जाति, जन जाति के प्रार्थी अयोग्य होने के कारण अन्य लोगों से पोस्टें भर दी गई। तो, इस प्रकार से राज्य सरकार तो सुविधा दे रही है। लेकिन अधिकारियों के दिल में इस प्रकार की

(श्री अमरचन्द)

उदासीनता जमी हुई है। तो मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा, सभापति महोदय, कि मुख्य मंत्री महोदय, को बहुत गहराई से हमें जो व्यवस्था और सुविधाएं मिलनी चाहिये उनकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

दूसरी, अनुसूचित जाति को ऋण वाली बात। अभी-अभी हमारी सरकार ने 20 सूत्री कार्यक्रम में इसकी व्यवस्था की है, हमारी सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। इस सम्बन्ध में थोड़ा यह भी कह दूं कि जनता सरकार के शासन में अन्त्योदय योजना शुरू की गई लेकिन उसमें भी गांव वालों ने अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों को स्थान नहीं दिया लेकिन ज्योंही कांग्रेस सरकार वापस सत्ता में आई। उसने आते ही इलाकों को ट्राइबल एरिया घोषित किया। अनुसूचित जाति और जनजाति के लिये हमारी कांग्रेस सरकार बनने के बाद बहुत अच्छी, सुन्दर व्यवस्था हुई। 20 सूत्री कार्यक्रम में गरीब आदमी जो ब्राह्मण भी हो सकते हैं, माली भी हो सकते हैं, उनको भी सरकार ने सुविधा दी और आज अनुसूचित जाति और जन जाति के लिये सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है।

